www.deshbandhu.co.in ताजा समाचार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

रायपुर, मंगलवार, 26 सितंबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –162 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

लाड़ली बहना योजना सिर्फ छलावा : कमलनाथ पृष्ठ 2
■ मोदी की चुप्पी, मोदी के बोल!
■ प्रस्तावित भारत मध्य-पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे की चुनौतियां पृष्ठ 6
■ विश्व मंच पर अकेले पड़ गए ट्रूडो
■ बांग्लादेश में डेंगू से मरने वालों की संख्या 900 के पार पृष्ठ 7
रोइंग में भारत के नाम दो सिल्वर और तीन कांस्य पृष्ठ 8

जातिगत जनगणना हिंदुस्तान का एक्सरे : राहुल

छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना'' का किया शुभारंभ, 10 लाख 76 हजार हितग्राही होंगे लाभान्वित

- आवास बनाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार देगी राशि
- 500 हितग्राहियों के खाते में एक-एक लाख की राशि का हस्तांतरण
- सभी के मकान का सपना होगा पूरा : मुख्यमंत्री
- गरीबों को आवास देने योजना सबसे पहले राजीव गांधी लेकर आये, नाम रखा इंदिरा आवास

बिलासपुर, 25 सितंबर (देशबन्धु)। सांसद राहुल गांधी ने कहा है कि जातिगत जनगणना हिंदुस्तान का एक्सरे है। जिस तरह एक्सरे के उपयोग से हम शरीर के बारे में जान सकते हैं और खामियां जानकर उसे दुरूस्त कर सकते हैं उसी प्रकार से जातिगत जनगणना के आंकड़ों से हम सभी वर्गों के विकास के लिए बेहतर रणनीति बना सकते हैं। सांसद राहुल गांधी आज बिलासपुर के परसदा में आयोजित आवास न्याय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सांसद राहुल गांधी और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस मौके पर 'छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना' का शुभारंभ किया।

गरीबों को आवास दिलाने की छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना से चरणबद्ध रूप में कुल 10 लाख 76 हजार आवासहीन परिवार लाभान्वित होंगे। सांसद राहुल गांधी ने रिमोट का बटन दबाकर सामाजिक–आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के 47 हजार 90 आवासहीन परिवारों और पीएमएवाय की स्थाई प्रतीक्षा सूची के 6,99,439 परिवारों के खाते में प्रथम किश्त की राशि का हस्तांतरण किया। ''छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना' के 47 हजार 90 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र का वितरण भी किया। कार्यक्रम में ''मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना'' के 500 हितग्राहियों के खाते में एक-एक लाख रूपए की राशि का हस्तांतरण किया गया। इस मौके पर अतिथियों द्वारा बिलासपुर जिले को 669 करोड़ 69 लाख रुपए के 414 विभिन्न विकास कार्यों की सौगात भी दी गई। साथ ही चयनित 2594 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र भी सौंपा गया। नगरीय क्षेत्रों में 1117 हितग्राहियों को वनाधिकार पत्र भी वितरित किया गया। साथ ही स्वसहायता समूह द्वारा संचालित गारमेंट फैक्ट्री का शुभारंभ भी किया गया।

सांसद राहुल गांधी ने कहा कि देश में विकास करना है तो जातिगत जनगणना के माध्यम से देश की तस्वीर जाननी होगी। ओबीसी कितने हैं, आदिवासी कितने हैं, सामान्य वर्ग के लोग कितने हैं और इनकी स्थिति कैसी है। इसका निर्धारण कर हम सभी के विकास के लिए योजनाएं बनाएं। इस बात की माँग हम लंबे समय से करते आ रहे हैं। श्री गांधी ने कहा कि आज एक बटन दबाते ही आप सभी के खाते में आवास योजना की राशि हस्तांतरित हुई है। छत्तीसगढ़ की सभी न्याय योजना की किस्त हम इसी तरह आप सभी के सामने अंतरित करते हैं और एक दो सेकेंड के भीतर ही राशि आपके हाथों में चली जाती है। श्री गांधी ने कहा कि हमने छत्तीसगढ़ की जनता से जो वायदे किए थे। उन सभी को पूरा किया। बिजली बिल हाफ, धान का उचित दाम, कर्जमाफी सारे वायदे पूरे किये। किसान न्याय योजना में हमने 21 हजार करोड़ रुपए इनपुट सब्सिडी के माध्यम से दिये। जिन भूमिहीन श्रमिकों के पास जमीन नहीं थी, उन्हें भी हम नहीं भूले, उन्हें 7 हजार रुपए हर साल दे रहे हैं। आदिवासियों को लघु वनोपजों के लिए समर्थन मूल्य दिया। वनाधिकार दिये गये। स्वास्थ्य में पांच लाख रुपए तक के इलाज की सुविधा दी गई, 70 लाख परिवारों को लाभ मिला। 42 हजार वैकेंसी भरी। एक लाख 30 हजार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है।

सबसे पहले राजीव जी ने आरंभ की थी आवास योजना : मुख्यमंत्री

भूपेश बघेल ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि गरीबों को आवास दिलाने सबसे पहले 1985 में प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी ने योजना शुरू की थी। उन्होंने इस योजना का नाम रखा इंदिरा आवास। जनगणना नहीं होने की वजह से कई पात्र हितग्राहियों को भी इसका लाभ नहीं मिल पा रहा था। अभी जितने आवास मिल रहे हैं 2011 की जनगणना के आधार पर मिल रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी राहुल जी ने बटन दबाया और हितग्राहियों के खाते में पैसा पहुँच गया है। एक लाख हितग्राहियों के खाते में पैसा पहुँच गया है। राहुल जी हमेशा किसान, गरीब की बात करते हैं। आदिवासियों की बात करते हैं। उनके हक की बात करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली बार राहुल जी रायपुर युवा सम्मेलन में भाग लेने आये थे।

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल पर उनका आत्मीय स्वागत किया। सांसद राहुल गांधी आज बिलासपुर में आयोजित आवास न्याय सम्मेलन में शामिल हुए।

एशियन गेम्स निशानेबाजी और क्रिकेट टीम ने दिलाया सोना

दूसरे दिन भारत को दो स्वर्ण सहित छह पदक

हांगझोऊ, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। 19वें एशियन गेम्स के दूसरे दिन सोमवार को भारतीय एथलीट्स ने दो स्वर्ण पदक समेत 6 पदक जीते। चीन के हांगझोम में शूटिंग के 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्द्धा में ऐश्वर्य प्रताप सिंह, दिव्यांश सिंह और रुद्रांक्ष पाटिल ने देश को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। तीनों ने 1893.7 स्कोर कर विश्व रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले यह रिकॉर्ड 1893.3 स्कोर के साथ चीन के नाम था। वहीं भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने फाइनल में श्रीलंका को हराकर दूसरा गोल्ड दिलाया। भारत ने श्रीलंका को 19 रन से हराया।

उप्र के स्कूल में छात्र को पिटवाने पर बोला सुप्रीम कोर्ट

सरकार की अंतरात्मा झकझोर जानी चाहिए

नई दिल्ली, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में एक विशेष समुदाय के स्कूली छात्र को उसके सहपाठी के एक शिक्षिका के आदेश पर थप्पड़ मारे जाने के मामले में टिप्पणी करते हुए सोमवार को कहा कि यह घटना जिस प्रकार से घाटी, उससे सरकार की अंतरात्मा झकझोर जानी चाहिए। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने उत्तर प्रदेश के स्कूलों में दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल किया और उस शिक्षिका के छात्रों से एक मुस्लिम छात्र को थप्पड़ मारने के लिए कहने की कथित घटना की जांच निगरानी के लिए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के एक अधिकारी को तैनात करने का राज्य सरकार को आदेश दिया। पीठ ने कहा, यह मामला गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से संबंधित है, जिसमें संवेदनशील शिक्षा भी शामिल है। जिस तरह से यह हुआ है, उससे राज्य की अंतरात्मा झकझोर देनी चाहिए।

पीठ ने एक छात्र को दी गई यह

सजा 'सबसे खराब शारीरिक सजा' हो सकती है। अदालत ने प्रथम दृष्टया राज्य सरकार को शिक्षा का अधिकार अधिनियम और उन नियमों के अनुपालन में विफल पाया, जो छात्रों के शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न और धर्म और जाति के आधार पर उनके भेदभाव को रोकते हैं। न्यायमूर्ति ओका ने कहा, 'हम हमेशा यह स्वतः संज्ञान ले सकते हैं, क्योंकि यह संविधान के अनुच्छेद 21ए (शिक्षा का अधिकार) का सीधा उल्लंघन है।' पीठ ने सरकार की इस दलील खारिज कर दी कि तुषार गांधी द्वारा दायर याचिका पर विचार नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह महात्मा गांधी के परपोते हैं। शीर्ष अदालत ने मुकदमा दर्ज करने में हुई लंबी देरी और तरीके पर भी गंभीर आपत्ति जताई।

सरकार के वकील बोले, घटना बढ़ा–चढ़ाकर पेश की–सरकार का पक्ष रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने जब कहा कि सांप्रदायिक पहलू को बढ़ा–चढ़ाकर पेश किया गया। इस पर पीठ ने उनसे पूछा, यह बहुत गंभीर मामला है। शिक्षक ने बच्चे ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

सार संक्षेप

पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत बादल पर केस दर्ज

चंडीगढ़। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने बठिंडा में एक संपत्ति की खरीद में अनियमितता के आरोप में राज्य के पूर्व वित्त मंत्री और भाजपा नेता मनप्रीत सिंह बादल और पांच अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। कांग्रेस से आए मनप्रीत के अलावा, बठिंडा नगर निगम के पूर्व आयुक्त विक्रमजीत शेरगिल, राजीव कुमार, अमनदीप सिंह, विकास अरोड़ा और पंकज पर रविवार रात केस दर्ज किया गया। अधिकारी ने बताया कि मामले में राजीव कुमार और अमनदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया है।

भाजपा ने नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति की

नई दिल्ली। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नागालैंड, मेघालय और पुडुचेरी में पार्टी संगठन में बदलाव करते हुए नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। पार्टी ने बेंजामिन येथोमी को नागालैंड, रिकमैन मोमिन को मेघालय और एस. सेल्वगनबवी को पुडुचेरी का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा नागालैंड,मेघालय और पुडुचेरी के नए प्रदेश अध्यक्षों की नई संगठनात्मक नियुक्तियों को लेकर अलग-अलग पत्र जारी करते हुए बताया कि यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी।

पीएम मोदी विदेश जाते हैं, लेकिन मणिपुर से बचते हैं : कांग्रेस

इंफाल। मणिपुर कांग्रेस ने सोमवार को मांग की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राज्य का दौरा करना चाहिए और जल्द से जल्द शांति और सामान्य स्थिति बहाल करनी चाहिए। मणिपुर कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता बिंगोब्यम बुचेंडा मैतेई ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी पहले ही (29-30 जून) मणिपुर का दौरा कर चुके हैं और राहत शिविरों में लोगों से बात कर चुके हैं, लेकिन प्रधानमंत्री को राज्य का दौरा करने का समय नहीं मिला।

पीएससी 2005 में गड़बड़ी की जांच, 12 साल बाद भी न्यायालय में चालान पेश नहीं

रायपुर, 25 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ पीएससी में हुए एक बड़ी गड़बड़ी की जांच 12 साल पहले ही चुकी है। जांच रिपोर्ट ईओडब्ल्यू के पास है, लेकिन 12 साल बाद भी इस मामले में कोर्ट में चालान पेश नहीं हो पाया है। पीएससी 2021 में बेटे–बेटियों और नाते–रिश्तेदारों को रेवड़ी की तरह नौकरियां देने वाला पीएससी 2003 की परीक्षा में भी बड़ा कांड कर चुका है। इस मामले में बिलासपुर हाई कोर्ट के तत्कालीन चीफ जस्टिस दीपक गुप्ता ने 2016 में चयन सूची निरस्त कर फिर से स्केलिंग कर रिजल्ट जारी करने का आदेश दिया था। मगर इसके खिलाफ सलेक्टेड अफसर सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए और वहां से उन्हें स्टे मिल गया।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल केएम सेठने इस मामले में पीएससी के चेयरमैन अशोक दरबारी को ससर्मेंड कर दिया था। राज्य सरकार ने पीएससी स्कैम को ईओडब्ल्यू से जांच कराई का आदेश दिया था। उस समय आईजी आनंद तिवारी ईओडब्ल्यू और एसीबी के चीफ थे। 15 जनवरी 2006 को पीएससी का मामला दर्ज हुआ था। इंस्पेक्टर सुरेश सेन को जांच अधिकारी बनाया गया। सेन ने करीब पांच साल के गहन प्रयासों के बाद 31 दिसंबर 2011 को 59 पेज की जांच रिपोर्ट पेश की थी। इसमें उन्होंने लिखा ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

बसपा और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी 90 सीटों में मिलकर लड़ेगी चुनाव

जल्द जारी होगी प्रत्याशियों की सूची

रायपुर, 25 सितंबर (देशबन्धु)।प्रदेश मे होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए जल्द ही अचार संहिता भी लागू हो जाएगी अब धीरे–धीरे राजनितिक पार्टियां भी सक्रिय होने लगी हैं। आज बहुजन समाज पार्टी ने गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) के साथ मिलकर प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों में चुनाव लड़ने का एलान कर दिया है।

राजधानी में आज बहुजन समाज पार्टी और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने संयुक्त प्रेसवार्ता कर प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों में लड़ने का एलान किया है। बहुजन समाज पार्टी 53 और 37 सीटों पर गोंडवाना पार्टी के चुनाव लड़ने पर सहमती बन गई है। इस गठबंधन में ज्यादातर महिलाओं को टिकट दिया जाएगा। रायपुर के गुरु घासीदास सांस्कृतिक भवन में सोमवार को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के केंद्रीय कोआर्डिनेटर और राज्यसभा सांसद रामजी गौतम और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) के राष्ट्रीय महासचिव श्याम सिंह मरकाम ने संयुक्त पत्रकार वार्ता लेकर पार्टी के गठबंधन की जानकारी दी।

हमारी विचारधार मेल खाती है : बसपा

बसपा नेता रामजी गौतम ने कहा कि हमारी पार्टी दलित,आदिवासी पिछड़े वर्ग के साथ जल जंगल के अधिकार ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

गुणवत्ता नियंत्रण आंदोलन में योगदान के लिए एनएमडीसी ने जीता 'बेस्ट ऑर्गनाइजेशन अवॉर्ड'

हैदराबाद, 25 सितम्बर (एजेंसी)। हैदराबाद में आयोजित 37 वें वार्षिक चैप्टर कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्टस 2023 में राष्ट्रीय खनिक एनएमडीसी को बेस्ट ऑर्गनाईजेशन अवॉर्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। हैदराबाद और भारत में गुणवत्ता नियंत्रण आंदोलन में अप्रतिम योगदान देने के लिए एनएमडीसी कोतेलंगाना राज्य की माननीय राज्यपाल श्रीमती तमिलिसाई सुंदरराजन ने यह अवॉर्ड प्रदान किया। एम. जयपाल रेड्डी, अधिशासी निदेशक (संसाधन योजना और पर्यावरण) और श्री व्ही. श्रीनिवास, महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास) ने एनएमडीसी की ओर से यह अवॉर्ड डॉ. जी. सतीश रेड्डी, पूर्व अध्यक्ष, डीआरडीओ और पूर्व वैज्ञानिक सलाहकार की उपस्थिति में प्राप्त किया ।

➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

अन्नाद्रमुक ने भाजपा से नाता तोड़ा

सर्वसम्मति से पार्टी ने प्रस्ताव किया पास, अपने नेताओं पर टिप्पणी से थी नाराजगी

चेन्नई, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक ने भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथ अपना रिश्ता खत्म कर लिया है। पार्टी के उपसमन्वयक केपी मुनुसामी ने इसका आधिकारिक एलान किया। उन्होंने कहा कि अन्नाद्रमुक ने बैठक में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया। अन्नाद्रमुक आज से भाजपा और एनडीए गठबंधन से सभी संबंध तोड़ रही है। भाजपा का राज्य नेतृत्व लगातार पिछले एक साल से हमारे पूर्व नेताओं, हमारे

महासचिव ईपीएस और हमारे कैडर के बारे में अनावश्यक टिप्पणी कर रहा है। इससे पहले अन्नाद्रमुक ने कहा था कि उनका भाजपा के साथ कोई गठबंधन नहीं है और गठबंधन को लेकर चुनाव के समय विचार किया जाएगा। एआईएडीएमके के वरिष्ठ नेता डी जयकुमार ने यह बयान दिया था। उन्होंने साफ किया था कि यह उनका निजी बयान नहीं है, बल्कि उनकी पार्टी का स्टैंड है।

अन्नादुरई, जयललिता की आलोचना की थी–डी जयकुमार ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई पर निशाना साधा था। उन्होंने आरोप लगाया था कि अन्नामलाई ने द्रविड़ राजनीति के दिग्गज ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

सी-295 मालवाहक विमान वायु सेना के बेड़े में शामिल

नई दिल्ली, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी को पहला नया मालवाहक विमान सी–295 सौंपा इसके साथ ही यह विमान विधिवत रूप से वायु सेना के बेड़े में शामिल हो गया। रक्षा मंत्री ने बाद में सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि हिन्डन वायु सेना स्टेशन

में सी–295 मालवाहक विमान के अनावरण समारोह में शामिल हुआ। यह विमान विधिवत हवाई पट्टी के बिना आधे अधूरे बने रनवे से उड़ान भरने तथा उतरने में भी सक्षम है। इसे एवरो मालवाहक विमानों के स्थान पर वायु सेना में शामिल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस विमान से वायु सेना की क्षमता बढ़ेगी और बाद में ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

चेतावनी कोरोना से 7 गुना खतरनाक महामारी आने का अनुमान, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने डिसीज एक्स दिया नाम

5 करोड़ लोगों की जान ले सकती है नई महामारी

लंदन, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। ब्रिटेन की वैक्सीन टास्कफोर्स के चीफ डेम केट बिंघम का कहना है कि अगली महामारी 5 करोड़ लोगों की जान ले सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस एंटीसिपेटेड महामारी को डिसीज एक्स नाम दिया है।

वहीं, डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, विशेषज्ञों का कहना है कि यह महामारी कोविड-19 से 7 गुना ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती है और जल्द ही फैल सकती है। यानी इसके मामले जल्द सामने आ सकते हैं। यह महामारी मौजूदा वायरस की वजह से ही फैलेगी। ऐसा इसलिए क्योंकि वायरस तेजी से म्यूटेट हो रहे हैं। म्यूटेशन का मतलब होता है कि किसी जीव के जेनेटिक मटेरियल में बदलाव। जब कोई वायरस खुद की लाखों कॉपी बनाता है और एक इंसान से दूसरे इंसान तक या जानवर से इंसान में जाता है तो हर कॉपी अलग होती है। कॉपी में यह अंतर बढ़ता जाता है। कुछ समय बाद एक नया स्ट्रेन सामने आता है। यह बहुत ही सामान्य प्रक्रिया है। वायरस अपना रूप बदलते रहते हैं। सीजनल इन्फ्लूएंजा तो हर साल नए रूप में सामने आता है।

वैक्सीन बनाने पर काम शुरू

ब्रिटेन के वैज्ञानिकों ने डिसीज एक्स के आने से पहले ही इससे लड़ने के लिए वैक्सीन बनाना शुरू कर दिया है।

इसके लिए 25 तरह के वायरस पर स्टडी की। साइंटिस्ट्स का फोकस जानवरों में पाए जाने वाले वायरस पर है। यानी वो वायरस जो जानवरों से इंसानों में फैल सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि क्लाइमेट चेंज की वजह से कई जानवर और जीव-जंतु रिहायशी इलाकों में रहने के लिए आ रहे हैं।

जलवायु परिवर्तन बन रहा कारण

इंसानों ने विकास के नाम पर जंगलों को काटकर वहां घर और इंडस्ट्रीज बना लीं। इस कारण हमारा जानवरों, मच्छरों, बैक्टीरिया, फंगस से संपर्क बढ़ गया है। दूसरी तरफ ये सभी जीव-जंतु खुद को बदलती जलवायु परिवर्तन के अनुकूल बना रहे हैं और हमारे वातावरण में ही रह रहे हैं। इससे कई बीमारियां फैल रही हैं, जो हमारे जीवन के लिए खतरनाक हैं।

देश

उवाच

हम हमेशा भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत करते हैं। लेकिन क्या हमने कभी सोचा है कि इसकी शुरुआत कहां से होती है,इसकी शुरुआत तब होती है जब कोई मतदाता पैसे के बदले अपना बहुमूल्य वोट देता है।

-पेमा खांडू,अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	35.0	27.0
मुंबई	27.0	27.0
कोलकाता	27.0	27.0
चेन्नई	34.0	28.0

मोदी विदेश जाते हैं लेकिन मणिपुर का दौरा करने से बचते हैं : कांग्रेस

मणिपुर में की जल्द से जल्द शांति व सामान्य स्थिति बहाल करने की मांग

इंफाल, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। मणिपुर कांग्रेस ने सोमवार को मांग की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राज्य का दौरा करना चाहिए और जल्द से जल्द शांति और सामान्य स्थिति बहाल करनी चाहिए। मणिपुर कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता निंगोम्बम बुपेंडा मैतेई ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी पहले ही 29-30 जून मणिपुर का दौरा कर चुके हैं और राहत शिविरों में लोगों से बात कर चुके हैं, लेकिन प्रधानमंत्री को राज्य का दौरा करने का समय नहीं मिला। एआईसीसी के सदस्य मैतेई ने मीडिया को बताया कि प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न राज्यों और विदेशों का लगातार दौरा किया, लेकिन लगभग पांच महीने से चल रही जातीय हिंसा के बावजूद उन्होंने मणिपुर का दौरा करने से परहेज किया।

पांच महीने से चल रही जातीय हिंसा के बावजूद मणिपुर से बचते हैं मोदी : निंगोम्बम बुपेंडा

उन्होंने कहा कि राज्य विधानसभा अध्यक्ष थोकचोम सत्यब्रत सिंह, कई मंत्री, कई विधायक और यूथ ऑफ मणिपुर के नेता राज्य की स्थिति से अवगत कराने के लिए प्रधानमंत्री से मिलने के लिए दिल्ली का दौरा कर चुके हैं या राष्ट्रीय राजधानी में अभियान चला चुके हैं, लेकिन मोदी ने उनसे मिलने से इनकार कर दिया। कांग्रेस नेता ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से प्रधानमंत्री के साथ बैठक करने को कहा ताकि राज्य का एक प्रतिनिधिमंडल उनसे मिल सके। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल भी जाने के लिए तैयार है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि उनकी पार्टी हमेशा मणिपुर की क्षेत्रीय, राजनीतिक और वित्तीय अखंडता चाहती है। 3 मई को जातीय दंगा शुरू होने के बाद से कांग्रेस मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग कर रही है। यूथ्स ऑफ मणिपुर के बैनर तले हजारों युवाओं ने हाल ही में इंफाल में प्रदर्शन किया और उनके प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की और उनसे उन 10 आदिवासी विधायकों (जिनमें से सात भाजपा हैं) के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया, जो एक अलग राज्य की मांग कर रहे हैं।

केंद्र सरकार के विश्वासघात को उजागर करेगी कांग्रेस

नई दिल्ली। संसद के विशेष सत्र में पिछले सप्ताह पारित महिला आरक्षण विधेयक को तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग करते हुए कांग्रेस आज 21 शहरों में प्रेस कांफ्रेंस करेगी जिसमें केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के विश्वासघात को उजागर किया जाएगा। कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य पवन खेड़ा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कि 21 शहर, 21 महिला नेता, एक एजेंडा-महिला आरक्षण के नाम पर मोदी सरकार द्वारा किए गए विश्वासघात को उजागर करना। कांग्रेस महिला आरक्षण विधेयक को अविलंब लागू करने की मांग कर रही है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को फिर कहा कि महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा की 33 प्रतिशत सीटें आवंटित करके महिला आरक्षण विधेयक कल लागू किया जा सकता है। हम दृढ़ता से महसूस करते हैं कि भारतीय महिलाएं राजनीतिक व्यवस्था में उस तरह से भाग नहीं ले रही हैं जिस तरह से उन्हें लेना चाहिए। उन्हें राजनीति में भाग लेने में मदद करने का सबसे बड़ा कार्य कांग्रेस पार्टी द्वारा किया गया था, यानी, पंचायती राज में 33 प्रतिशत आरक्षण जो एक था बदलावकारी कदम था।

गुजरात में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास करेंगे मोदी

गांधीनगर, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 सितम्बर को गुजरात के छोटा उदेपुर जिले में 5206 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। सरकारी सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में एक ओर गुजरात सरकार शिक्षा के स्तर को और अधिक बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है, वहीं दूसरी ओर मोदी 'मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस' के अंतर्गत 4505 करोड़ रुपए के विभिन्न शैक्षणिक विकास कार्यों की सौगात देने जा रहे हैं।

इसके अलावा प्रधानमंत्री सड़क एवं भवन, शहरी विकास, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं जलापूर्ति विभाग के विकास कार्यों का भी लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के अंतर्गत 4505 करोड़ रुपए के विकास कार्य मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस परियोजना के अंतर्गत 4505 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। योजना के तहत 1426 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण और 3079 करोड़ रुपए के कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा। जिनमें 9088 नए क्लास रूम, 12,622 क्लासरूम का उन्नयन तथा अन्य शैक्षणिक सुविधाएं शामिल हैं। वह 7500 गांवों में 20 लाख लाभार्थियों के लिए विलेज वाई-फाई 223 जिलों के 7500 गांवों में 20 लाख लाभार्थियों के लिए विलेज वाई-फाई सुविधा का लोकार्पण करेंगे।

प्रशासनिक सेवा नौकरी नहीं बल्कि एक मिशन : मुर्मू

राष्ट्रपति ने भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों को किया संबोधित

नई दिल्ली, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा नौकरी नहीं बल्कि एक मिशन है जिसका सामूहिक लक्ष्य भारत को समावेशी और विकसित राष्ट्र बनाना है। मुर्मु ने सोमवार को यहां विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिवों के रूप में तैनात वर्ष 2021 बैच के 182 भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों से मुलाकात की।

उन्होंने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उनका सेवा अधिकार, भूमिका और दायित्व किसी भी अन्य सेवा से भिन्न है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि भारतीय प्रशासनिक सेवा एक मिशन है सिर्फ एक नौकरी नहीं। यह भारत और भारतीयों को सुशासन के ढांचे के तहत अग्रणी बनाने का मिशन है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि निर्धनों और वंचितों की भावनाओं को समझने वाला सिविल सेवक ही वास्तव में सच्चा सिविल सेवक होता है, जो केवल नौकरशाही से अलग होता है। समाज के वंचित वर्गों का उत्थान करना सिविल सेवकों के लिए विश्वास का विषय होना चाहिए। उन्होंने आग्रह किया कि सिविल सेवकों को फाइल से फील्ड और फील्ड से फाइल के बीच के अन्तर को समझने का प्रयास करना चाहिए यानि उन्हें केवल कार्यालय और फाइलों से परे जाकर व्यक्तियों के कष्टों और भावनाओं को समझना होगा।

2047 के विकसित राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का अवसर

राष्ट्रपति ने कहा कि अधिकारियों के पास वर्ष 2047 के विकसित राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का अवसर है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि अधिकारी प्रतिबद्धता और रचनात्मकता के माध्यम से देश को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं और प्रभावी परिवर्तन-एजेंट बन सकते हैं। मुर्मु ने आगे कहा कि देश और उसके लोगों की सेवा करना उनकी नियति है। भारत को एक समावेशी और विकसित राष्ट्र बनाना उनका सामूहिक लक्ष्य है। अधिकारी युवा नागरिकों को विभिन्न क्षेत्रों में उनकी क्षमता का एहसास कराने में सक्षम बनाकर एक बड़ा योगदान दे सकते हैं।

सार संक्षेप

कश्मीर पुलिस ने सुलझाया हिट एंड रन मामला

श्रीनगर। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हिट एंड रन का मामला सुलझाकर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में चार व्यक्तियों की जान चली गई थी। यह हादसा 22 सितम्बर को उस वक्त हुआ, जब उजरू से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने अखरोट फैक्ट्री के पास काजीगुंड में एक मारुति वैन को टक्कर मार दी। वैन बनिहाल की ओर जा रही थी। वैन में सवार चार लोगों की मौत हो गई। इस घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक को लेकर मौके से फरार हो गया था।

मप्र के उमरिया में कार पेड़ से टकराई, पांच की मौत

उमरिया/शहडोल। मध्य प्रदेश के उमरिया जिले में रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में कुल पांच लोगों की मौत हुई है

मुख्यमंत्री शिकायत प्रकोष्ठ में मंत्रियों की जरूरत नहीं : पटनायक

भुवनेश्वर, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोमवार को कहा कि मुख्यमंत्री शिकायत प्रकोष्ठ को मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) नियंत्रित करता है और मंत्रियों को इसमें भाग लेने की आवश्यकता नहीं है। राज्य विधानसभा में विपक्ष की आलोचना पर एक बयान देते हुए पटनायक ने कहा कि मुख्यमंत्री शिकायत प्रकोष्ठ को सीएमओ नियंत्रित करता है और उनके निर्देशों के अनुसार सीएमओ के अधिकारी राज्य के सभी जिलों में विकेन्द्रीकृत शिकायत प्रकोष्ठ का संचालन करते हैं। उन्होंने कहा कि एक बार याचिकाएं प्राप्त होने के बाद उन्हें संबंधित विभागों को भेजा जाता है और सवाल किया जाता है। इसमें मंत्री बनाम अधिकारी का मुद्दा कहां है। मंत्रियों ने याचिकाओं को हल करने में विभागों के प्रमुख के रूप में एक प्रमुख भूमिका निभाई है। मेरी सरकार ने हमेशा लोगों की शिकायत निवारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने बताया कि कोविड होने से पहले सीएमओ भुवनेश्वर में शिकायतों की सुनवाई करता था और राज्य भर से लोग आते थे और अपनी शिकायतें दर्ज कराते थे। उन्हें हल करने के लिए एक मजबूत प्रणाली थी। जब कोविड हुआ तो करीब दो साल तक प्रतिबंधों के कारण सीएम शिकायत कक्ष बंद रहा। मुख्यमंत्री ने हालांकि कहा कि कोविड के बाद शिकायत कक्ष में आने वाली शिकायतों और लोगों की औसत संख्या में कमी आई है। पटनायक ने कहा कि दो साल के कोविड व्यवधान के कारण शिकायत निवारण में अव्यवस्था हुई है और उन्होंने कम से कम समय में राज्य के सभी ब्लॉकों और शहरी स्थानीय निकायों को कवर करने के लिए सीएम शिकायत सेल को लोगों के दरवाजे तक ले जाने बारे में सोचा।

लाड़ली बहना योजना सिर्फ छलावा : कमलनाथ

पिछले चार माह से जनता की कमाई के करोड़ों रुपए फूंकने का लगाया आरोप

भोपाल,25 सितम्बर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ ने यह दावा किया है कि इस बार लाडली बहना योजना की 10 तारीख नहीं आएगी, क्योंकि सरकार की यह योजना सिर्फ एक छलावा थी बहनों को छलने का एक तरीका था। कमलनाथ ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि बहनों, सुना है इस बार 10 तारीख नहीं आ रही है। 10 तारीख आने वाली है के नाम पर पिछले चार महीनों से जनता की कमाई के करोड़ों रुपए फूंकने के बाद, इस बार शिवराज सरकार पलटी मार रही हैं। इस बार भाजपाई सरकार के कलेंडर में 10 तारीख नहीं आ रही है।

जैसे इस सरकार की ये योजना इनके लिए वोट ठगने का जरिया मात्र है, वैसे ही इनकी 10 तारीख भी छल निकली। कमलनाथ ने सोशल मीडिया पर लिखा कि सवाल है कि फिर क्यों चार महीना तारीख याद कराने भर के लिए जनता की मेहनत और पसीने के करोड़ों रुपए

इस बार लाड़ली बहना की दस तारीख अब नहीं आएगी, सिर्फ चार महीने के लिए थी योजना : कमलनाथ

विज्ञापन में फूंक डाले शिवराज जी। सरकार के धन को तबाह कर उसका दुरुपयोग करते हुए भाजपा के प्रचार पर खर्च करने वाले नौटंकी मुख्यमंत्री और दोगली भाजपा के चाल, चरित्र और चेहरा का कुरूप चेहरा आम आदमी अच्छे से देख रहा है। जनता है तैयार, अब भाजपा पर होगा पलटवार। गौरतलब है कि सीएम लाड़ली बहना योजना के तहत शुरुआत में महिलाओं को महीने के 1000 हजार रुपए दिए गए। इसके बाद 25 प्रतिशत राशि बढ़ा दी गई। यानी जो महिलाएं पहले 1000 रुपए मासिक लाभ ले रही थी। 1250 रुपये मासिक किश्त सरकार की ओर से दी गई। यह किश्त महीने की 10 तारीख को डाली जाती है। बताया जा रहा है कि सीएम इस राशि को 1500 तक कर सकते हैं। प्रदेश की करीब सवा करोड़ महिलाएं इस योजना का लाभ ले रहीं हैं।

प्रधानमंत्री को भी अपने झूठ में शामिल कर लेते हैं शिवराज : कमलनाथ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मध्य प्रदेश के प्रवास से पहले कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने सोमवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की झूठ के प्रति निष्ठा जग जाहिर है। वे अपने झूठ में प्रधानमंत्री को भी शामिल कर लेते हैं। यही कारण है कि प्रदेश की जनता के साथ प्रधानमंत्री मोदी भी उनसे त्रस्त हैं। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने एक्स पर लिखा कि शिवराज जी, आज आप जरा धीरज से काम लीजिएगा। प्रधानमंत्री जब भी मध्य प्रदेश आते हैं तो आप उन्हें अपने किसी न किसी झूठ में शामिल करा लेते हैं। आपकी झूठ मशीन की डबल स्पीड से मध्य प्रदेश की जनता के साथ प्रधानमंत्री भी त्रस्त हैं। इसीलिए उन्होंने पूरे चुनाव अभियान से आपको बाहर कर दिया है। आप देश के पहले ऐसे मुख्यमंत्री बन गए हैं जो मुख्यमंत्री तो हैं, लेकिन मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं हैं।

अविवाहित बहनें भी लाड़ली बहना योजना परिवार में शामिल

भोपाल,25 सितम्बर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश सरकार ने लाड़ली बहना योजना का दायरा बढ़ा दिया है। अब अविवाहित बेटियों को भी योजना के तहत प्रतिमाह एक हजार रुपए की धनराशि दी जाएगी। लाड़ली योजना का दायरा बढ़ने के बाद लगभग हर उम्र और समुदाय की महिला को इसका लाभ मिलेगा। पहले 23 से 60 वर्ष की आयुवर्ग की विवाहित तलाकशुदा और परित्यक्ता बहनों को इसका लाभ मिलता था। मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में महिलओं के लिए तरक्की के रास्ते बेहतर किए जा रहे हैं। लाड़ली लक्ष्मी और लाड़ली बहना योजना ने बहनों के दिलों में जगह बना ली है। वहीं एक अक्टूबर से सरकार ने इस धनराशि को बढ़ा 1250 रुपए करने का निर्णय लिया है जबकि आगामी कुछ महीने में इसे दोगुना यानि 3000 रुपए प्रतिमाह किया जाना भी प्रस्तावित है। सरकार की इस पहल से समाज की महिलाओं की आर्थिक उन्नति हो रही है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से 1.25 करोड़ से अधिक महिलाओं को 1000 रुपए प्रतिमाह मिल रहे हैं, पिछले तीन माह में 3600 करोड़ रुपए की राशि बहनों के खाते में हस्तांतरित की जा चुकी है। जिसका सीधा फायदा महिलाओं को मिल रहा है, अब घर की जरूरतें बहनें खुद ही पूरी कर रही हैं।

पहले 23 से 60 वर्ष की आयुवर्ग की विवाहित, तलाकशुदा व परित्यक्ता बहनों को मिलता था लाभ

पात्र महिलाओं को प्रतिमाह दी जा रही हजार रुपए की सहायता राशि

28 जनवरी 2023 को राज्य में शुरु हुई मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए की सहायता राशि दी जा रही है। अभी तक योजना के लिए 23 से 60 साल की ऐसी बहनों को शामिल किया गया जो विवाहित, तलाकशुदा या फिर परित्यक्ता हैं, लेकिन नई व्यवस्था के तहत 21 साल की अविवाहित बहनें भी अब आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगी।

पश्चिम बंगाल में डेंगू के मामले 38 हजार के पार

कोलकाता, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि राज्य में डेंगू के मामलों की संख्या रिकॉर्ड 38,000 के आंकड़े को पार कर गई है। सोमवार तक, कुल आंकड़ा 38,181 था। लगभग हर दिन अलग-अलग जिलों से डेंगू से होने वाली मौतों की खबरें सामने आ रही हैं, लेकिन विभाग ने वास्तविक संख्या नहीं बताई है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, चिंताजनक बात यह है कि अब उत्तर बंगाल, खासकर मालदा के कई इलाके तेजी से डेंगू की चपेट में आ रहे हैं। उत्तर और दक्षिण बंगाल में कई डेंगू हॉटस्पॉट क्षेत्र नामित किए गए हैं, जहां नियमित आधार पर विशेष निगरानी की जा रही है। राज्य की राजधानी में मामलों में अचानक वृद्धि के बीच, कोलकाता नगर निगम (केएमसी) ने स्थिति नियंत्रण में आने तक अपने स्वास्थ्य केंद्रों को सप्ताह में सात दिन के आधार पर संचालित करने का निर्णय लिया है।

बिहार में शराबबंदी के नाम पर गरीबों की हो रही हत्या : मांझी

शराबबंदी को लेकर नीतीश पर बोला हमला

गया, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। बिहार के मुजफ्फरपुर में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से दो लोगों की मौत और दो लोगों के आंख की रोशनी जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने एक बार फिर शराबबंदी को लेकर नीतीश कुमार को निशाने पर लिया है। गया में पत्रकारों से चर्चा के दौरान मुजफ्फरपुर की घटना के विषय में पूछे गए सवाल पर मांझी ने कहा कि ऐसे तो बिहार में शराबबंदी है नहीं। इसके नाम पर गरीबों की हत्या हो रही है, गरीबों को जेल भेजा जा रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि नीतीश कुमार अपने अहंकार में हैं। इन्हें समझ ही नहीं आता है कि क्या करें। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के प्रमुख मांझी ने कहा कि जब हम लोग इनके साथ थे तब भी मैंने खुद इन्हें कहा था कि आपकी शराब नीति गलत है। उन्होंने कहा कि मैंने गुजरात की तरह शराब नीति बनाने की वकालत की थी। इससे राज्य को आर्थिक लाभ भी होता और गरीब जो जहरीली शराब पीने से मर जा रहे हैं, वे भी नहीं मरेंगे। उन्होंने आगे कहा कि लोग चोरी छिपे जल्दबाजी में शराब बनाते हैं और नशा के लिए कई तरह की चीजें अधिक मात्रा में डाल देते है, जिससे शराब जहरीली हो जाती है और यही गरीब पीकर मरते हैं। बड़े लोग तो महंगी शराब पीते हैं। उल्लेखनीय है कि बिहार में शराबबंदी लागू है और लोगों की शराब पीने से मौत भी होती रहती है।

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001

सार्वजनिक सूचना - संरक्षित संपत्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी

[नियम 8 (6) का परंतुक देखें]

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है। उनका **भौतिक अधिग्रहण** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है, वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

क्र. सं.	कर्ज़दार (रों)/ सह-कर्ज़दारों/ गारंटरों के नाम/ ऋण खाता संख्या	ऋणभारों सहित, प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, यदि कोई	बकाया राशि (रु. में)	सुरक्षित मूल्य (रु. में)	धरोहर राशि जमा (रु. में)	संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	ई-नीलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)		(एफ)	(जी)
1.	श्री अनिल कुमार जेठानी (कर्ज़दार) अनिता जेठानी (सह-कर्ज़दार) LBRPR00004711058	फ्लैट नंबर 501, 5वीं मंजिल, ब्लॉक डी-2-बी, गोल्डन टावर (नया), खसरा नंबर 169/4, 175/3, 191/19, ग्राम अमलीडीह, पीएच नंबर 114/45, डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड क्रमांक 46, आर.एन.एम.-रायपुर-2, तहसील एवं जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल- 855 वर्ग फुट।	रु. 20,23,491/- (सितम्बर 14, 2023 तक)	रु. 23,00,000/-	रु. 2,30,000/-	अक्टूबर 23, 2023 को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक	नवंबर 07, 2023 को सुबह 11:00 बजे से

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **नवंबर 06, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने इस/इन पर संरक्षित संपत्ति/यों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001** में **नवंबर 06, 2023** तक **शाम. 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज, **नवंबर 06, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **नवंबर 06, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **रायपुर** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9324948920** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसी **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

तिथि : सितम्बर 26, 2023
स्थान : छत्तीसगढ़ (रायपुर)

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लैंडमार्क बिल्डिंग, चौथी मंज़िल, 228ए, एजेसी बोस रोड, कोलकाता-700020, सीआईएन नंबर : L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	मेसर्स बीएसएस स्पन सिल्क प्राइवेट लिमिटेड/ श्रीपाद नारायण शेनवई/ धनश्री शेनवई/ भाग्यश्री एस. शेनवई/ तिलक नंदकिशोर पांचाल/ केएच 791/2, पीएच नंबर 103, हर्षित विहार फेज 2, केपीएस स्कूल के पास, हीरापुर रोड, हीरापुर, रायपुर छत्तीसगढ़, रायपुर-492001/ LBBLI00005169596/ LBBLI00005308947/ LBBLI00005169597	केएच नं.791/1 भाग, पीएच नं. 103, तहसील एवं जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़ (क्षेत्रफल 2000 वर्ग फुट)/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि 21/09/2023	मार्च 27, 2023 रु. 80,17,775/-	रायपुर/ नागपुर

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : सितंबर 26, 2023
स्थान : रायपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

भौतिक कब्जा सूचना

ICICI Home Finance

पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई-400051
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जे.बी. नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई-400059

शाखा कार्यालय : स्काई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर-492001

जबकि,

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें नीचे वर्णित कर्जदारों से सूचना में वर्णित राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

जबकि, कर्जदार राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदारों और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्तियों का कब्जा नीचे दी गई तिथियों को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की बकाया राशि अदा करने के बाद ही किया जा सकता है।

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण खाता संख्या	सम्पत्ति का विवरण/कब्जा की तिथि	मांग सूचना की तिथि/ मांग सूचना में राशि (रु.)	शाखा का नाम
	सुरजीत सिंह संधू (कर्जदार), कुलदीप कौर संधू (सह-कर्जदार), एलएचआरपीआर00001299525	ग्राम कुंडा वार्ड नंबर 19, आदर्श नगर, कुगदा, तहसील पाटन दुर्ग पाटन खसरा नंबर 50/10, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001. चौहद्दी - उत्तर : संघराम की भूमि, दक्षिण : 13 फीट रोड, पूरब : प्लॉट नंबर 15, पश्चिम : प्लॉट नंबर 12. कब्जा की तिथि : 20-09-2023	18-01-2022 रु. 23,42,181/-	रायपुर -बी

उपरि-वर्णित कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि वे उक्त राशि का भुगतान 30 दिन के भीतर कर दें अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि समाप्त होने पर, उपरोक्त बंधक रखी सम्पत्तियां, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।

तिथि : 26 सितम्बर, 2023
सीन : छत्तीसगढ़

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

दुनिया रंग-बिरंगी

विराज डोबरियाल की नकारात्मक छवि से परेशान नहीं हैं करणवीर बोहरा

मुंबई। टेलीविजन शो 'सौभाग्यवती भव : नियम और शर्तें लागू' में विराज डोबरियाल की भूमिका निभाने के लिए अभिनेता करणवीर बोहरा तैयार हैं। उन्होंने कहा कि वह अब शो में अपनी नकारात्मक छवि से परेशान नहीं होते। अभिनेता ने यह भी याद किया कि कैसे पहले वह अपनी नकारात्मक छवि को साफ करने के लिए हरसंभव प्रयास करते थे क्योंकि लोग यह मानने लगे थे कि वह बिल्कुल उनके किरदार विराज की तरह है। अभिनेता करणवीर बोहरा ने कहा कि जब पिछला सीजन समाप्त हुआ, तो मुझे एक मुश्किल स्थिति का सामना करना पड़ा। भले ही मैंने विराज डोबरियाल की भूमिका बहुत अच्छी तरह से निभाई थी, लेकिन कुछ अप्रत्याशित हुआ।

वेब सीरीज 'मेन्शन 24' में नजर आएंगी अभिनेत्री अविका गौर

मुंबई, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। अभिनेत्री अविका गोर जल्द ही वेब सीरीज 'मेन्शन 24' में नजर आने वाली हैं। अविका ने कहा कि 'राजू गारी गाधी 3' के निर्देशक ओमकार के साथ फिर से काम करना दिलचस्प रहा।अभिनेत्री ने कहा कि निर्देशक ओमकार के साथ दोबारा काम करना बेहद दिलचस्प है। मैंने उनके साथ 'राजू गारी गाधी 3' में काम किया, इस तेलुगु फिल्म को काफी सफलता मिली, इसलिए मैं उनके साथ दोबारा काम करके बहुत खुश हूं। अविका ने कहा कि इस प्रोजेक्ट में, उनके पास कई कहानियां और कई एक्शन हैं और उनकी खूबी हॉर और थ्रिलर है, जिसे वह दर्शकों के सामने ला रहे हैं। मुझे खुशी है कि मुझे तेलुगु बाजार में बड़े पैमाने पर किसी चीज का हिस्सा बनने का अवसर मिला है और मुझे उम्मीद है कि लोग मेरे इस पक्ष की सराहना करेंगे। सीरीज के पोस्टर के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री ने कहा कि हां, पोस्टर बेहद दिलचस्प है क्योंकि आप वास्तव में यह पता नहीं लगा सकते हैं कि मैं अच्छी हूं, बुरी हूं या पीड़िता हूं। यह भ्रमित करने वाला है और मुझे यह पसंद है। मेरा पिछला कोई भी पोस्टर ऐसा नहीं था, इसलिए मैं इसे लेकर उत्साहित हूं। जल्द ही इसका ट्रेलर जारी किया जाएगा।

इजरायल के वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट ने दी सलाह

धूम्रपान से संबंधित हृदय रोगों से निपटने की तत्काल आवश्यकता

नई दिल्ली, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली में हाल ही में आयोजित एक संगोष्ठी में प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने धूम्रपान से संबंधित हृदय रोगों की बढ़ती वैश्विक चिंता के बारे में चर्चा की। विशेषज्ञों ने जोर देकर कहा कि धूम्रपान से संबंधित हृदय रोगों से निपटने की तत्काल आवश्यकता है और इसके लिए नुकसान कम करने की नवाचारी नीतियां अपनाई जा सकती हैं। इस कार्यक्रम में इज़राइल के तेल-अवीव विश्वविद्यालय में सैकलर फैकल्टी ऑफ मेडिसिन के ब्लूनर इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोवास्कुलर रिसर्च में निदेशक प्रोफेसर आर. ज़िमलिचमैन द्वारा गहन विचार-विमर्श किया गया। इज़राइली सोसायटी फॉर द प्रिवेंशन ऑफ अक्यूट मायोकार्डियल इनफ्रैक्शन के निदेशक मंडल के सदस्य प्रोफेसर ज़िमलिचमैन ने एक अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य प्रदान करते हुए कहा कि धूम्रपान हमारे वैश्विक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रहा है, जिसमें एक अरब से अधिक लोग इससे पीड़ित हैं। स्पष्ट परिणामों के बावजूद, कई लोग स्वयं को इसकी लत का गुलाम पाते हैं।नुकसान कम करने के बारे में प्रोफेसर ज़िमलिचमैन ने ब्रिटेन, जापान और अमेरिका जैसे देशों में सफल उदाहरणों का उल्लेख किया, जहां व्यापक नीतियों और जागरूकता अभियानों के परिणामस्वरूप धूम्रपान की दर में गिरावट आई है। उन्होंने भारत में इसी तरह की रणनीतियों की आवश्यकता पर बल दिया।

प्रोफ़ेसर ज़िमलिचमैन ने बताया कि आज के नए बदलावों का उद्देश्य सुरक्षित विकल्पों के माध्यम से जीवन बचाना है। ऐसे उपकरण जो तंबाकू को जलाने की बजाय सिर्फ गर्म करते हैं, उनसे नुकसान काफी कम हो जाता है। निकोटिन, हालांकि नशे की लत है, पारंपरिक उपयोग में इसका कोई सीधा नुकसान नहीं है। नुकसान में कमी की दिशा में बदलाव सकारात्मक है, बशर्ते इसे दीर्घकालिक अनुसंधान और मूल्यांकन के आधार पर तैयार किया जाए। गैर-दहनशील तंबाकू उपकरणों को अपनाने में जापान की सफलता का संकेत देते हुए, प्रोफ़ेसर ज़िमलिचमैन ने कहा कि इन उपकरणों में बदलाव के परिणामस्वरूप धूम्रपान दर में औसतन 5.2 प्रतिशत की गिरावट आई।

■ धूम्रपान से एक अरब से अधिक लोग पीड़ित

टेस्ला के ह्यूमनॉइड रोबोट ने किया योग

नई दिल्ली, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। एलन मस्क ने सोमवार को 'ऑप्टिमस' नामक टेस्ला ह्यूमनॉइड रोबोट का प्रदर्शन किया, जिसने अरबपति के फॉलोअर्स का 'नमस्ते' के साथ स्वागत किया और आराम से कुछ योग मुद्राएं कर सबको चकित कर दिया। अक्टूबर में 'टेस्ला एआई डे' 2022 के दौरान पहली बार प्रदर्शित, ऑप्टिमस को इस बार एक्स मालिक द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में सरल कार्य करते देखा गया है। ऑप्टिमस अब अपने हाथों और पैरों को स्वयं कैलिब्रेट करने में सक्षम है।

केवल दृष्टि और संयुक्त स्थिति एनकोडर का उपयोग करके, रोबोट अंतरिक्ष में अपने अंगों का सटीक पता लगा सकता है यह अपने कार्यों को सुचारू रूप से सीखता है, जैसे रंगीन ब्लॉकों को छांटना और सुलझाना, और इसका तंत्रिका जाल केवल दृष्टि का उपयोग करके पूरी तरह से ऑन-बोर्ड चलता है।वीडियो में दिखाया गया है कि दिन भर लंबे समय तक काम करने के बाद रोबोट 'थोड़ी स्ट्रेचिंग करता है' और इसके अंत में नमस्ते करता है।

■ नमस्ते के साथ किया स्वागत

रोबोट में वही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) सॉफ्टवेयर और सेंसर हैं जो टेस्ला के उन्नत ड्राइवर सहायता प्रणाली 'ऑटोपायलट' में मौजूद हैं। इसकी कीमत लगभग 20,000 डॉलर हो सकती है।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आकर्षण बना जल जीवन मिशन का स्टाल

■ पांच दिवसीय आयोजन में प्रत्येक दिन बड़ी संख्या में पहुंचे देशी-विदेशी मेहमान

ग्रेटर नोएडा, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। जल जीवन मिशन 'हर घर जल गांव' थीम पर बना स्टॉल इंडिया एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा में आयोजित 'यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो' में आये देशी-विदेशी मेहमानों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। पांच दिनों तक चले आयोजन में प्रत्येक दिन बड़ी संख्या में लोग स्टाल में आये और यहां बनाए मॉडल गांव और उस गांव में हर घर जल कि प्रक्रिया को समझा। युवा, महिलाएं, बुजुर्ग हों या स्कूली बच्चे सभी इस हर घर जल गांव कि थीम को देख खुश हुए और उन्होंने ग्रामीणों के लिए बनाई गई हर घर जल योजना कि तारीफ भी की। स्टाल परिसर में बनी जल जीवन मिशन की पानी टंकी और नल कि टोंटी से निकलते जल के मॉडल के साथ सेल्फी ली और फोटो भी खिंचवाई। खासकर स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए स्टाल आकर्षण का केंद्र बना रहा। स्कूली बच्चे नये

यूपी के बदलते गांव का स्वरुप देखकर काफी प्रसन्न हुए। उन्होंने हर घर जल गांव के बाहर फोटो भी खिंचवाई और सेल्फी भी ली। बच्चों ने यहां आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया। विजेता छात्र-छात्राओं को जल जीवन मिशन लिखी टोपी, पेन, डायरी पुरस्कार में दी गई। विदेशी मेहमानों, निवेशकों व आगंतुकों की इन पांच दिनों स्टाल पर काफी भीड़ रही। नये यूपी के बदलते गांव को मिल रहे स्वच्छ पेयजल के लिए योगी सरकार और विभाग की तारीफ भी किं।

उद्घाटन में पहुंची राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने हर घर जल गांव स्टाल को निहार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्टाल के अंदर पहुंचे और उन्होंने योजना की जानकारी भी ली।

मैरिंगो सिम्स अस्पताल ने लॉन्च किया बीएमटी, सेल्युलर थेरेपी यूनिट

■ बीएमटी ब्लड कैंसर सहित कई प्रकार के रक्त रोगों के लिए एक उपचारात्मक विकल्प

■ प्लेटलेट्स के संग्रह के समान, एफेरेसिस मशीन का उपयोग करके परिधीय रक्त से किया जाता है एकत्र

अहमदाबाद, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। गुजरात के अहमदाबाद शहर स्थित मैरिंगो सिम्स अस्पताल ने ट्रांसप्लांट के पहले और बाद के देखभाल के लिए एक अत्याधुनिक छह-बेड, एचईपीए-फिल्टर्ड, एक तरह का अनोखा स्टेप-डाउन बोन मेरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) और सेल्युलर थेरेपी यूनिट सोमवार को लॉन्च किया।

मैरिंगो सिम्स अस्पताल के हेमेटोलॉजिस्ट और बोन मेरो ट्रांसप्लांट फिजिशियन डॉ. अंकित जीतानी ने कहा कि बोन मेरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) को स्टेम सेल या हेमेटोपोएटिक सेल ट्रांसप्लांट के रूप में भी जाना जाता है। यह चिकित्सा उपचार का एक उन्नत रूप है न कि कोई सर्जरी। स्टेम सेल के स्रोत के आधार पर बीएमटी मोटे तौर पर दो प्रकार के होते है। ऑटोलॉगस जहां प्रत्यारोपण रोगी की स्वयं के स्टेम सेल का उपयोग करके किया जाता है और एलोजेनिक जहां दाता के स्टेम सेल का उपयोग किया जाता है। उन्होंने बताया कि इन स्टेम सेल को डेंगू रोगियों के लिए उपयोग किए जाने वाले प्लेटलेट्स के संग्रह के समान, एफेरेसिस मशीन का उपयोग करके परिधीय रक्त से एकत्र किया जाता है। दाता का कोई अंग नहीं खोता है और स्टेम सेल जल्दी से पुनर्जीवित हो जाता है। बीएमटी ब्लड कैंसर सहित कई प्रकार के रक्त रोगों के लिए एक उपचारात्मक विकल्प है। ऑटोलॉगस स्टेम सेल ट्रांसप्लांट मुख्य रूप से मल्टीपल मायलोमा, लिम्फोमा, पीडियाट्रिक सॉलिड ट्यूमर और ऑटोइम्यून बीमारियों जैसे ब्लड कैंसर के लिए किया जाता है। पैंसठ वर्ष से कम उम्र के मल्टीपल मायलोमा के सभी रोगियों को बिना किसी संदेह के ऑटोलॉगस ट्रांसप्लांट से गुजरना चाहिए क्योंकि यह जीवित रहने और जीवन की गुणवत्ता में काफी सुधार करता है। लिम्फोमा रोगी को रिलैप्स सेटिंग्स में बीएमटी से गुजरना पड़ता है, जहां कीमोथेरेपी या इम्युनोथेरेपी बीमारी को नियंत्रित करने में सक्षम नहीं होती है जहां बीएमटी ही उपचारात्मक इलाज का एकमात्र विकल्प रहता है। मैरिंगो सिम्स अस्पताल के पीडियाट्रिक हेमेटोलॉजिस्ट ऑन्कोलॉजिस्ट और बोन मैरो ट्रांसप्लांट फिजिशियन डॉ. हेमंत मेंघानी ने कहा कि बच्चों में, बोन मैरो ट्रांसप्लांट रक्त कैंसर (ल्यूकेमिया और लिम्फोमा) जैसी कई बीमारियों को ठीक करने का विकल्प प्रदान करता है जो दोबारा हो गए हैं या कीमोथेरेपी के प्रति प्रतिक्रिया नहीं दिखाते हैं। पीडियाट्रिक बोन मेरो विफलता सिंड्रोम वह है जहां बोन मेरो ने ब्लड सेल बनाना बंद कर दिया है, पीडियाट्रिक इम्युनोडेफिशिएंसी रोग, उच्च जोखिम वाले पीडियाट्रिक सोलिड ट्यूमर के साथ-साथ थैलेसीमिया और सिकल सेल रोग जैसे रोग जहां असामान्य रक्त गठन होता है और रोगी या तो आधान पर निर्भर होते हैं या सहायक देखभाल पर। उन्होंने बताया कि पीडियाट्रिक रोगी आम तौर पर अच्छी सफलता दर के साथ बोन मेरो ट्रांसप्लांट के उपचार को अच्छी तरह से सहन करते हैं और आम तौर पर अंतर्निहित बीमारी के कारण अंग क्षति होने से पहले प्रक्रिया को जल्दी करने पर सहमति होती है।

मां मधु ने बताया परिणीति की शादी में क्यों शामिल नहीं हुईं प्रियंका

मुंबई, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। परिणीति चोपड़ा और आप नेता राघव चड्ढा की शादी में परिणीति की चचेरी बहन प्रियंका चोपड़ा शामिल नहीं हुईं। इस पर अभिनेत्री की मां मधु ने खुलासा किया कि वह क्यों नहीं आ सकीं।

एयरपोर्ट पर मधु का एक वीडियो कई पपराजी और फैन पेजों के सोशल मीडिया पर घूम रहा है, जहां उनसे प्रियंका की अनुपस्थिति के बारे में पूछा जा रहा है। मधु ने यह भी खुलासा किया कि दूल्हा और दुल्हन के परिवार वाले उपहार स्वीकार नहीं कर रहे। यह पूछे जाने पर कि प्रियंका शादी में क्यों नहीं थीं, मधु ने कहा कि वो काम कर रही है। फिर, मधु से शादी, उपहारों और परिणीति कैसी दिखती थीं इसके बारे में सवाल किया गया, मधु ने कहा कि बहुत बढ़िया, उन्होंने सब मना कर दिया, कुछ नहीं लेना-देना, बस आशीर्वाद। परिणीति वैसे ही खूबसूरत है, वह और अच्छी लग रही थी। परिणीति और राघव ने रविवार को राजस्थान के उदयपुर में शादी की।

शादी में शामिल न होने के बाद प्रियंका चोपड़ा ने राजनीति को दीं शुभकामनाएं

बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा और आप नेता राघव चड्ढा अब आधिकारिक तौर पर पत्नी-पति हैं। यह दोनों रविवार को उदयपुर में परिणय सूत्र में बंधे। इस शादी में परिणीति की चचेरी बहन प्रियंका चोपड़ा जोनास शामिल नहीं हो पाईं। प्रियंका चोपड़ा ने बाद में दोनों को शादी की शुभकामनाएं दीं। सोमवार को परिणीति और राघव ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी शादी की तस्वीरें साझा कीं। परिणीति ने तस्वीरों का एक सेट साझा किया जिसमें वह और राघव शादी के जोड़े में नजर आ रहे हैं। एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, 'नाश्ते की टेबल पर पहली बातचीत से ही हमारे दिल को पता चल गया, लंबे समय से इस दिन का इंतजार कर रहा था।

चलती ट्रेन में चढ़ते वक्त गेट पर लटका युवक, आरपीएफ स्टाफ ने बचाया

गाजियाबाद, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। गाजियाबाद रेलवे स्टेशन का एक सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। जिसमें एक शख्स चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रहा है और उसका बैलेंस बिगड़ने से वह दरवाजे पर ही लटक गया और करीब 10 मीटर तक घिसटता हुआ ट्रेन के साथ आगे जाने लगा।

प्लेटफार्म पर मौजूद आरपीएफ की सतर्कता से उस व्यक्ति की जान बच गई। ये घटना रविवार देर शाम की बताई जा रही है। पूरी घटना प्लेटफार्म पर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है।

आरपीएफ इंस्पेक्टर से मिली जानकारी के मुताबिक रविवार देर शाम को आनंद विहार से गाजीपुर जा रही ट्रेन में सफर कर रहे अमेठी के फरवा गांव के रहने वाले महेंद्र कुमार गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर पानी लेने के लिए नीचे उतरे थे। वह जब तक पानी लेकर लौटे तब तक ट्रेन चलनी शुरू हो गई थी। वह चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान गेट पर लटक गए, इस दौरान ट्रेन की स्पीड बढ़ गई। वह ट्रेन के साथ करीब 10 मीटर घिसटते गए। यात्री को ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच घिसटता देख आरपीएफ के एएसआई राजेन्द्र सिंह और सिपाही सत्येंद्र कुमार ने यात्री को ट्रेन से नीचे गिरने से बचाया। यदि आरपीएफ स्टाफ ने मुस्तैदी न दिखाई होती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

गंगा में मछलियों की संख्या बढ़ाने को लेकर कवायद तेज, रोहू-कतला दिखेंगी

पटना, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। बिहार की गंगा नदी में कम पड़ रही मछलियों की संख्या बढ़ाने को लेकर सरकार ने कवायद तेज कर दी है। अब अगले महीने से 12 लाख जीरा डालने की तैयारी चल रही है। एक अधिकारी ने बताया कि बक्सर से लेकर कहलगांव तक में बह रही गंगा की पहचान रही मछलियों की प्रजाति बढ़ाई जाएगी।

■ 12 लाख जीरा डालने की तैयारी

■ मछलियों की संख्या बढ़ने के बाद जल की गुणवता भी सुधरेगी

इससे डॉल्फिनों की संख्या भी बढ़ेगी तथा प्रवासी पक्षियों का आवागमन भी बढ़ेगा। मछुआरे की आर्थिक स्थिति भी समृद्ध होगी। मछलियों की संख्या बढ़ने के बाद जल की गुणवता भी सुधरेगी। मत्स्य विभाग गंगा से सटे इलाकों का जिलावार लुप्त हुई मछलियां व कम हो

रही आबादी वाली मछलियों की संख्या बढ़ाने में जुटा है।

गंगा में मछली की संख्या बढ़ाने के लिए मत्स्य विभाग 12 लाख जीरा डालने की तैयारी कर रहा है। बताया जाता है कि पहले चरण में अक्टूबर में पीरपैंती में चार लाख जीरा डाले जाएंगे। इसके बाद मुंगेर और खगड़िया में चार-चार लाख जीरा डाले जाएंगे। विभाग के टीम बिहपुर के बगरी पुल स्थित मछली की हैचरी में गंगा और कोसी के मछली की ब्रीडिंग का जीरा तैयार कर रहा है। शुरुआत में पीरपैंती में गंगा नदी में रोहू व कतला प्रजाति का जीरा डाला जाएगा। गंगा में मछली की संख्या लगातार घट रही है। इससे जहां पानी प्रदूषित हो रहा है, वहीं डाल्फिन का भोजन भी कम हो रहा है। भागलपुर के इलाके में गंगा में मछली की संख्या बढ़ाने के लिए केंद्रीय मत्स्य अनुसंधान संस्थान कोलकाता के विशेषज्ञ टीम ने इस साल मई में सुल्तानगंज के गंगा नदी में 2 लाख जीरा डाला था। बताया जाता है कि फरक्का डैम बनने के बाद से हिल्सा मछली बिहार के क्षेत्र में नहीं आ पा रही है। इसी वजह से भागलपुर क्षेत्र के गंगा नदी से हिल्सा प्रजाति की मछली की संख्या कम हो गई है।

'नदी उत्सव' कार्यक्रम में पांच फिल्में पुरस्कृत

नई दिल्ली, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। राजधानी में चौथे 'नदी उत्सव' कार्यक्रम में नदी संस्कृत पर केंद्रित पांच फिल्मों/वृत्त चित्रों को पुरस्कृत किया गया जिसमें रविशंकर द्वारा निर्देशित 'पुण्यकोटि' और जुबानाश्व मित्र द्वारा निर्देशित 'महानदी' शामिल है। यह जानकारी इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) के एक प्रवक्ता ने दी। अन्य पुरस्कृत फिल्मों में निर्देशक

■ कार्यक्रमों के अलावा, विषय से संबंधित 18 चुनिंदा फिल्में भी दिखाई गईं

सागर दास द्वारा की 'नर्मदा- द इटरनल रिवर', अनुप राज द्वारा निर्देशित 'नीला - समुद्रि की जननी' और निर्देशक प्रज्ञा सिंह रावत की 'नायर' शामिल हैं।

तीन दिवसीय इस कार्यक्रम का आयोजन आईजीएनसीए और राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण मिशन (एनएमसीएम) ने मिल कर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का कल अंतिम दिन था। प्रवक्ता ने बताया कि भारत में नदियों के किनारों पर विकसित प्राचीन संस्कृति के प्रति नई पीढ़ी की जागरूकता बढ़ाने और नदियों के स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करने के लिए राजधानी में साप्ताहिक तीन-दिवसीय 'नदी उत्सव' का आयोजन किया गया। इस बार जिसमें अन्य कार्यक्रमों के अलावा, विषय से संबंधित 18 चुनिंदा फिल्में भी दिखाई गईं। 2018 में शुरू की गई 'नदी उत्सव' परियोजना के तहत यह इस तरह का यह चौथा कार्यक्रम था।

यहां इस आयोजन के दौरान विभिन्न कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव, परमार्थ निकेतन, ऋषि केश के प्रमुख स्वामी चिदानंद सरस्वती और प्रसिद्ध दार्शनिक एवं विद्वान आचार्य श्रीवत्स गोस्वामी, प्रख्यात पर्यावरणविद् 'पद्मभूषण' डॉ. अनिल प्रकाश जोशी, आईजीएनसीए के जनपद संपदा विभाग के विभागाध्यक्ष अनिल के कुमार, एनएमसीएम की निदेशक ऋचा नेगी, आईजीएनसीए के अध्यक्ष 'पद्मश्री' रामबहादुर राय और सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी, एनएमसीएम के सहायक निदेशक अभय मिश्रा और फिल्म एवं वीडियो संभाग नियंत्रक अनुराग पुनेठा ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम में पर्यावरणविदों और विभिन्न विषयों के विद्वानों के साथ विद्वतापूर्ण चर्चाएं, फिल्मों की स्क्रीनिंग, प्रख्यात कलाकारों की प्रस्तुतियां, कठपुतली शो, विभिन्न पुस्तकों पर चर्चा की गई। 'नदी उत्सव' आयोजन में प्राचीन ग्रंथों में नदियों का उल्लेख, नदियों के किनारे सांस्कृतिक विरासत, लोक और सांस्कृतिक परम्परा में नदियां सहित कई विषयों पर चर्चा सत्र आयोजित किए गए।

इस कार्यक्रम में भोपाल की श्वेता देवेन्द्र और उनकी टीम ने नर्मदा स्तुति और दशावतार पर अपनी प्रस्तुति देकर दर्शकों का मनमोह लिया। इस दौरान संबंधित कई विषयों पर राष्ट्रीय गोष्ठी, जाने-माने लेखकों के संवाद, कठपुतली शो, एक लघु पुस्तक मेला आयोजित किया गया जिसमें नदियों और पर्यावरण पर छपी किताबें रखी गयी थी। पहले तीन उत्सव 2018 में गोदावरी के किनारे नासिक (महाराष्ट्र), कृष्णा तट पर से विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश) में और गंगा के किनारे मुंगेर (बिहार) में आयोजित किए गए थे।

शाहरुख, सलमान ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के घर किए बप्पा के दर्शन

मुंबई, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। गणेशोत्सव के अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के आवास पर बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान ने भगवान गणपति का आशीर्वाद लिया। रविवार की रात सीएम आवास पर सितारों का जमावड़ा था, जहां कई बी-टाउन सेलिब्रिटीज को बप्पा के दर्शन के लिए कतार में खड़े देखा गया। लेकिन, शाहरुख की मौजूदगी ने ही सबका ध्यान खींचा। बॉलीवुड के 'बादशाह' नीले पठानी कुर्ता और सफेद पायजामा में बेहद खूबसूरत लग रहे थे। उन्होंने छोटी सी पोनी टेल बनाई हुई थी। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित सभी लोगों का अभिनंदन किया।वीडियो में शाहरुख खान को बॉलीवुड के 'भाईजान' सलमान खान के साथ पोज देते हुए भी दिखाया

गया है। वह भी दर्शन के लिए सीएम आवास गए थे। सलमान ने लाल कुर्ता पहना था और एक स्टोल लिया था जिस पर 'श्री गणेशाय नमः' लिखा था। बी-टाउन के 'करण-अर्जुन' ने शिंदे के साथ कैमरे के सामने पोज दिया। एग्जिट वीडियो में शाहरुख को बाहर रखे अपने जूते ढूंढते और फिर उन्हें पहनते हुए देखा जा सकता है।

रायपुर, मंगलवार 26 सितम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

रोजगार घटने के चिंताजनक आंकड़े

2018-19 से 2022-23 के दौरान देश में सभी तरह के रोजगार में बड़ी कमी होने के आंकड़े सामने आए हैं। नौकरियां हों या दैनिक वेतनभोगी मजदूर, बड़ी संख्या में उन्होंने आजीविका खोई है। अधिक चिंताजनक यह है कि इनमें महिलाएं अधिक हैं। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकानॉमी की इस अवधि की रिपोर्ट के अनुसार 31 लाख लोगों ने नौकरियां खोई हैं जिनमें पुरुष 5 लाख तो महिलाएं 26 लाख हैं। ऐसे ही, छोटे कारोबार एवं दैनिक वेतन पर काम करने वालों में 1.35 करोड़ रोजगार घटे हैं। 52 लाख महिलाएं तथा 83 लाख पुरुष थे। ये आंकड़े ऐसे वक्त में सामने आ रहे हैं जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को खुशहाल देश बतला कर दावा कर रहे हैं कि जल्दी ही वह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा जिसकी अर्थव्यवस्था का आकार 5 ट्रिलियन होगा। यह तथ्य ऐसे भी वक्त सबके समक्ष आया है जब नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में पारित होकर एक सप्ताह भी नहीं हुआ है। विकसित व आर्थिक रूप से सशक्त समाज बनाने में कामकाजी महिलाओं की बड़ी भूमिका होती है, लेकिन जिस प्रकार से इन आंकड़ों के मुताबिक औरतों के जीविकोपार्जन के साधन छीने गये हैं, वे भारतीय अर्थव्यवस्था का क्रूर चेहरा भी उजागर करते हैं। समाज के तौर पर देश महिलाओं को लेकर पूर्वाग्रह से ग्रस्त तो पहले से ही है।

जिन लोगों ने नौकरियां खोई हैं, वे संगठित क्षेत्रों के थे और उनके वेतन बढ़िया थे। नौकरियां जाने से उनके जीवन पर क्या असर हुआ होगा, इसकी कल्पना की जा सकती है। असंगठित क्षेत्रों में रोजाना वेतन पर काम करने वाले मजदूरों, जिन्हें दिहाड़ी मजदूर भी कहा जाता है, उनकी संख्या 2018-19 में 14.05 करोड़ थी, जो 2022-23 में घटकर 12.7 करोड़ रह गई। सीएमआईई के अनुसार देश में कामकाजी लोगों की संख्या 40.58 करोड़ है जिनमें से पुरुष 36.77 करोड़ तथा महिलाएं 3.82 करोड़ हैं- केवल 10 प्रतिशत के आसपास। व्यवसाय हो या कृषि, वेतनभोगी हों या दिहाड़ी मजदूर, सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी काफी कम है। वैसे छोटे व्यवसाय एवं खेती-किसानी में महिलाओं के रोजगार कुछ बढ़े हैं परन्तु अभी भी सभी सेक्टरों में व्यापक बेरोजगारी का आलम है। खासकर, महिलाओं की स्थिति दयनीय है।

यह तस्वीर मोदी सरकार के बेहद खराब प्रबन्धन का नतीजा है। 2016 में लाई गई नोटबन्दी और बाद में जीएसटी कानून ने अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। इसके दुष्परिणाम अब तक देश भुगत रहा है। नोटबन्दी ने रातों-रात लाखों कारोबार और छोटे-मोटे कामों को बन्द कर दिया। रही-सही कसर जीएसटी ने पूरी कर दी। कई छोटे व लघु आकार की इकाइयों ने भी दम तोड़ दिया था। अनेक कारोबार व उद्योग उस वक्त जो बन्द हुए, आज तक या तो खुल नहीं पाये अथवा उनमें से बड़ी संख्या में लोगों को काम से हटाया गया। इसके बाद कोविड-19 भी कहर बनकर लोगों पर टूटा है। बड़ी तादाद में व्यवसाय और निर्माण इकाइयों को भी लॉकडाउन में बन्द करना पड़ा था। उनमें से कई उद्योगों व कारोबार के ताले आज तक नहीं खुले। सीएमआईई की ही पूर्ववर्ती रिपोर्ट में बताया गया था कि इसी साल (2023) जनवरी (7.14 प्रश) से अप्रैल (8.11) के दौरान ये आंकड़े भी सामने आये थे कि भारत में बेरोजगारी की दर हर माह बढ़ती जा रही है। अभी मई में इसका प्रतिशत 7.68 था जो जून में बढ़कर 8.45 हो गया है। हालांकि भारत सरकार इन आंकड़ों को गलत बताती है क्योंकि उसके राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) के अनुसार देश में रोजगार की स्थिति सुधर रही है। वैसे लगभग सारे अर्थशास्त्री सीएमआईई के आंकड़ों को ही सही मानते हैं। आंकड़ों को एक ओर रख दिया जाये तो भी देश में बढ़ती बेरोजगारी नंगी आंखों से भी दिखती है।

वैसे भी केन्द्र सरकार रोजगार बढ़ाने के मामले में कभी भी गम्भीर नहीं रही है। उसके सारे आश्वासन कहीं दूर भविष्य में फलीभूत होने की बात करते हैं। तत्काल प्रभाव से मिलने वाले रोजगार कम ही हैं। 2014 में जब यह सरकार केन्द्र की सत्ता में आई थी, उसने हर वर्ष दो करोड़ रोजगार देने की बात कही थी। उलटे, बेरोजगारी इतनी बढ़ी है कि अब केन्द्र सरकार ने उससे सम्बन्धित आंकड़े रखने ही बन्द कर दिये हैं। इसका ऐलान भी वह कर चुकी है। अब सरकार या आर्थिक नीति पर काम करने वालों के पास ऐसी कोई व्यवस्था ही नहीं रह गई है जिसके आधार पर वे रोजगार बढ़ाने सम्बन्धी योजना बना सकें। सरकार की रोजगार बढ़ाने में कोई रुचि ही नहीं रह गई है। जो थोड़ी बहुत शासकीय नौकरियां निकलती हैं उनके नियुक्ति पत्र मोदी समारोहों के जरिये बांटते हैं और उसका उपयोग अपनी छवि सुधारने या फिर चुनावी लाभ लेने में करते हैं। गम्भीर प्रयासों का अभाव स्पष्ट दिखलाई देता है। ऐसे में बेरोजगारी और बढ़े तो आश्चर्य नहीं।

बेरोजगारों की बढ़ती संख्या का समाज पर क्या असर होगा, इसकी कल्पना की जा सकती है। जब देश के युवाओं के हाथों में रोजगार नहीं होंगे व जिनके पास काम हैं भी तो उन्हें जिस प्रकार से खत्म किया जा रहा है उससे एक निष्क्रिय समाज ही बनेगा जो गैर रचनात्मक होगा। वैसे भी जिस प्रकार से निजीकरण को बढ़ावा देकर लोगों की जीविका के सभी तरह के साधन छिने जा रहे हैं उसके दो कारण हैं। पहला तो यही कि कारोबार व उद्योग बंद होने से वे मोदी के मित्र उद्योगपतियों व व्यवसायियों के हाथों में चले जाएंगे। दूसरे, उन्हें सस्ता मानव संसाधन मिलेगा। महिलाओं की आय के साधन छीनना तो गरीबी को और तेजी से बढ़ायेगा।

मोदी की चुप्पी, मोदी के बोल!

हैरानी की बात नहीं है कि संसद के पांच दिन के लिए प्रस्तावित किंतु चार दिन ही चले विशेष सत्र के आखिरी दिन, सत्ताधारी पार्टी के सांसद रमेश बिधूड़ी ने मुस्लिमविरोधी सांप्रदायिक गाली-गलौच का जो इतिहास कायम किया, उस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से, अपने ट्विटर एकाउंट तक से दो शब्द तक नहीं कहलवाए गए हैं। मणिपुर को जलता देखते रहने के बाद भी पूरे अस्सी दिन तक, उस पर दु:ख या पछतावे या चिंता का एक शब्द तक नहीं बोलने वाले प्रधानमंत्री की, अपनी पार्टी के एक सांसद के लोकसभा में खुलेआम नफरती सांप्रदायिक बोल बोलने पर चुप्पी, शायद ही किसी को हैरान करेगी। उल्टे सचाई यह है कि प्रधानमंत्री की यह चुप्पी, इस पूरे प्रसंग को सांप्रदायिक कंसोलिडेशन का ही हथियार बनाने की कोशिश में, उक्त संसदीय कदाचार के बाद से ही सत्ता पक्ष के अन्य मुंहों से निकले बोलों को ही, आगे बढ़ाती है।

बेशक, सत्ताधारी पार्टी के भी विशेष रूप से बदजुबान सांसदों में गिने जाने वाले, इस दक्षिण दिल्ली के सांसद ने जिस तरह भरी संसद में अपनी सांप्रदायिक नफरत की उल्टी ही कर दी और उसे संसद टीवी के जरिए तथा उससे बढ़कर सोशल मीडिया में वाइरल हुई वीडियो क्लिपों के जरिए दुनिया भर ने देख लिया, उसके बाद मोदी-शाह की भाजपा ने प्रकटत: नुकसान कम करने की भी कुछ कोशिशें की हैं। इन कोशिशों में अपनी पार्टी के दोषी सांसद को कारण बताओ नोटिस दिया जाना भी शामिल है। यह दूसरी बात है कि सभी जानते हैं कि वर्तमान सत्ताधारी पार्टी में ऐसे कारण बताओ नोटिस, तब तो झूठ-मूठ की रस्मअदायगी से रत्तीभर ज्यादा नहीं होते हैं, जब शिकायत सांप्रदायिकता की अति की हो। वास्तव में यह स्वांग भी इसलिए जरूरी हो गया था कि भाजपा सांसद ने घोर और आक्रामक सांप्रदायिक नफरत की उस सचाई को सारी दुनिया के सामने दिखा दिया, जो बार-बार तथा विभिन्न तरीकों से संघ के ईको-सिस्टम में अपना काम तो लगातार करती आ रही थी, लेकिन तिनके को ओट बनाकर। संसद के मंच पर पहली बार उसका खुलकर प्रदर्शन किया गया है। इसलिए, सत्ताधारी पार्टी के लिए, कारण बताओ नोटिस की तिनके की ओट फिर खड़ी करना जरूरी हो गया।

भारतीय जनतंत्र के दुर्भाग्य से कुछ ऐसी ही तिनके की ओट स्पीकर के पद की ओर से जुटाने की भी कोशिश की गयी। वाइरल वीडियो में सब कुछ साफ-साफ सारी दुनिया के देख लेने के बाद, लोकसभा के स्पीकर की ओर से, आपत्तिजनक शब्दों को कार्रवाई के रिकार्ड से हटा देने भर की कार्रवाई को, तिनके की ओट लेकर खुद को अलग करने की कोशिश ही कहा जाएगा। इसके अलावा, भाजपा के गालीबाज सांसद को स्पीकर ने इसकी चेतावनी भर देकर जाने दिया कि 'दोबारा ऐसा नहीं हो'! इस मामले में स्पीकर के निष्पक्षता का दिखावा तक छोड़ देने का अंदाजा सिर्फ इस एक तथ्य से लगाया जा सकता है कि इससे पहले के मानसून सत्र के आखिर में, लोकसभा में कांग्रेस ग्रुप के नेता, अधीर रंजन चौधुरी को, जो वास्तव में व्यावहारिक मानों में सदन में नेता विपक्ष हैं, सत्ताधारी पार्टी के मंत्री/ मंत्रियों के लिए ''धृतराष्ट्र'' की पौराणिक संज्ञा का प्रयोग करने के लिए ही, सदन से निलंबित कर दिया गया था। जाहिर है कि सत्ता पक्ष के सदस्यों के लिए लोकसभा अध्यक्ष का एक पैमाना है और विपक्षी सदस्यों के लिए एक अलग ही पैमाना है।

बहरहाल, तिनके की ओट में छुपने की इस मजबूरी का दायरा भी बस इतना ही था। इस पूरे प्रसंग में, संबंधित भाजपा सांसद के अलावा उस समय सदन में उसके ठीक पीछे बैठे दो पूर्व-मंत्रियों, हर्षवर्द्धन और रविशंकर प्रसाद की भी भूमिका तीखी आलोचना के दायरे में आ गयी। दोनों माननीय पूर्व-मंत्री, पूरे प्रकरण के दौरान हंस-हंसकर, अपने अनुमोदन से, अपने सांप्रदायिक गालीबाज संगी को बढ़ावा ही दे रहे थे, जो वीडिया में दर्ज भी हुआ था। इस मामले में काफी आलोचनाएं आने के बाद, रविशंकर प्रसाद ने तो एक संक्षिप्त आम खंडनात्मक बयान जारी कर, यह दावा कर के अपना दामन साफ हो गया मान लिया कि वह तो हमेशा मर्यादाओं का पालन करने में विश्वास रखते हैं, आदि। लेकिन, दिल्ली के सांसद हर्षवर्द्धन ने सोशल मीडिया में एक लंबी सफाई लिखकर अपना बचाव किया, जिसमें अपने मुस्लिम विरोधी नहीं होने का दावा किया गया था। इससे भी बेढ़ब यह कि उन्होंने यह बहाना बनाने की भी कोशिश की कि कहा-सुनी के बीच वह ठीक-ठीक सुन ही नहीं पाए थे कि उनके बगल में खड़ा उनका संगी सांसद क्या-क्या कह रहा था? लेकिन, इससे भी भयानक यह कि गंभीरता के इस सारे पाखंड के बीच, पूर्व-मंत्री ने अपने बयान में इसे बसपा सदस्य दानिश अली और भाजपा सदस्य रमेश बिधूड़ी के बीच बहस और उत्तर-प्रत्युत्तर का मामला बनाकर, मामूली बना देने की बेशर्म कोशिश की थी।

राजेंद्र शर्मा

याद रहे कि यहां पहुंचकर यह सब, रमेश बिधूड़ी की शर्मनाक करतूत और सांप्रदायिक नफरती बोली से, संघ-भाजपा के बचाव से आगे बढ़कर, इस प्रकरण को ही सांप्रदायिक नफरत फैलाने का औजार बनाने तक पहुंच जाता है। यह वह जगह है जहां रमेश बिधूड़ी की सांप्रदायिक गालियां, ''गोली मारो सालों को...'' के मोदी सरकार के मंत्रियों के नारों और ''वोटिंग मशीन का बटन दबाकर...शाहीन बाग में झटका लगाने'' के देश के गृहमंत्री के नुस्खों की बगल की खड़ी नजर आती हैं।

यही सूत्र है जिसे बाद में आगे बढ़ाते हुए, भाजपा के एक और बदजुबानी के लिए कुख्यात सांसद, निशिकांत दुबे ने, यह कहने की रस्म अदायगी करने के बाद कि जो बिधूड़ी द्वारा कहा गया उचित नहीं था, स्पीकर को लिखी चिट्ठी में उल्टे बसपा सदस्य दानिश अली पर ही इसका इल्जाम लगा दिया कि वही, रमेश बिधूड़ी के भाषण के बीच में बार-बार टोक कर और प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक बातें कहकर, उन्हें भड़का रहे थे। और जैसा कि संघ-भाजपा के झूठ के प्रचार का एक जाना-पहचाना हथियार ही हो गया है, उन्होंने पीड़ित सांसद पर बाकायदा षडयंत्र का आरोप लगा दिया कि उन्होंने षडयंत्रपूर्वक भाजपा सांसद को गुस्सा दिलाया और वह ''बेचारे'' इस षडयंत्र के जाल में फंसकर, आपत्तिजनक बोल बोल बैठे! दुबे ने अपने इस पत्र के माध्यम से स्पीकर से सदन की अनुशासन समिति से पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है। कहने की जरूरत नहीं है कि पीड़ित पर ही आरोप लगाने का यह पूरा खेल, संघ-भाजपा के अनुमोदन से ही खेला जा रहा है। इसमें अगर किसी को संदेह हो तो सोशल मीडिया में संघ की ट्रोल सेना द्वारा इस संबंध में जो कुछ कहा गया है और जिस तरह इस हास्यास्पद ''षडयंत्र सिद्धांत'' को प्रचारित किया गया है, उससे यह साफ हो जाता है कि हर्षवर्द्धन तथा निशिकांत दुबे के रास्ते, पूरा संघ परिवार सांप्रदायिक गालीबाज भाजपा सांसद के पीछे खड़ा है। हैरानी की बात नहीं है कि यह सिलसिला जल्द ही, पीड़ित सांसद को तरह-तरह की धमकियां दिए जाने तक पहुंच चुका है।

याद रहे कि यहां पहुंचकर यह सब, रमेश बिधूड़ी की शर्मनाक करतूत और सांप्रदायिक नफरती बोली से, संघ-भाजपा के बचाव से आगे बढ़कर, इस प्रकरण को ही सांप्रदायिक नफरत फैलाने का औजार बनाने तक पहुंच जाता है। यह वह जगह है जहां रमेश बिधूड़ी की सांप्रदायिक गालियां, ''गोली मारो सालों को...'' के मोदी सरकार के मंत्रियों के नारों और ''वोटिंग मशीन का बटन दबाकर...शाहीन बाग में झटका लगाने'' के देश के गृहमंत्री के नुस्खों की बगल की खड़ी नजर आती हैं। और ठीक यहीं उनकी ही बगल में प्रधानमंत्री की चुप्पी को खड़े देखा जा सकता है, इस सब का अनुमोदन करते हुए और अपने अभयदान से सब को बढ़ावा देते हुए!

दिलचस्प बात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी और उनके बोल, दोनों एक ही काम करते हैं, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की धार को सान पर चढ़ाने का काम। यह संयोग ही नहीं है कि जो प्रधानमंत्री, रमेश बिधूड़ी के कारनामे पर एकदम चुप्पी साधे रहे हैं, वही प्रधानमंत्री पिछले दिनों में अपनी आत्मप्रशंसा के अलावा, एक ही मुद्दे पर विशेष रूप से मुखर रहे हैं—कथित सनातन धर्म पर उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणी। यहां इस विषय पर विस्तार से चर्चा करने की गुंजाइश तो नहीं है, पर इतना तो याद दिलाया ही जा सकता है कि जिस समय जी-20 के सिलसिले में विदेशी मेहमानों का भारत आना शुरू हो रहा था, उस समय भी प्रधानमंत्री मोदी को इसी सिलसिले में बुलायी गयी मंत्रिमंडल की विशेष बैठक में भी, अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों को इसके लिए तिकतिकाना बखूबी याद रहा था कि सनातन के मुद्दे पर ''उपयुक्त जवाब'' देना चाहिए!

उसके बाद, चुनाव की ओर बढ़ रहे राज्यों, मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ में और राजस्थान में भी, पहली ही फुर्सत में मोदी ने खुद ''उपयुक्त जवाब'' देने की कमान संभाल ली और इस प्रकरण के रास्ते विपक्षी इंडिया गठबंधन को हिंदू-विरोधी, धर्मविरोधी, भारतीय संस्कृति विरोधी और अंतत: भारत विरोधी भी घोषित कर दिया। यह इसके बावजूद था कि यह मानना संभव ही नहीं है कि मोदी इससे कतई बेखबर हो सकते हैं कि उन्नीसवीं सदी के आखिर में गुजरात से ही, हिंदी-गुजराती प्रदेश के, तथाकथित सनातन धर्म के सबसे उग्र खंडनकर्ता, स्वामी दयानंद निकले थे, जिन्होंने खुद को सनातनी कहने वाले धार्मिक-सामाजिक सुधार-विरोधी मनुवादियों के खिलाफ ही, हिंदी-पंजाबभाषी क्षेत्र में अपनी पाखंड-खंडिनी पताका गाढ़ी थी और एक के बाद एक शास्त्रार्थों के जरिए खुद को सनातनी कहने वालों को चुनौती दी थी। हैरानी की बात नहीं है मोदी की इस मुखरता में, कथित सनातनियों के मनुवाद के खिलाफ, खुद हिंदू धार्मिक तथा सामाजिक सुधारकों के उन्नीसवीं व बीसवीं सदी के वास्तविक और विराट संघर्षों पर चुप्पी भी शामिल है। याद रहे कि इससे कुछ ही पहले, कर्नाटक चुनाव की हार के फौरन बाद, मोदी की ऐसी ही मुखरता समान नागरिक संहिता पर भी सुनाई दी थी। उससे पहले कश्मीर के विनाश से लेकर, नागरिकता कानून, विदेशी घुसपैठिए आदि, यहां तक कि कब्रिस्तान-श्मशान तक, ऐसे हरेक मुद्दे पर, जिसका सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के लिए इस्तेमाल किया जा सकता था, मोदी की बोली सुनाई दी थी और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के खिलाफ जाने वाले हर मुद्दे पर, मोदी की वैसी ही मुखर चुप्पी।

(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)

प्रस्तावित भारत मध्य-पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे की चुनौतियां

■ गिरीश लिंगन्ना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वास्तव में भारत मध्य-पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) को लेकर आशान्वित हैं, जिसे उन्होंने हाल ही में नई दिल्ली में जी 20 शिखर सम्मेलन में पेश किया था। हालांकि, कुछ लोगों का मानना है कि इस परियोजना में शामिल सभी देश इसे चीन की बेल्ट एंड रोड पहल के खिलाफ़ नहीं मानते हैं।

संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, जॉर्डन और इज़राइल के माध्यम से भारत को दक्षिणी यूरोप से जोड़ने वाले एक सुगम परिवहन मार्ग का निर्माण भारत के प्रभाव को बढ़ायेगा और चुनौतीपूर्ण 'अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे' के लिए एक और विकल्प प्रदान करेगा जो ईरान और रूस से होकर गुजरता है लेकिन इसके विकास में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

पिछले प्रयास के विपरीत, आईएमईसी एक नया रास्ता बनाना चाहता है जो इज़राइल और पूर्वी भूमध्य सागर को भारत के करीब जोड़ता है। चीन का अध्ययन करने वाले इजरायली थिंक टैंक सिग्नल ग्रुप का नेतृत्व करने वाले कैरिस विट्टे ने बताया कि सिर्फ दो दशक पहले, इस क्षेत्र को अदन की खाड़ी में समाप्त माना जाता था, जहां हिंद महासागर लाल सागर से मिलता है। सऊदी अरब और यूएईआईएमईसी को बढ़ते और लाभदायक भारतीय बाजार तक पहुंचने के एक रास्ते के रूप में देखते हैं। वे तेल पर अपनी निर्भरता कम करना चाहते हैं और पैसा कमाने के नये तरीके ढूंढना चाहते हैं।

अंतरराष्ट्रीय संबंधों का अध्ययन करने वाले और चीन तथा मध्य पूर्व में संघर्षों के बारे में लिखने वाले प्रोफेसर गाइबर्टन इसी बारे में बात कर रहे हैं- मैं नहीं मानता कि यह धारणा कि यह चीन के खिलाफ़ होगी, खाड़ी में व्यापक रूप से स्वीकार की जाती है। भले ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हाल ही में जी 20 शिखर सम्मेलन में आईएमईसी के लिए मजबूत समर्थन व्यक्त किया, लेकिन वास्तव में यह भारत, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात थे जो समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए सबसे अधिक दृढ़ थे, वाशिंगटन नहीं।

रियाद, विशेष रूप से, इस नये गलियारे को वैश्विक मंच पर अपनी भूमिका को बदलने के साधन के रूप में देखता है। मुख्य रूप से तेल निर्यात करने के बजाय, सऊदी अरब का लक्ष्य पर्यटन, निवेश और रसद का एक प्रमुख केंद्र बनना है। यह परिप्रेक्ष्य अज़ीज़ अल-ग़शियान से आया है, जो एक सऊदी राजनीतिक विश्लेषक और विदेश नीति विशेषज्ञ हैं। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात, जो देश मुख्य रूप से जीवाश्म ईंधन बेचते हैं, नये गलियारे को लेकर विशेष रूप से उत्साहित हैं क्योंकि यह उनकी अर्थव्यवस्थाओं को और अधिक विविध बनाने की उनकी योजनाओं के अनुरूप है।

आईएमईसी केवल व्यापारिक वस्तुओं के बारे में नहीं है। यह आपूर्ति श्रृंखलाओं को एक साथ बेहतर ढंग से काम करने पर भी ध्यान केंद्रित करता है। लक्ष्य एक साथ चीज़ें बनाने के लिए रास्ते में आने वाले देशों में सरकारी और व्यावसायिक सहयोग दोनों को प्रोत्साहित करना है। उनकी प्रस्तावित बंदरगाहों, रेलवे और सड़कों के बगल में बिजली केबल और पाइप लगाने की भी योजना है। ये सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात से भारत और यूरोपीय संघ तक नवीकरणीय बिजली और हरित हाइड्रोजन ले जायेंगे। हरित हाइड्रोजन को प्राकृतिक गैस का अधिक पर्यावरण-अनुकूल विकल्प माना जाता है, और यह इन धूप वाले देशों में बड़ी सौर परियोजनाओं द्वारा उत्पन्न होता है।

उन्होंने वास्तव में एक लंबा फाइबर-ऑप्टिक नेटवर्क बनाने का भी सुझाव दिया है जो इस परियोजना के क्षेत्रों के बीच इंटरनेट कनेक्शन को बेहतर बनायेगा।

आईएमईसी केवल व्यापारिक वस्तुओं के बारे में नहीं है। यह आपूर्ति श्रृंखलाओं को एक साथ बेहतर ढंग से काम करने पर भी ध्यान केंद्रित करता है। लक्ष्य एक साथ चीज़ें बनाने के लिए रास्ते में आने वाले देशों में सरकारी और व्यावसायिक सहयोग दोनों को प्रोत्साहित करना है। उनकी प्रस्तावित बंदरगाहों, रेलवे और सड़कों के बगल में बिजली केबल और पाइप लगाने की भी योजना है।

इस महीने जी 20 शिखर सम्मेलन में एक कार्यक्रम के दौरान, भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने नये समझौते की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए और भी बड़े सपने देखने की नींव रखता है। उसके तुरंत बाद, उन्होंने सऊदी अरब के वास्तविक नेता, क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ दिल्ली में एक निजी बैठक की। अपनी चर्चा के दौरान, उन्होंने भारत में सऊदी निवेश में 100 अरब डॉलर लाने की प्रक्रिया में तेजी लाने का फैसला किया। यह निवेश योजना पहली बार 2019 में बनाई गई थी लेकिन महामारी के कारण इसमें देरी हुई।

इस धनराशि में से लगभग 55अरब का उपयोग भारत के पश्चिमी तट पर एक विशाल यीरिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स के निर्माण के लिए किये जाने की योजना है। वे सऊदी अरब और यूएई के साथ साझेदारी में भारत में एक रणनीतिक तेल रिजर्व बनाने का भी इरादा रखते हैं। यूएई की कंपनियों का एक समूह, जिसमें बंदरगाहों और मुक्त क्षेत्रों का प्रबंधन करने वाली कंपनी डीपी वर्ल्ड शामिल है, ने पहले ही लॉजिस्टिक्स और भारत और मध्य पूर्व के बीच एक नियोजित खाद्य गलियारे के लिए 7अरब के वितरण नेटवर्क के निर्माण पर काम करना शुरू कर दिया है।

भारत और खाड़ी सहयोग परिषद, जिसमें सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन जैसे देश शामिल हैं, के बीच व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में यह 154.7अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 77प्रतिशत अधिक है। इसी अवधि के दौरान, चीन ने इस क्षेत्र के साथ दोनों दिशाओं में लगभग 180अरब अमेरिकी डॉलर का व्यापार किया।

आईएमईसी के कार्यान्वयन में एक स्पष्ट भू राजनीतिक बाधा सऊदी अरब और इज़राइल के बीच औपचारिक राजनयिक संबंधों की अनुपस्थिति है। हालांकि दोनों देशों के बीच कोई ज़मीनी सीमा नहीं है, लेकिन उन्हें सऊदी अरब द्वारा वित्तपोषित एक प्रस्तावित रेलवे के माध्यम से जोड़ा जाना तय है, जो जॉर्डन तक फैली हुई है। जॉर्डन, जिसने 1994 में इज़राइल के साथ संधि कर शांति स्थापित की और रियाद के साथ एक मजबूत गठबंधन बनाये रखा, इस संबंध में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने आईएमईसी के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया, और इसे एक महत्वपूर्ण सहयोग पहल बताया जो क्षेत्रीय और वैश्विक एकीकरण और सहयोग के आकार और महत्व के संदर्भ में पहले देखी गई किसी भी चीज़ के विपरीत एक नये युग का प्रतीक है।

आधिकारिक संबंध नहीं होने के बावजूद, योजना अभी भी आगे बढ़ सकती है क्योंकि, जैसा कि इजरायली विश्लेषक विट्टे ने बताया, इजरायल और सऊदी अरब औपचारिक सामान्यीकरण के बिना वर्षों से चुपचाप व्यापार कर रहे हैं। आईएमईसी को वर्तमान स्थिति में भी पूरा किया जा सकता है, और यह सामान्यीकरण पर जोर नहीं देता है या इसकी मांग नहीं करता है।

सऊदी विश्लेषक अल-गशियान के अनुसार, आर्थिक गलियारे का मतलब यरूशलेम और रियाद के बीच संबंधों का तत्काल सामान्यीकरण नहीं है, जिस पर वर्तमान में अमेरिका के साथ तीन-तरफा वार्ता में चर्चा चल रही है। इसके बजाय, यह भविष्य में अंतत: घटित होने पर सामान्यीकरण की प्रक्रिया को आसान बना सकता है।

आईएमईसी के संबंध में, वर्तमान में अनिश्चितता है कि कौन सी निजी कंपनियां भाग लेंगी, और जिन परियोजनाओं का काम उन्हें सौंपा जायेगा उनकी प्रकृति क्या होगी। परियोजना के विशाल पैमाने, व्यापक दायरे और जटिल प्रकृति को देखते हुए, एक सतत और मजबूत राजनीतिक दृढ़ संकल्प आवश्यक है।

पावन प्रसंग

मन की शुद्धि के लिए अन्न की शुद्धि

जैसा खाए अन्न वैसा बने मन- वाली उक्ति अक्षरश: सत्य है। तामसिक और राजसिक भोजन करने से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य की जड़ें खोखली होती हैं वरन उनका प्रभाव मानसिक स्तर पर भी पड़ता है। आहार के अनुरूप ही मानसिक स्थिति में तमोगुण रहता है, कुविचार आते हैं। उत्तेजनाएं छाई रहती हैं। चिंता, उद्विग्नता और आवेश का दौर चढ़ा रहता है। ऐसी स्थिति में न तो एकाग्रता सधती है और न ध्यान धारणा बन पड़ती है। मन की चंचलता ही इंद्रियों को चंचल बनाए रखती है। शरीर भी उसी के इशारे पर चलता है। इस विघ्न को जड़ से काटने के लिए अध्यात्म पथ के पथिक सर्वप्रथम आहार की सात्विकता पर ध्यान देते हैं।

मन की 11वीं इंद्रिय कहा गया है। यह भी शरीर का ही एक भाग है। अन्न से रस, रस से रक्त, रक्त से मांस, मांस से अस्थि और मज्जा, मेद, वीर्य आदि बनते-बनते अंत में मन बनता है। इसमें चेतना का समावेश तो है, मस्तिष्क संस्थान, वस्तुत: अन्न शरीर का ही एक भाग है। इसलिए स्वाभाविक है कि मन बनेगा। शरीरशास्त्री और मनोवैज्ञानिक भी इस संबंध में प्राय: एक मत है कि आहार से मन का स्तर बनता है। प्रकृति की कैसी विचित्रता है कि जहां मन की प्रेरणा से शरीर को चित्र-विचित्र काम करने पड़ते हैं, वहां यह भी एक रहस्य है कि मन स्तर शरीर द्वारा बनता है। यह शरीर जो आहार का, अन्न का उपादान है, जिसके आधार पर वह बनता, बढ़ता, परिपुष्ट होता है और उसी का पाचन समाप्त हो जाने पर अथवा उससे विषाक्तता रहने पर वह मर भी जाता है। शरीर जहां मन का अनुचर है, वहां उसकी स्थिति को बनाने में प्रमुख भूमिका भी निर्माता है। उस उलझन को देखते हुए यह नहीं कहा जा सकता कि शरीर प्रधान है या मन। गुत्थी इस तरह सुलझती है कि दोनों का सृजेता अन्न है। इसलिए शरीर और मन, दोनों का सूत्र संचालन मन को कहा जाए तो अतियुक्ति नहीं होगी।

प्रत्यक्ष जीवन का आधार आहार को ही माना गया है। इसके आधार पर ही शरीर बनता और बढ़ता है। इसकी शुद्धता क्यों आवश्यक है; इस संबंध में शास्त्रकार कहते है- 'अनन्मयं हि सौम्य मन:' अर्थात हे सौम्य, यह मन अन्नमय है। इसे अधिक स्पष्ट करते हुए छांदोग्योपनिषद् के छठे अध्याय के पांचवें खंड में उद्दालक ऋषि ने कहा है- जो अन्न खाया जाता है वह तीन भागों में विभक्त हो जाता है। स्थूल अंश मल, मध्यम अंश रस, रक्त, मांस का सूक्ष्म अंश मन बन जाता है। अगले खंड में कहा है- हे सौम्य, मंथन करने से जिस प्रकार निश्चित रूप से ग्रहण किए अन्न का जो सूक्ष्म भाग है, वह ऊपर जाकर मन बनता है इसी तरह पिए हुए जल का सूक्ष्म भाग ऊपर जाकर प्राण और घी, तेल आदि का सूक्ष्मभाग ऊपर जाकर वाणी बनता है। इससे सिद्ध है अन्न का कार्य ही मन है।'

अत: जीवन का व्यक्तित्व का स्तर निर्धारित करने के लिए सर्वप्रथम अन्न के स्वरूप को संबालन करना पड़ता है। क्योंकि वही शरीर को विनिर्मित करता है और उसी के अनुरूप मन की प्रवृत्ति बनती है। इस प्रधान आधार की शुद्धता पर ध्यान न दिया जाए तो न शरीर की स्थिति ठीक रहेगी और न मन की दिशाधारा में औचित्य बना रह सकेगा। अध्यात्म विद्या के वैज्ञानिक ऋषियों ने आहार के सूक्ष्म गुणों का, उसके समस्त आयामों का अथ्यन्त गंभीरतापूर्वक अध्ययन किया था और यह पाया था कि प्रत्येक खाद्य पदार्थ अपने में सात्विक, राजसिक और तामसिक गुण धारण किए हुए है और उनके खाने से मनोभूमि का निर्माण भी वैसा ही होता है। साथ ही यह भी शोध किया गया था कि आहार में निकटवर्ती स्थिति का प्रभाव ग्रहण करने का एक विशेष गुण है। दुष्ट, दुराचारी, दुर्भावनायुक्त या हीन मनोवृत्ति के लोग यदि भोजन पकाएं या परोसें तो उनके वे दुर्गुण आहार के साथ सम्मिश्रित होकर खाने वाले पर अपना प्रभाव अवश्य डालेंगे।

युग निर्माण योजना

आपके पत्र

कोचिंग सेंटरों को प्रतिबन्धित करने की जरूरत

देश भर में नियम विरुद्ध कोचिंग सेंटरों का धड़ल्ले से संचालन हो रहा है। सरकार ने कोचिंग संस्थान चलाने के लिए कोई ठोस बिल या नियम तक नहीं बना रखे हैं, बिना कानून के संचालित अधिकतर कोचिंग क्लासेस मामूली नियमों को ताक में रखकर मनमर्जी से मोटी फीस वसूल कर सेंटरों का संचालन कर रहे हैं। इतना ही नहीं इन कोचिंग सेंटरों का जाल अब ग्रामीण क्षेत्रों तक फैल चुका है। ये छात्रों को बिना पूरी सुविधा दिए मोटी फीस वसूल रहे हैं। छात्रों के जीवन से खिलवाड़ को देखते हुए भी देश भर में शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मौन बैठे हैं। यह उनकी कार्यप्रणाली को संदेह के घेरे में डाल देता है। लाभकारी शिक्षा उद्योग के उदय के साथ, कुछ संस्थानों ने अपनी कोचिंग सेवाओं के लिए अत्यधिक दरों की मांग करना शुरू कर दिया है। इससे शिक्षा का व्यावसायीकरण हो गया है, जहां छात्रों के कल्याण से ऊपर मुनाफे को प्राथमिकता दी जाती है। जैसे-जैसे शिक्षा अधिक विपणन योग्य हो गई है, वैसे-वैसे कोचिंग सेंटर भी बढ़ गए हैं, जिनमें से ज्यादातर अपने शिक्षार्थियों को फायदे की बजाय नुकसान अधिक पहुंचा रहे हैं।

आजकल हम आये दिन परीक्षाओं के लिए कोचिंग करने वाले छात्रों द्वारा आत्महत्या के मामलों को सुनते हैं। हमारी सरकारें कोचिंग माफिया को शिक्षा ऋण के बोझ के लिए जिम्मेदार ठहराते हैं। माता-पिता पर शैक्षिक ऋण का बोझ छात्रों के बीच तनाव के कारणों में से एक है और इसके लिए केंद्र को एक नीति बनानी चाहिए ताकि माता-पिता को शिक्षा के लिए पैसे उधार न लेना पड़े। कोचिंग संस्थान सस्ते नहीं हैं, और इनकी फीस माता-पिता, विशेषकर कम आय वाले परिवारों पर काफी वित्तीय बोझ हो सकती है। फीस के अलावा, अध्ययन सामग्री, परिवहन और आवास के लिए भारी अतिरिक्त शुल्क हो सकता है। माता-पिता को कोचिंग के खर्चों को कवर करने के लिए ऋण लेने के लिए भी मजबूर होना पड़ता है। यह वित्तीय भार तनाव और चिंता उत्पन्न करने वाला हो सकता है और कई परिवारों के लिए यथार्थवादी नहीं हो सकता है। कोचिंग संस्थान केवल पैसा इकट्ठा करने में रुचि रखते हैं। इसलिए कोचिंग सेंटरों को माफिया करार करके सरकार को उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी होगी।

आजकल प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। हर माता-पिता अपने बच्चों को ऊंची शिक्षा देना चाहते हैं। पहले भी तो कोई कोचिंग कक्षाएं नहीं होती थी। तब क्या छात्र आईएएस, आईपीएस नहीं बन रहे थे? कोचिंग के नाम पर आज के दौर में माफिया उपज गए हैं और सरकार को इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी होगी। गहराई से और विश्लेषणात्मक रूप से देखा जाए तो यह राष्ट्रीय संसाधनों का शुद्ध दुरुपयोग बन गया है। जो छात्र शैक्षणिक उपलब्धि के लिए पूरी तरह से कोचिंग सेंटरों पर निर्भर हैं, वे लंबी अवधि में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान का निर्माण करने में विफल हो सकते हैं। वे नियंत्रित सीखने के माहौल और कोचिंग सेंटर द्वारा दिए जाने वाले व्यक्तिगत ध्यान पर बहुत अधिक निर्भर हो सकते हैं, जिससे आत्मविश्वास और पहल की कमी हो सकती है।

क्योंकि प्रतिस्पर्धा परीक्षाओं के लिए कोचिंग के घोषित बुनियादी उद्देश्य सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवारों के चयन की पूर्ति नहीं करते। कोचिंग सेंटर न होने पर भी सर्वश्रेष्ठ छात्रों का चयन किया जाएगा। वास्तव में कोचिंग सेंटरों की अनुपस्थिति में सर्वश्रेष्ठ छात्रों का चयन अधिक वास्तविक होगा। क्योंकि यह स्व-अध्ययन और कच्ची प्रतिभा पर आधारित होगा। कोचिंग सेंटर आंशिक रूप से देश में शिक्षा के गैर समाज पैटर्न का उत्पादन है। दूसरी और इनका बाहरी खर्च अक्सर उन गरीब परिवारों की कमर तोड़ देता है जिन्हें इस डर की दौड़ में भाग लेना पड़ता है। संस्थानों में सीटों की सीमित संख्या और बढ़ती आबादी हर साल प्रतिस्पर्धा को और अधिक कठिन बना देती है। इससे छात्र शारीरिक और मानसिक रूप से तनावग्रस्त हो जाते हैं। उनमे से कई दुर्भाग्य से इस भारी तनाव से निपटने में असफल होकर अपने बहुमूल्य जीवन को समाप्त कर देते हैं।

-डॉ प्रियंका सौरभ

देश विदेश

वेनेजुएला जल्द बन सकता है ब्रिक्स का सदस्य

संयुक्त राष्ट्र। वेनेजुएला बहुत जल्द ब्रिक्स ब्लॉक का सदस्य बन सकता है, क्योंकि उसे रूस सहित सभी सदस्य देशों का समर्थन प्राप्त है। यह जानकारी वेनेजुएला के विदेश मंत्री यवन गिल ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्च स्तरीय सप्ताह के अवसर पर स्पूतनिक को दी। श्री गिल ने कहा, हमने जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया और हम इसके भागीदार बनकर बहुत खुश हैं। हमने 22 अन्य देशों के साथ सदस्यता के लिए आवेदन किया है।

विश्व मंच पर अकेले पड़ गए ट्रूडो

■ वास्तविकता से करना पड़ रहा है सामना

लंदन, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। लोगों की नजरों में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो काफी हद तक अकेले पड़ गए हैं, अपनी आबादी से 35 गुना आबादी वाले देश से पंगा लेने के बाद। वहां की मीडिया में ये बात कही गई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रूडो की विस्फोटक घोषणा के कुछ दिनों बाद, फ़ाइव आइज़ ख़ुफ़िया गठबंधन में उनके सहयोगियों ने स्पष्ट रूप से सार्वजनिक बयान दिए, जो पूर्ण समर्थन से काफी कम थे।

ब्रिटेन के विदेश सचिव जेम्स क्लेवरली ने कहा था कि उनका देश कनाडा जो कह रहा है उसे बहुत गंभीरता से लेता है। लगभग समान भाषा का प्रयोग करते हुए, ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि वह आरोपों से काफी चिंतित है। लेकिन शायद सबसे अधिक चौंकाने वाली चुप्पी कनाडा के दक्षिणी पड़ोसी, अमेरिका से आई। दोनों देश घनिष्ठ सहयोगी हैं, लेकिन अमेरिका ने कनाडा की ओर से नाराजगी व्यक्त नहीं की। जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस सप्ताह संयुक्त राष्ट्र में सार्वजनिक रूप से भारत का मुद्दा उठाया, तो यह निंदा करने के लिए नहीं, बल्कि एक नया आर्थिक मार्ग स्थापित करने में मदद करने के लिए भारत की प्रशंसा के लिए था। बाइडेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने बाद में इस बात से इनकार किया कि अमेरिका और उसके पड़ोसी के बीच कोई %दरार% है। उन्होंने कहा कि कनाडा से परामर्श किया जा रहा है। लेकिन बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, अन्य सार्वजनिक बयान कुछ ऐसे ही थे, जैसे गहरी चिंता। ये इस बात की ओर इशारा करते हैं कि पश्चिमी दुनिया के लिए भारत का कितना महत्व है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, विशेषज्ञों का कहना है कि कनाडा के लिए समस्या यह है कि उसके हित वर्तमान में भारत के व्यापक रणनीतिक महत्व की तुलना में बहुत कम हैं।

लीबिया में बाढ़ के कारण 64 फिलिस्तीनियों की मौत

रामल्लाह, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। पूर्वी लीबिया में विनाशकारी बाढ़ के कारण कम से कम 64 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य अभी भी लापता हैं। फिलिस्तीन के विदेश मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी।

मंत्रालय के राजनीतिक सलाहकार अहमद अल-दीक ने कहा कि हम लीबिया में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फिलिस्तीनी समुदाय की स्थितियों पर नज़र रख रहे हैं, ताकि इससे होने वाले बड़े नुकसान का पता लगाया जा सके। उन्होंने कहा, हम उनके (पीड़ितों के) परिवारों और रिश्तेदारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। उम्मीद है कि लापता लोग जीवित पाए जाएंगे। उल्लेखीय है कि विनाशकारी भूमध्यसागरीय तूफान डेनियल ने 10 सितंबर को पूर्वी लीबिया में तबाही मचाई थी, जिससे भीषण बाढ़ आई। इसके कारण हजारों लोगों की जान चली गई और क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को व्यापक क्षति हुई।

इजरायली आंदोलन ने नाजी वयोवृद्ध को सम्मानित करने की निंदा की

तेल अवीव। इजरायली फासीवाद-विरोधी आंदोलन ने कनाडा के संसद में एक यूक्रेनी नाजी वयोवृद्ध को सम्मानित करने की कड़ी निंदा की और आशा व्यक्त की कि देश के अधिकारी तदनुसार प्रतिक्रिया देंगे। यह जानकारी सोमवार को इजरायली फासीवाद-विरोधी आंदोलन के अध्यक्ष दिमित्री ट्रैपिरोव ने स्पूतनिक को दी। गौरतलब है कि शुक्रवार को, वयोवृद्ध 98 वर्षीय यूक्रेनी नाजी यारोस्लाव हंका, जो द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी एसएस के 14 वें वेफेन ग्रेनेडियर डिवीजन के रैंक में लड़े थे, को पूरे कनाडा की संसद ने खड़े होकर तालियां बजाकर सम्मानित किया। हुंका को यह पहचान तब मिली जब हाउस ऑफ कॉमन्स के कनाडा की संसद में स्पीकर एंथनी रोटा यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के संबोधन से पहले परिचयात्मक टिप्पणी दे रहे थे। श्री ट्रापिरोव ने कहा कि फासीवाद विरोधी आंदोलन कनाडा में इजरायल के राजदूत को एक पत्र भेजेगा जिसमें इस प्रकार के कार्यों की अस्वीकार्यता के लिए अनुरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा, सबसे पहले हम इसकी निंदा करते हैं। पश्चिम भूल गया है कि फासीवाद और नाजीवाद क्या हैं। हमें उम्मीद है कि जैसा हमने किया है हमारे अधिकारी भी इसकी निंदा करेंगे, क्योंकि यहूदी लोग इन अपराधों को नहीं भूले हैं।

सुडोकू 6328

5			7				8	3
	6	9	2				7	
				1	3		2	
					1	2		
	9						5	
		2	9					
	5		8	4				
	4				6	7	9	
2	3				9			8

: नियम :

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 26 सितम्बर, 2023 भाद्र शुक्ल पक्ष 12

राशिफल

मेष - परिवार की तरफ से आप खुशी और संतोष प्राप्त कर सकेंगे। आज आप मित्रों और सगे- सम्बंधियों से घिरे रहेंगे। काम या बिजनेस के लिए बाहर जाने की संभावना है। आगामी यात्रा लाभदायक रहेगी।

वृषभ - विदेश गमन के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। विदेश बसने वाले स्नेही या मित्रों का समाचार मिलेगा। व्यापारियों को व्यापार में धन लाभ होगा। नए आयोजन हाथ में ले सकेंगे। लंबी दूरी की यात्रा होगी, तीर्थ यात्रा होगी।

मिथुन - गुस्से की भावना आपको हानि पहुंचा सकती है। बीमार व्यक्ति नई चिकित्सा या ऑपरेशन न कराएं। बदनामी न हो इसका ध्यान रखें। कम बोलकर वाद-विवाद या मनमुटाव दूर कर सकेंगे। खर्च की मात्रा बढ़ेगी।

कर्क - संवेदनशीलता और प्रेम की भावनाओं से हरा-भरा मन आज नए लोगों की ओर अधिक आकर्षित होगा। वैभवी मौज-शौक की वस्तुएं वस्त्राभूषण तथा वाहन आदि की खरीदारी होगी। उत्तम दांपत्यजीवन का साथ मिलेगा।

सिंह - किसी बात को लेकर संदेह की भावना आपके मन को बेचैन बनाएगी। दैनिक काम विलंब से पूरे होंगे। परिश्रम तो अधिक करेंगे, परंतु फल कम मिलेगा। नौकरी में संभलकर रहें। साथियों का सहयोग कम मिलेगा।

कन्या - आज आपके मन में चिंता और भय का माहौल रहेगा। आपको स्वास्थ्य और संतान की चिंता हो सकती है। पेट में अपच की शिकायत होगी। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल नहीं है। अचानक खर्च हो सकता है।

तुला - आज सावधानी बरतें। विचारों की भरमार आपको मानसिक रूप से स्वस्थ बनाएगी। माता और स्त्रीवर्ग की चिंता सताएगी। आज के दिन यात्रा स्थगित रखें।

वृश्चिक - कार्य सफलता, आर्थिक लाभ और भाग्यवृद्धि का योग है। भाई-बहनों के साथ पारिवारिक चर्चा और आयोजन होगा। तन-मन में स्फूर्ति और आनंद अनुभव होगा।

धनु - परिजनों के साथ होने वाली गलतफहमी से बचें। व्यर्थ में धन खर्च होगा। मानसिक उचाट और दुविधा के कारण महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। काम में निर्धारित सफलता नहीं प्राप्त कर सकेंगे।

मकर - ईश्वर भक्ति और पूजा-पाठ से दिन की शुरूआत करें। परिवार में मंगलकारी वातावरण रहेगा। दोस्तों और सगे- संबंधियों से भेंट- उपहार मिलने से आनंद का अनुभव होगा। कार्य सरलता से पूरे होंगे। नौकरी- धंधे में लाभ होगा।

कुंभ - पैसे की लेन-देन आपको नुकसान में डाल सकते हैं। एकाग्रता का अभाव मानसिक अस्वस्थता बढ़ाएगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पैसे का निवेश गलत जगह न हो, इसका ध्यान रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ अनबन होगा।

मीन - समाज में अग्रिम स्थान प्राप्त कर सकेंगे। सामाजिक काम में भाग लेने का मौका मिलेगा। बुजुर्गों और मित्रों का सहयोग मिलेगा। मित्रमंडल में नए मित्र जुड़ेंगे। नौकरी- व्यवसाय में वृद्धि का योग है।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

बांग्लादेश में डेंगू से मरने वालों की संख्या 900 के पार

ढाका, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। बंगलादेश में इस साल अब तक डेंगू बुखार के 187,725 मामले सामने आए हैं जिनमें से 900 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार कुल 909 मौतों में सितंबर में 316, अगस्त में 342 और जुलाई में 204 मौतें शामिल हैं। अगस्त में 71,976 और जुलाई में 43,854 के बाद सितंबर में अब तक डेंगू के 63,917 मामले दर्ज किए गए। देश में स्थानीय समयानुसार रविवार को सुबह 8ः00 बजे तक पिछले 24 घंटों में 16 और मौतें और 3,008 अधिक डेंगू संक्रमण दर्ज किए गए। डीजीएचएस ने कहा कि इस साल अब तक देश में ठीक हुए मरीजों की कुल संख्या 176,346 है। जून-सितंबर की मानसून अवधि बंगलादेश में डेंगू बुखार का मौसम है, जिसे मच्छर जनित बीमारी के लिए उच्च जोखिम वाला देश माना जाता है।

ब्रिटेन के अस्पताल में भारतीय मूल के व्यक्ति की मौत की जांच करेगा कोरोनर कार्यालय

लंदन, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। ब्रिटेन के एक अस्पताल से 30 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति की मौत का मामला सामने आ रहा है। यह घटना पिछले महीने की है। इस मामले में कोरोनर कार्यालय की जांच शुरू हो रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मृतक के पिता का कहना है कि अगर परिवार को दूसरी मेडिकल राय का अधिकार दिया जाता तो उन्हें बचाया जा सकता था।

गार्जियन अखबार ने सोमवार को बताया कि 58 वर्षीय जय पटेल ने कहा कि जब उनका बेटा बलराम बीमार पड़ गया, तो उसे अनुपयुक्त उपचार दिया गया और वरिष्ठ चिकित्सकों से दूसरी राय लेने से इनकार कर दिया गया, जिसे ब्रिटेन में मार्था के नियम के रूप में जाना जाता है।नियम मरीजों और उनके परिवारों को उसी अस्पताल में वरिष्ठ चिकित्सकों से दूसरी राय लेने का कानूनी अधिकार देता है, यदि उन्हें लगता है कि उनकी चिंताओं को नजरअंदाज किया जा रहा है और यदि मरीज की स्थिति तेजी से बिगड़ रही है।जय ने कहा कि बलराम के फेफड़ों की हालत सही नहीं थी और 9 अगस्त को लंदन के सेंट थॉमस अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई, उन्होंने कहा कि कोरोनर कार्यालय उपचार में देखभाल और देरी के संबंध में एक जांच शुरू कर रहा है।रिपोर्ट के अनुसार, अस्पताल के अधिकारियों ने बलराम की मौत का कारण पल्मोनरी एडिमा (फेफड़ों में तरल पदार्थ का निर्माण) का उल्लेख तब किया, जब जय ने कोरोनर के कार्यालय में हस्तक्षेप किया। यूके सरकार की वेबसाइट के अनुसार, कोरोनर का कार्यालय उन सभी मौतों की जांच करता है जहां मौत के कारण अज्ञात है। यूके की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा को दोषी ठहराते हुए, जय ने कहा कि बलराम कई विकलांगताओं से पीड़ित था और विकास में देरी हो रही थी।

वर्ग पहेली 6328

१		२		■	■	३		४	
	■		■	५			■		■
६			■		■	७			८
	■		■	९			■	■	
■	१०		११		■	■	१२		
■		■		■	१३			■	
१४		१५		■		■	१६	१७	
	■		■	१८		१९	■		■
२०			■		■	२१			२२
	■	■	२३				■	■	

बायें से दायें:-

१. अकेले रहने या विचरने वाला, एकाकी
३. सज्जित, विभूषित
५. सेना या काफिले का मार्ग में कहीं रुकना, ऐसी रुकने की जगह
६. शुद्ध, पाक
७. पतला संकीर्ण मार्ग
९. आराम, चैन (उर्दू)
१०. स्वेच्छाचारिता
१२. आसान, स्वभाव, आसानी से मिलने वाला
१३. असमंजस, द्वैधीभाव
१४. युद्ध संबंधी
१६. गिरवी रखना
१८. दासी, सेविका (उर्दू)
२०. बहाया हुआ, बहता हुआ
२१. राजा (उर्दू)
२३. जो लेनदेन में खरा न हो (उर्दू)

ऊपर से नीचे:-

१. पगडंडी, एक चरण या एक पद वाला
२. बदचलन
३. जाना हुआ, विदित
४. मेहरबानी करके
५. राजा की सबसे बड़ी रानी
८. राजाओं का राष्ट्र प्रमुखों के रहने की जगह
१०. धीमा मंद
११. एक प्रकार का बहुमूल्य रत्न
१२. मरम्मत, दोष या खराबी के दूर होने का भाव
१३. बैर, शत्रुता
१४. शाबासी देना
१५. घूस
१७. सदैव
१८. एकदम, नितांत, पक्का (उर्दू)
१९. जिव्हा, भाषा (उर्दू)
२२. ज़िद

वर्ग पहेली-6327

१ न	व	२ प्र	सू	3 ता	■	४ अं	ग	५ रा	ज
ष्ट	■	या	■	६ प	यो	द	■	जी	■
७ नि	वा	स	■	रो	■	८ रू	का	व	९ ट
धि	■	र	■	१० ध	म	नी	■	■	टो
■	११ वि	त	१२ र	क	■	■	१३ भू	चा	ल
■	धु	■	च	■	१४ स	वा	ल	■	ना
१५ प	र	१६ ख	ना	■	ह	■	१७ ना	१८ द	■
रि	■	लि	■	१९ ई	ना	२० म	■	हा	■
२१ प	पी	हा	■	जा	■	२२ ति	क	ड़	२३ मी
क्व	■	२४ न	वो	द	क	■	■	■	न

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

अपहरण के 4 महीने बाद घर लौटा पाक पत्रकार

इस्लामाबाद, 25 सितंबर (एजेंसियां)। प्रमुख पाकिस्तानी पत्रकार और एंकर इमरान रियाज खान चार महीने पहले अगवा होने के बाद सोमवार को अपने परिवार के पास लौट आए। वो देश के सैन्य प्रतिष्ठान के खिलाफ अपने मुखर रुख और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खुले समर्थन के लिए जाने जाते हैं।

उनकी सुरक्षित वापसी की रिपोर्ट की पुष्टि सियालकोट पुलिस ने की। इसमें कहा गया- पत्रकार/एंकर इमरान रियाज़ खान को सुरक्षित बरामद कर लिया गया है... वह अब अपने परिवार के साथ हैं। इमरान रियाज़ खान के वकील ने भी उनके परिवार के पास सुरक्षित वापसी की खबर की पुष्टि की। वकील अशफाक ने कहा, खुदा के आशीर्वाद, कृपा और दया से, मैं अपने राजकुमार को वापस ले आया हूं। उन्होंने कहा, कमज़ोर न्यायपालिका और संविधान की वर्तमान स्थिति के साथ-साथ कानूनी लाचारी सहित कई कठिनाइयों का सामना करने के कारण इसमें काफी समय लगा। इमरान रियाज़ खान की वापसी से उनके परिवार और पाकिस्तान के पत्रकार समुदाय ने राहत की सांस ली, जो महीनों से उनके जबरन और अवैध अपहरण का मुद्दा उठा रहे थे।11 मई को उनके खिलाफ दर्ज एक मामले में रिहा होने के बाद, इमरान रियाज़ खान का 15 मई को अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया था। तब से, उसका ठिकाना अज्ञात रहा। उन्हें किसी भी अदालत के सामने पेश नहीं किया गया, न ही किसी प्राधिकारी द्वारा कोई आरोप तय किया गया। लाहौर हाई कोर्ट (एलएचसी) में एक मामला दर्ज किया गया था जिसमें इमरान रियाज़ खान के ठिकाने का विवरण मांगा गया, जिसमें अदालत से मुख्यधारा के पत्रकार की बरामदगी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया था।

प्रथम पृष्ठ का शेष

सरकार की अंतरात्मा...

को उसके धर्म के कारण पीटने का आदेश दिया यह कैसी शिक्षा दी जा रही है? पीठ ने नटराज से कई सवाल करते हुए कहा, जांच की निगरानी वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी को करने दें। आरोपपत्र कब दाखिल किया जाएगा? गवाहों और बच्चे को क्या सुरक्षा दी जाएगी? हम जानना चाहते हैं। काउंसलिंग पेशेवर होनी चाहिए। पीठ ने पूछा, पिता (पीड़िता छात्र के) ने एक बयान दिया था, जिसमें आरोप लगाए गए थे कि उन्हें धर्म के कारण पीटा गया था। इस आरोप का मुकदमा में उल्लेख नहीं है। शीर्ष अदालत ने यह भी नोट किया गया कि काफी समय बीतने बाद 6 सितंबर 2023 को किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 75 और आईपीसी की धारा 323 और 503 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार से अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हुए कहा कि राज्य को इस महत्वपूर्ण प्रश्न का उत्तर देना होगा कि वह (आरटीई अधिनियम के तहत) अपराध के पीड़ित को उसकी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए क्या सुविधाएं प्रदान करेगी। इस अधिनियम में कहा गया है कि राज्य बच्चे से उसी स्कूल में पढ़ाई जारी रखने की उम्मीद नहीं कर सकता। शीर्ष अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 30 अक्टूबर की तारीख मुकर्रर की है।

पीएससी 2005 में गड़बड़ी की जांच...

चेयरमैन अशोक दरबारी, परीक्षा नियंत्रक प्रो0 बीपी कश्यप और अनुविभाग अधिकारी लोमेश मढ़रिया के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 120बी, भादवि एवं 13 1 डी 13 2 पीसी एक्ट के तहत दंडनीय अपराध है।प्रकरण में आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य पाए गए हैं।

सुरेश सेन मई 2018 में रिटायर हो गए। इस समय वे भिलाई में रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरे रिटायरमेंट तक इसका चालान पेश नहीं हुआ था। जांच रिपोर्ट रखी रही। अभी क्या स्थिति है, वे नहीं बता सकते। उन्होंने ये जरूर बताया कि जांच में चयनित सभी 240 लोगों को भी आरोपी बनाया गया था।

बसपा और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ...

को लेकर काम करने वाली पार्टी है। इसी तरह गोंगपा भी आदिवासियों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ने वाली पार्टी है। दोनों पार्टियों की विचार धारा मेल खाती है। इसलिए इस बार छत्तीसगढ़ में अपनी सरकार बनाएंगे जो जनता के लिए काम करेगी।

उन्होंने कहा, प्रदेश की जनता ने भाजपा और कांग्रेस का राज देखा है। आज यहां की जनता परेशान है युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही है। ना ही अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिलती हैं। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए दोनों पार्टी ने आपस में गठबंधन किया है।

छत्तीसगढ़ में बनेगा आदिवासी मुख्यमंत्री

गोंगपा के राष्ट्रीय महासचिव श्याम सिंह ने कहा दोनों ही पार्टी संविधान में विश्वास करती है। लेकिन संविधान ने जो हक और अधिकार दिए हैं, आजादी के 76 साल बाद भी उसका सही तरह के परिपालन नहीं हो रहा है। इसलिए हम दिनों पार्टी मिलकर इस बार चुनाव लड़ रहे है। आने वाले समय में हम छत्तीसगढ़ में आदिवासी मुख्यमंत्री बनाएंगे।

बसपा 9 सीटों पर पहले ही कर चुकी प्रत्याशी घोषित

बहुजन समाज पार्टी ने गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से गठबंधन से पहले अगस्त महीने में 9 प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है। इसमें मस्तूरी, नवागढ़, जांजगीर चांपा, जैजैपुर ,पामगढ़, अकलतरा, बिलाईगढ़, बेलतरा और समारी विधानसभा सीट पर प्रत्याशी उतारा है।

जल्द जारी होगी प्रत्याशियों की सूची

बहुजन समाज पार्टी और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के गठबंधन के बाद दोनों ही पार्टियों बैठकर कर प्रत्याशियों का चयन करेगी। पार्टी से जुड़े लोगों ने बताया कि आने वाले 3 दिनों में बाकी 81 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान किया जाएगा ।

गुणवत्ता नियंत्रण आंदोलन में ...

इस कार्यक्रम में च्ालिटी फोरम ऑफ इंडिया, हैदराबाद चैप्टर द्वारा कॉर्पोरेट भारत में गुणवत्ता नियंत्रण आंदोलन को दिशा देने में एनएमडीसी की भूमिका की सराहना की गई । इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार), एनएमडीसी ने कहा,ज्च्ालिटी सर्कल ने एनएमडीसी में उत्पादकता, दक्षता और सुरक्षा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । हमें खुशी है कि हम एक उच्च कोटि का उदाहरण स्थापित करने में सफल हुए हैं कि किस तरह सहयोगात्मक मंच के माध्यम से औद्योगिक संस्कृति को मजबूत किया जा सकता है और हम इस आंदोलन को अपनी कंपनी और देश में बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं ।

अन्नाद्रमुक ने भाजपा से ...

नेता सीएन अन्नादुरई की आलोचना की और उनकी पार्टी के कार्यकर्ता यह बर्दाश्त नहीं करेंगे। अन्नामलाई ने एआईएडीएमके नेताओं के खिलाफ भी बयानबाजी की और दिवंगत पूर्व सीएम जे जयललिता की भी आलोचना की थी। एआईएडीएमके ने इस पर भी आपत्ति जताई थी। डी जयकुमार ने ये भी कहा था कि अन्नामलाई भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनने के लायक नहीं हैं।

सी-295 मालवाहक विमान...

इसके देश में ही विनिर्माण से रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।

स्पेन से भारत पहुंचा था-वायु सेना का नया मालवाहक विमान सी-295 स्पेन से गत बुधवार को गुजरात के वड़ोदरा वायु सेना स्टेशन पर पहुंचा था। भारत ने इस विमान के देश में विनिर्माण के लिए स्पेन स्थित एयर बस डिफेंस एंड स्पेस के साथ समझौता किया है। इसके तहत पहले वायु सेना को 16 विमान पूरी तरह तैयार हालत में मिलेंगे और बाद में इनका विनिर्माण देश में ही किया जाएगा। इस तरह यह पहला स्वदेशी मालवाहक विमान होगा।

आज का इतिहास

1580- ब्रिटिश नाविक फ्रांसिस ड्रेक समुद्री रास्ते से पूरे विश्व का चक्कर लगाकर वापस स्वदेश पहुंचे।
1629- स्वीडन और पोलैंड ने अल्टमार्क की शांति संधि पर हस्ताक्षर किये।
1786- ब्रिटेन और फ्रांस ने व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1820- भारतीय समाज सुधारक, शिक्षाविद् और स्वतंत्रता सेनानी ईश्वर चन्द्र विद्यासागर का जन्म हुआ।
1919 - रोटरी क्लब ऑफ इंडिया की कलकत्ता में पहली बैठक हुई।
1923- जाने-माने अभिनेता देव आनंद का जन्म हुआ।
1932- पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह का जन्म हुआ।
1944- सोवियत बलों ने एस्टोनिया पर कब्जा किया।
1953- अमेरिका और स्पेन ने रक्षा संधि पर हस्ताक्षर किये।
1954- जापान में तूफान से पांच नौकाएं डूबने से लगभग 1,600 लोगों की मौत।
1976- चीन ने लोप नोर में परमाणु परीक्षण किया।
1980- सोयुज 38 पृथ्वी पर लौटा।
1985- ट्यूनीशिया ने लीबिया के साथ राजनयिक संबंध खत्म किये।
1996- अंतरिक्ष यान एसटीएस 79 (अटलांटिस 17), पृथ्वी पर वापस लौटा।
1998 - सचिन तेंदुलकर ने एक दिवसीय क्रिकेट में 18वां शतक बनाकर विश्व रिकार्ड अपने नाम किया।
2007- वियतनाम के दक्षिणी शहर कैनथो में एक निर्माणाधीन पुल के ध्?वस्त हो जाने से 62 श्रमिकों की मौत हो गई।
2010- स्कॉटलैंड के सहायता कर्मी लिंडा नॉरग्रोव और तीन अफगान सहयोगियों को अफगानिस्तान के कुनार प्रांत में तालिबान के सदस्यों ने अगवा कर लिया।

दुनिया को जानें

कंबोडिया में 7 साल में जीका का पहला मामला सामने आया

नोम पेन्ह, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। कंबोडिया में 2016 के बाद जीका वायरस संक्रमण का पहला मामला सामने आया है। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। मध्य कम्पोंग थॉम प्रांत में एक सात साल की लड़की में संक्रमण की पुष्टि हुई है। उसे पिछले सप्?ताह सोमवार को डेंगू जैसे लक्षणों के साथ बरे सैंटुक रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मंत्रायल के रविवार को जारी बयान में कहा गया है कि गुरुवार को जांच परिणाम से पुष्टि हुई कि वह जीका वायरस से संक्रमित हैं। जीका एक फ्लेविवायरस है जो मुख्य रूप से एडीज प्रजाति के मच्छरों से फैलता है। इसके अलावा यह यौन संपर्क, रक्त संक्रमण और गर्भवती मां से बच्चे में भी फैलता है। इसमें गर्भ में शिशु की मृत्?यु भी हो सकती है। जीका के लक्षणों में बुखार, सिरदर्द, दाने निकलना, लाल आँखें और जोड़ों का दर्द शामिल हैं। अधिकांश मरीज़ दो से सात दिन में ठीक हो जाते हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों, विशेषकर गर्भवती महिलाओं से सतर्क रहने और खुद को एडीज मच्छरों से बचाने और संक्रमण के लक्षण दिखने पर डॉक्टरों को दिखाने का आह्वान किया।

खेल जगत

'किसी भी नंबर पर खेलने को तैयार हूं': श्रेयस अय्यर

इंदौर, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। मध्यक्रम के भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने विश्व कप से पहले अपनी वनडे साख के बारे में एक शानदार बयान दिया, जिसमें उन्होंने 105 रन के साथ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शीर्ष स्कोर बनाया। यह साल का उनका पहला और इस प्रारूप में तीसरा शतक है। अय्यर, जो पीठ की सर्जरी के कारण काफी समय से एक्शन से दूर थे और जब उन्होंने एशिया कप में वापसी की तो एक बार उन्हें उनकी इंजरी ने परेशान किया जिसके कारण वो वहां भी कई मुकाबले से चूक गए। हालांकि, वर्ल्ड कप टीम में शामिल श्रेयस अय्यर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में शानदार शतकीय पारी खेली। अपनी पारी के बारे में बात करते हुए, अय्यर ने कहा कि वह बहुत दे कहते रहे कि फिटनेस के मोर्चे पर पिछले कुछ महीनों में हुई घटनाओं और केएल राहुल और ईशान किशन जैसे अन्य दावेदारों को देखते हुए उन्हें अपने खिलाफ प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ना होगा। श्रेयस अय्यर ने कहा, "मैं खुद से कहता रहता हूं कि प्रतिस्पर्धा मुझे खुद से है।

टाइटस साधू की गेंद के कहर से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एशियाई खेलों में जीता स्वर्ण

भारत ने श्रीलंका को रोमांचक फाइनल में दी 19 रन से शिकस्त

नई दिल्ली, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत की टीम ने एशियाई खेलों में महिला क्रिकेट के फाइनल में श्रीलंका को 19 रन से हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। साधू का गेंदबाजी विश्लेषण रहा 4-2-6-3। इसी के साथ टाइटस साधू ने साबित किया कि वह वाकई बड़े मंच पर बड़ा प्रदर्शन करने का दम रखती हैं। बंगाल की नीजवान गेंदबाज टाइटस साधू (2/6) ने गेंद से कमाल कर इस साल जनवरी में पोशे स्टॉर्म (दक्षिण अफ्रीका) में भारत को इंग्लैंड के खिलाफ पहले आईसीसी टी-20 महिला अंडर-19 क्रिकेट फाइनल में सात विकेट से जीत दिला खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी, भारत की तेज गेंदबाज टाइटस साधू ने हांगजू में जिजियांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी की धीमी पिच पर भी अपने पहले ओवर की पहली ही गेंद पर श्रीलंका की विकेटकीपर सलामी बल्लेबाज अनुष्का संजीवनी के कानर हरमनप्रीत कौर के हाथों मिड विकेट पर कैच कराने के बाद चौथी गेंद पर विस्मी गुणरत्ने को बोल्ड किया और फिर अपने दूसरे ओवर की दूसरी गेंद पर खतरनाक दिखती कप्तान सलामी बल्लेबाज कप्तान चमरी अट्टापट्टू (12 रन, 12 गेंद, एक छक्का, एक छक्का) को एक्स्ट्रा कवर पर दीप्ति शर्मा के हाथों कैच कर उसका चार ओवर में उसका स्कोर तीन विकेट पर 14 रन कर उसकी पारी को शुरू में ही ऐसा बिखेरा वह संभल ही नहीं पाई। दो मैचों के प्रतिबंध के बाद वापसी करने वाली हरमनप्रीत कौर का यह पहला शतक भारत की कप्तान के रूप में सौवां टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच था। हरमनप्रीत कौर ने अपनी कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम को एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता राष्ट्रमंडल खेलों और टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में हार की कसक जरूर कुछ कम कर दिया।

स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे भारत की पारी का संभल कर आगाज किया। शैफाली (9 रन, 15गेंद, 1 चौका) बाएं हाथ की स्पिनर की सुगंधिका कुमारी की गेंद का उड़ाने के फेर में हवा में मात खा गई और विकेटकीपर संजीवनी ने उन्हें स्टंप कर दिया और भारत ने पहला विकेट 16 रन पर खोया। स्मृति मंधाना (46 रन, 45 गेंद, एक छक्का, चार चौके) और जेमिमा रॉड्रिग्ज (42 रन, 40 गेंद, 5 चौके) जरूरत से ज्यादा सतर्कता से खेली। स्मृति मंधाना ने पारी के 15 वें ओवर में श्रीलंका की बाएं हाथ की स्पिनर इनोका रणवीरा की गेंद को उड़ाने की कोशिश की लेकिन उनके बल्ले का बाहरी लेवर छोली गेंद को शॉर्ट फाइन लेग प्रबोधिनी ने उनका कैच कर उनकी बढ़िया पारी और दूसरे विकेट की 73 रन की भागीदारी को क्या तोड़ा की भारत के विकेट की झड़ी ही लग गई। तेज गेंदबाज टाइटस साधू (3/6) और बाएं हाथ की स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ (2/20) ने जवाबी हमला बोलने के अंदाज मे उतरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली हसिनी परेरा (25 रन, 22 गेंद एक छक्का, चार चौके) को स्लॉग स्वीप करने पर मजबूर कर उन्हें पूजा वस्त्रकार के हाथों पारी के दसवें ओवर में कैच करा आउट उनकी और नीलाक्षी डिसिल्वा (23 रन,34 गेंद, एक छक्का, एक चौका) की 36 रन की भागीदारी को तोड़ कर श्रीलंका स्कोर चार विकेट पर 50 रन करने के बाद उसकी पारी पर ब्रेक लगा उसे निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 97 रन पर रोक कर भारत को फाइनल जिताने के साथ स्वर्ण पदक भी जिता दिया। परेरा ने आउट होने से पहले राजेश्वरी गायकवाड़ के एक ओवर में एक चौके व एक छक्के सहित तथा पूजा वस्त्रकार के एक ओवर में लगातार तीन चौके जड़ने के साथ 12-12 रन बनाए थे। नीलाक्षी डिसिल्वा पारी के 17 वें ओवर में बेवजह तेज गेंदबाज पूजा वस्त्रकार की गेंद को स्कूप करने के फेर में बोल्ड हो गई और श्रीलंका ने पांचवां विकेट 78 रन पर खोया। नीलाक्षी ने आउट होने से पूर्व पांचवें विकेट के लिए ओशादी रणसिंघे (19 रन, 26 गेंद, 2 चौके) के साथ 28 रन जोड़े थे। ओशादी और स्पिनर दीप्ति शर्मा की गेंद को उड़ाने के फेर में टाइटस साधू को पारी के 18 वे ओवर कैच थमा आउट हुई और श्रीलंका का स्कोर छह विकेट पर 86 रन हो गया। तेग स्पिनर देविका वैद्य ने अंतिम पूर्व ओवर में कविशा दिलहारी (5) को विकेटकीपर ऋचा घोष के हाथों कैच कराया। राजेश्वरी गायकवाड़ ने अंतिम व 20 वें ओवर की पांचवीं गेंद पर सुगंधिका कुमारी को विकेटकीपर ऋचा के हाथों कैच करा उसका स्कोर आठ विकेट पर 97 रन कर और अगली पर कोई रन नहीं और भारत ने मैच जीत लिया।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम हांगजू एशियाई खेलों में दबदबा बनाए रखने के मकसद से उतरेगी

नई दिल्ली, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम हांगजू (चीन) एशियाई खेलों में उज्बेकिस्तान को रविवार को 16-0 से धोने के बाद अब एक मंगलवार को पूल ए में अपने दूसरे मैच में एक और कमजोर टीम सिंगापुर से भिड़ेगी तो उसकी कोशिश अपना दबदबा जारी रखने की होगी। सिंगापुर की टीम अपना पहला मैच पाकिस्तान से 0-11 से हारने के बाद मंगलवार को एफआईएच रैंकिंग में भारत के खिलाफ खेलने उतरेगी। भारत की टीम इससे पहले जब 2012 में जब दिल्ली मे सिंगापुर में भिड़ी तब उसे 15-1 से करारी शिकस्त दी थी।भारतीय पुरुष हॉकी टीम को मालूम है कि मंगलवार के बाद उसके लिए हर अगला मैच और चुनौतीपूर्ण होगा। भारतीय हॉकी टीम के लिए संदेश साफ है एशियाई खेलों में शिद्दत से खेल भारतीय हॉकी की विरासत को आगे बढ़ाना। भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने सिंगापुर के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'हमारे एशियाई खेलों में अपना अभियान दमदार ढंग से शुरु किया लेकिन हम यह जानते हैं कि हर मैच की एक अलग चुनौती होती है। हम हांगजू एशियाई खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाने के मकसद से आए हैं।' भारत की पुरुष हॉकी टीम के कोच क्रेग फुल्टन ने कप्तान हरमनप्रीत सिंह की राय से इत्तफाक जताते हुए कहा, 'हालांकि हमने पहले मैच में प्रभावी जीत दर्ज की लेकिन हमारा फोकस हमेशा अगले मैच पर रहता है। हम अपना बढ़िया प्रदर्शन जारी रखते हुए अपनी रणनीति को और दुरुस्त करने के मकसद से उतरेंगे। हर मैच सीखने और टीम के रूप में आगे बढ़ने का मौका है।'

भारत का मंगलवार को मुकाबला सिंगापुर से

मैच फिक्सिंग के आरोप में श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर सेनानायके को मिली जमानत

- कोलंबो मुख्य मजिस्ट्रेट की अदालत ने जमानत दे दी
- मैच फिक्सिंग से जुड़े आरोप में खेल मंत्रालय की विशेष जांच इकाई ने 6 सितंबर को गिरफ्तार किया था

नई दिल्ली, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। मैच फिक्सिंग मामले में श्रीलंका के पूर्व ओपि स्पिनर सचिव सेनानायके को सोमवार को कोलंबो मुख्य मजिस्ट्रेट की अदालत ने जमानत दे दी है। इससे पहले उन्हें मैच फिक्सिंग से जुड़े आरोप में खेल मंत्रालय की विशेष जांच इकाई (एसआईयू) ने सिलंबर को गिरफ्तार किया था। इंस्पेक्टर जिकडकंधे के अनुसार, वह 12 सितंबर, 2023 को फिर से अदालत में पेश होंगे। पिछले महीने अटॉर्नी जनरल (एजी) दुग्ग एसआईयू की पूर्व ओपि स्पिनर के खिलाफ आपराधिक आरोप लगाने के निर्देश के बाद कोलंबो मजिस्ट्रेट ने 38 वर्षीय खिलाड़ी पर तीन महीने के लिए विदेश यात्रा पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया था। सेनानायक पर आरोप है कि उन्होंने ने 2020 में ल के प्रीमियर लीग (एलपीएल) के पहले संस्करण में मैच फिक्स करने के लिए दुबई से टेलीफोन के जरिए दो क्रिकेटरों से संपर्क किया था। 2019 में खेल से संबंधित अपराधों की रोकथाम के तहत श्रीलंका में खेलों में भ्रष्टाचार को दंडनीय आपराधिक अपराध बनाए जाने के बाद यह सबसे पहला मामला है। सेनानायक ने एक टेस्ट, 49 वनडे और 24 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले। उन्होंने श्रीलंका की सफल 2014 टी20 विश्व कप यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और 2013 के आईपीएल सीजन के दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ जुड़े थे।

रोइंग में भारत के नाम दो सिल्वर और तीन कांस्य

भारत ने सोमवार को एशियाई खेलों की रोइंग प्रतियोगिता में दो और कांस्य पदक जीता

हांगझोऊ, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत ने सोमवार को एशियाई खेलों की रोइंग प्रतियोगिता में दो और कांस्य पदक जीता। इसके साथ ही भारत ने दो रजत और तीन कांस्य पदक सहित कुल 5 पदकों के साथ नौकायन में अपना अभियान खत्म किया। सोमवार को जसविंदर सिंह, भीम सिंह, पुनित कुमार और आशीष के भारतीय कॉक्सलेस फोर ने 6:10.81 समय के साथ उज्बेकिस्तान और चीन के बाद तीसरे स्थान पर रहे। भारतीय दूसरे स्थान पर मजबूती से आगे बढ़े रहे थे लेकिन अंतिम कुछ क्षणों में चीन ने बाजी मार ली और रजत पदक हासिल कर लिया। फूयांग वॉटर स्पोर्ट्स सेंटर में सोमवार को दूसरा कांस्य पुरुष क्वाड्रपल स्कल्स में आया, जिसमें सतनाम सिंह, परमिंदर सिंह, जकार खान और सुखमीत सिंह की भारतीय नाव 6:06.61 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रही। चीन ने 6:02.65 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि उज्बेकिस्तान ने :04.64 के समय के साथ रजत पदक जीता। इस प्रकार भारत ने हांगझोऊ में 19वें एशियाई खेलों की रोइंग प्रतियोगिता पांच पदकों के साथ समाप्त की। उसने रविवार को अंतिम दिन तीन पदक जीते थे - दो रजत और एक कांस्य।

- भारत ने दो रजत और तीन कांस्य पदक सहित कुल 5 पदकों के साथ नौकायन में अपना अभियान खत्म किया

सुडोकू 6328 का हल

5	2	1	7	9	4	6	8	3
3	6	9	2	5	8	1	7	4
7	8	4	6	1	3	9	2	5
4	7	5	3	8	1	2	6	9
6	9	3	4	2	7	8	5	1
8	1	2	9	6	5	4	3	7
9	5	7	8	4	2	3	1	6
1	4	8	5	3	6	7	9	2
2	3	6	1	7	9	5	4	8

सार संक्षेप

रोहन बोपन्ना, युकी भांबरी पुरुष युगल स्पर्धा से बाहर

हांगझोऊ। एशियन गेम्स से पहले लखनऊ में भोटक्वा के खिलाफ डेविस कप विश्व ग्रुप-II प्लेऑफ में भारत को जीत दिलाने के कुछ दिनों बाद रोहन बोपन्ना और युकी भांबरी एशियाई खेलों के पुरुष युगल प्रतियोगिता के दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए। टेनिस में भारत को बड़ा झटका लगा है। पहली वरीयता प्राप्त भारत के रोहन बोपन्ना और युकी भांबरी को उज्बेकिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। बोपन्ना-भांबरी ने मैच को 6-2, 3-6, 6-10 से जंगा दिया। दिविज शरण के साथ 2018 एशियाई खेलों में जकार्ता में पुरुष युगल में स्वर्ण पदक जीतने वाले बोपन्ना शानदार फॉर्म में हैं और इस महीने की शुरुआत में यूएस ओपन पुरुष युगल के फाइनल में पहुंचे थे।

'न्यायालय अधि. महानिलगता रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) ।
इंस्तहार
क्रमांक/क-2-2022-2023
ग्राम रिसीवीडा पट्टा.नं. 44
तहसील रायपुर, जिला रायपुर, छ.ग.
रायपुर, दिनांक 22.09.2023
शुभ्रा कुमार कोसरे सपुत्र श्री सुनिल कुमार जाता है कि आवेदकगण 2-1. मेहरुनन्सा पिता श्री कादीर्दाद गण हीरा 2-2. शाहा कुमार कोसरे, 2-3. शाहाबाज पिता श्री कादीर्दाद, 2-4. हीरामन कोसरे, 2-5. आदाब भाई हीरा सभी सभी के निवेदन पंजीयन विक्रय विलेखो सोनी ग्राम रिसीवीडा रायपुर के मूल आवेदन पत्र मुद्रांक का निवेदन किया गया है कि ग्राम रिसीवीडा खसरी नं. 218/1, 318 / 2, 7 तथा 0.628, खसरा नं. 343/1 तथा 0.68 हे. खसरा नं. 343/2 तथा 0.243 हे. खसरा नं. 360/1 एवं 360/2 मुक्त रकबा 0.140 हे. मुक्त रकबा 1.0100 हे. कृषि भूमि को व्यावसायिक उपयोग के उद्देश्य से खरीदना चाहते है. उक्त खुली कृषि भूमि को नई है तथा उसकी सभी नियमानुसार की शुल्क भी दे चुके है. शेष के मूल पत्र एवं मूल प्रति मुद्रांक का शुल्क भी उसके निवेदन सहित सहित में आवेदक है तथा इसकी के मूल पत्रकार आवेदक अ. 2-1 से 2-5 तक निवेदन आवेदक है तथा मुद्रांक भाई की शुल्क के पश्चात आवेदक अ. 10 से 12 के निवेदन सहित है। निवेदक अ. 2-1 की धर्मी तथा आवेदक अ. 02 एवं 03 की माता के द्वारा उक्त भूमि के संबंध में अपना 1/2 हिस्सा अपने भाई को उपरोक्त संबंध अधिकार विक्रय व्यवहार करने विक्रय पत्र। निवेदक: मेहरुन्नाह बाद क्रमांक 1/87/2023 में पारित निर्णय दिनांक 24.04.2023 के आदेश अनुसार अ. 2-1 की धर्मी एवं अ. 02 से 05 की माता का 1/7 अंश ग्राम रिसीवीडा विक्रय पत्र का मूल पत्र के पश्चात मूल पत्र मुद्रांकों का उपरोक्त सहित संबंधित में पंजाब द्वारा अ. 10 और 12 निवेदन विक्रय पत्र का एवं हिस्से एवं तथा कार्यों के द्वारा विक्रय पत्र मुद्रांकित किया गया है। उक्त मुद्रांक के संबंध में अपना 1/2 अंश ग्राम करने एवं मुद्रांक शुल्क भी दे चुके है। विक्रय पत्र मुद्रांक का मूल पत्र के पश्चात आवेदक अ. 10 से 12 के निवेदन सहित है। उक्त मुद्रांक में आवेदक ने अपने हिस्से का मुद्रांक शुल्क भी दे चुके है। आवेदक ने अपने हिस्से का मुद्रांक शुल्क भी दे चुके है। आवेदक ने अपने हिस्से का मुद्रांक शुल्क भी दे चुके है। उक्त मुद्रांक में

[अर्थ जगत]

सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

बजाज फाइनेंस	4.64 प्रतिशत
बजाज फिनसर्व	2.23 प्रतिशत
कोटक बैंक	1.60 प्रतिशत
एशियन पेंट	1.44 प्रतिशत
अल्ट्रासिमको	0.92 प्रतिशत

सर्वाधिक घटने वाले शेयर

इंफोसिस	1.42 प्रतिशत
महिंद्रा एंड महिंद्रा	1.17 प्रतिशत
विप्रो	1.10 प्रतिशत
टीसीएस	0.70 प्रतिशत
एसबीआई	0.67 प्रतिशत

सर्राफा

दिल्ली	
सोना (प्रति दस ग्राम)रटैडर्ड	60370
बिट्टर	55200
गिन्नी (प्रति आठ ग्राम)	30,345
चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर	74,800
वायदा	72,285
चांदी सिक्का लिवाली	999
बिकवाली	880

मुद्रा विनिमय

मुद्रा	क्रय	विक्रय
अमेरिकी डॉलर	83.143	83.775
पौंड स्टर्लिंग	103.09	105.45
यूरो	88.51	88.80
चीन युआन	08.24	13.38

अनाज

देसी गेहूँ एमपी	2400-3000
गेहूं दड़ा	2500-2600
आटा	2800-2900
मैदा	2900-2950
चोकर	2000-2100

चीनी-गुड़

चीनी एस	3640-3740
चीनी एम	3800-3900
मिल लिवीरी	3520-3620
गुड़	4300-4400

चावल

बासमती औसत किस्म	3500-4000
परमल	1800-2300
चावल सेला	3000-3100
आरआर (आठ)	1900-1950

दाल-दलहन

चना	6450-6550
दाल चना	7450-7550
मसूर काली	7800-7900
उड़द दाल	10600-10700
मूंग दाल	9900-10000
अरहर दाल	10400-10500

पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

नई दिल्ली, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में घटबढ़ के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम सोमवार को भी अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

वर्टेक्स हाइड्रोजन ब्रांड का नाम बदलकर ईईटी हाइड्रोजन करेगा

नई दिल्ली, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। वर्टेक्स हाइड्रोजन ने घोषणा किया है कि वह अपने ब्रांड को ईईटी हाइड्रोजन में बदल रही है। उसका इरादा एस्सार ऑयल यूके (ईओयूके) की सहायक कंपनी से ईओयूके की एक सहयोगी कंपनी बनने और एस्सार एनर्जी ट्रांजिशन (ईईटी) पोर्टफोलियो का एक स्टैंडअलोन स्तंभ बनने का है। यह परिवर्तन प्रारंभिक चरण के विचार से यूके में अग्रणी हाइड्रोजन उत्पादन परियोजना तक कंपनी के विकास में एक स्वाभाविक प्रगति है। ईईटी हाइड्रोजन 2030 तक लगभग 4 जीडब्ल्यू कम कार्बन हाइड्रोजन प्रदान करने की महत्वाकांक्षा के साथ विकास के लिए एक मंच प्रदान करेगा, जो यूके सरकार के राष्ट्रीय लक्ष्य का लगभग 40 प्रतिशत है। यह हाइड्रोजन व्यवसायों को जीवाश्म ईंधन से कम कार्बन ऊर्जा पर स्विच करने, महत्वपूर्ण उद्योगों और नौकरियों को सुरक्षित करने और बढ़ाने के अलावा अरबों पाउंड के निवेश को अनलॉक करने में सक्षम बनाएगा। एस्सार ने जनवरी 2022 में प्रोग्रेसिव एनर्जी लिमिटेड (पीईएल) के साथ एक

परिचालन सहायक कंपनी के रूप में वर्टेक्स हाइड्रोजन लिमिटेड (वीएचएल) की स्थापना की, जिसकी 90 प्रतिशत हिस्सेदारी ईओयूके के पास थी। वीएचएल विशेष रूप से ईओयूके की स्टैनलो साइट पर एचपीपी-1 और एचपीपी-2 कम कार्बन हाइड्रोजन उत्पादन संयंत्र विकसित करने पर केंद्रित था। ये संयंत्र पूरे उत्तर-पश्चिम में हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था और हाईनेट औद्योगिक डी-कार्बोनाइजेशन क्लस्टर के मध्य भाग के लिए उत्प्रेरक हैं। एचपीपी-1 और एचपीपी-2 का कुल आकार 1,350 मेगावाट तक है, एचपीपी-1 को यूके सरकार ने दो प्रारंभिक बड़े पैमाने पर कम कार्बन हाइड्रोजन परियोजनाओं में से एक के रूप में प्रगति के लिए चुना है। वीएचएल का प्रत्यक्ष स्वामित्व और एचपीपी-1 और एचपीपी-2 पर ध्यान केंद्रित है, लेकिन ईईटी हाइड्रोजन की ब्रॉडिंग के तहत, जो अन्य हाइड्रोजन से संबंधित व्यवसायों को भी विकसित करेगा। ईईटी हाइड्रोजन के सीईओ जो सीफर्ट ने कहा, 'हमने पिछले साल अपना हाइड्रोजन व्यवसाय शुरू करने के बाद से बड़ी प्रगति की है। स्वाभाविक रूप से अगला कदम ईईटी हाइड्रोजन के लिए एक स्टैंडअलोन व्यवसाय बनाना है। हम विशाल अवसरों को भुनाना चाहते हैं। यह हमारे हाइड्रोजन प्लेटफॉर्म के भविष्य के विकास का मार्ग प्रशस्त करता है क्योंकि हम महत्वाकांक्षी से कार्रवाई की ओर बढ़ते हैं।'

गुणवत्ता नियंत्रण आंदोलन में योगदान के लिए एनएमडीसी ने जीता 'बेस्ट ऑर्गनाइजेशन अवॉर्ड'

हैदराबाद, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। हैदराबाद में आयोजित 37वें वार्षिक चैप्टर कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्टस 2023 में राष्ट्रीय स्तरीय एनएमडीसी को 'बेस्ट ऑर्गनाईजेशन अवॉर्ड' प्रदान कर सम्मानित किया गया। हैदराबाद और भारत में गुणवत्ता नियंत्रण आंदोलन में अप्रतिम योगदान देने के लिए एनएमडीसी कोतेलंगाना राज्य की माननीय राज्यपाल श्रीमती तमिलिसाई सुंदरराजन ने यह अवॉर्ड प्रदान किया। श्री एम. जयपाल रेड्डी, अधिशासी निदेशक (संसाधन योजना और पर्यावरण) और श्री व्ही. श्रीनिवास, महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास) ने एनएमडीसी की ओर से यह अवॉर्ड डॉ. जी. सतीश रेड्डी, पूर्व अध्यक्ष, डीआरडीओ और पूर्व वैज्ञानिक सलाहकार की उपस्थिति में प्राप्त किया । इस कार्यक्रम में क्वालिटी फोरम ऑफ इंडिया, हैदराबाद चैप्टर द्वारा कॉर्पोरेट भारत में गुणवत्ता नियंत्रण आंदोलन को दिशा देने में एनएमडीसी की भूमिका की सराहना की गई । इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार), एनएमडीसी ने कहा, क्वालिटी सर्कल ने एनएमडीसी में उत्पादकता, दक्षता और सुरक्षा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हमें खुशी है कि हम एक उच्च कोटि का उदाहरण स्थापित करने में सफल हुए हैं कि किस तरह सहयोगात्मक मंच के माध्यम से औद्योगिक संस्कृति को मजबूत किया जा सकता है और हम इस आंदोलन को अपनी कंपनी और देश में बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

जिंसों में टिकाव

नई दिल्ली, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन

: वैश्विक स्तर पर मलेशिया बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा 29 रिंगिट बढ़कर 3676 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.36 सेंट की गिरावट के साथ 59.25 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान गुड़ 100 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हो गया जबकि चीनी के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

अनाज : अनाज मंडी में दाम स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

फोनपे ने लांच किया इंडस ऐपस्टोर डेवलपर प्लेटफॉर्म

नई दिल्ली, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। फोनपे ने आज इंडस ऐपस्टोर डेवलपर प्लेटफॉर्म लॉन्च करने की घोषणा करते हुये कहा कि इंडस ऐपस्टोर सभी एंड्रॉइड ऐप डेवलपर्स को स्व-सेवा डेवलपर प्लेटफॉर्म का उपयोग करके अपने ऐप को पंजीकृत करने और अपलोड करने के लिए आमंत्रित करता है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इन ऐप को जल्द ही लॉन्च होने वाले 'मेड-इन-इंडिया' इंडस ऐपस्टोर पर सूचीबद्ध किया जाएगा, जो 12 भाषाओं में स्थानीय अनुभव प्रदान करेगा, जो पूरी तरह से भारतीय ग्राहकों के लिए अनुकूलित है। पहले साल में, इंडस ऐपस्टोर डेवलपर प्लेटफॉर्म पर ऐप लिस्टिंग मुफ्त होगी। इसके बाद नाममात्र वार्षिक शुल्क लागू होगा। इंडस ऐपस्टोर इन-ऐप पेमेंट के लिए डेवलपर से कोई प्लेटफॉर्म शुल्क या कमीशन नहीं लेगा। डेवलपर किसी भी

पेमेंट गेटवे को अपने ऐप में एकीकृत कर सकते हैं। इंडस ऐपस्टोर के सीपीओ एवं सह संस्थापक आकाश डोंगरे ने लॉन्च पर बात करते हुए कहा, भारत 2026 तक एक अरब से अधिक स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं के लिए तैयार है, जो हमारे लिए एक आधुनिक, स्थानीयकृत एंड्रॉइड ऐप स्टोर बनाने का एक बड़ा अवसर प्रदान करेगा। इतना बड़ा उपभोक्ता बाज़ार होने के बावजूद, ऐप डेवलपर्स को अपने ऐप वितरित करने के लिए हमेशा केवल एक ऐप स्टोर गूगल ऐप स्टोर के साथ काम करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इंडस ऐपस्टोर को उम्मीद है कि वह ऐप डेवलपरों को गूगल प्लेस्टोर का एक विश्वसनीय विकल्प प्रदान करेगा - जो अधिक स्थानीयकृत है और बेहतर ऐप खोज और उपभोक्ता जुड़ाव प्रदान करता है। हम आज इंडस ऐपस्टोर डेवलपर प्लेटफॉर्म लॉन्च करने के लिए उत्साहित हैं, और सभी डेवलपर्स को मेड इन इंडिया ऐपस्टोर पर अपने ऐप सूचीबद्ध करने के लिए आमंत्रित करते हैं।' इंडस ऐपस्टोर डेवलपरों को भारतीय एंड्रॉइड बाजार में प्रवेश करने के लिए एक वैकल्पिक वितरण चैनल प्रदान करेगा। यह उन्हें बहुभाषी ऐप खोज के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले उपयोगकर्ता अधिग्रहण में भी सहायता करेगा। स्टार्टअप और नए ऐप लॉन्च के लिए इंडस ऐपस्टोर के पास एक समर्पित गेतव्य 'लॉन्च पैड' होगा जो इन नए ऐप को बेहतर दृश्यता के साथ-साथ सर्वोत्तम खोज परिणाम भी देगा।

सार संक्षेप

मिनोशा ने लांच लेज़र प्रिंटरों की स्मार्ट रेंज

नई दिल्ली। रिको प्रोडक्ट्स की विशिष्ट पार्टनर कंपनी मिनोशा इंडिया लिमिटेड ने अगली पीढ़ी के लेज़र प्रिंटरों की नयी रेंज पेश की है। कंपनी ने आज यहां कहा कि यह पेशकश भारत में ऑफिस प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी को नया रुप देने की दिशा में उठाया गया कदम है। इस महत्वपूर्ण उत्पाद के दो विशिष्ट सेगमेंट हैं: मोनो और कलर। प्रत्येक सेगमेंट को ऑफिस प्रिंटिंग का स्वरुप बदलने, उत्पादकता बढ़ाने और असाधारण गुणवत्ता प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। ये प्रिंटर में महत्वपूर्ण प्रगति के प्रतीक हैं। उसने कहा कि ये प्रिंटर उत्कृष्टता और उन्नति के जोश को प्रस्तुत करते हैं जिसके लिए मिनोशा और रिको, दोनों मशहूर हैं। नवीनता, बहुपयोगिता और सुरक्षा पर निरंतर फोकस के साथ मिनोशा इंडिया लिमिटेड सम्पूर्ण भारत में व्यवसायों की गतिशील ज़रूरतों से आगे बढ़कर डिज़ाइन किये गए ऑफिस प्रिंटिंग समाधानों का एक नया युग आरम्भ कर रही है। सभी प्रिंटर वाई-फाई समर्थित हैं। इन प्रिंटर के लिए ग्राहकों को उद्योग में सर्वश्रेष्ठ ऑनसाइट सर्विस प्रदान किया जाता है, जिनमें एक स्मार्ट डिवाइस कनेक्टर, रिमोट डिवाइस मैनेजर, और एक मजबूत राष्ट्रव्यापी सर्विस पार्टनरों का मजबूत नेटवर्क शामिल है। भारत में इस लेज़र प्रिंटर रेंज की कीमत 30,000 रुपए से शुरू हो रही है। मिनोशा इंडिया के प्रबंध निदेशक अतुल ठक्कर ने कहा कि मिनोशा इंडिया की स्थायी विरासत गुणवत्ता, भरोसे और पहुँच की बुनियाद पर खड़ी है। करीब तीन दशकों में इन सिद्धांतों ने हमारी पहचान को परिभाषित किया और उत्कृष्टता के प्रति हमारी निरंतर वचनबद्धता का मार्गदर्शन किया है। जैसा कि बाज़ार का जटिल गतिशील परिदृश्य लगातार विकास कर रहा है, हम इस समझ के साथ कि ये मूलभूत मूल्य ही हमारी प्रगति का पैमाना हैं, इन्हें बरकरार रखने के लिए दृढ़-संकल्प हैं।

जेके टायर उत्तर प्रदेश में विस्तार के लिए तैयार

लखनऊ। देश के प्रमुख टायर निर्माता जेके टायर एण्ड इंडस्ट्रीज़ ने अगले वित्तीय वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश में अपनी मौजूदगी के विस्तार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का ऐलान किया है। राज्य में कंपनी की योजनाओं के बारे में बात करते हुए जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के प्रेसीडेंट अनुज कथूरिया ने कहा, 'उत्तर प्रदेश हमारे लिए महत्वपूर्ण बाज़ार है, जहां हर सेग़मेन्ट में उपभोक्ताओं की बदलती ज़रूरतों के साथ विकास की अपार संभावनाएं हैं। हम क्षेत्र में बाज़ार की बदलती ज़रूरतों के अनुसार आधुनिक प्रोडक्ट्स लाकर राज्य में अपनी मौजूदगी को सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत हैं। हम क्षेत्र के आर्थिक, बुनियादी विकास के मद्देनज़र प्रगति को बढ़ावा देने के लिए तत्पर हैं ताकि समुदाय और हमारे कारोबार दोनों को लाभ हो।' उन्होने कहा कि प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर के तीव्र विकास एवं उच्च-निवेश की परियोजनाओं के चलते टायर उद्योग के लिए ढेरों संभवनाएं हैं। उत्तर प्रदेश राज्य में विभिन्न सेगमेन्ट्स के वाहनों की संख्या सबसे अधिक है, राज्य कमर्शियल वाहनों एवं पैसेंजर कारों की दृष्टि से दूसरे स्थान पर है।

सेंसेक्स और निफ्टी सपाट

मुंबई, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। विश्व बाजार की गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व और कोटक बैंक समेत पंद्रह दिग्गज कंपनियों में साढ़े चार प्रतिशत से अधिक तक की तेजी के बावजूद इंफोसिस, एसबीआई, रिलायंस और टाटा मोटर्स समेत 15 अन्य कंपनियों में करीब डेढ़ प्रतिशत तक की गिरावट से आज सेंसेक्स और निफ्टी मामूली बढ़त के साथ सपाट रहे। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 14.54 अंक बढ़कर 66023.69 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी मामूली बढ़त के साथ 19674.55 अंक पर सपाट बंद हुआ। वहीं, बीएसई का मिडकैप 0.46 प्रतिशत उछलकर 32,094.28 अंक और स्मॉलकैप 0.12 प्रतिशत बढ़कर 37,101.25 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3946 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1872 में लिवाली जबकि 1904 में बिकवाली हुई वहीं 170 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 24 कंपनियों में तेजी जबकि 25 में गिरावट रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के नौ समूहों में लिवाली हुई। इससे कंमोडिटीज 0.23, सीडी 0.09, एफएमसीजी 0.12, विलीय सेवाएं 0.46, हेल्थकेयर 0.13, बैंकिंग 0.29, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.43, धातु 0.11 और रियल्टी समूह के शेयर 1.56 प्रतिशत चढ़ गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस

दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.50, जर्मनी का डैक्स 0.64, हांगकांग का हैंगसेंग 1.82 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.54 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि जापान के निक्केई में 0.85 प्रतिशत की तेजी रही। कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 74 अंक चढ़कर 66,082.99 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 65,764.03 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से दोपहर बाद यह 66,225.63 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद फिर बिकवाली का दबाव बढ़ने से अंत में यह पिछले दिवस के 66,009.15 अंक के मुकाबले 0.02 प्रतिशत बढ़कर 66,023.69 अंक पर सपाट बंद हुआ।

निफ्टी चार अंक बढ़कर 19,678.20 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 19,601.55 अंक के निचले जबकि 19,734.15 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,674.25 अंक की तुलना में मामूली बढ़त के साथ 19,674.55 अंक पर सपाट रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में बजाज फाइनेंस 4.64, बजाज फिनसर्व 2.23, कोटक बैंक 1.60, एशियन पेंट 1.44, अल्ट्रासिमको 0.92, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.72, एनटीपीसी 0.69, आईसीआईसीआई बैंक 0.65, टाटा स्टील 0.51, मारुति 0.45, नेस्ले इंडिया 0.42, टाइटन 0.28, एचडीएफसी बैंक 0.16 और एक्सिस बैंक 0.08 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, इंफोसिस 1.42, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.17, विप्रो 1.10, टीसीएस 0.70, एसबीआई 0.67, सन फार्मा 0.67, इंडसइंड बैंक 0.65, एचसीएल टेक 0.62, रिलायंस 0.59, एलटी 0.54, टाटा मोटर्स 0.40, टेक महिंद्रा 0.38, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.24, आईटीसी 0.14, भारती एयरटेल 0.13 और पावरग्रिड ने 0.10 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

81 प्रतिशत उपभोक्ता ऑनलाइन त्योहारी खरीद की तैयारी में

नई दिल्ली, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। त्योहारी सीजन में खरीददारी की तैयारी कर रहे लोगों में से अधिकांश से ऑनलाइन खरीददारी करने की इच्छा व्यक्त की है। नीलसन मीडिया इंडिया द्वारा किए गए एक अध्ययन के मुताबिक पूरे भारत में उपभोक्ता इस साल त्योहारी सीजन के दौरान ऑनलाइन खरीदारी करने के लिए पहले से कहीं अधिक उत्साहित और उत्सुक हैं। 81 प्रतिशत ग्राहकों ने इसे लेकर इस बार मजबूत इरादा और इच्छा व्यक्त की है। 78 प्रतिशत ग्राहकों ने कहा कि उन्हें ऑनलाइन शॉपिंग पर भरोसा है, वहीं हर 2 में से 1 ग्राहक पिछले साल की तुलना में इस त्योहारी अवधि में ज्यादा ऑनलाइन खर्च करने का इरादा रखते हैं। इसके साथ ही ग्राहक बड़े संग्रह, प्रतिस्पर्धी कीमतों, आसानी से रिटर्न और एक्सचेंज करने की सुविधा के साथ बेहतर ऑनलाइन शॉपिंग अनुभव की उम्मीद कर रहे हैं।



इस रिपोर्ट में ऑनलाइन मार्केटप्लेस अमेजन इंडिया के कंज्यूमर बिजनेस के केंद्री प्रबंधक मनीष तिवारी ने कहा, 'त्योहार का सीजन पूरे भारत में उपभोक्ताओं और विक्रेताओं के लिए पसंदीदा समय होता है। हमें यह जानकर प्रेरणा मिली है कि इस वर्ष उपभोक्ता सबसे अधिक उत्साहित हैं और अधिक खर्च करने और ऑनलाइन खरीदारी करने के इच्छुक हैं। एक मार्केटप्लेस के रूप में, हम अपने विक्रेताओं और ग्राहकों के लिए उत्साहित हैं, और इस बात को लेकर आश्वस्त हैं कि 'अमेजन ग्रेट इंडिया फेस्टिवल' 2023' पूरे भारत में उपभोक्ताओं के लिए एक निर्बाध खरीदारी अनुभव, अविश्वसनीय कीमतें, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों और उत्पादों का संग्रह और सुविधाएं पेश करेगा।

इलेक्ट्रिक गाड़ी का मैन्युफैक्चरिंग हब बन सकता है नवाबों का शहर!

लखनऊ, 25 सितंबर(आईएएनएस)। उत्तर प्रदेश में हिंदुजा समूह के स्वामित्व वाली लेलैंड कंपनी से 1500 करोड़ रुपए का एक मेमोरंडम ऑफ अंडरस्टैंडिन (एमो) हुआ है। कंपनी की ओर से दावा किया गया है कि इसे 18 माह में धरातल पर उतार देंगे। अगर ऐसा हुआ तो जानकर बताते हैं कि नवाबों का शहर इलेक्ट्रिक गाड़ी का मैन्युफैक्चरिंग हब बन सकता है। जानकर बताते हैं कि अगर लखनऊ में हिंदुजा का यह प्लांट लगा तो भविष्य में नवाबों का यह शहर डेट्रायट की तरह मोटर सिटी के रूप में भी जाना जाएगा। यही नहीं हाल के वर्षों गुजरात और दक्षिण भारत को छोड़ दें तो उत्तर प्रदेश में किसी दिग्गज आटो कंपनी का यह पहला और बड़ा निवेश होगा। इसके पहले पश्चिम बंगाल के कोलकाता में अंबेसडर और हरियाणा के मानेसर में मारुति सुजुकी ने इस सेक्टर में बड़ा निवेश किया था।

फिलहाल कंपनी और सरकार का संबंधित विभाग इसके लिए जमीन तलाश रहे हैं। अधिक संभावना यह है कि प्रस्तावित इकाई

उत्तर प्रदेश में हिंदुजा समूह के स्वामित्व वाली लेलैंड कंपनी से 1500 करोड़ रुपए का एक करार हुआ

लखनऊ के बंद पड़ी स्कूटर्स इंडिया की खाली जमीन पर ही लगेगी। हालांकि प्रयागराज में भी जमीन देखी गई है।

एमओयू के तहत अशोक लेलैंड उत्तर प्रदेश में ई-मोबिलिटी पर केंद्रित एक एकीकृत वाणिज्यिक वाहन बस संयंत्र स्थापित करेगा, जो राज्य में अशोक लेलैंड का पहला संयंत्र होगा। साझेदारी के तहत, अशोक लेलैंड मुख्य रूप से इलेक्ट्रिक बसों के उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करेगा, जिसमें वर्तमान में उपलब्ध ईंधन के साथ-साथ उभरते वैकल्पिक ईंधन द्वारा संचालित अन्य वाहनों को भी असेंबल करने की सुविधा होगी। अशोक लीलैंड के चेयरमैन धीरज हिंदुजा ने कहा कि उत्तर प्रदेश की यह नवीन इकाई आगामी 18 माह में प्रारंभ हो जाएगी। चरणबद्ध रूप से यहां ई-मोबिलिटी के विभिन्न आयामों पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हम आने वाले वर्षों में कंपनी डीजल बसों और वाणिज्यिक वाहनों के अपने पूरे बेड़े को इलेक्ट्रिक और अन्य वैकल्पिक ईंधन में बदलने की योजना पर काम कर रहे हैं। एसआरएम टाटा मोटर्स के सेल्स हेड अमित श्रीवास्तव कहते हैं कि कोई भी उद्योग निवेशक के लिए तो लाभप्रद होता ही है इसमें बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार भी मिलता है। हिंदुजा की इकाई लगने से कई लाभ लोगों को मिलेंगे। प्रस्तावित इकाई में कमर्शियल इलेट्रिकल वाहन ही बनेंगे। भविष्य में प्रदूषण के मद्देनजर सरकार का पूरा फोकस ऐसे ही वाहनों पर है। आटो क्षेत्र के विशेषज्ञ बताते हैं कि किसी जमाने में फोर्ड और मोटर कार एक दूसरे के पर्याय थे। हेनरी फोर्ड नामक एक अमेरिकी उद्यमी ने वहां के डेट्रायट शहर में वाहन बनाने की एक इकाई लगाई। दूसरे विश्व युद्ध के बाद यह शहर न सिर्फ मोटर कारों का बल्कि अन्य कामर्शियल वाहनों के उत्पादन का प्रमुख केंद्र बन गया।

पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में धीरज हिंदुजा समूह के स्वामित्व वाली लेलैंड कंपनी से 1500 करोड़ रुपए का मेमोरंडम ऑफ अंडरस्टैंडिन (एमो) हुआ। प्रदेश सरकार ने इलेक्ट्रिकल कमर्शियल वाहनों के उत्पादन के लिए पहली बार किसी औद्योगिक घराने से ऐसा (एमओयू) किया है। वैश्विक महामारी कोरोना के कहर के बाद से सर्वाधिक तेजी से उभरे सेक्टर्स में ऑटो इंडस्ट्री ही है। आंकड़ों के मुताबिक जीडीपी की वृद्धि में ऑटोमोबाइल उद्योग का बहुत बड़ा योगदान होता है। देश की कुल जीडीपी में इस सेक्टर का योगदान करीब 21 फीसद है। करीब दो करोड़ लोगों को इस सेक्टर में रोजगार मिला हुआ है।

न्यायालय तहसीलदार रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व इंस्तहार

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00062 रायपुर ग्राम के मायांतरण पत्रों में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरटी-202223440720226047

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00062 के अंतर्गत ग्राम रायपुर के वर्तमान भूमिस्वामी एहसान खान/मौजा- मोहम्मद मुस्तफा साहू पता- सा. कुशालपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1476/14 0.0040 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती बबिता देवी/ पिता/पति-श्री संजय कुमार साहू पता निर्माणाधीन झारखण्ड के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.10.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार रायपुर में की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईस्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आमनुषाकृत के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईस्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.09.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर तहसीलदार रायपुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व इंस्तहार

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00076 रिपदा ग्राम के मायांतरण पत्रों में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरटी-202223440724700037

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00076 के अंतर्गत ग्राम रिपदा के वर्तमान भूमिस्वामी रिपदा सेल्स द्वारा भागीदार संजय रोहा पिता/पति- सा. कुशालपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1476/14 0.0040 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती बबिता देवी/ पिता/पति-श्री संजय कुमार साहू निवासी- झारखण्ड के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.10.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर में की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईस्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आमनुषाकृत के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईस्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08.09.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर नायब तहसीलदार धरसींवा

न्यायालय तहसीलदार 8 ए रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व इंस्तहार

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00070 टिकरापारा ग्राम के मायांतरण पत्रों में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरटी-202223440720000070

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00070 के अंतर्गत ग्राम टिकरापारा के वर्तमान भूमिस्वामी भगवान सिंह पुत्र- स्व. बिसाहू सिंह पता- ग्राम टिकरापारा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 166/68 1.2150 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती ठाकुर, विमिन ठाकुर पिता/पति-स्व. गोपीनाथ ठाकुर पता- कोटा रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 03.10.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार धरसींवा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईस्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आमनुषाकृत के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईस्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08.09.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर नायब तहसीलदार धरसींवा

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-13 भाठागांव तहसील व जिला रायपुर सीमांकन के संबंध में आम-सूचना

दिनांक 15.09.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका राधाकृष्ण इन्फ्राप्रोजेक्ट पार्टनर जहिराज सिंघानिया पिता राजकमल सिंघानिया द्वारा उपस्थित ग्राम धोबनी, जिला- रायपुर, 58 राजस्व निरिक्षक मंडल रायपुर-13 भाठागांव स्थित भूमि खसरा नंबर 76/1 ग्रा. 76/6 ग्रा. 79/2 एवं 77/1 का भाग रकबा 0.203, 0.098 है. 0.101है. 0.408 कुल 43915 वर्गफुट का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 28.08.2023 के परिपालन में दिनांक 26.09.2023 को समय 3.00 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह नियत तिथि में पटवारी हल्का नंबर 57 के राजस्व निरीक्षक कार्यालय में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर इस विभाग किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जाने।

राजस्व निरीक्षक रायपुर-13 (भाठागांव)

रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर उद्घोषणा

क्रमांक 12703/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023 रायपुर दिनांक 25/09/23

प्राधिकरण की टिकरापारा (80 भुखण्ड) योजना के अनवर्गत द्वारा श्रीमती रोहणी वाई पति श्री भवत राव सिंह को भुखण्ड क्रमांक 89 क्षेत्रफल 600 वर्गफुट 30 वर्षीय पट्टे पर आवंटित है। उक्त भुखण्ड को फौती होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भुखण्ड को फौती होल्ड किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर प्रकाशन के पश्चात नियमों के अनुसार प्रारोल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 25.09.2023 को जारी।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार) रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर (छ.ग.)

रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर उद्घोषणा

क्रमांक 12699/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023 रायपुर दिनांक 25/09/23

प्राधिकरण की जनविहार योजना के अनवर्गत श्रीमती इन्द्रा मेघानी पिता स्व. लच्छाराम मेघानी उर्फ इरफा मेघानी की संतोष मेघानी पिता स्व. ठाकुर दास मेघानी की भुखण्ड क्रमांक 25 क्षेत्रफल 2387 वर्गफुट 30 वर्षीय पट्टे पर आवंटित है। आवंटिती द्वारा उक्त भुखण्ड को फौती होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भुखण्ड को फौती होल्ड किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर प्रकाशन के पश्चात नियमों के अनुसार प्रारोल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 25.09.2023 को जारी।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार) रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर (छ.ग.)

रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर उद्घोषणा

क्रमांक 12671/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023 रायपुर दिनांक 25/09/23

प्राधिकरण की देवेन्द्र नगर (इंदिरा गांधी व्यावसायिक परिसर) योजना के अनवर्गत श्री जीतेंद्र सिंह पुत्र स्व. सरदार मनदीप सिंग छाबड़ा को भुखण्ड क्रमांक 24 क्षेत्रफल 795 वर्गफुट 30 वर्षीय पट्टे पर आवंटित है। आवंटिती द्वारा उक्त भुखण्ड को फौती होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भुखण्ड को फौती होल्ड किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर प्रकाशन के पश्चात नियमों के अनुसार प्रारोल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 25.09.2023 को जारी।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार) रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व इंस्तहार

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00062 रायपुर ग्राम के मायांतरण पत्रों में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरटी-202223440727260287

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00062 के अंतर्गत ग्राम रायपुर के वर्तमान भूमिस्वामी बलराम सिंह पिता- स्व. बिसाहू सिंह पता- देहे के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1158/34 0.0059 में प्रस्तावित भूमिस्वामी /क्रेता अमन कुमार साहू पिता/पति- श्री अनिरूद्ध साहू अग्रवाल नगर रायपुर छ.ग. के नाम पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09.10.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार रायपुर में की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईस्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आमनुषाकृत के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईस्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22.09.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर तहसीलदार रायपुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 8 ए रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व इंस्तहार

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00070 टिकरापारा ग्राम के मायांतरण पत्रों में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरटी-202223440720000070

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00070 के अंतर्गत ग्राम टिकरापारा के वर्तमान भूमिस्वामी रिपदा सेल्स द्वारा- भागीदार संजय रोहा पिता/पति- सा. कुशालपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 166/68 1.2150 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती ठाकुर, विमिन ठाकुर पिता/पति-स्व. गोपीनाथ ठाकुर पता- कोटा रायपुर के नाम पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 03.10.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार धरसींवा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईस्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आमनुषाकृत के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईस्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08.09.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर नायब तहसीलदार धरसींवा

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व इंस्तहार

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00054 टाटीबंध ग्राम के मायांतरण पत्रों में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरटी-202223440721800043

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00054 के अंतर्गत ग्राम टाटीबंध के वर्तमान भूमिस्वामी धरम चंद दुब्ब पिता- स्व. बिसाहू दुब्ब पता रायपुर, गनेश कुमार पिता/पति-स्व.बिसाहू दुब्ब पता- बिजय पुरम जिला-रायपुर, मनोज कुमार दुब्ब पता रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 509/1 0.1110 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सुधर्मा जैन सुपुत्रि पुष्पा जैन पिता/पति-श्री अनुपम जैन कुमार जैन पिता स्व. जसराज जैन द्वारा कोचाबाड़ निवेदनकर्ता बोहरा पिता/पति मुकुन्दलाल बोहरा पता- नवागांव रायपुर के नाम पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10.10.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार 8 ए रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईस्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आमनुषाकृत के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईस्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22.09.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व इंस्तहार

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00061 मठपुरैना ग्राम के मायांतरण पत्रों में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरटी-202223440722250283

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00061 के अंतर्गत ग्राम मठपुरैना के वर्तमान भूमिस्वामी गुलाबबाई पिता पंचराम पिता/पति पता भाठागांव रायपुर पी-1152516 के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 288/2 0.6030 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्री राजकी सोनकर पिता/पति श्री बसुदाबाद सोनकर पता सकरा नंबर 14 जिला-रायपुर 443 भाठागांव रायपुर के नाम पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10.10.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईस्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आमनुषाकृत के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईस्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.09.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व इंस्तहार

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00079 बमनी ग्राम के मायांतरण पत्रों में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरटी-202223440726100037

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00079 के अंतर्गत ग्राम बमनी के वर्तमान भूमिस्वामी विनोद कुमार/ लक्कड़ पता- पिता/पति- सा. बमनी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 3/16 0.0090, 3/19 0.0020 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्री रविंद्र कुमार यादव पुत्र/पुत्रा पिता/पति स्व. श्री रविंद्र बंधु यादव पता आंबेडकर नगर रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.10.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईस्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आमनुषाकृत के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईस्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22.09.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर उद्घोषणा

क्रमांक 12697/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023 रायपुर दिनांक 25/09/23

प्राधिकरण की टाटीबंध ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत श्री हरगिन्दर सिंह आत्मज स्व. प्रताप सिंह एवं श्रीमती प्रीतम कौर पति सरदार हरगिन्दर सिंह को भुखण्ड क्रमांक एफ-05 क्षेत्रफल 2415 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर आवंटित है, आवंटिती के द्वारा उक्त भुखण्ड को फौ होल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भुखण्ड को फौ होल्ड किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर प्रकाशन के पश्चात नियमों के अनुसार प्रारोल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 25.09.2023 को जारी।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार) रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर (छ.ग.)

रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर उद्घोषणा

क्रमांक 12669/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023 रायपुर दिनांक 25/09/23

प्राधिकरण की देवेन्द्र नगर योजना के अनवर्गत श्रीमती सीमा यादव पति श्री संतोष यादव द्वारा जनता फ्लाइट क्रमांक 239/3 क्षेत्रफल 430 वर्गफुट फ्री-होल्ड पर धारित है। फ्री-होल्डधारी के फौंडेशन ग्राम मुड़पार, कोलारी मौजा विद्यानगर कुमार द्वारा उक्त सम्पत्ति को पंजीकृत विक्रय विलेख द्वारा उक्त सम्पत्ति को पंजीकृत विक्रय विलेख द्वारा दिनांक 25.07.2017 को क्रेता अभिषेक विद्यानगर कुमार के नाम पर बेचा है, जनरल विभागी ई.डब्लू. एच. क्वार्टर्स ई.239, सेक्टर 03, देवेन्द्र नगर रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में विक्रय कर दिया है।

क्रेता अभिषेक विद्यानगर कुमार पति श्री के.सी. पांडेय के द्वारा उक्त सम्पत्ति को उद्घोषणा प्रस्तुत कर प्राधिकरण अभिलेख में नाम दर्ज करवाना चाहते है। अतः उक्त प्रकरण के अभिलेख में क्रेता का नाम दर्ज किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर प्रशासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 25.09.2023 को जारी।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार) रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर (छ.ग.)

रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर उद्घोषणा

क्रमांक 12643/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023 रायपुर दिनांक 25/09/23

प्राधिकरण की देवेन्द्र नगर योजना के अनवर्गत श्री अरुण शुक्ला पिता श्री बलदेव प्रसाद शुक्ला द्वारा भुखण्ड क्रमांक ई-202/5 क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट फ्री-होल्ड पर धारित है। फ्री-होल्डधारी द्वारा उक्त सम्पत्ति को पंजीकृत विक्रय विलेख द्वारा दिनांक 25.07.2022 को क्रेता श्रीमती प्रभावती कौर पति श्री कीर्ति माखीजा निवासी ग्रे. डी.-143 सेक्टर 04, देवेन्द्र नगर फ्लैटस जिन के पास रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में विक्रय कर दिया गया है।

क्रेता श्रीमती प्रभजीत कौर पति श्री कीर्ति माखीजा द्वारा उक्त सम्पत्ति को उद्घोषणा प्रस्तुत कर प्राधिकरण अभिलेख में नाम दर्ज करवाना चाहते है। अतः उक्त प्रकरण के अभिलेख में क्रेता का नाम दर्ज किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर प्रशासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 25.09.2023 को जारी।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार) रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार अभनपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) इंस्तहार

प्रा.सं.ग्रा.अ.-2/2023 2) वर्ष 2022-2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती सीता साहू पति स्व. श्री रविंद्र कुमार साहू निवासी हाउस नं. 2127 बिलासा नगर रिसाली भिलाई तह. पाटन जिली दुर्ग पुत्रा स्वाहा तहसील व जिला रायपुर छ.ग. ग्राम ग्रामसभा रायपुर 23 रा.नि.मं. व तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि प्र.क्र. 147, 182, 678 रकबा 0.230, 0.760, 1.080 है. भूमि पर स्थित मकान के विक्रय कुमार, ममता साहू, एकता साहू निवास स्थि. रोहित कुमार साहू, श्रीमती सीता साहू पति स्व. श्री रोहित कुमार साहू ग्राम पर शासिलात रूप से दर्ज है। उक्त भूमि का मूल ग्राम पुष्पिका पुरा ही मूका है। अतएव आवेदिका द्वारा उक्त भूमि का द्वितीय क्रय अन्य व्यक्ति के पक्ष में किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी दिनांक 12.10.2023 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अधिभाषक के माध्यम से निर्धारित में पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा या आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार अभनपुर

न्यायालय तहसीलदार नवूल रायपुर (छ.ग.) इंस्तहार

प्रा.सं.ग्रा. अ.-20 (3) 1) वर्ष 2022-2023

फौ होल्ड हेतु पेशी दिनांक 11.10.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कैलाश देवानी निवासी प्रभुनगर देवानी निवासी छैबर लाईन मायना नगर कटनी जिला कटनी मध्यप्रदेश को ग्राम उडीपुरा से आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम मोहल्ला कटोराताला रायपुर स्थित नवूल भूमि खसरा नं. सी. प्लॉट नं. 305/2 रकबा 750 वर्गफुट का पट्टा आवेदक के नाम पर दर्ज है, आवेदक द्वारा शासन द्वारा जारी नीति के अनुसार फ्री होल्ड करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 11.10.2023 तक कलेक्टर कार्यालय रायपुर के कक्ष क्रमांक-07 में पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार नजूल रायपुर

न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में मामला क्रमांक:2023091128003/509 मामले की श्रेणी-राजस्व इंस्तहार

विषय-धा.20 (3) धारा-2022-2023

रायपुर की देवेन्द्र नगर, अभनपुर-रायपुर निवासी पवि. पिता स्व. राजेन्द्र कुमार तिवारी, अभनपुर-रायपुर-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं सीता प्रसाद तोलीवाला रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सीता प्रसाद तोलीवाला पिता स्व. श्री गोपीनाथ सुपुत्र दीनदयाल तोलीवाला वर्तमान पता- 40 आंबेडकर नगर तेलीबांधा रायपुर छ.ग. को ग्रेट ग्रेट अभिव्यक्ति की श्री, ग्रेटर ग्रेटर ग्रा. ग्रा. ग्रा. ग्रामस्थ सर्वसाधारण ग्राम सर्वे नं. 109, 110 के पट्टा द्वारा आवेदन का आवेदन पत्र किया है कि शीघ्र फौ होल्ड किया जाने हेतु आवेदन पत्र खसरा नंबर 503/2 का भाग रकबा 4000 वर्गफुट पट्टा को आवेदकगण के लिए ग्रा. सुरक्षा योजना सुपुत्र के अन्तर्गत फौ होल्ड किया जाने 25.01.1965 को नामांतरण के निर्धारण एवं.सी.एल. सामने लिए पी.एल. सामने लिए पी.एल. सामने के लिए पी.एल. सामने के लिए पी.एल. सामने के

राहुल चंद्राकर के नेतृत्व में बाइक रैली निकालकर परिवर्तन यात्रा का स्वागत

महासमुंद। भाजपा नेता राहुल चंद्राकर ने कहा कि 24 सितम्बर महासमुंद विधानसभा के लिए राजनितिक दृष्टिकोण से मील का पत्थर वाला दिन रहा। केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रदेश भाजपा द्वारा विजय संकल्प परिवर्तन यात्रा निकाली गयी थी, जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम जनता ने हिस्सा लिया। बाइक रैली के विधानसभा प्रभारी राहुल चंद्राकर के नेतृत्व में परिवर्तन यात्रा का महासमुंद शासकीय अस्पताल चौक में भव्य स्वागत किया गया तथा पांच सौ बाइकों में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा सभा स्थल हाईस्कूल मैदान तक रैली निकाली गई। उक्त परिवर्तन यात्रा में केन्द्रीय सूचना प्रसारण मंत्री राजीव चंद्रशेखर, केंद्रीय मंत्री खाद्य उत्पादन मंत्री, भाजपा छग प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव, पूर्व विस अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल सहित प्रदेश स्तर व जिला स्तर के बडे नेता शामिल हुए। श्री चंद्राकर ने बताया कि बाइक रैली से पूर्व समस्त कार्यकर्ताओं के लिए साईं मंदिर खरोरा प्रांगण में भोजन व्यवस्था की गई थी। कार्यकर्ताओं में परिवर्तन यात्रा को लेकर जबरदस्त ऊर्जा देखने को मिला है,श्री चंद्राकर ने कहा कि आने वाले दिनों में कमल खिलना तय है। उन्होंने बताया कि परिवर्तन यात्रा को लेकर जनता में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। लोग स्वमेव प्रदेश की भ्रष्ट कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने संकल्पित होते दिखे। श्री चंद्राकर ने परिवर्तन यात्रा की सफलता में योगदान हेतु उपकार चंद्राकर, राजू यादव, साजन यादव, धर्मेंद्र यादव, राकेश श्रीवास्तव, शंकर चंद्राकर, चंद्रहास चंद्राकर, हेमेंद्र साहू, राजा चंद्राकर, पुष्कर चंद्राकर, डिगेश साहू, कौशलेंद्र चंद्राकर, मनोज यादव, छगन यादव, अजय साहू, निर्भय नायक, विजय साहू, मानिक सोनवानी, रवि सोनकर, कमल नारायण साहू, यशवंत साहू, पूनम निषाद, नंदू जलछतरी, अमन वर्मा, मुकेश चंद्राकर, कुशल ठाकुर, जतिन रूपरेला, तरुण चंद्राकर, देव चंद्राकर, राकेश चंद्राकर, गुलशन साहू, ईश्वर चंद्रवंशी, रविकांत चंद्राकर, राजेंद्र राव, जतिन निर्मलकर, पंचराम साहू, गोपी, पुरुषोत्तम यादव, भोजराम साहू, पितांबर साहू, नरेंद्र साहू, द्रोणा साहू, गंगाराम निषाद, विकास चंद्राकर तथा बाइक रैली में शामिल समस्त कार्यकर्ताओं, भाजयुमो पदाधिकारियों व नागरिकों का आभार व्यक्त किया है।

एक रात में टूटे चार दुकानों के ताले, सवा लाख की नगदी पार

चोरी की बढ़ती वारदातों से नागरिक व व्यवसायियों में दहशत

महासमुंद,25 सितंबर (देशबंधु)। स्टेशन रोड की चार दुकानों का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने रविवार रात लगभग सवा लाख से अधिक की नकदी पार कर दिए। सोमवार की सुबह जब दुकान खोलने दुकानदार पहुंचे तो उन्हे ताला टूटने की जानकारी हुई । मिली जानकारी के अनुसार शहर में इन दिनों चोरियों की लगातार वारदात बढ़ रही है जिससे आम जनता सहित व्यापारी दहशत में हैं। जानकारी के अनुसार मेहता प्रोविजन, गौरव प्रोविजन, प्रिया वस्त्रालय और प्रदीप क्लाथ चारों दुकानें एक लाइन से स्टेशन मार्ग पर स्थित है । सोमवार की सुबह मेहता प्रोविजन के संचालक निखिल मेहता दुकान खोलने पहुंचे तो उनकी दुकान के शटर का ताला सामने नाली में पड़ा था, यही स्थिति बगल की दुकान गौरव प्रोविजन, प्रिया वस्त्रालय और प्रदीप क्लाथ का भी थीं। इन दुकानों का भी ताला अज्ञात ने कटर या आरी से काटकर नाली में फेंक दिया था। सूचना के बाद पुलिस ने मुआयाना किया। मेहता प्रोविजन के संचालक ने बताया कि वे हर रोज की तरह रात में दुकान बंद कर घर चले गए। सुबह आकर देखा तो दुकान के शटर का ताला गायब था। चोरी होने के संदेह पर दुकान के अन्दर जाकर देखा तो गल्ले से करीब 12.15 हजार रुपए गायब थे। इसी तरह अज्ञात ने गौरव प्रोविजन के गल्ले से 50 हजार और प्रिया वस्त्रालय से 70 हजार पार कर दिया। वहीं प्रदीप क्लाथ का गल्ला तोड़ने की कोशिश में अज्ञात सफल नहीं हो पाए। दुकान संचालकों ने बताया कि चोरों ने दुकान से केवल नकदी ही पार की है। मालूम हो कि शहर के मुख्य लोहिया चौक में एक ही रात में चार दुकानों के शटर का ताला टूटना पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा कर रहा है। कुछ दिन पूर्व ही गंजपारा स्थित एक दुकान के शटर का ताला तोकर अज्ञात ने मानिटर पार की थी। चोरी की बढ़ती घटनाओं से व्यापारियों में दहशत का माहौल है।

परिवर्तन यात्रा का हुआ जगह-जगह स्वागत

महासमुंद। दंतेवाड़ा से छग में परिवर्तन लाने निकली भाजपा की परिवर्तन यात्रा जैसे ही जिले के प्रथम गांव घोड़ारी नदी मोड़ पहुंची वैसे ही ए दारी बदल के रहिबो के नारे के साथ परिवर्तन यात्रा का स्वागत जोरशोर से किया गया। काफी संख्या में मौजूद भाजपाजनों ने प्रदेश अध्यक्ष के साथ परिवर्तन यात्रा में शामिल अतिथियों का स्वागत किया। नदी मोड़ में प्रमुख रूप से जोगी निषाद, पूर्व सरपंच रामाश्रय यादव, कोमल निषाद, तुलाराम चंद्राकर, तिलक साव, प्रो. कर्मकार, बेलसोंडा में लक्ष्मीकांत तिवारी, भामिनी पोखन चंद्राकर, हुलसी चंद्राकर के नेतृत्व में अभिनंदन किया गया। जैसे ही महासमुंद नगर प्रवेश के लिए परिवर्तन यात्रा खरोरा पहुंची सांई मंदिर के पास राहुल चंद्राकर के नेतृत्व में युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष नंदू जलक्षत्री, ग्रामीण अध्यक्ष पूनम निषाद, रामेश्वर साहू के अगुवाई में सैकड़ों मोटर साइकिल में युवाओं ने यात्रा का स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाया। इस दौरान वार्ड नंबर 1 व 16 के कार्यकर्ताओं ने पुराना रायपुर नाका के पास झनक मुन्ना साहू, माधवराव टांकसाले, शोभाराम साहू, विष्णु चंद्राकर, राकेश श्रीवास्तव, साहू काफी हाउस के पास पूर्व नपाध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर, पिछड़ा वर्ग के जिला उपाध्यक्ष भाऊराम साहू, संदीप घोष, संतोष वर्मा, राजू बाघमारे, विक्की महानंद, पंकज चंद्राकर, गोपाल वर्मा, मलकीत सिंह मककड़, सुभम सेन, कादर, नरेश नायक, ओवरब्रिज के मिलिंद्र चंद्राकर, रमेश साहू, नेहरू चौक के पास धरम दास साहू, आनंद साहू के नेतृत्व में यात्रा का आतिशी व पुष्प से स्वागत किया गया।

23 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता सम्पन्न

विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव ने किया पुरस्कृत

धमतरी, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। 23 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता स्कूल शिक्षा विभाग नेटबाल बालक/बालिका एवं कुश्ती फ्रीस्टाईल बालक/बालिका, कुश्ती ग्रीकोरोमन बालक की प्रतियोगिता का आज पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह उपाध्यक्ष मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण एवं विधायक सिहावा डॉ. लक्ष्मी ध्रुव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस मौके पर महापौर नगरपालिक निगम धमतरी, विजय देवांगन जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कांति सोनवानी, सदस्य श्रीमती कविता बाबर, राजेश ठाकुर उपस्थित थे।

इस अवसर पर विधायक डॉ. ध्रुव ने आये हुए खिलाड़ियों को खेल और सांस्कृतिक नगरी धमतरी में आने के लिए स्वागत करते हुए सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप खेल के माध्यम से छुपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाने का कार्य किया जा रहा है, जो कि सराहनीय है। राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में हर वर्ग के लोग अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किए हैं।

राज्य स्तरीय नेटबाल प्रतियोगिता में रायपुर जोन का सभी वर्गों में दबदबा रहा तथा कुश्ती की प्रतियोगिता में बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, सरगुजा और बस्तर जोन ने अपने-अपने आयु व वजन समूह में बेहतर प्रदर्शन किया। समापन अवसर पर सर्वोदय विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा बारहमासी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती दी। प्रतिवेदन पठन एवं स्वागत उद्बोधन जिला शिक्षा अधिकारी ब्रजेश वाजपेयी ने किया। मंच संचालन हरीश देवांगन तथा आभार प्रदर्शन श्री लक्ष्मण राव मगर ने किया।

गत 21 सितम्बर से 24 सितम्बर तक आयोजित हुए 23 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता अंतिम परिणाम- खेल का नाम - नेटबाल,

क्रं. आयु वर्ग प्राप्त स्थान जोन (संभाग) का नाम 1. 14 वर्ष बालक प्रथम- रायपुर जोन द्वितीय- बिलासपुर जोन तृतीय- दुर्ग जोन, 2. नेटबाल 14 वर्ष बालिका प्रथम- रायपुर जोन द्वितीय- बिलासपुर जोन तृतीय- दुर्ग जोन, 3. नेटबाल 17 वर्ष बालक प्रथम- रायपुर जोन द्वितीय- बिलासपुर जोन तृतीय- दुर्ग जोन, 4. नेटबाल 17 वर्ष बालिका प्रथम- रायपुर जोन द्वितीय- दुर्ग जोन तृतीय- बिलासपुर जोन, 5. नेटबाल 19 वर्ष बालक प्रथम- रायपुर जोन द्वितीय- बिलासपुर जोन तृतीय- दुर्ग जोन, 6. नेटबाल 19 वर्ष बालिका प्रथम- रायपुर जोन द्वितीय- दुर्ग जोन तृतीय- बिलासपुर जोन।

कुश्ती (फ्रीस्टाइल) वर्ग - 14 वर्ष (बालिका) क्रं. प्राप्त स्थान संभाग 1. प्रथम- बिलासपुर जोन द्वितीय- सरगुजा जोन तृतीय- बस्तर जोन खेल का नाम - कुश्ती (फ्रीस्टाइल) वर्ग - 17 वर्ष (बालिका), 2 प्रथम रायपुर जोन द्वितीय बस्तर जोन तृतीय बिलासपुर जोन खेल का नाम - कुश्ती (फ्रीस्टाइल) वर्ग - 19 वर्ष (बालिका) 3 प्रथम रायपुर जोन द्वितीय दुर्ग जोन तृतीय बिलासपुर जोन खेल का नाम - कुश्ती (फ्रीस्टाइल) वर्ग - 14 वर्ष (बालक) 4 प्रथम रायपुर जोन द्वितीय दुर्ग जोन तृतीय सरगुजा जोन खेल का नाम - कुश्ती (फ्रीस्टाइल) वर्ग - 17 वर्ष (बालक) 5 प्रथम बिलासपुर जोन द्वितीय दुर्ग जोन तृतीय बस्तर जोन खेल का नाम - कुश्ती (फ्रीस्टाइल) वर्ग - 19 वर्ष (बालक) 6 प्रथम रायपुर जोन द्वितीय सरगुजा जोन तृतीय बिलासपुर जोन खेल का नाम - कुश्ती (ग्रीकोरोमन) वर्ग - 17 वर्ष (बालक) क्रं. प्राप्त स्थान संभाग 1 प्रथम दुर्ग जोन द्वितीय बिलासपुर जोन तृतीय रायपुर जोन खेल का नाम - कुश्ती (ग्रीकोरोमन) वर्ग - 19 वर्ष (बालक) 2 प्रथम बस्तर जोन द्वितीय सरगुजा जोन तृतीय दुर्ग जोन।

छत्तीसगढ़ कुम्भकार समाज भवन का भूमिपूजन आज

बागबाहरा, 25 सितम्बर (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ कुम्भकार समाज संघ बागबाहरा के सामाजिक भवन का भूमिपूजन कार्यक्रम आज 26 सितम्बर मंगलवार को सुबह 10 बजे कृषि उपज मंडी समिति बागबाहरा में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव एवं खल्लारी क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक द्वारिकाधीश यादव होंगे। अध्यक्षता कुम्भकार समाज बागबाहरा के केंद्रीय अध्यक्ष एवं अधिवक्ता खेमड़ा निवासी मोरतध्वज चक्रधारी करेंगे।

इस कार्यक्रम के विशेष अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती हीरा सेतराम बघेल, कृषक कल्याण परिषद छत्तीसगढ़ शासन के उपाध्यक्ष महेन्द्र चंद्राकर, कृषि उपज मंडी समिति बागबाहरा के अध्यक्ष तेजन चंद्राकर, शहर कांग्रेस कमेटी बागबाहरा के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रुप में वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामेश्वर चक्रधारी , कार्तिक राम चक्रधारी, भगवान सिंह चक्रधारी, बृजलाल रांड़ा, नैन सिंह चक्रधारी आदि होंगे। कुम्भकार समाज संघ बागबाहरा के प्रमुख जिम्मेदार कार्यकर्ता राजेंद्र पाड़े, घनश्याम चक्रधारी एवं मोहिंदर पाड़े ने इस भूमिपूजन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील समाज के लोगों से की है।

न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला-रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/56 वर्ष 2022-2023
आरंग दिनांक ....
ग्राम जरौद प.ह.नं. 27

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक त्रिभुवन दास मानिकपुरी जाति पैनका, निवासी ग्राम जरौद प.ह.नं. 27 रा.नि.मं. आरंग, तहसील आरंग, जिला रायपुर स्थित कोटवार के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि कोटवार का उम्र वर्ष हो चुका है तथा ग्राम जरौद में कोटवार के पद पर पदस्थ है तथा काफी वृद्ध हो चुके है एवं अस्वस्थ रहते है। जिससे कोटवार कार्य निर्वाहन करने में असमर्थ होने के कारण कोटवार द्वारा अपने पद से त्यागपत्र स्वीकार करते हुए अपने पुत्र सोहंगदास को कोटवार के पद पर अस्थायी रूप से नियुक्ति किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा / आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 31-10.23 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 14.1.23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार
आरंग

न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.)
फार्म अ

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री नारायण सोनवानी पिता श्री रामप्रसाद सोनवानी निवासी ग्राम उमरिया थाना मंदिर हसौद तहसील आरंग जिला रायपुर एवं कु. टेमीन विश्वकर्मा पिता श्री गजाधर विश्वकर्मा निवासी ग्राम परसाडीह थाना तुमगांव तहसील व जिला महासमुंद ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 20 अक्टूबर, 2023 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 20 सितम्बर, 2023 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

विवाह अधिकारी
रायपुर

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-3 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)
आम सूचना

दिनांक 20/09/2023

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम डूमरतालाब प.ह.नं. 53 रा.नि.म. रायपुर 3, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि के संबंध में आवेदिका कुसुम पति श्री महादेव दीक्षित निवासी दीक्षित बस्ती, कोसा नगर मोतीलाल नेहरू नगर, भिलाई, दुर्ग द्वारा ग्राम डूमरतालाब, प.ह.नं. 53, रा.नि.म. रायपुर 3 तहसील व जिला रायपुर स्थित ख.नं. 245/32 रकबा 0.0230 हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरान्त न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 29/08/2023 के परिपालन में हमारे द्वारा दिनांक 05/10/2023 को समय 4.00 बजे पश्चात से किया जाना नियत है। अत: उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदित खसरा नंबरों के संबंध में जो भी उजर, दावा या आपत्ति हो तो समक्ष में प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में भी सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
राजस्व-3 कोटा

कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)

क्रमांक/लो.क.वि./2023/1217 रिसाली दिनाँक 14/9/23
ई.प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से कुल 07 कार्यों हेतु ई.निवादा क्रं. 147386 (2nd call), 147266 (2nd call), 147263 (2nd call) एवं 147245, 147123, 147203, 147120 आमंत्रित की जाती है।
(नोट ई टेण्डर में ऑफलाईन धरोहर राशि एवं शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदाकार की निविदा अमान्य किया जावेगा तथा दर को नहीं खोला जावेगा।)

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम,
रिसाली

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, मर्यादित रायपुर (छ.ग.)

मुख्य कार्यालय - रायपुर (छ.ग.)
टेलीफोन नंबर, 0771-2233151, 2228055 Email: jskbankraipur@gmail.com

क्रमांक 2293/तकनीकी विभाग/2023-24 दिनांक 25 सितम्बर 2023

निविदा आमंत्रण सूचना

बैंक के मुख कार्यालय में निम्नलिखित कार्य हेत छ. ग. लो. नि. विभाग के एकीकृत पंजियन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से लो. नि. विभाग के दिनांक 01/01/2015 से प्रभावशील एस. ओ. आर से प्रतिशत दर आधार पर दो लिफाफा पद्धति से मुहरबंद निविदाएं पंजीकृत डाक/ स्पीडपोस्ट से दिनांक 25/10/2023 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 16/10/2023 को अपरान्ह 3.00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। ठेकेदार से प्राप्त निविदाएं दिनांक 25/10/2023 को अपरान्ह 4.00 बजे खोली जवेगी।

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित राशि (लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र राशि (GST) सहित	ठेकेदार की श्रेणी	समयावधि
1.	बैंक में स्थित प्रियदर्शनी भवन का पेंटिंग कार्य	17.00	13000.00	885.00	उपयुक्त श्रेणी	4 माह

ठेकेदार आवेदन के साथ निम्न दस्तावेजों की छायाप्रति संलग्न करें एवं मिलान हेतु मूल प्रति साथ में लावें:-(1) (अ) विभाग में पंजीयन प्रमाण पत्र, (ब) पेन कार्ड एवं विगत वर्ष का आयकर रिटर्न, (स) बैंक साल्वेंसी जो 12 माह से पुराना न हो, (द) जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण पत्र (य) समान कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र (2) जिन ठेकेदारों द्वारा पूर्व में बैंक / समिति में लिया गया कार्य नहीं किया गया है। / अपूर्ण किया है / अनुबंध निरस्त हुआ है उन्हें निविदा प्रपत्र नहीं दिए जायेंगे (3) अमानत की राशि का एफ. डी. आर. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्या. रायपुर के पक्ष में देय होगा (4) मुहरबंद लिफाफे पर कार्य का नाम एवं एफ.डी.आर. का स्पष्ट उल्लेख करें (5) विलंब से प्राप्त होने वाली निविदा स्वीकार नही की जावेगी (6) कोई भी सामग्री बैंक द्वारा प्रदाय नही की जावेगी (7) रायल्टी एवं अन्य शासकीय टैक्स ठेकेदार द्वारा नियमानुसार देय होंगे (8) किसी भी निविदा या समस्त निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत निरस्त करने का अधिकार बैंक को है (9) आवश्यकतानुसार निगोशिएशन किया जावेगा (10) निविदा के संबंध में अन्य जानकारी एवं विस्तृत शर्तें बैंक के तकनीकी कक्ष में कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकती है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्या.
रायपुर (छ. ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन, प्रक्षेत्र - दुर्ग (छ. ग.)
आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री ताराचंद तिवारी आ. स्व. आर.एस. तिवारी, निवासी- जूनि.एम.आई. जी.- 549, पद्मनाभपुर दुर्ग जिला-दुर्ग (छ. ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र - दुर्ग द्वारा पद्मनाभपुर दुर्ग में स्थित भवन क्रमांक जूनि.एम.आई. जी.- 549 जिला दुर्ग में आबंटित है। मूल आबंटी श्री ताराचंद तिवारी की मृत्यु दिनांक 29.03.2014 को हो चुकी है मृत्यु उपरान्त उनकी वारिस/वारिसानों श्रीमती रीता तिवारी पति स्व.ताराचंद तिवारी ने आबंटित भवन को अपने नाम पर नामान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है उक्त भवन क्रमांक जूनि.एम.आई. जी.- 549, पद्मनाभपुर दुर्ग, जिला-दुर्ग को श्रीमती रीता तिवारी के नाम इस शर्त पर नामांतरण करना न्याय संगत होगा, यदि भविष्य में स्व.ताराचंद तिवारी के वारिसानों द्वारा किसी प्रकार का कोई दावा किया जाता है, तो उसके लिये मंडल कोई जवाबदार नही होगा। अत: श्रीमती रीता तिवारी के नाम हस्तांतरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्धशासकीय बैंक, वृत्तीय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो, इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद/अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा एवं नामान्तरण कार्यवाही करने में मंडल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 25/09/2023 को जारी किया गया।

सील **सम्पदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय कार्यपालन दंडाधिकारी एवं तहसीलदार महासमुंद जिला महासमुंद
ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण ग्रामवासी लाफिनखुर्द प.ह.नं. 39 रा.नि.म बरोंडाबाजार/ शेर/ तहसील व जिला महासमुंद को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका दुष्यंत साहू पिता/पति पुरानिकराम तेली प.ह.न, रा.नि.म बरोंडाबाजार /शेर तहसील व जिला महासमुंद द्वारा अपने स्वयं पुत्र/पुत्री/माता,दादी सेवती बाई का पति विष्णु के नाम से मृत्यु दिनांक 24.12.2021 को मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु इस न्यायालय में आवेदन किया।

अतएव उक्त आवेदक दुष्यंत साहू पिता पुरानिकराम जाति तेली के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था को आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय की पेशी तारीख 28.09.23 को पेश कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति, दावा पर विचार नही किया जाएगा।

आज दिनांक 13.09.23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील **नायब तहसीलदार**
महासमुंद (छग)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर - 19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)
आम - सूचना

दिनांक 22-09-2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक स्कायनी इलेक्ट्रीकल एण्ड कम्पोनेंट प्रा.लि. रायपुर, मुकेश कुमार, की ग्राम कारा, प.ह.न. 31 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 173/1, 173/3, 173/4, 174/2, 175/1, 175/2, 175/3, 175/, 175/3, 267/1, 267/3, 268/1, 269, 271/1, 271/2 कुल रकबा 6.0890 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक 366/वाचक /08./ 2022-23 आदेश दिनांक 22-08-2023 के परिपालन में दिनांक 03-10-2023 को समय 01.00 P.M. बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो, वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 31 कारा के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वंय अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा

राजस्व निरीक्षक
रायपुर - 19 (धनेली)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, राजनांदगांव (छ.ग)

द्वितीय बार निविदा सूचना क्रमांक- 76

क्रमांक 3348/व.ले.लि./ग्रा.यां.सेवा/2023-24 राजनांदगांव, दिनांक 21.09.2023

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पंजीकृत एकीकृत पंजीयन प्रणाली से प्रपत्र 'ए' में दर्शित निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दर प्राप्त करने आनलाईन मैनुवल निविदा दिनांक 03.10.2023 तक आमंत्रित की जाती है:-

कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)
ग्रुप-4 शासकीय शाला भवनों में जीर्णोद्वार कार्य (5 नग) विकास खण्ड मानपुर जिला मोहला - मानपुर - अं. चौकी	8.30
ग्रुप-5 शासकीय शाला भवनो में जीर्णोद्वार कार्य (4 नग) विकास खण्ड मानपुर जिला मोहला - मानपुर - अं. चौकी	12.98
ग्रुप-6 शासकीय शाला भवनो में जीर्णोद्वार कार्य (6 नग) विकास खण्ड मानपुर जिला मोहला- मानपुर-अं. चौकी	9.76

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 22.09.2023 से देखी जा सकती है। निविदा कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि 03.10.2023 सायं 5.30 तक है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग-राजनांदगांव

जी-05651

कार्यालय नगर पालिका परिषद, बलौदाबाजार, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

Tel.No 0727-223138 : cmobalodabazar@rediffmail.com & cmobalodabazar@ymail.com

क्रमांक/1328/लोक.नि.वि./न.पा.प./2023 बलौदाबाजार, दिनांक 21.09.2013

सीमित निविदा आमंत्रण सूचना

आगामी विधानसभा निर्वाचन कार्य को ध्यान में रखते हुए राजनीतिक दलों के द्वारा अपने पार्टी के प्रचार हेतु सार्वजनिक स्थानों के दीवारों पर लिखे गये स्लोगन एवं पार्टी प्रचार एवं अन्य पेंट कार्य को मिटाने एवं पोताई कार्य हेतु नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार, जिला-पलीदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार/पेंटर/संस्था/फर्म से निम्नानुसार निम्नांकित कार्य हेतु सीमित निविदा त्री- लिफाफा पद्धति से मोहरबंद लिफाफा स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डॉक के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

01.	निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि	29.09.2023	समय दोपहर 05.00 बजे तक।
02.	परीक्षण उपरांत खाली निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि	29.09.2023	समय-साम 01.00 बजे।
03.	निविदा प्रारूप में पंजीकृत डॉक से निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि	06.10.2023	समय-साम 03.00 बजे।
04.	प्राप्त निविदाएं खोलने की तिथि	06.10.2023	समय-शाम 04.30 बजे।

क्र.	कार्य का नाम	लागत राशि (लाख में)	अमानत राशि (एफ.डी.आर. के माध्यम से)	निविदा फार्म शुल्क	निविदा प्रपत्र
1	2	3	4	5	6
01	नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों में बॉल पेंटिंग कार्य।	02.50	2500.00	350.00	प्रपत्र 'बी'

टीप - विस्तृत निविदा, नियम एवं शर्ते कार्यालयीन समयावधि में कार्यालय से एवं विभागीय वेबसाईट www.nad.cg.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर अधिकारी
नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार

समूह की महिलाओं ने गारमेंट फैक्ट्री में बना कोट राहुल को किया गिफ्ट

■ हाई स्पीड इलेक्ट्रॉनिक सिलाई मशीन गारमेंट फैक्ट्री का सांसद राहुल गांधी और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया शुभारंभ

रायपुर, 25 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार की महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) योजना अंतर्गत नारी शक्ति समिति गनियारी की प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं के लिए गारमेंट फैक्ट्री का शुभारंभ सांसद राहुल गांधी एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया। महिलाएं इन हाई स्पीड इलेक्ट्रॉनिक सिलाई मशीन से समय की बचत और उत्पाद में वृद्धि करके अपनी कमाई में वृद्धि कर सकेंगी। नारी शक्ति समूह की महिलाओं ने सांसद राहुल गांधी को गारमेंट फैक्ट्री में बना कोट और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को गारमेंट फैक्ट्री में बना कुर्ता पैजामा भी भेंट किया।

सांसद राहुल गांधी और मुख्यमंत्री बघेल ने महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क बिलासपुर द्वारा बनाए गए उत्पादों का निरीक्षण किया। गांधी ने समूह के सदस्यों द्वारा निर्मित गोबर पेंट के डिब्बे को खोलकर देखा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उन्हें बताया कि प्रदेश में महिलाओं और स्व सहायता समूह को गोबर पेंट निर्माण के माध्यम से अच्छी कमाई हो रही है। इस गोबर पेंट का उपयोग करके स्कूल और शासकीय भवनों में रंगाई पुताई का कार्य भी कराया जा रहा है। गांधी ने समूह द्वारा अब तक निर्मित गोबर पेंट के अब तक उत्पाद निर्माण और किया जा रहे कार्यों की जानकारी भी ली। सदस्यों ने बताया कि रीपा योजना के माध्यम से उन्हें काफी लाभ हो रहा है और रीपा में वाईफाई की सुविधा भी दी गई है जो बहुत ज्यादा लाभप्रद है।

छत्तीसगढ़ बहुत तेजी से आर्थिक उन्नति की ओर हो रहा अग्रसर

■ जिला एक निर्यात केन्द्र बनाने के लिए कार्यशाला आयोजित

रायपुर, 25 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य में जिला को निर्यात केन्द्र बनाने के लिए आज एक निजी होटल में भारत सरकार वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय डायरेक्टरेट जनरल ऑफ़ फॉरेन ट्रेड (डीजीएफटी) एवं जिला प्रशासन रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश कुमार मिश्रा और विदेश व्यापार नागपुर के अपर महानिदेशक डॉ.व्ही.श्रमन की अध्यक्षता में किया गया। डीजीएफटी नागपुर के अंतर्गत 49 जिले शामिल है। इनमें महाराष्ट्र के 12 और मध्यप्रदेश के 04 और छत्तीसगढ़ के 33 जिलों को एक निर्यात केन्द्र में बदलने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया था।

जिला पंचायत रायपुर के सीईओ अविनाश मिश्रा ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य को धान का कटोरा के नाम से जाना जाता है। यहां बड़ी संख्या में किसान धान की पैदावार करते हैं। छत्तीसगढ़ राज्य बहुत तेजी से आर्थिक उन्नति की ओर अग्रसर हो रहा है। रायपुर में भी पहले की अपेक्षा वर्तमान में व्यापार में तेजी आई है और बड़े बाजार के रूप में उभर कर रायपुर आगे बढ़ रहा है। राज्य में भी चावल के साथ स्टील, एल्युमिनियम, लोहा के साथ वन संपदा भरपूर मात्रा में पाई जाती है अब विदेशों से भी इसकी मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य को औद्योगिक रूप के साथ आगे बढ़ाने के साथ ही छोटे एंव मध्यम उद्योग को बढ़ावा दिया जाना है। ताकि लोगों को स्थानीय स्तर बेहतर रोजगार मिल सके। कार्यशाला का उद्देश्य है कि राज्य के अन्य सामग्रियों को भी विदेशों में निर्यात करके बढ़ावा दिया जाए।

व्ही. श्रमन ने अपने सम्बोधन में कहा कि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नागपुर के अंतर्गत वर्तमान में 49 जिला को निर्यात केन्द्र को बनाया गया है। छत्तीसगढ़ के रायपुर में पहला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाल में सभी जानकारी आपको ऑनलाइन अपडेट घर बैठे पंजीयन करने के आसान तरीके है। इसके साथ ही पोर्ट इकोस्पोर्ट, कस्टम ड्यूटी, बैंकिंग कार्य, डाकघर निर्यात, कन्टेनर के माध्यम से निर्यात, ई-कॉमर्स कस्टम ड्यूटी, बिल एंट्री, सिपिंग बिल, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, आदि जानकारी दी गई है। जहां विशेषज्ञों के द्वारा ई-कॉमर्स निर्यात घर बैठे ऑनलाईन की जानकारी, बैंकिंग सुविधा आदि डीजीएफटी के टीम के द्वारा बताया गया।

इस अवसर पर डीजीएफटी डॉ. व्ही. श्रमन, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के जोनल मैनेजर प्रशांत कुमार राजू, ब्रांच मैनेजर ईसीजीसी संग्राम केसरी बिसोई, इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स के राजन ठोकर, भारतीय डाक विभाग, जिला उद्योग विभाग के अधिकारी संजय गजघाटे, सुश्री सोनाली मोरई और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटनाओं में घायलों का हो त्वरित उपचार: मुख्य सचिव

मुख्य सचिव जैन ने सड़क सुरक्षा परिदृश्य की बैठक में दिए निर्देश

रायपुर, 25 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं में घायलों के त्वरित उपचार की व्यवस्था एवं सहायता सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने यह निर्देश आज यहां मंत्रालय में सड़क सुरक्षा परिदृश्य की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए सुरक्षित यातायात व्यवस्था सहित इसके लिए प्रभावी कार्ययोजना के तहत आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। मुख्य सचिव ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग और राजमार्गों के आस-पास स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सा व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की। मुख्य सचिव ने यातायात शिक्षा एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए भी सभी जरूरी कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है।

मुख्य सचिव ने राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित मेडिकल कॉलेजों तथा जिला चिकित्सालयों में ट्रामा सेंटर की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा है कि जिलों के सभी अस्पतालों में सड़क दुर्घटना में घायलों के लिए प्रारंभिक उपचार की व्यवस्था उपलब्ध होना चाहिए। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को अस्पतालों में मौजूद चिकित्सा उपकरणों एवं एम्बूलेंस में मौजूद चिकित्सा उपकरणों का लगातार निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राजमार्गों के आस-पास स्थित सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एम्बूलेंस अनिवार्य रूप से होना चाहिए। इसकी समुचित व्यवस्था एवं निगरानी करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए गए है। इसी तरह से यातायात शिक्षा के तहत स्कूलों में यातायात शिक्षा के लिए सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण के संबंध में अधिकारियों का आवश्यक निर्देश दिए। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि एन.सी.सी., एन.एस.एस. तथा भारत स्काउट गाईड के कैडेट्स एवं छात्रों के माध्यम से जागरूकता संबंधी कार्यों के साथ सुगम यातायात हेतु उनकी सेवाएं भी ली जा रही है। बैठक में सचिव परिवहन एस.प्रकाश, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन तथा सचिव चिकित्सा शिक्षा पी.दयानंद सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए।

मल्दा में हुई मवेशियों की मौत के बाद प्रशासन की टीम पहुँची गांव

■ ग्राम पंचायत सचिव को किया गया निलंबित
■ सरपंच के खिलाफ भी की जा रही है कार्रवाई

कसडोल/बलौदाबाजार, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। विकासखंड के ग्राम मल्दा में शनिवार को हुई मवेशियों की मौत के बाद प्रशासन की टीम सुबह ग्राम मल्दा पहुँची। इस दौरान तहसीलदार, जनपद की टीम सहित पशु विभाग की टीम मौके पर पहुँच कर पंचनामा बनाया। जिसमें ग्रामीणों ने जांच अधिकारियों को मवेशियों की मौत होने की जानकारी दी। जिसके बाद अब गैर जिम्मेदार सचिव, सरपंच और गौठान अध्यक्ष के खिलाफकार्रवाई की जायेगी। इधर मवेशियों की मौत होने के तुरंत बाद ही जनपद के सीईओ हिमांशु वर्मा ने जांच समिति गठन कर ग्राम मल्दा के सचिव धनसाय कैवर्त को कारण बताओ नोटिस जारी कर पशुओं की मौत के संदर्भ में जानकारी नही देने सहित महानदी में पशुओं को बहाने के संदर्भ में नोटिस जारी कर स्वयं उपस्थित होकर जवाब देने को कहा गया है। साथ ही जवाब संतुष्ट जनक नही होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए कहा गया है।

इनका कहना है-सूचना के आधार पर जांच समिति का गठन किया गया था सुबह जांच टीम गई है, मवेशियों की मौत हुई है, जांच टीम को बयान मिला है, सचिव को सस्पेंड और सरपंच सहित गौठान अध्यक्ष को हटाने की कार्रवाई की जायेगी-हिमांशु वर्मा, सीईओ, जनपद पंचायत कसडोल।

मल्दा के सचिव धनसाय कैवर्त्य निलंबित-वहीं इस प्रकरण में कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने गोधन न्याय योजना में लापरवाही बरतने के चलते जनपद पंचायत कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत मल्दा के सचिव धनसाय कैवर्त्य को निलंबित किया गया है। उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के भाग दो नियम 4 के तहत् किया गया हैं। निलंबन अवधि मे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी तथा इनका मुख्यालय जनपद पंचायत कसडोल निर्धारित किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभाशील होगा।

उल्लेखनीय है कि विकास खंड के ग्राम पंचायत मल्दा में पिछले दिनों 10 मृत और 2 अस्वस्थ सहित 12 गायों को सरपंच द्वारा ट्रेक्टर में भर कर नदी में बहा दिया गया था। जिस पर उक्त कार्रवाई की गई है वही एक जानकारी के अनुसार सरपंच की भी धारा 40 के तहत पृथक करने जनपद पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी द्वारा अनुविभागीय अधिकारी एस डी एम को दिए जाने की जानकारी मिलीं है।

मुख्य न्यायाधीश ने सपरिवार की भगवान गणेश की पूजा-अर्चना

■ वन्यायाधीश कालोनी तथा कर्मचारी आवासीय परिसर में विराजे गणपति पूजन में हुए शामिल

बिलासपुर, 25 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय आवासीय परिसर, बोदरी, बिलासपुर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। न्यायाधीश कॉलोनी, एफ एवं जी टाईप आवासीय परिसर तथा एच व आई टाईप आवासीय परिसर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना की गई है।

23 सितम्बर को मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा सपरिवार न्यायाधीश कॉलोनी में गणेश पूजा उपरांत एफ एवं जी टाईप आवासीय परिसर तथा एच व आई टाईप आवासीय परिसर में अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ गणेश पूजा में शामिल हुये। पूजा में मुख्य न्यायाधीश की उपस्थिति से उच्च न्यायालय के अधिकारी/कर्मचारियों में बहुत उत्साह दिखाई दिया। मुख्य न्यायाधीश का सपरिवार तिलक लगाकर पूजा कार्यक्रम में स्वागत किया गया। वे काफी समय तक अधिकारी/कर्मचारीगणों के साथ पंडाल में उपस्थित रहे। पूजा कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश सपरिवार तथा कर्मचारीगण आरती में हर्ष व उत्साह के साथ सम्मिलित हुये। मुख्य न्यायाधीश ने कार्यक्रम उपरांत प्रसन्नता जाहिर की। 28 सितम्बर को आवासीय परिसर में होने वाले वाली पूजा व भंडारे में भी उन्होंने शामिल होने की बात कही, जिस पर अधिकारी/कर्मचारीगणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष उक्त आवासीय परिसरों में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना करते हुए गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश के साथ रजिस्ट्रार जनरल अरविन्द कुमार वर्मा तथा एडिशनल रजिस्ट्रार सह पीपीएस एम.वी.एल.एन सुब्रहमण्यम भी उपस्थित रहे।

दशरमा का सार्वजनिक शौचालय चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

■ जनपद सीईओ के अनदेखी के चलते सरपंच, सचिव पर नहीं हो रही कार्रवाई

बलौदाबाजार, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय समीपस्थ ग्राम पंचायत दशरमा में जनता के उपयोग के लिए बनाए गए सार्वजनिक शौचालय में भ्रष्टाचार किये जाने की शिकायत मिली है। शासन द्वारा आए 3 लाख 50 हजार रुपए की राशि को सरपंच एवं सचिव ने मिलकर खानापूर्ति कर निर्माण कराया गया है। शौचालय में ना पानी की व्यवस्था है ना विद्युत की व्यवस्था है ना ही बोर हुआ है फिर भी सार्वजनिक शौचालय के छत के ऊपर पाईप लगे हुए हैं।

स्थानीय ग्रामीणों की माने तो वर्ष 2021 में सार्वजनिक शौचालय बनाने के लिए शासन से 3 लाख 50 हजार राशि आया गया था जिसका सार्वजनिक शौचालय निर्माण होना था किंतु सरपंच सचिव की मिली भगत से यह सार्वजनिक शौचालय भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गया। निम्न स्तर के मैटेरियलों का उपयोग कर निर्माण किया गया है जिस कारण से टाइल्स उखड़ने लग गये है। शौचालय के छत से पानी टपक रहा है। वहीं कहीं ना कहीं शौचालय निर्माण में मूल्यांकन सत्यापन करने वाले अधिकारी के भी उक्त कार्य में सहभागिता दिखाई दे रही हैं। तभी इतना घटिया और निम्न स्तर के सुविधाविहीन शौचालय का निर्माण हुआ है। वहीं दूसरी खंड में महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालय बनाया गया है जिसमें अनावश्यक ताला लगाया दिया गया है जिस कारण से गांव की महिलाएं शौचालय का उपयोग नहीं कर पा रही हैं उन्हें खुले में ही जाना पड़ रहा है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों की माने तो दशरमा पंचायत में सरपंच सचिव की भ्रष्टाचार की अनगिनत मामले निकलकर सामने आ रहे हैं किंतु अधिकारियों के संरक्षण के चलते इस पंचायत में कभी भी किसी कार्य की जांच नहीं हुई।

वही सचिव एवं सरपंच से सार्वजनिक शौचालय के संबंध में जानकारी लेने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे सम्पर्क नही हो पाने के चलते उनका कथन स्पष्ट नही हो पाया है।

लिखित शिकायत पत्र आने पर ही कार्यवाही की जा सकती है-

रवि कुमार जनपद सीईओ बलौदाबाजार

युवा कविता रचना शिविर आयोजित

धमतरी, 25 सितम्बर (देशबन्धु)।साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद के इस वर्कशॉप में कल प्रतिभागियों ने दिये गए विषयों पर अपनी कविताएं पेश कीं। लगभग सबने पहली बार कविता लिखी थी सो अनगढ़ता थी पर ज्यादातर के भाव लगभग ठीक थे। इसलिए उन्हें बातचीत में भाव विस्तार, विषय को देखने का नजरिया, कहन का ढंग, कविता का फलक बड़ा कैसे हो, निजी सुख-दुःख कैसे सबका बनाया जा सकता है जैसे सुझाव संवादकर्ताओं द्वारा दिए गए। इसके अलावा कथाकार जया जादवानी और युवा आलोचक भुवाल सिंग ठाकुर ने कविता की रचना प्रक्रिया पर अपना अतिथि वक्तव्य दिया।

इस आयोजन में यह महत्वपूर्ण लग रहा कि कल को कोई कविता लिखे या न लिखे, पर कुछ युवाओं की दृष्टि बदलेगी, यह यकीन है। आज के बहुआयामी, बहुस्तरीय जीवन में जटिलता बढ़ती ही जा रही है ऐसे में कविता जो हमें मनुष्य बनाये रखती है, उसका होना जरूरी है। ऐसे आयोजनों से रचनात्मकता की बहुत परतें खुलती हैं और हम कुछ बेहतर सीख पाते हैं।

NECC

26.09.2023 अंडा	मुर्गी	ब्रायलर	
फार्म	5.25	85	170
ब्रीडर	6.50	100	195
डिलीवरी	540 रीवड़		

दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

संपादकीय

सड़क यातायात सुरक्षित हो

छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा सड़क यातायात सम्बन्धी कराये गये एक सर्वे के अनुसार प्रदेश की सड़कों पर चलना या वाहन चलाना बेहद खतरवनाक है। बड़ी संख्या में यहां दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें सैंकड़ों की मौत होती है तथा बड़ी संख्या में लोगों को शारीरिक व मानी बुकसान होता है। प्रदेश भर में अनेक ऐसी जगहें हैं जहां हमेशा हादसे होते हैं। ऐसे स्थान, जिन्हें ब्लैक स्पॉट कहा जाता है, बढ़ते ही जा रहे हैं। राज्य के 33 शहरों में कराये गये सर्वे में जो आंकड़े दिये हैं, वे चौंकाने वाले तो नहीं हैं लेकिन सरकार और पुलिस प्रशासन को गम्भीरतापूर्वक सोचना होगा कि इसके कारण क्या हैं। अलग-अलग दुर्घटनाओं की भिन्न-भिन्न वजहें हो सकती हैं परन्तु उन कारणों को दूर कर सड़क यातायात को सुरक्षित बनाये जाने की आवश्यकता स्पष्ट महसूस की जाती है। उम्मीद है कि पुलिस विभाग कोई कार्य योजना तैयार कर उसे लागू करेगा ताकि लोगों की मौतें न हों या वे विकलांग न हो जायें। दुखद तो यह है कि सड़क हादसों में रायपुर शीर्ष पर है जिसे कायदे से सर्वाधिक सुरक्षित बनना चाहिये ताकि राज्य की प्रतिष्ठा बढ़े और अन्य शहरों के समक्ष उदाहरण प्रस्तुत हो। हो सकता है कि राजधानी होने के कारण रायपुर की सड़कों पर दौड़ने वाले वाहनों का दबाव सबसे ज्यादा है। हालांकि यह भी सही है कि नियम भंग की सबसे अधिक कार्रवाइयां इसी शहर में हुई हैं।

बेहद विस्तार से किये गये इस सर्वे में सड़क दुर्घटनाओं का विस्तार से अध्ययन हुआ है। उसके अनुसार पिछले आठ माह में नौ हजार से ज्यादा सड़क हादसे हुए हैं जिनमें 4100 से अधिक मौतें हुई हैं। इनमें युवाओं की तादाद सबसे ज्यादा है। वे हादसे सभी तरह के वाहनों से हुए हैं पर दोपहियों एवं कारों से होने वाले सबसे अधिक हैं। रायपुर के बाद जिन शहरों में सबसे अधिक हादसे हुए हैं, वे हैं- बिलासपुर, दुर्ग, रायगढ़, कोरबा, बलौदाबाजार, राजनांदगांव, जगदलपुर, जांजगीर-चाम्पा एवं महासमुंद। नारायणपुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, मोहला, मानपुर, बीजापुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, सक्ती, सारंगढ़-बिलाईगढ़, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी सर्वाधिक सुरक्षित जिले हैं। सर्वे में 118 ऐसे स्थल चिह्नित किये गये हैं जहां बहुत दुर्घटनाएं होती हैं। इनकी संख्या 104 थी। यहां भी रायपुर शीर्ष पर है। पहले यहां केवल 7 ब्लैक स्पॉट थे जो अब 24 हो गये हैं।

यातायात पुलिस को चाहिये कि इस सर्वे के आंकड़ों के आधार पर अनुकूल उपाय करे। जिन सड़कों, चौक-चौराहों को सड़क यातायात की दृष्टि से सुरक्षित करना हो, वहां हर सम्भव उपाय किये जाएं। दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण लोगों द्वारा अपनाई जाने वाली लापरवाही है, नागरिकों को चाहिये कि वे चाहें वाहन चला रहे हों या फिर पैदल हों, स्वयं भी सावधान रहें। वाहन नियंत्रित गति एवं सतर्कतापूर्वक चलाएं। ओवरटेक, तेज गति चालन आदि से बचना चाहिये। नागरिक प्रशिक्षण भी ज़रूरी है।

उल्टा पुल्टा

संतू ने एक सैलून खोला और बंटी वहां हजामत कराने गया।
संतू- मूछें रखनी है?
बंटी- हां, जी।
संतू (मूछें काटकर)- ये लो जी, जहां रखनी है, रख लो।

ननि-नप बस्तर के 437 कर्मचारी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर बैठे धरने पर

जगदलपुर, 25 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसेंट कर्मचारी महासंघ के बैनर तले जगदलपुर नगर निगम के 419 और नगर पंचायत बस्तर के 18 कर्मचारी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर तीन दिवसीय हड़ताल पर चले गए हैं। संभागीय मुख्यालय स्थित पुरानी कृषि उपज मंडी में धरने पर बैठे कर्मचारियों ने कहा कि मांगे पूरी नहीं होने से वे अनिश्चितकालिन हड़ताल पर चले जाएंगे। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसेंट कर्मचारी महासंघ जिलाध्यक्ष शक्तिवेल ने कहा कि प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के द्वारा 3 सूत्रीय मांगों को लेकर तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। तीन सूत्रीय मांगों में नगरीय निकायों से प्लेसमेंट या ठेका प्रथा को समाप्त कर प्लेसमेंट कर्मचारियों को नियोगों में समायोजन करने, कर्मचारियों को नियमित करने व नियमितीकरण तक 62 वर्ष की आयु तक नौकरी की सुरक्षा प्रदान करने समेत किसी भी प्लेसमेंट कर्मी को सेवा से पृथक ना किए जाने की मांग शामिल हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ छत्तीसगढ़ के 14 नगर पालिक निगम, 44 नगर पालिका परिषद, 114 नगर पंचायतों इस तरह कुल 172 नगरीय निकायों में कार्यरत समस्त प्लेसमेंट कर्मचारियों का संगठन है। जिसमें करीब 2500 कर्मचारी हैं। इसमें अकेले बस्तर जिले के 437 कर्मचारी शामिल हैं। जो इन मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए हैं।

नगर निगम जगदलपुर के प्लेसमेंट कर्मचारी आज से तीन दिवसीय हड़ताल में जाने के कारण निगम की व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए आयुक्त हरेश मंडावी ने सुबह से ही मोर्चा संभाल व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने पावर हाउस फिल्टर

प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल से शहर वासियों को समस्या ना हो जिसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था किया जा रहा है : आयुक्त

प्लांट पहुंचे, तीन दिनों के हड़ताल में प्लेसमेंट के सामान्य प्रशासन ,सफाई विभाग ,पीएचई पंप ऑपरेटर ,वाहन चालक तीन दिन हड़ताल पर होने पर शहर के व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए सुबह 06:00 से आयुक्त श्री मंडावी निगम अमले हेमंत श्रीवास , अजय बनिक ,राकेश झलके, साथ शहर के फिल्टर प्लांट पहुंच पानी की सप्लाई सुचारू रूप से करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था बनाने अधिकारियों को निर्देश दिया । वही सुबह से ही महापौर >> शेष पृष्ठ 9 पर>

3 अक्टूबर को बस्तर आयेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

लालबाग मैदान में सुबह 11 बजे होगी आमसभा

जगदलपुर, 25 सितंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 3 अक्टूबर को बस्तर आ रहे हैं। जगदलपुर के विशाल लालबाग मैदान में प्रधानमंत्री श्री मोदी आमसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बस्तर आगमन को लेकर रविवार को भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम प्रकाश माथुर, केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय व बस्तर संभाग प्रभारी संतोष पाण्डेय आज रविवार की सुबह विशेष विमान से जगदलपुर पहुंचे और सीधे प्रस्तावित सभा स्थल लालबाग मैदान का निरीक्षण किया।

भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम प्रकाश माथुर व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया विशेष विमान से जगदलपुर पहुंचे, सभास्थल लालबाग मैदान का किया निरीक्षण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा लालबाग मैदान में 3 अक्टूबर को सुबह 11 बजे आरंभ होगी। भाजपा प्रदेश प्रभारी श्री माथुर व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री मांडविया लगभग आधे घंटे लालबाग मैदान में रहे और नक्शे के सहारे बारीकी से सभा स्थल का निरीक्षण किया। वहाँ मौजूद प्रशासन व पुलिस अधिकारियों से भी चर्चा की। सभा स्थल में मंच का स्थान, आम जनता की बैठने की व्यवस्था, सभा में आने जाने का मार्ग आदि सभी विषयों की जानकारी ली। भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम प्रकाश माथुर ने वहाँ मौजूद भाजपा पदाधिकारियों से सभा की तैयारियों के संबंध में पूछा और सभी कामों को शीघ्र समय पर पूरा करने कहा। लालबाग मैदान के निरीक्षण के दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, किरण देव, जिला प्रभारी जी वेंकट, संतोष बाफना, जिला अध्यक्ष रुप सिंह मण्डावी,सुधीर पाण्डेय, रामाश्रय सिंह, वेदप्रकाश पाण्डेय,संजय पाण्डेय, संग्राम सिंह राणा, अविनाश श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

भादवा मेले का समापन, निकली भव्य शोभायात्रा

जगदलपुर, 25 सितंबर (देशबन्धु)। शहर के संतोषी वार्ड स्थित रामदेव बाबा मंदिर में चल रहे भादवा मेले का सोमवार को समापन किया गया। बीते 9 दिनों तक चले भादवा मेले के दौरान सोमवार को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग और रामदेव मंदिर से जुड़े भक्त शामिल हुए। बाबा रामदेव मंदिर प्रांगण से शुरू हुई भव्य शोभायात्रा शहीद पार्क तिराहा से संजय बाजार स्थित हनुमान मंदिर चौक पहुंची, जहां से माई दंतेश्वरी मंदिर चौक से गोल बाजार होते हुए मेन रोड के रास्ते शोभायात्रा वापस बाबा रामदेव मंदिर में विसर्जित हुई। इस दौरान समाज के लोग

बड़ी संख्या में नाचते-गाते बाबा रामदेव के जयकारे और जय बाबरी के उद्घोष के साथ चलते रहे। इस बीच शहर में कई जगहों पर इस भव्य शोभायात्रा का स्वागत किया गया । शोभायात्रा मंदिर पहुंचने के बाद मंदिर में बाबा रामदेव की आरती की गई और प्रसाद वितरण हुआ, जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्त बाबा का प्रसाद लेने पहुंचे।

भादवा मेला के अंतर्गत स्थानीय जमाल मिल परिसर में जमा जागरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बाबा रामदेव की आकर्षक झांकी के बाजू में तैयार आकर्षक मंच पर हैदराबाद से पहुंचे सुप्रसिद्ध गायक अनिरूद्ध शर्मा दुनीवाले एवं साथी के द्वारा आकर्षक भजनों की प्रस्तुति दी गई। रात्रि 1:00 बजे बाबा रामदेव की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई, प्रसाद वितरण हुआ। आकर्षक भजनों की प्रस्तुति के दौरान श्रद्धालु भजनों पर झूमते नाचते नजर आए। सुबह 5:00 बजे तक श्रद्धालुओं की भीड़ जमी रही।

संसदीय सचिव ने आठ ग्राम पंचायत में नल-जल योजना का भूमि-पूजन किया

जगदलपुर, 25 सितंबर (देशबन्धु)। विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने रेवाचल वनांचल के ग्राम पंचायत छोटे कवाली,चेचालगुर,कोलावाडा, मिलकुलवाडा, चितालगुर,बड़े बोदल, नवागुडा,रोण्डापाल में 6 करोड़ 18 लाख 13 हजार रुपए के रेट्रोफिटिंग नल-जल योजना एवं सिंगल विलेज नल जल योजना का भूमि-पूजन किया। ग्राम पंचायत छोटे कवाली में 55.25 लाख की लागत से बनने वाले नल-जल योजना में 45 किलो लीटर क्षमता का टंकी निर्माण कर 550 मीटर टाइप लाइन बिछा कर 214 घरों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जाएगी। ग्राम चेचालगुर में 31.78 लाख रुपए की लागत से बनने वाले नल-जल योजना में 3875 मीटर टाइप लाइन बिछा कर 95 घरों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जाएगी। ग्राम कोलावाडा में 31.54 लाख रुपए की लागत से बनने वाले नल-जल योजना में 3600 मीटर

टाइप लाइन बिछा कर 115 घरों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जाएगी। ग्राम मिलकुलवाडा में 11.89 लाख रुपए की लागत से बनने वाले नल-जल योजना के तहत 1310 मीटर टाइप लाइन बिछा कर 40 घरों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जाएगी ग्राम चितालगुर में 118.99 लाख रुपए की लागत से बनने वाले नल-जल योजना के तहत 5975 मीटर टाइप लाइन बिछा कर 134 घरों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जाएगी। ग्राम बड़े बोदल में 128.14 लाख रुपए की लागत से बनने वाले नल-जल योजना के तहत 8215 मीटर टाइप लाइन बिछा कर 215 घरों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जाएगी। ग्राम नवागुड़ा में 146.09 लाख रुपए की लागत से बनने वाले नल-जल योजना के तहत 5775 मीटर टाइप लाइन बिछा कर 172 घरों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जाएगी। ग्राम रोण्डापाल में 94.45 लाख रुपए की लागत से बनने वाले नल-जल योजना के तहत 4935 मीटर टाइप लाइन बिछा कर 169 घरों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर श्री जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप हर ग्राम पंचायत के हर ग्राम, पारे, मोहल्ले के हर घर तक शुद्ध डी.पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। जो सुविधाएं पहले केवल शहरी क्षेत्रों में थी आज सुदूरवर्ती संवेदनशील वनांचल तक इन सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा की हमारी सरकार के आने के बाद इस वनांचल क्षेत्र के विकास का जो कार्य आरंभ किया गया था। उसके परिणामस्वरूप आज इस क्षेत्र में सड़क, बिजली, शुद्ध पेयजल एवं शिक्षण संस्थान जैसी मूलभूत सुविधाओं पहुंची हैं।

भू-प्रभावित महिलाओं का आज भी जारी रहा धरना

महिलाओं के साथ भेदभाव संविधान का अपमान - सुब्रतो

जगदलपुर, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। एनएमडीसी नगरनार मे जमीन देने के बदले महिलाओ के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ महिलाओ के धरने मे पहुचे सुब्रतो विश्वास ने कहा महिलाओं के साथ भेदभाव संविधान का अपमान है। इकहत्तर महिलाएँ जो अपने साथ हुऐ अन्याय के खिलाफ वर्षो से संघर्ष कर रही है। कहा लिखा है कि पुरूष व महिलाओ के लिए नियम अलग होंगे। जमीन अधिग्रहण के मामले मे पुनर्वास नीति मे महिलाओं व पुरूषों के लिए अलग अलग नियम बने जो भारतीय संविधान के हिसाब से गलत है । महिलाओं व पुरूषों में कोई भेद नही है । महिला आयोग ने महिलाओं के हित

में फैसला सुना पर एनएमडीसी ने मामले को कोर्ट मे ले जाकर मामले से छुटकारा पाना चाहा है । अब महिलाए एनएमडीसी पर दवाब बना रही है कि वह केस वापस लेकर मामले का समाधान करे । आज हड़ताल में अनजुशा पटेल,रबा गोयल,बृंदावति बघेल,देवकी सेठिया,ममता सेठिया,सयतो बघेल,हाथबती कश्यप, सयतो सेठिया,मनमती सेठिया,अन्जना कोर्राम, रघु सेठिया ,तुलसी सेठिया ,गणेश नागवंशी ,आसमन नाग के साथ अनेक महिलाऐ धरने मे रही शामिल ।

जगदलपुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने सोमवार को इंक्वीएम स्ट्रांग रूम का अवलोकन किया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी हितेश बघेल सहित निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

भूपेश बघेल वादा निभाओ- नजूल में काबिज परिवारों को निशुल्क पट्टा दो - संजय पांडे

जगदलपुर,25 सितंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के 36 प्रमुख घोषणाओं में एक महत्वपूर्ण घोषणा नगरी निकाय क्षेत्र का था जिसमें सरकार में आते ही सभी कब्जाधारियों को निशुल्क पट्टा देने का वादा किया था । नगर निगम क्षेत्र में ऐसे हजारों परिवार हैं जिन्होंने कांग्रेस के इस वादे को स्वीकारते हुए अपने और अपने परिवार के उज्जवल भविष्य के सपनों को संजोते हुए कांग्रेस को बस्तर सरकार में आने के बाद स्थानीय विधायक रेखचन्द जैन ने कभी भी नगर निगम की 48 वार्ड के अंतर्गत रहने वाले नजूल में निवास करने वाले परिवार हो या 1984 में बांटे पट्टे धारकों की सुध नही ली । आज ऐसे ही सैकड़ो परिवारों के साथ मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देने कलेक्ट कार्यालय नेता प्रतिपक्ष संजय पांडे और भाजपा नगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता के नेतृत्व में सभी अपेक्षित परिवार नारेबाजी करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। बहुत से परिवार हाथों में 1984 में प्राप्त हुआ पट्टा लिए हुए थे जो पट्टे को दोनों हाथ से लेकर नारेबाजी करते हुए कलेक्टर कार्यालय में प्रदर्शन किया। कलेक्टर कार्यालय में पहुंचकर अतिरिक्त कलेक्टर सी पी बघेल को ज्ञापन सौंपा । नेता प्रतिपक्ष संजय पांडे ने कहा कि सरकार ने हाथ में गंगाजल लेकर वादा किया था कि सरकार में आते ही नगरी निकाय क्षेत्र में बसे समस्त नजूल में बसे परिवारों को निशुल्क पट्टा दिया जाएगा। पट्टा देने हेतु 4 साल पूर्व सर्वे भी करवाई गई मगर दुर्भाग्य है गरीब जनता का निशुल्क पट्टे के नाम पर सिर्फ छलावा ही मिला। शहर में जितनी भूखंड खाली थी इस खाली भूखंडों को कांग्रेस के भूमाफियाओं ने कब्जा कर 152 प्रतिशत में रजिस्ट्री कराया और कराकर महंगे दामों पर इसे बेचा। बहुत बड़े पैमाने पर >> शेष पृष्ठ 9 पर>



जगदलपुर। आगामी विधानसभा को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। निर्वाचि रूप से चुनाव संपन्न करने के लिए जिला प्रशासन पूरी तैयारी में लगा हुआ है। इसी तारतम्य में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मास्टर ट्रेनर के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के दौरान की जाने वाली कार्यवाहियों के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

महिला अपराध के खिलाफ आप ने किया कोतवाली चौक में मशाल लेकर प्रदर्शन

जगदलपुर, 25 सितंबर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व बस्तर नेत्री तरुणा साबे के नेतृत्व में बढ़ते महिला अपराध के खिलाफ 25 सितंबर को जगदलपुर के कोतवाली चौक में मसाल लेकर विरोध प्रदर्शन कर अपना आक्रोश दर्ज किया। आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रवक्ता तरुणा ने प्रदेश सरकार और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। प्रदेश की बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। महिलाओं की सुरक्षा के मोर्चे पर प्रदेश की कांग्रेस सरकार बुरी तरह विफल रही है। अनुसूचित जाति-जनजाति महिलाओं की बदतर स्थिति तो है ही इसके अलावा शहरी क्षेत्रों में सुरक्षा के तमाम तंत्रों के बीच रहने वाली अन्य महिलाओं के साथ भी दुष्कर्म और सामूहिक दुष्कर्म की घटनाएं कांग्रेस के शासनकाल में लगातार बढ़ी हैं।

आम आदमी पार्टी ने कहा कि बीजेपी-कांग्रेस दोनों ही महिला सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं हैं। चुनावी साल में महिलाओं के लिए केंद्र सरकार महिला आरक्षण बिल लाकर अपनी पीठ थथथपा रही है वहीं, छत्तीसगढ़ सरकार तमाम फौरी दावे कर साबित करने में जुटी हुई है कि राज्य में महिलाओं के खिलाफ क्राइम रेट घट रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत जगजाहिर है। अति विशिष्ट लोगों के दौरों के लिए चौकस सुरक्षा व्यवस्था के बीच नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े के अनुसार छत्तीसगढ़ में हर दिन रेप की तीन घटनाएं होती हैं। जबकि इससे कई गुना ज्यादा केसेस रिकॉर्ड में दर्ज ही नहीं होते हैं। साथ ही %आप% ने प्रदेश सरकार को आगाह करते हुए कहा कि महिला सुरक्षा को लेकर यदि जल्द ही कोई ठोस पहल नहीं की गई तो पार्टी प्रदेशव्यापी उग्र आंदोलन को बाध्य होगी। जिला युवा उपाध्यक्ष ईश्वर कश्यप ने कहा कि बीजेपी की केंद्र की सरकार और राज्य की भूपेश सरकार महिला सुरक्षा देने में असफल साबित हुए हैं। प्रदर्शन के दौरान रमेशबघेल ,फूलमति, सोनमती, समली,इच्छा निषाद समेत अन्य महिलाये मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री मोदी की आमसभा

प्रदेश प्रभारी माथुर व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मांडविया ने ली संभाग स्तरीय बैठक

सभा की तमाम तैयारियों को समय पर पूरा करने कहा गया, जन-जन की बीच होगा प्रधानमंत्री मोदी की आम सभा का व्यापक प्रचार प्रसार

जगदलपुर 25 सितंबर (देशबन्धु)। एक दिनी बस्तर प्रवास पर पहुँचे भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम प्रकाश माथुर व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 3 अक्टूबर को होने वाले बस्तर आगमन व उनकी आमसभा की तैयारियों को लेकर संभाग स्तरीय बैठक ली। जिसमें बस्तर संभाग के सात जिलों के भाजपा जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, विधानसभा प्रभारी एवं प्रदेश पदाधिकारी शामिल रहे।

बैठक के आरंभ में भारतीय जनसंघ के संस्थापक पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनके चित्र में माल्यार्पण उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। करीब एक घंटे तक चली बैठक में सभी जिलाध्यक्षों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की होने वाली आमसभा की तमाम तैयारियां गंभीरता से व तय समय पूरा करने कहा गया है। 26 व 27 सितम्बर को सभी जिलों में विधानसभा वार बैठकें होंगी, जिसमें कार्य विभाजन कर कार्यकर्ताओं को काम में जुटने व श्री मोदी की सभा में आमंत्रित करने जन-जन पहुँचने कहा जायेगा। सभा स्थल की तमाम व्यवस्थाओं को निर्धारित समय पर पूर्ण करने व शहर की संपूर्ण साजसज्जा में किसी भी तरह की कमी न होने की बात बैठक में कही गयी। भाजपा प्रदेश प्रभारी श्री माथुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बस्तर आगमन से कार्यकर्ताओं सहित जनता में उत्साह का वातावरण बनेगा। नौ वर्षों में श्री मोदी के नेतृत्व में देश उन्नति के शिखर को छू रहा है। प्रधानमंत्री की आमसभा की सभी तैयारियों व सौंपे गये कार्यों को गंभीरता से पूर्ण करने अभी से सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता जुट जायें।

बैठक में संभाग के सात जिलों के जिलाध्यक्ष,प्रभारी, प्रदेश पदाधिकारी रहे मौजूद

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता भारत सहित समूचे विश्व में हैं। श्री मोदी देश के जन-जन के नेता हैं। देश के प्रति अपार निष्ठा और कार्यों के प्रति अटूट समर्पण के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निरंतर कार्यरत हैं। उनका बस्तर प्रवास अत्यंत >> शेष पृष्ठ 9 पर>

भारत स्काउट एवं गाइड ने उप स्वास्थ्य केन्द्र जामकोटपारा में मनाया अंतर्राष्ट्रीय बिटिया दिवस

कोण्डागांव, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोंडागांव के पदेन संरक्षक एवं कलेक्टर दीपक सोनी, राज्य आयुक्त एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोंडागांव प्रेम प्रकाश शर्मा के निर्देशानुसार तथा जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मधुलिका तिवारी, जिला संगठन आयुक्त स्काउट भीषभदेव साहू के मार्गदर्शन में, शास.प्राथ.शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी के कब मास्टर पवन कुमार साहू एवं शास.प्राथ.शाला बाजारपारा कोंडागांव के फ्लॉक लीडर श्रीमती दीपमाला वैष्णव के नेतृत्व में तथा सुश्री हर्षलता देवांगन सीएचओ, श्रीमती शारदा साहू महिला स्वास्थ्य संयोजक, श्रीमती दीपिका पटेल महिला स्वास्थ्य संयोजक उप स्वास्थ्य केंद्र जामकोटपारा कोंडागांव, श्रीमती प्रीति रजक मितानिन, श्रीमती सुशीला बाज मितानिन, कुमारी शीला कोर्राम एवं संतोष कुमार सोनी के विशेष सहयोग से उप स्वास्थ्य केंद्र जामकोटपारा में अंतर्राष्ट्रीय बिटिया दिवस मनाया गया।

फ्लॉक लीडर श्रीमती दीपमाला वैष्णव ने कहा कि घर की लक्ष्मी कही जाने वाली बेटियों की चहल-पहल से पूरा घर गूंजता रहता है, हालांकि आज भी कई लोग ऐसे हैं, जो लड़कियों को बोझ मानते हैं और उन्हें बेटों से कम समझते हैं, इसी रूढ़िवादी सोच से बेटियों को बचाने की मकसद से हर साल अंतरराष्ट्रीय बेटियां दिवस मनाई जाती है। महिला स्वास्थ्य संयोजक श्रीमती शारदा साहू ने कहा कि आज भी कई जगह बेटियों को बेटों से कम आंका जाता है और कुछ लोग ऐसे हैं, जो बेटी के जन्म पर खुश नहीं होते, क्योंकि उनका ऐसा मानना है कि बेटियां पराई होती है और बेटे वंश को आगे बढ़ाने वाले होते हैं, ऐसी रूढ़िवादी परंपरा के चलते आज भी कई जगहों पर भ्रूण हत्या, बाल विवाह जैसे कृत्य किए जाते हैं।

ऐसी छोटी सोच से बेटियों को बचाने और उन्हें एक उज्जवल भविष्य देने के मकसद से हर साल सितंबर माह के चैथे रविवार को अंतरराष्ट्रीय बिटिया दिवस मनाया जाता है। कब मास्टर पवन कुमार साहू ने कहा कि बेटा एक परिवार को शिक्षित करता है। जबकि बिटिया मायके व ससुराल दो परिवार को शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसलिए कहा गया है कि बेटी है तो कल है। बिटिया दिवस के अवसर पर कु.सुजाता, पूर्णिमा, सरोज, जागृति, स्नेहा, क्षमा, सुमन, मुस्कान, तुलसी, रोशनी, आरती, हिमांशी, पार्वती, शीला, रीता, भवानी, चेतना, प्रीति, सुशीला एवं गणमान्य नागरिकों को श्रीफल लेखनी एवं गुलदस्ता भेटकर सम्मानित किया गया।

समाज को रचनात्मक दिशा दे सकते हैं युवा

दंतेवाड़ा, 25 सितंबर (देशबन्धु)। धमतरी शंकरदाह स्थित अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के स्कूल में छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 3 दिवसीय युवा कविता रचना शिविर का सफल आयोजन हुआ।

इसका उद्देश्य अंचल में बसे युवा साहित्यकारों की रचनात्मक कौशलता को वरिष्ठ साहित्यकार साथियों द्वारा मार्गदर्शित कर उनकी रचनाओं को समाज के लिए उपयोगी बनाना था। इस शिविर में साहित्यकार जिसमे छत्तीसगढ़ से छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष ईश्वर सिंह दोस्त, वरिष्ठ आलोचक व साहित्यकार प्रोफेसर सियाराम शर्मा, उपन्यासकार जाधवानी, थियेटर के मंझे हुए कलाकार राजकुमार, वरिष्ठ पत्रकार पीसी रथ, मांझी अनंत, प्रोफेसर भुआल, पीयूष, तत्पुरुष, अजीम प्रेम जी फाउंडेशन से मुकेश तथा इलाहबाद से आए डीआर लक्ष्मण, मध्यप्रदेश के वरिष्ठ कवि हरिओम राजोरिया तथा उनकी बेटी सत्यभामा व पुत्र कबीर के साथ ही छत्तीसगढ़ के अलग-अलग हिस्सों से कई शिक्षक साथी व युवा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी व अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमे आए वरिष्ठ साहित्यकारों ने अपनी आने वाली युवा पीढ़ी की रचनाएं सुनी तथा अपने अनुभव और ज्ञान को साझा कर उनकी रुचि को साहित्य की मौलिकता और समाज की आवश्कता की ओर मोड़ दिया। उन्हें बेहतर लेखन के लिए प्रोत्साहित किया। समाज में पढ़ने तथा लिखने का दौर जारी रखने की जिम्मेवारी जिन युवा कंधो पर है। उनके लेखों का स्तर बेहतर होने के साथ ही जनकल्याण को बढ़ावा देने वाला हो, ऐसी संभावनाओं की तलाश के साथ सभी ने अपना सराहनीय योगदान इस रचना शिविर के माध्यम से दिया। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

- छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी द्वारा तीन दिवसीय शिविर
- देश और प्रदेश के दिग्गज साहित्यकारों का मार्गदर्शन
- दंतेवाड़ा की शिक्षिका मधु भी बनी सहभागी

प्रोफेसर पीयूष ने अपनी रचना सेमर सोत में सांझ मधु को अपनी शुभकामनाओं सहित प्रेषित की। दंतेवाड़ा-बारसूर की शिक्षिका मधु उइके इस शिविर में शामिल हुई। उनकी रचनाशीलता और सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर संवेदनशीलता की सभी ने तारीफ की। मधु इन दिनों दंतेवाड़ा में अनेक प्रादेशिक व सामाजिक कार्यक्रमों के साथ ही प्रशासनिक आयोजनों में एक महत्वपूर्ण उद्घोषक की भूमिका निभा कर अपनी शानदार प्रतिभा का परिचय भी दे रही हैं। भविष्य में और उनके बेहतर प्रयास की उम्मीद सभी को है।

मड़ानार में आयोजित हुआ आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम

कोण्डागांव, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम अंतर्गत प्रधान अध्यापक पीएल नाग के मार्गदर्शन में शासकीय उच्च प्राथमिक शाला मड़ानार में शिक्षक शिवचरण साहू द्वारा कार्यक्रम का संचालन करते हुए अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपने-अपने घरों, पालकों और समुदाय से दिल्ली में आयोजित होने वाली अमृत कलश यात्रा के लिए मिट्टी एकत्रित किए और मिट्टी की दीया प्रज्जवलित कर कलश यात्रा निकालकर देश के वीर सपूतों स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया। शिक्षिका श्रीमती आरती बेर द्वारा भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित बनाने के सपने साकार करने, श्रीमती रंजीता तिग्गा ने गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने और अपने समृद्ध विरासत पर गर्व करने एवं श्रीमती ललिता समरथ ने भारत के नागरिक होने का कर्तव्य निभाने का शपथ दिलवाते हुए राष्ट्रगान एवं झंडा वंदन किया गया।

जिला न्यायाधीश ने किया प्राथमिक चिकित्सा क्लीनिक का शुभारंभ

कोण्डागांव, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला न्यायाधीश द्वारा जिला न्यायालय परिसर कोण्डागांव में प्राथमिक चिकित्सा क्लीनिक का शुभारंभ किया गया। उच्च न्यायालय बिलासपुर के निर्देशानुसार मान.जिला एवं सत्र न्यायाधीश उत्तरा कुमार कश्यप कोण्डागांव के द्वारा जिला न्यायालय परिसर कोण्डागांव में 25 सितम्बर 2023 को प्राथमिक चिकित्सा क्लीनिक का शुभारंभ किया गया। इस दौरान जिला न्यायाधीश के साथ समस्त न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण एवं न्यायिक कर्मचारीगण उपस्थित रहे और सभी ने अपना-अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। जिला न्यायाधीश ने यह जानकारी दी कि इस प्राथमिक चिकित्सा क्लीनिक में समस्त न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण, न्यायिक कर्मचारीगणण, पक्षकार एवं आमजन भी सुविधा का लाभ ले सकेंगे। इसी उद्देश्य से चिकित्सा क्लीनिक का शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर श्रीनारायण सिंह कुटुम्ब न्यायालय न्यायाधीश कोण्डागांव, श्रीमती प्रिशिला पॉल होरो अपर सत्र न्यायाधीश कोण्डागांव, कमलेश कुमार जुर्री अपर सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.एस.सी.) पॉक्सो कोण्डागांव, श्रीमती यशोदा नाग मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव, शिव प्रकाश त्रिपाठी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोण्डागांव, श्रीमती अम्बा शाह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव, डॉ.आर.के.सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी कोण्डागांव, डॉ.आशिष कुमार मसीह, डॉ.प्रताप सिंह, डॉ.मुक्ति नेताम, डॉ.तेजस्विनी, अजय सिंह (आर.एम.ए.), नवीन विश्वही (आर.एच.ओ.), श्रीमती सीमा जंगेल (आर.एच.ओ.) एवं न्यायालय के समस्त न्यायिक कर्मचारीगण, अधिवक्तागण, लोक अभियोजन, लोक अभियोजन एवं डिफेंस काउंसिल इत्यादि उपस्थित थे।

जनता ने दे दिया संदेश भरोसा है बरकरार, फिर से आ रही है कांग्रेस सरकार : जेपी यादव

कोण्डागांव, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। कोंडागांव विधायक प्रतिनिधि जेपी यादव ने 24 सितंबर को कोंडागांव के आयोजित छत्तीसगढ़ के मुख्य मंत्री भूपेश बघेल के कार्यक्रम मे उपस्थित हुए क्षेत्र की जनता जनार्दन, सामाजिक जनों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्य मंत्री भूपेश बघेल ने जब से छत्तीसगढ़ सरकार की कमान संभाली है, सदैव जनता के हितों को ध्यान मे रखकर कार्य करते आ रहे हैं। छत्तीसगढ़ के चैमुखी विकास के लिए कटिबद्ध हैं, गरीब मजदूर, किसान, महिला, युवा, बुजुर्ग, व्यापारी सभी के हितों को लेकर योजनाएं बनाकर संचालित कर रहे हैं। कोंडागांव में मुख्य मंत्री का कार्यक्रम 01 बजे तय था, जिसमें कोंडागांव विधान सभा व जिले की ममतामयी जनता अपने नेता प्रदेश के मुखिया को सुनने 11 बजे से ही कार्यक्रम स्थल में पहुंचने लगी थी, मुख्य मंत्री का कोंडागांव में आगमन तय समय से कुछ विलम्ब हुआ और लगभग 4.30 बजे वे कोंडागांव पहुंचे, कार्यक्रम स्थल में जनता की भीड़ 11 बजे से लेकर 5.30 बजे तक बरकरार बनी रही। सभी क्षेत्रवासी जनता, सामाजिकजन का खेल कार्यक्रम की सफलता के रूप में दिया। उम्मीद से दुगुनी भीड़ ने यह साबित कर दिया कि छत्तीसगढ़ में सुशासन है। छत्तीसगढ़ के मुख्य मंत्री के कार्य व कोंडागांव विधान सभा में मोहन मरकाम के कार्य से जनता खुश है, संतुष्ट है। जनता ने आगामी चुनाव में पुनः कांग्रेस की सरकार बनाने का प्रण कर लिया है। विधायक प्रतिनिधि जे.पी.यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

समय से हो पहचान तो कैंसर का ईलाज संभव

- दंतेवाड़ा मेडिकल कैंप में विशेषज्ञों की राय
- कैंसर के प्रति जागरूकता के लिए विशेष अभियान
- संयुक्त पहल से खत्म होगी कैंसर की दहशत

दंतेवाड़ा, 25 सितंबर (देशबन्धु)। सुषमा विंग्स ऑफ कैंसर सपोर्ट सोसाइटी, बालको मेडिकल सेंटर रायपुर, बस्तर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज दंतेवाड़ा ब्रांच, मां दंतेश्वरी रिलीफ सोसाइटी, जिला व्यापारी संघ, स्वास्थ विभाग के संयुक्त प्रयास से जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा में आरोग्यम मेडिकल कैंप आयोजित हुआ।

इस कैम्प का मुख्य उद्देश्य कैंसर के प्रति जागरूक करना था। बालको मेडिकल सेंटर रायपुर से आई मोबाइल कैंसर डिटेक्शन वैन से कैंसर के मरीज की संभावित जांच की गई। इस कैम्प में छत्तीसगढ़ की वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञ डॉ. महू राय डायरेक्टर क्लिनिकल एवं सर्जिकल ऑनकोलॉजी अपनी सेवाए दीं। कैम्प में कुल 137 मरीजों का पंजीयन हुआ, जिसमे से 22 मरीज के केंसर होने की संभावना है, उनमें से 11 मरीज को निदान व उपचार कराने को कहा गया है।

इस कैम्प में विशेष रूप से सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक, सिविल सर्जन डॉ. कपिल देव, डॉ. आरबीपी गुप्ता, डॉ. भंवर शर्मा, डॉक्टर महेश मिश्रा, डॉ. राज गुप्ता, सुषमा विंग्स से श्रीमती शशि गुप्ता, चैम्बर महामंत्री विमल बोथरा, चंद्रेश चांडक, सुनील दंडवानी, मोतीलाल सालेचा, प्रमोद गुप्ता, दीपक अग्रवाल, पुष्पराज पटेल, भैयालाल पटेल, जयदीप मालवीय, सुरेश गुप्ता, माधव रेड्डी, केके शर्मा, सुनीता बोथरा, सोनल बत्रा, मंजू लुंकड़, वंदना बख्शी, पलक दुआ, ऋतु लूनिया, सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, बालको मेडिकल रायपुर की पूरी टीम सहित स्वास्थ विभाग दंतेवाड़ा की टीम उपस्थित थी।

महार समाज जिला ईकाई बीजापुर के पदाधिकारियों का नए सिरे से किया गया गठन

जयहिंद अध्यक्ष, अजय कार्यकारी अध्यक्ष, कमल सचिव, कैलाश कोषाध्यक्ष, डी सुबैया वा बसंत मामड़ीकर बने संयोजक

बीजापुर, 25 सितंबर (देशबन्धु)।24 सितंबर को डॉ. भीमराव अंबेडकर मंगल भवन मे महार समाज जिला बीजापुर की बैठक संपन्न हुई। जिसमे समाज के वयोवृद्ध लोगों की उपस्थिति मे सर्व सम्मति से नये सिरे से समाज का पुनगठन किया गया। सर्व प्रथम समाज के वरिष्ठ लोगो ने महान समाज सुधारक एवं समाज के भगवान संविधान निर्माता डॉ.बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की छाया चित्र पर पुष्प अर्पित एवं माल्यार्पण कर बैठक की शुरुआत की। जिले के चारों विकास खण्डों से सैकड़ों की संख्या मे महार समाज के लोग उपस्थित थे।

समाज के नवनियुक्त सचिव कमल झाड़ी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नव नियुक्त पदाधिकारियों की जानकारी दी। अध्यक्ष-जयहिंद लाटकर, कार्यकारी अध्यक्ष-अजय दुर्गम, सचिव -कमल दास झाड़ी, कोषाध्यक्ष-कैलाश चन्द्र रामटेके, संरक्षक-डी एस राम, लक्ष्मण झाड़ी, जुमार चिन्ना,मोरला चामंडी,दुर्गम दुर्गैया, वाय बी दुर्गम व इसके आलावा समाज मे कोई भी निर्णय लेने के लिए कोर कमेटी के सदस्यों का भी गठन किया गया है। जिसमें चारों विकास खण्ड के समाज के लोग रहेंगे। कोर कमेटी मे डी नागेश्वर, आर डी झाड़ी, थानेश्वर तोगर, बैरण्डम झाड़ी, लक्ष्मण झाड़ी, गोवर्धन झाड़ी, सुनारकर किस्टैया, मोरला किस्टैया, हनुमंत बोरे, रामचंद्रम दुर्गम, मोरला सम्मैया, ललित गोंधरला होंगे। चारों विकास खण्डों मे जिला उपाध्यक्ष का पद भी दिया गया है जिसमें के जी लिंगैया, हेमंत दुर्गम, नागेश्वर झाड़ी, रामकुमार दुर्गम। सहसचिव-संतोष झाड़ी,कृष्ण कुमार झाड़ी, विकास मोरला, जगदीश दुर्गम। उपकोषाध्यक्ष-अजय झाड़ी, दुर्गेश तोगर,संतोष झाड़ी,उमेश कुमार। संयोजक वा सहसंयोजक-बाबुलाल गौंधरला ,सहदेव कावरे,बसंत मामड़ीकर डी सुब्बैया,कुम्मर सत्यम,राजेश झाड़ी,अशोक ओडेट, लक्ष्मण दुर्गम। मीडिया प्रभारी- राजेश झाड़ी, नवीन लाटकर ,बसंत मामड़ीकर। प्रवक्ता-के जी यशवंत, पुरुषोत्तम चंद्रकार।

समाज की बैठक को डी एस राम,डी नागेश्वर, आरडी झाड़ी,जय हिंद लाटकर, केडी झाड़ी,प्रवीण झाड़ी, के जी सत्यम, कुमार स्वामी झाड़ी, कैलाश रामटेके आदि ने संबोधित करते हुये समाज की एकता अखण्डता पर बल देते हुये समाज की उन्नति के लिए काम करने हेतु प्रेरित किया।बैठक मे महार समाज दंतेवाड़ा के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। समाज के सभी लोगों ने नव नियुक्ति पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी वा जाति का काम कराने के लिए सरहना की गई।

प्रादेशिकी का शेष...

जगदलपुर नगर निगम और नगर ...

सफीरा साहू ,आयुक्त हरेश मंडावी ने मोचां संभालते शहर में 48 वार्डों जनमानस को पेयजल की समस्या उत्पन्न ना हो उस उद्देश्य से सुबह महापौर व आयुक्त ने निगम के नियमित पीएचई कर्मचारियों व अन्य कर्मचारी से वार्डों में पंप चालू करवा कर पानी की सप्लाई करवाई । जिसके कारण शहर में जनमानस को ज्यादा पानी की समस्या नहीं हुई । श्रीमती साहू ने बताया निगम के प्लेसमेंट कर्मचारियों के तीन दिवसीय हड़ताल पर जाने पर लोगों को मुख्य पानी की समस्या ना हो जिसके लिए निगम प्रशासन ने अपनी तैयारी करने के साथ 48 वार्डों में पेयजल की समस्या ना हो इस संबंध में नियमित कर्मचारियों की टीम बनाकर पंप खोलकर पानी की सप्लाई सुचारू रूप से करवाया गया । जनता को 3 दिन की हड़ताल पर कुछ समस्या उत्पन्न होगी उसका निराकरण किया जा रहा है लोगों से भी अपील है कि निगम का सहयोग करें ।

प्रदेश प्रभारी ओम माथुर व केन्द्रीय ....

महत्वपूर्ण है। आमसभा की लेकर सभी तैयारी व कार्य समय पर पूरे हो, आम जनता के बीच पहुँच कर प्रधानमंत्री श्री मोदी की प्रस्तावित सभा का व्यापक प्रचार प्रसार होना चाहिये। बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेण्डी, भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय,बस्तर संभाग प्रभारी संतोष पाण्डेय, भाजपा प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप, दिनेश कश्यप, किरण देव, जिला प्रभारी जी वेंकट, श्रीनिवास राव मद्दी, भाजपा जिला अध्यक्ष रुप सिंह मण्डावी,ओजस्वी मण्डावी, महेश जैन, डा. सुभाऊ कश्यप,रूपसाय सलाम, दीपेश अरोरा, धनीराम बारसे, श्रीनिवास मुदलियार, सतीश लाटिया,चैतराम अट्टामी, शिवनारायण पाण्डेय,सुधीर पाण्डेय, विद्याशरण तिवारी, श्रीनिवास मिश्रा, निखिल राठौर, मनोज जैन, आलोक सिंह, भरत मटियार, संजय पाण्डेय, बृज मोहन देवांगन,नवीन विश्वकर्मा, राजाराम तोड़ेम, गौतम गोलछा, अरूण सिंह भदौरिया, दीपक बाजपेयी, रामाश्रय सिंह, वेदप्रकाश पाण्डेय, नरसिंह राव, आलोक अवस्थी, संग्राम सिंह राणा उपस्थित थे।

भूपेश बघेल वादा निभाओ- नजूल ...

भूमिया सक्रिय रहे, मगर इन गरीबों की शुध न-ही स्थानीय विधायक रेखचन्द जैन ने ली, न-हीं सरकार तक उनकी आवाज पहुंची और आज यह गरीब जब अपनी मांगों को लेकर प्रशासन तक आए हैं तो हमेशा की तरह इस बार भी इनकी आवाज को सुनने वाले जिम्मेदार अधिकारी नहीं मिले संजय पांडे ने कहा कि यदि इन नजूल में बसे परिवार को एवं 1984 के पट्टाधारक को तत्काल पट्टा नवीनीकरण या नए पट्टे नहीं दी गई तो, इन परिवारों के साथ मिलकर आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। भाजपा नगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कहा कि नगर निगम के 48 वार्ड में 11 पंचायत भी जुड़े हुए हैं और आज भी यह पंचायत खसरा में है। आज भी शहर के अंतर्गत छोटे झाड़ बड़े झाड़ की बहुत बड़ी मात्रा में भूखंड राजस्व अभिलेख में दर्ज है जबकि शहरीकरण के दौर में यहां भी निवासरत गरीब परिवार पट्टे की आस में अपने जनप्रतिनिधि रेखचन्द जैन से उम्मीदें लगाए बैठे हैं। मगर दुर्भाग्य है विधायक जी न-हीं कभी इन 11 पंचायत में जो नगर निगम का वर्तमान वार्ड है इसमें बसे नजूल/छोटे झाड़, बड़े झाड़ की भूमि में इसके निराकरण के लिए कोई पहल नहीं की गई। ऐसे सारे परिवार आज भी सरकार से आस लगाए है इन्हें तत्काल पट्टा मिले। पट्टे के अभाव में इन्हें शासन की कोई भी योजनाओं का लाभ स्थानीय विधायक की निष्क्रियता से नहीं मिल पाया।

वर्षों से काबिज परिवार अपने जमीन का मालिकाना हक मिला, न-हीं प्रधानमंत्री आवास के दायरे में आ पाए। सुरेश गुप्ता ने आरोप लगाते हुए कहा ऐसे में यह 11 पंचायत के परिवार जो निगम के वार्ड का हिस्सा है। यह भी अपने विधायक रेखचन्द जैन से और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मांग करते हैं कि उनकी आवाज पहुंचे और इन्हें भी इनके बसे भूखंड का पट्टा मिले। यह भी अपने जमीन के मालिक बने । ज्ञापन देने के दौरान अथ्य दीक्षित, लक्ष्मण झा, योगेश ठाकुर, योगेश शुक्ला, नीलम यादव, सूर्य भूषण सिंह अमर झा, प्रेम यादव, लोकेश राव, बसंती नायक, भारती राव, अनिमेष चौहान, दिलीप वाधवानी, तारा गुप्ता, राजेन्द्री महाराणा, तुलसी बघेल, प्रेम आचार्य जय जोशी के साथ सैकड़ों की संख्या में नजूल भूमि में निवासरत परिवार शामिल थे।

सड़क निर्माण कार्य में लगे वाहनों में आगजनी व पुलिस पार्टी पर हमले में शामिल 2 माओवादी गिरफ्तार

थाना फरसेगढ़ छसबल 13वीं वाहिनी कैंप फरसेगढ़ की संयुक्त कार्रवाई

बीजापुर, 25 सितंबर। 24 सितंबर को थाना फरसेगढ़ एवं 13वी वाहिनी छसबल कैंप फरसेगढ़ की संयुक्त टीम आलवाड़ा की ओर माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी ।

अभियान के दौरान आलवाड़ा से 2 माओवादियों को पकड़ने में सफलता अर्जित की गई ।

1. बुधराम उददे पिता चिन्ना उददे उम्र 28 वर्ष निवासी आलवाड़ा थाना फरसेगढ़

*2. रेनू ऊर्फ रामसिंह पिता बंडे राम उम्र 29 वर्ष निवासी आलवाड़ा थाना फरसेगढ़

पकड़े गये माओवादी थाना फरसेगढ़ क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 10-12-2017 को आलवाड़ा के जंगल में पुलिस पार्टी पर हमला करने, 29-07-2020 को गुमनेर के जंगल में पुलिस पार्टी पर हमला करने एवं 17-12-2020 को फरसेगढ़ और छोटेआलवाड़ा के मध्य सड़क निर्माण कार्य में लगी वाहनों में आगजनी करने की घटना में शामिल थे । थाना फरसेगढ़ में पकड़े गये माओवादी बुधराम उददे के विरूद्ध 01 स्थाई वारंट एवं रेनू ऊर्फ रामसिंह के विरूद्ध 02 स्थाई वारंट लंबित है।

उपरोक्त के विरूद्ध थाना फरसेगढ़ में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त माननीय न्यायालय दंतेवाड़ा पेश किया गया है ।

सड़क निर्माण कार्य मे लगी वाहनों मे आगजनी एवं पुलिस पार्टी पर हमला की घटना मे शामिल 02 माओवादी गिरफ्तार, थाना फरसेगढ़ और छसबल 13 वी वाहिनी की संयुक्त कार्रवाई।

जिला मुख्यालय से लगा खुटडोबरा सड़क हुआ बदहाल

कोण्डागांव, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय से लगे और ग्राम पंचायत कोकोड़ी के आश्रित ग्राम खुटडोबरा तक पहुंचने हेतु कई साल पूर्व बनाए गए कच्चे सड़क के बदहाल और दलदल युक्त होने को लेकर आक्रोषित ग्रामीणजनों के द्वारा षासन प्रषासन का ध्यान समस्या की ओर आकर्षित करने हेतु धान की रोपाई किए जाने का मामला सामने आया है।

बदहाल सड़क को पक्का करने की वर्षों पुरानी मांग को षासन-प्रषासन के द्वारा पुरा नहीं किए जाने से परेषान ग्राम खुटडोबरावासियों का विगत दिनों गुस्सा फूटा और बोले कि अब जब यह सड़क दलदलयुक्त और खेत जैसा बन ही गया है, तो क्यों न इस कच्चे सड़क का उपयोग खेत की तरह करके धान रोपाई कर दिया जाए और धान के उपज को बेचकर स्वयं गांव के लोग ही आगामी दिनों में सड़क को पक्का कर लें।

मामला जिला मुख्यालय कोण्डागांव से लगे ग्राम पंचायत कोकोड़ी के आश्रित ग्राम खुटडोबरा का है जहां के ग्रामीणजन आज भी मूलभूत सुविधाओं में से पक्की सड़क सुविधा से वंचित हैं।

ग्रामीणजनों की समस्या सुनने न ही कोई जिम्मेदार अधिकारी गांव में पहुंचता है और न ही उनके दिए आवेदन पर कोई कार्यवाही होती है, जिसका ही परिणाम है कि जिला मुख्यालय से बड़ेकनेरा की ओर जाने वाली सड़क के किनारे बसे नाकापारा के आगे से खुटडोबरा गांव की ओर जाने वाली सड़क आज भी बदहाल है, बारिश के दिनों में कच्ची सड़क कीचड़ और दलदलयुक्त हो जाता है। इस सड़क पर ग्रामीणजनों का चलना मुश्किल हो जाता है। अधिकारियों से सड़क बनाने कई बार मांग की गई, लेकिन उन्होंने सुनी नहीं। अब ग्रामीणों ने उसी दलदलयुक्त सड़क पर धान रोपाई कर अनोखा विरोध प्रदर्शन करते हुए षासन-प्रषासन का ध्यान अपनी ओर आकर्शित करने का प्रयास किया है। यहां के ग्रामीणजनों ने बताया कि लंबे समय से पक्की सड़क बनाने की मांग जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से कर रहे हैं, इसके बावजूद भी उनकी मांग पूरी नहीं हुई, इस सड़क को जिम्मेदारों ने यूं ही कच्चा छोड़ दिया है। कुछ दिन पहले कोंडागांव में लगातार मूसलाधार बारिश हुई थी, जिसके चलते सड़क की स्थिति दलदलयुक्त हो गई। कच्ची सड़क पूरी तरह से कीचड़ में तब्दील हो गई। इसी दलदली सड़क पर से हरदिन स्कूली बच्चों सहित ग्रामीणजनों को बड़ी संख्या में आना-जाना पड़ता है और सभी को काफी परेशानी होती है। परेषानी पहले भी थी लेकिन हम ग्रामवासियों की परेषानी उस समय और बढ़ गई है जब से इसी कच्चे सड़क के किनारे ही बड़ा सा गोड़ाउन बना दिया गया है, जिसमें भारी वाहनों के आवाजाही से सड़क पर गड्ढे बन गए हैं और ऐसे गड्ढों में बरसाती पानी जमा होने से कच्ची सड़क कीचड़ व दलदलयुक्त हो गई। सरकार का ध्यान समस्या की ओर आकर्शित करने के लिए ही गांव के हम सभी ग्रामीण एकजुट होकर सड़क के कीचड़ में धान की रोपाई कर रहे हैं।

बदहाल सड़क से आक्रोशित ग्रामीणों ने दलदल सड़क पर रोपा धान

अब देखने वाली बात यह होगी कि जिला मुख्यालय से लगे और चंद किलोमीटर लम्बी सड़क को पक्का करके ग्राम खुटडोबरावासियों को राहत दिलाया जा पाता है।

आदिवासी महिलाओं के अधिकारों का किया हनन

मुख्यमंत्री को शिकायत पत्र देने पैदल राजधानी जा रहीं महिलाओं को रोका पुलिस ने

कोण्डागांव, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। सीएम के समक्ष अपनी बातों को रखने पैदल ही रायपुर के लिए निकली सहकारी समिति की महिलाओं एवं शिव सैनिकों को पुलिस प्रषासन द्वारा रास्ते में ही रोक दिए जाने का मामला सामने आया है।

मां दंतेश्वरी बुनकर सहकारी समिति मर्यादित बफना की महिलाओं द्वारा तत्कालीन कलेक्टर नीलकंठ टेकाम एवं एक अन्य गैर आदिवासी महिला सरस उपाध्याय पर लाखों रुपए धोखाधड़ी करने का आरोप विगत दिनों प्रेस वार्ता कर लगाया गया और उसी दिन घोशणा की गई थी कि मामले में जल्द से जल्द कार्यवाही नहीं की गई तो महिलाएं 25 सितम्बर को सीएम के समक्ष अपनी बातों को रखने के लिए पैदल ही रायपुर के लिए रवाना होंगी। प्रेस वार्ता के दौरान किए गए उक्त घोशणा के अनुसार ही महिलाएं 25 सितम्बर को कोंडागांव के शीतला मंदिर परिसर से शिव सैनिकों के साथ पैदल ही राजधानी के लिए निकल पड़ी। समूह की महिला गंगा नेताम ने कहा कि स्थानीय स्तर पर उनके दिए आवेदनों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है, जिसके चलते ही वे मुख्य मंत्री से मिलकर पूरे मामले की शिकायत करते हुए जांच की मांग करेंगे।

वहीं आशुतोष पांडे प्रदेश महासचिव युवा सेना छत्तीसगढ ने कहा कि महिला समूह से पूर्व कलेक्टर नीलकंठ टेकाम ने एक तरह से लूट ही की है। एक ओर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी महिला सशक्तिकरण की बात करते हैं दूसरी तरफ उनके ही सिपाही लूट को अन्जाम दे रहे हैं। भूपेश सरकार से उम्मीद थी कि महिलायों के साथ हो रहे अत्याचार पे तत्काल कार्यवाही करे, परंतु अफसोस, आज तक कार्यवाही की खाना पूर्ति करते हुए उल्टे आदिवासी महिलाओं को ही आरोपी बना दिया जा रहा है। मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों पर कार्यवाही होनी चाहिए।

ज्ञात हो कि समुह की महिलाओं से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोण्डागांव जिले में स्व सहायता समूह की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के नाम पर करोड़ों रुपए की धनराशि स्व सहायता समूह के नाम से प्राप्त हुई है। परन्तु उनमें से कितने स्व सहायता समूह की महिलाएं सबल हुई है, अब यह जांच का विषय बनता जा रहा है। कहीं कुक्कुट पालन तो कहीं अन्य कार्य के नाम से स्व सहायता समूह के नाम पर राशि आहरित कर स्व सहायता समूह की आदिवासी महिलाओं के आड़ में अन्य लोगों के द्वारा ही उक्त राशियों का बंदरबांट कर लिया जा रहा है। ऐसे ही मां दंतेश्वरी बुनकर सहकारी समिति मर्यादित बफना की महिलाओं ने स्व सहायता समूह बनाकर व उन्हें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव बनाकर उनके नाम लाखों रुपए आहरित कर लेने के आरोप जिले में पदस्थ पूर्व कलेक्टर नीलकंठ टेकाम एवं सरस उपाध्याय नामक महिला पर लगाया है। मामले पर निष्पक्ष जांच न होने का आरोप लगाते हुए ही महिलाएं सीएम से भेंट करने पैदल ही कोंडागांव के शीतला मंदिर परिसर से शिव सैनिकों के साथ पैदल ही राजधानी रायपुर के लिए निकल पड़ी। लेकिन कोण्डागांव पुलिस द्वारा उन्हें रायपुर जाने से रोक दिया गया।

घर-घर जाकर समझा रहे मतदान क्यों है जरूरी

दंतेवाड़ा, 25 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत नंदनवार के निर्देशानुसार और सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी कुमार बिश्वरंजन के मार्गदर्शन में जिले के नगरीय निकायों में घर-घर जाकर डोर टू डोर सर्वे किया जा रहा है।

इसमें मतदाताओं को मतदान करने के लिए एक अच्छा संदेश देकर मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है, जिससे जिले की मतदान का प्रतिशत बढ़ सके और मतदाता जागरूक भी हो सके। दंतेवाड़ा जिले के सभी निकायों में डोर टू डोर सर्वे के दौरान हस्ताक्षर अभियान एवं सेल्फी भी लिया जा रहा है। जहां पिछले विधानसभा में जिन नगर निकाय क्षेत्र में जहां मतदान का प्रतिशत कम था वहां-वहां पर डोर टू डोर सर्वे किया जा रहा है।

- स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता के लिए अभियान
- गीदम और बारसूर नगर पंचायत में डोर टू डोर सर्वे

इस क्रम में गीदम और बारसूर नगर पंचायतों के वार्डों डोर टू डोर सर्वे किया गया और नागरिकों को जानकारी दी गई कि भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त मतदान का अधिकार यहां के नागरिकों को प्राप्त अधिकारों में सबसे सशक्त अधिकार है। इसके उचित उपयोग करने हेतु परिवार, गांव तथा शहर के नागरिकों को जागरूक करने में विद्यार्थी तथा शिक्षको की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। इसके साथ ही जिले में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत हाट बाजार में कला जत्था, स्कूल, आश्रम शाला, पोटाकेबिन एवं लाइवलीहुड कॉलेज में विद्यार्थियों के द्वारा रंगोली, क्विज, भाषण, नारा, कविता लेखन, चित्रकला एवं मानव श्रृंखला के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

तत्कालीन रेंजर ललित दुबे व अन्य तीन को मिली सजा 3-3 साल की

कोण्डागांव, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। दक्षिण वन मंडल कोंडागांव अंतर्गत वन परिक्षेत्र नारंगी के तत्कालीन रेंजर ललित दुबे, उनके अधीनस्थ कर्मचारी लुदरूराम सूर्यवंशी व सुनील चंद्र मिश्रा और ठेकेदार नारायण देवांगन पर शासकीय रकम को फर्जी तरीके से गबन करने का आरोप लगा था। मामले में कोंडागांव न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शिव प्रकाश त्रिपाठी न्यायालय में सभी आरोपियों पर दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने चारों आरोपियों को तीन-तीन साल जेल और अर्थ दंड का सजा सुनाया है।

आर्थिक गबन मामले में

मामले का खुलासा करते हुए शासन की ओर से पैरवी करने वाली सहायक जिला अभियोजक अधिकारी निधि यादव ने बताया कि सिटी कोतवाली कोंडागांव पुलिस ने 2 मार्च 2014 को दक्षिण वन मंडल के वन परिक्षेत्र नारंगी रेंजर सह प्रभारी दहीकोंगा रेंजर ललित दुबे, अधीनस्थ स्टाफ लुदरूराम सूर्यवंशी और सुनीलचंद मिश्रा और नारायण देवांगन के विरुद्ध आईपीसी की धारा 420, 467, 463, 471 और 409 का अपराध पंजीबद किया था। इन सभी पर आरोप लगा था कि इनके माध्यम से कोण्डागांव के दहीकोंगा वन परिक्षेत्र अंतर्गत डोंगरीगुड़ा के कक्ष क्र.पी 795 में पर्यटन वाटिका निर्माण का कार्य किया जा रहा था। निर्माण कार्य के दौरान मृत व्यक्ति लक्ष्मण देवांगन के नाम से फर्जी हस्ताक्षर करते हुए 2 लाख 47 हजार 200 रुपए का गबन किया गया। जबकि मृत व्यक्ति लक्ष्मण देवांगन की मृत्यु 2 दिसंबर 2008 को ही हो चुकी थी। न्यायालय में कोतवाली पुलिस ने समस्त दस्तावेज के साथ प्रकरण को प्रस्तुत किया गया था, जिसके चलते यह सिद्ध हो गया कि, रेंजर ललित दुबे, लुदरू राम सूर्यवंशी, सुनील चंद मिश्रा ने नारायण देवांगन के साथ मिलकर लक्ष्मण देवांगन का फर्जी हस्ताक्षर करते हुए 2 लाख 47 हजार 200 रुपए का फर्जीवाड़ा किया है। फर्जीवाड़ा का मामला सिद्ध होने पर कोण्डागांव के मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शिव प्रकाश त्रिपाठी न्यायालय ने सभी को तीन वर्ष जेल की सजा सुनाया है। साथ ही अर्थ दंड की भी सजा सुनाई गई है।

स्वच्छता अभियान के साथ मतदाता जागरूकता

लाइवलीहुड कॉलेज में मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प

दंतेवाड़ा, 25 सितंबर (देशबन्धु)। निर्वाचन आयोग समस्त निर्वाचनों में समाज के प्रत्येक वर्गो के मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी के लिए दृढ़ संकल्पित है।

इस भागीदारी को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लाइवलीहुड कॉलेज में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही इसी कार्यक्रम में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत स्लोगन एवं भाषण प्रतियोगिता भी रखी गई थी। स्लोगन एवं भाषण प्रतियोगिता में युवा शक्ति, मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदाताओं को सशक्त बनाने, छात्रों को अपने मतदान अधिकारों का प्रयोग करने के लिए शिक्षित और प्रेरित करने, माता पिता और को मतदाता के रूप में पंजीकृत करने सम्बंधी स्लोगन छात्रों द्वारा प्रस्तुत किये गये। इसके अलावा लाइवलीहुड कॉलेज के लैब एवं प्रांगण की साफ-सफाई की गई।

मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के सफल क्रियान्वयन से कुपोषण में आई कमी

बीजापुर, 25 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में वजन त्यौहार 2018 के अनुसार कुपोषण का प्रतिशत 38.50 था। जो कि साढ़े चार वर्ष में माह जुलाई 2023 की स्थिति में कुपोषण का प्रतिशत 18.97 है। कुपोषण में कमी का प्रतिशत 19.53 हो गया है। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अंतर्गत प्रतिदिन 41256 हितग्राहियों को लाभन्वित किया जा रहा है। जिसमें 06 माह से 06 वर्ष तक के सभी बच्चे, गर्भवती महिलाएं, शिशुवती माताएं, शाला त्यागी किशोरी बालिकाएं, 11 से 49 आयु वर्ग के समस्त एनीमिक महिलाएं लाभान्वित हो रहे है। बीजापुर सुपोषण अभियान के सफलता पूर्ण क्रियान्वयन हेतु जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में पक्का तार फेन्सिंग पोषण वाटिका निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें प्रारंभिक चरण में जिले के 374 आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण वाटिका पूर्ण कर लिया गया है। जिले में कुल 51 स्व सहायता समूहों के द्वारा (लेयर फार्मिंग) अण्डा उत्पादन का कार्य किया जा रहा है। उत्पादित अण्डों को सुपोषण अभियान अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों के कार्यकर्ताओं के द्वारा उठाव कर हितग्राहियों को गर्म भोजन के साथ प्रदाय किया जा रहा है। जिले में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत मिलेट चिक्की आंगनबाड़ी के हितग्राहियों को प्रदाय किया जा रहा है। जिले के कोकड़ापारा बीजापुर में निर्माण यूनिट का स्थापना कर मिलेट चिक्की का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें 61 नक्सल पीड़ित महिलाओं को एवं स्थानीय युवाओं को स्थायी रोजगार मिला है। जिले में मल्टी ग्रेन दलिया गर्म भोजन के रूप में आंगनबाड़ी के हितग्राहियों को प्रदाय किया जा रहा है। जिले के रीपा मिन्गाचल में निर्माण यूनिट का स्थापना कर मल्टी ग्रेन दलिया का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसमें 10 युवाओं को स्थायी रोजगार मिला है। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के प्रारंभ में 14251 एनिमिक महिलाओं को चिन्हांकित किया गया था। वर्तमान में योजना से लाभान्वित होकर 7453 महिलाएं एनीमिया से मुक्त हुए है। कुल 52.29 प्रतिशत महिलाओं को एनीमिया से बाहर लाया गया है।

छग डायमंड पोयट्री अवार्ड से मधु तिवारी सम्मानित हुई

कोण्डागांव, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। विश्व हिंदी रचना कर मंच एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला मंच द्वारा छत्तीसगढ़ की प्रतिभाशाली हिंदी कवित्रियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चयनित महिला रचनाकारों की पुस्तक छत्तीसगढ़ की प्रतिभा शाली हिंदी कवियित्रीयां का विमोचन सह सम्मान समारोह का आयोजन रायपुर के सिविल लाइन वृन्दावन हॉल में रविवार चैबीस सितंबर को किया गया। मुख्य मंत्री कार्यक्रम की व्यस्तता के चलते साहित्य कर शिक्षक ब्रजेश तिवारी ने पुरस्कार ग्रहण किया। इसमें कोंडागांव जिले की शिक्षिका एवं साहित्यकार मधु तिवारी को उनके साहित्यिक अवदान के लिए ष्छत्तीसगढ़ डायमंड पोयट्री अवार्डष् 2023 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली से पहुंचे राघवेंद्र ठाकुर ने की। इसके पूर्व भी शिक्षिका मधु को शिक्षा व साहित्य में डॉ.मुकुटधर पांडेय स्मृति राज्य सम्मान छत्तीसगढ़ शासन द्वारा, महादेवी वर्मा सम्मान, हिंदी सेवक सम्मान, बस्तर लोक कला व साहित्य सम्मान, काका कालेलकर हिंदी सम्मान, मुंशी प्रेमचंद साहित्य सम्मान, रास्ट्रीय हिंदी धरोहर सम्मान, कला साहित्य एवं संस्कृति अकादमी नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय समता, सम्मान, लोक असर सम्मान, अखिल भारतीय अग्नि शिखा साहित्य गौरव सम्मान, साहित्य रत्न राष्टीय समता सम्मान गोवा, फेस ऑफ इंडिया अवार्ड सहित पचास से भी अधिक संस्थाओं द्वारा डिजिटल सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया है, एकल काव्य संग्रह मुखर मौन, समर्थ साहित्यकार सुरेंद्र रावल, दस साझा संग्रह में कविता, कहानियां, साक्षात्कार, लेख, संस्मरण प्रकाशित हुए है। साहित्य व शिक्षा के माध्यम से बच्चों के सर्वागीण विकास हेतु निरन्तर प्रयत्न शील रहती है।

आयुर्वेद विभाग अंतर्गत विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु आवेदकों की सूची जारी

बीजापुर, 25 सितंबर। आयुर्वेद विभाग अंतर्गत चतुर्थ श्रेणी औषधालय सेवक, मसाजर, वार्ड ब्यॉय, रसोईया, किचन सर्वेन्ट एवं चौकीदार के रिक्त पदों की सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था जिसके अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का अवलोकन पश्चात दावा आपत्ति किए जाने हेतु समिति द्वारा अनुमोदित सूची का प्रकाशन किया गया है। सूची जिले के वेबसाईट पर एवं जिला कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है। जिसका अवलोकन कर यदि किसी आवेदक/अभ्यर्थी को सूची में दर्शित प्रविष्टियों के संबंध में किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो वह पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से 03 अक्टूबर 2023 तक सायं 5:30 बजे तक जिला आयुर्वेद कार्यालय बीजापुर में अपना आवेदन आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। कोरियर अथवा अन्य किसी माध्यम से दावा आपत्ति मान्य नहीं किया जाएगा। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

ग्रामीणों ने अन्नदान कर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में बढ़चढ़कर लिया हिस्सा

भानुप्रतापपुर, 25 सितंबर (देशबन्धु)। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत आज शासकीय हाई स्कूल परवी एवं प्राथमिक शाला परवी के बच्चों ने पूरे गांव का भ्रमण करते हुए कलश यात्रा निकाली कलश में ग्रामीण जनों से अन्नदान लिया,साथ ही साथ स्कूल प्रांगन में समस्त टीचर स्टाफ एवं बच्चों के द्वारा दीपक जलाकर भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने हेतु शपथ लिए,बच्चों के द्वारा पौधा रोपण किया गया,संस्था के प्राचार्य श्री शोभि राम कचलाम के द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जीवनी पर प्रकाश डाला गया,बच्चों के द्वारा शाला प्रांगण में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व पौधा रोपण करते हुए रंगोली बनाया गया, आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के प्राचार्य शोभी राम कचलाम एस.एस.गायकवाड़, गोविंद साहू,अनिल भगाड़े, योगिता यादव, ईश्वरी समरथ, माधुरी वर्मा,प्रीतम सिंह भलेंद्र, राजेश चतुर्वेदी, कश्यप सर,एवं समस्त ग्रामीण जन लीलेश्वरी दुग्गा,सुमित्रा मण्डावी, इंद्रमणि रजक,जगतप्रसाद पांडेय,सुनो तीन मण्डावी,कलेश्वरी मण्डावी, सरोज बाई, पूर्णिमा नेताम आदि उपस्थित हुए।

बीजापुर के अति संवेदनशील क्षेत्रों के बच्चे जुड़ गए है शिक्षा के मुख्यधारा से

बीजापुर, 25 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में चारों विकासखंड मुख्यालय में 14 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय एवं 23 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय संचालित किया जा रहा है। जिनमें अंग्रेजी माध्यम के 2524 एवं 8384 हिन्दी माध्यम कुल 10908 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहें है। स्वामी आत्मानंद स्कूलों में उन्नत किस्म के क्लास रुम, डिजीटल क्लास रुम, लैब लाईब्रेरी सहित आकर्षक माहौल तैयार किया जा रहा है। जिसमें बच्चों के सर्वागीण विकास में सहायता मिल रही है। सलवा जुडूम अभियान और नक्सली दहशत के चलते अंदरुनी व अतिसंवेदनशील क्षेत्र के 16 साल पहले बंद स्कूलों में से 199 स्कूल खोलने में जिला प्रशासन को सफलता मिली है। 16 सालों से इन गांवों में शिक्षा की बुनियादि सुविधा नहीं होने से हजारों बच्चे शिक्षा के अधिकार से वंचित थे जिनके हाथों में अब कापी-कलम और किताब आ जाने से उन्हें अशिक्षा के अंधकार से आजादी मिलने की राह आसान हो गयी है। ये गांव बीजापुर के अतिसंवेदनशील दुर्गम व पहुंच विहीन ईलाकों में शामिल है जहां 16 सालों बाद शिक्षा की बुनियाद फिर से रख पाना आसान नही था लेकिन शासन और जिला प्रशासन के सकारात्मक पहल व ग्रामीणों की सहभागिता ने इसे आसान बनाने मे महती भूमिका निभाई। बीजापुर, भैरमगढ़, उसूर व भोपालपटनम के धुर नक्सल प्रभावित गांव पेद्दाजोजेर, कमकानार, बुरजी, मल्लूर,पालनार, पुसनार, चोखनपाल, मेटापाल, मर्रीवाड़ा, गुज्जाकोंटा,सेन्ड्रा, पिल्लूर, मल्लेमपेंटा, उड़तामल्ला, पालागुडा, पुलादी, मडकापाल, कुंगलेर, वायनार जैसे अतिसंवेदनशील व पहुंचविहीन गांव मे 16 साल बाद फिर से खोले गये है जिनमें 7122 बच्चे शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़े। इन गांवों में छ.ग. सरकार और जिला प्रशासन की मदद से गांवों के युवा बेरोजगार को ज्ञान-दूत के रुप में निश्चित मानदेय पर ग्राम पंचायत के प्रस्ताव पर नियुक्त किया गया है जिनके माध्यम से इन ईलाकों में शिक्षा की रोशनी बच्चों के भविष्य को रोशन करेगी। बीजापुर जिले अंतर्गत सत्र 2019-20 में 51 नक्सल प्रभाव से बंद स्कूलों को खोला गया है जिसमें 12वीं उत्तीर्ण शिक्षादूतों के माध्यम से स्कूलों का संचालन किया जा रहा है जिन्हें प्रतिमाह 10 हजार मानदेय राशि प्रदाय किया जाता है वर्ष 2021-22 नक्सल प्रभाव से बंद 111 स्कूलों को खोला गया है एवं वर्ष 2022-23 में 37 स्कूल खोले गये है। वर्तमान में खोले गये स्कूलों में दर्ज संख्या 7122 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत है। जिले में शिक्षा को प्रभावी ढंग से मजबूत करने डिजिटल क्लास रुम एवं 100 से अधिक प्राथमिक शालाओं में टीवी के माध्यम से भी बच्चों को रोचक ढंग से शिक्षा सुलभ कराया जा रहा है।

- 16 साल बाद बंद स्कूलों के पुन: संचालन से हजारों बच्चे को मिल रहा है शिक्षा का लाभ
- आत्मानंद हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में बेहतर भविष्य गढ़ रहे है जिले के विद्यार्थी

श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा के अध्यक्ष तीसरी बार बने संजय राय

नारायणपुर, 25 सितंबर। श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा बंग समाज डी एन के कॉलोनी नारायणपुर के वर्ष 2023के नवीन कार्यकारिणी मनोनीत किया गया श्री संजय राय जी अध्यक्ष श्री कार्तिक नंदी, कार्तिक कर्मकार उपाध्यक्ष,श्री नितेश गोस्वामी सचिव, श्री दीजेंद्र मंडल सह सचिव, श्री जयदेव मल्लिक कोषाध्यक्ष, कार्यकारिणी अध्यक्ष श्री अमित भद्र, संरक्षक श्री विपुल सरकार, गोविन्द शाहा,सोनातन भद्र, जीवन शील, शंकर शील, सुबोध बेनर्जी, संजय नंदी,निर्मल मंडल, कृष्ण पद देवनाथ, बप्पा डे, अशोक कर्मकार, संचालक श्री नरेन्द्र मल्लिक, अभिषेक बेनर्जी,आशु मित्रा मृदुल साह अजय राय सुजीत मल्लिक निताई भद्रा मिथुन नंदी एवं अन्य पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया साथ ही साथ बैठक में मां दुर्गा जी के पूजा अर्चना शांति पूर्ण एवं भाईचारे से आयोजन हेतु वरिष्ठ संरक्षक श्री विपुल सरकार द्वारा विशेष ध्यान देने की जोर दिया गया साथ ही अध्यक्ष महोदय श्री संजय राय जी द्वारा पूजा को शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न करने हेतु सभी वरिष्ठ से आशीर्वाद व सभी युवा साथियों से पूर्ण रूप से सहयोग प्रदान करने लिए आग्रह किया अंत में संजय राय के अनुमति से श्री दीजेंद्र मंडल द्वारा दुर्गा पूजा 2023 धूमधाम से मनाने हेतु सभी बंग समाज का आभार व्यक्त किया गया।

कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

तूफानी बारिश में आधी रात को एक आदमी पिज्जा लेने गया।
पिज्जावाला- आप शादीशुदा हो?
आदमी- ऐसे तूफान और बारिश में कौन मां अपने बेटे को पिज्जा लेने भेजेगा भाई।

संपादकीय

सड़क यातायात सुरक्षित हो

छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा सड़क यातायात सम्बन्धी कराये गये एक सर्वे के अनुसार प्रदेश की सड़कों पर चलना या वाहन चलाना बेहद खतरनाक है। बड़ी संख्या में यहां दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें सैकड़ों की मौत होती है तथा बड़ी संख्या में लोगों को शारीरिक व माली नुकसान होता है। प्रदेश भर में अनेक ऐसी जगहें हैं जहां हमेशा हादसे होते हैं। ऐसे स्थान, जिन्हें ब्लैक स्पॉट कहा जाता है, बढ़ते ही जा रहे हैं। राज्य के 33 शहरों में कराये गये सर्वे ने जो आंकड़े दिये हैं, वे चौंकाने वाले तो नहीं हैं लेकिन सरकार और पुलिस प्रशासन को गंभीरतापूर्वक सोचना होगा कि इसके कारण क्या हैं। अलग-अलग दुर्घटनाओं की भिन्न-भिन्न वजहें हो सकती हैं परन्तु उन कारणों को दूर कर सड़क यातायात को सुरक्षित बनाये जाने की आवश्यकता स्पष्ट महसूस की जाती है। उम्मीद है कि पुलिस विभाग कोई कार्य योजना तैयार कर उसे लागू करेगा ताकि लोगों की मौतें न हों या वे विकलांग न हो जायें। दुखद तो यह है कि सड़क हादसों में रायपुर शीर्ष पर है जिसे कसके से सर्वाधिक सुरक्षित बनना चाहिये ताकि राज्य की प्रतिष्ठा बढ़े और अन्य शहरों के समक्ष उदाहरण प्रस्तुत हो। हो सकता है कि राजधानी होने के कारण रायपुर की सड़कों पर दौड़ने वाले वाहनों का दबाव सबसे ज्यादा है। हालांकि यह भी सही है कि नियम भंग की सबसे अधिक कार्रवाइयां इसी शहर में हुई हैं।

बेहद विस्तार से किये गये इस सर्वे में सड़क दुर्घटनाओं का विस्तार से अध्ययन हुआ है। उसके अनुसार पिछले आठ माह में भी हजार से ज्यादा सड़क हादसे हुए हैं जिनमें 41 से अधिक मौतें हुई हैं। इनमें घुवाओं की तादाद सबसे ज्यादा है। वे हादसे सभी तरह के वाहनों से हुए हैं पर दोपहियों एवं कारों से होने वाले सबसे अधिक हैं। रायपुर के बाद जिन शहरों में सबसे अधिक हादसे हुए हैं, वे हैं- बिलासपुर, दुर्ग, रायगढ़, कोरबा, बलौदाबाजार, राजनांदगांव, जगदलपुर, जांजगीर-चाम्पा एवं महासमुंद। नारायणपुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, मोहला, मानपुर, बीजापुर, गौरेला-पेंड्र-मरवाही, सक्ती, साजगढ़-बिलाईगढ़, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी सर्वाधिक सुरक्षित जिले हैं। सर्वे में 118 ऐसे स्थल चिह्नित किये गये हैं जहां बहुत दुर्घटनाएं होती हैं। इनकी संख्या 14 थी। यहां भी रायपुर शीर्ष पर है। पहले यहां केवल 7 ब्लैक स्पॉट थे जो अब 24 हो गये हैं।

यातायात पुलिस को चाहिये कि इस सर्वे के आंकड़ों के आधार पर अवुद्धत्त उपाय करे। जिन सड़कों, चौक-चौराहों को सड़क यातायात की दृष्टि से सुरक्षित करना हो, वहां हर सम्भव उपाय किये जाएं। दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण लोगों द्वारा अपनाई जाने वाली लापरवाही है, नागरिकों को चाहिये कि वे चाहें वाहन चला रहे हों या फिर पैदल हों, स्वयं भी सावधान रहें। वाहन नियंत्रित गति एवं सतर्कतापूर्वक चलाएं। ओवरटेक, तेज गति चालन आदि से बचना चाहिये। नागरिक प्रशिक्षण भी ज़रूरी है।

भाजपा की परिवर्तन यात्रा आज पहुंचेगी रायपुर

- चार विधानसभा क्षेत्रों में घूमेगा रथ
- 70 से अधिक स्थानों में होगा स्वागत

रायपुर, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा की परिवर्तन यात्रा 26 सितंबर को राजधानी रायपुर पहुंचेगी।रायपुर पहुंचते ही रथ यात्रा चारों विधानसभा क्षेत्रों में घूमेगी।भाजपा ने इसको लेकर रोड मैप जारी किया है।रायपुर में परिवर्तन यात्रा की जिम्मेदारी पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल और राजेश मूणत को सौंपी गई है। परिवर्तन यात्रा 12 सितंबर को दंतेवाड़ा से शुरू हुई थी।रथ अब तक 1200 किलोमीटर की यात्रा तय कर चुकी है।

परिवर्तन यात्रा 26 सितंबर दोपहर 2 बजे राबाभाठा स्थित मां बंजारी माता मंदिर में प्रवेश करेगी। भाजपा युवा मोर्चा की बाइक रैली भी यात्रा में शामिल होगी। 148 किलोमीटर सफर के बाद जयस्तंभ यात्रा पहुंचेगी। भाजपा नेता और कार्यकर्ता जयस्तंभ के पास शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। परिवर्तन यात्रा का 70 से अधिक स्थानों में मंच स्वागत होगा। पूरे शहर को भगवा झंडे से सजाया जाएगा।

भाजपा की परिवर्तन यात्रा का रोड मैप

रायपुर ग्रामीण में बंजारी माता मंदिर से प्रारंभ होकर व्यास तालाब से बुधवारी बाजार होते हुए अरला चौक, सरोरा होते हुए रिंग रोड नंबर 2 पहुंचेगी।वहां से परिवर्तन यात्रा भनपुरी चौक पहुंचेगी। भनपुरी में सांस्कृतिक पूजा, ढोल ड्ढ बाजे-गाजे के साथ भव्य स्वागत किया जाएगा।भनपुरी चौक से पाटीदार भवन होते हुए यात्रा रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के वीर शिवा जी वार्ड खमतराई में यात्रा प्रवेश करेगी।पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में करीब 20 से अधिक स्थानों पर स्वागत मंच बने हैं। जगह-जगह पुष्प वर्षा, आतिशबाजी, विशाल जन समूह के द्वारा की जाएगी।परिवर्तन यात्रा दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के सुंदर नगर में प्रवेश करेगी। जहां से लाखेनगर, पुरानी बस्ती, कंकाली पारा, सदर बाजार, सिटी कोतवाली कालीबाड़ी सिद्धार्थ चौक, टैगोर नगर होते हुए रायपुर ग्रामीण विधानसभा होते हुए उत्तर विधानसभा में प्रवेश कर फाफाडीह, एमजी रोड, शारदा चौक, जय स्तंभ चौक पर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि कार्यक्रम के बाद समापत होगी।

चार दिन में प्रदेश की छह लोकसभा व 36 विधानसभा को साधेंगे मोदी

विधानसभा चुनाव 2023 व लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहली प्राथमिकता में छत्तीसगढ़ है। यही वजह है कि वह तीन महीने के भीतर लगातार तीसरी-चौथी बार क्रमशः बिलासपुर और बस्तर प्रवास पर आ रहे हैं। इसके पूर्व वे रायपुर और रायगढ़ में चुनावी सभा ले चुके हैं।

प्रधानमंत्री 30 सितंबर को बिलासपुर संभाग की चार लोकसभा और 24 विधानसभा सीटों को साधेंगे। इसी तरह तीन अक्टूबर को बस्तर में दो लोकसभा और 12 विधानसभा सीटों पर आदिवासियों के बीच भाजपा की पैठ मजबूत करेंगे। दोनों दौरों में प्रधानमंत्री की छह लोकसभा और 36 विधानसभा क्षेत्रों को साधने की कोशिश होगी।

भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह के बहाने प्रधानमंत्री प्रदेश के सबसे बड़े बिलासपुर संभाग के आठ जिलों के अंतर्गत 24 विधानसभा को साधेंगे।वर्तमान में यहां 13 सीटों पर कांग्रेस के विधायक हैं। सात सीटें भाजपा के पास, दो छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस (जे) और दो सीटें बहुजन समाज पार्टी के पास हैं। यानी भाजपा का जनाधार यहां कम है।



- 3 सितंबर को बिलासपुर, तीन अक्टूबर को बस्तर में चुनावी सभा

इसी तरह लोकसभा सीट के हिसाब से देखें तो बिलासपुर संभाग में छत्तीसगढ़ के 11 लोकसभा सीट में से चार लोकसभा सीटें केवल बिलासपुर संभाग में हैं। इनमें से तीन पर भाजपा का कब्जा और एक सीट कांग्रेस के खाते में है। बिलासपुर लोकसभा सीट में भाजपा सांसद अरुण साव हैं, जो कि वर्तमान में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हैं।

कोरबा लोकसभा सीट में कांग्रेस सांसद ज्योत्सना महंत, रायगढ़ लोकसभा सीट में भाजपा सांसद गोमती साय और जांजगीर-चांपा में भाजपा सांसद गुहाराम अजगले हैं। इसके अलावा इसी संभाग के जांजगीर-चांपा से विधायक नारायण चंदेल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। इसके पहले जून में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी बिलासपुर में बड़ी सभा कर चुके हैं।

बस्तर में पिछले चुनाव में कांग्रेस ने लगाई थी सेंध

पिछले लोकसभा चुनाव में बस्तर में कांग्रेस ने सेंध लगाई थी। बस्तर की सीट पर भाजपा लगातार छह बार चुनाव जीतती रही है। मगर लोकसभा चुनाव 2019 में यहां कांग्रेस के प्रत्याशी दीपक बैज सांसद बने। बैज अभी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हैं। बस्तर संभाग की कांकेर लोकसभा सीट पर भाजपा सांसद मोहन मंडावी हैं। बाकी बस्तर संभाग के अंतर्गत आने वाली सभी 12 विधानसभा सीटें कांग्रेस के पास हैं। यही वजह है कि यहां अब तक गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सभाएं ले चुके हैं। अब प्रधानमंत्री मोदी आ रहे हैं।

रायपुर ग्रामीण युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद से निष्कासित

रायपुर, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश युवा कांग्रेस संगठन ने रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष सजल चंद्राकर को पद से हटा दिया है। संगठन ने ये कार्रवाई सजल के दो कथित ऑडियो वायरल होने के बाद की है।

- कथित ऑडियो वायरल होने के बाद कार्रवाई

दरअसल, कथित ऑडियो में एक युवक ने सजल चंद्राकर को आयुष्मान भव- होने का आशीर्वाद दिया था। लेकिन इससे सजल इतने आहत हो गए कि युवक के साथ गाली गलौज पर उतर आए। आरोप है कि सजल ने युवक के धर्म और एक समाज के धर्म गुरु को लेकर भी टिप्पणी की थी। कथित ऑडियो सामने आने के बाद युवा कांग्रेस ने निष्कासन का आदेश जारी किया है। इसी को संज्ञान में लेकर प्रदेश युवा कांग्रेस संगठन ने सजल चंद्राकर को पद से निष्कासित कर दिया है।

नागभूषण राव को दूसरी नोटिस जारी

रायपुर, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस ने अनुशासन तोड़ने वालों पर सख्ती बरतना शुरू कर दिया है, पार्षद नागभूषण राव ने एक नोटिस का जवाब अनुशासन समिति को भेजा तो दूसरी नोटिस उन्हे तामिल कर दी गई। जिसमें कुछ अन्य कारण बताये गए हैं, यदि अनुशासन समिति पार्षद राव के जवाब से संतुष्ट नहीं होती है तो पार्टी कार्रवाई भी कर सकती है।

संभव है एक चेतावनी नोटिस के साथ खेद प्रकट भी करवाया जा सकता है इसलिए कि तीन बार के पार्षद हैं और रायपुर ग्रामीण सीट पर कहीं न कहीं चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं। बता दें कि राव को प्रदेश के वरिष्ठतम विधायक सत्यनारायण शर्मा के खिलाफ बयानबाजी के लिए पहली नोटिस दी गई थी। राव ने उसका जवाब दे दिया है।

आयुष्मान भारत योजना में प्रदेश को मिले तीन पुरस्कार

रायपुर, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। आयुष्मान भारत योजना के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ को तीन पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। बड़े राज्यों की श्रेणी में छत्तीसगढ़ को योजना के तहत सेवाएं प्रदान करने में लैंगिक समानता, राज्य को आबंटित राशि के शत-प्रतिशत उपयोग और राज्य के 90 प्रतिशत से अधिक परिवारों में कम से कम एक आयुष्मान कार्ड के लिए पुरस्कृत किया गया है। संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं एवं स्टेट नोडल एजेंसी के सीईओ जयप्रकाश मौर्य ने आज नई दिल्ली में आयोजित आरोग्य मंथन

कार्यक्रम में प्रदेश की ओर से ये पुरस्कार ग्रहण किए। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री एस.पी. सिंह बघेल ने कार्यक्रम में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्यों को सम्मानित किया। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत मरीजों को डिजिटल कार्ड के द्वारा सुविधा और डिजिटल हेल्थ रिकार्ड के लिए एम्स रायपुर को भी कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। डिजिटल हेल्थ मिशन के अंतर्गत आभा आईडी का उपयोग किया जा रहा है। जिससे मरीजों को ओपीडी में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में सुविधा हो रही है। नई दिल्ली में आयोजित आरोग्य मंथन-2023 कार्यक्रम में स्टेट नोडल एजेंसी के उप संचालक डॉ. खेमराज सोनवानी और एजेंसी के अधिकारियों के साथ एम्स रायपुर के डीन डॉ. ए.सी. अग्रवाल एवं वरिष्ठ चिकित्सक भी उपस्थित थे।

किसान नेता टिकैत ने थपथपाई भूपेश सरकार की पीठ

रायपुर, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। किसान नेता राकेश टिकैत सोमवार को छत्तीसगढ़ दौरे में रायपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने बताया कि किसानों के मुद्दे पर बात करने रायपुर पहुंचे हैं। वहीं उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला और छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार की तारीफ की।

टिकैत ने कहा कि नवा रायपुर में किसानों की समस्याओं को लेकर वह मीटिंग करने आए हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारत सरकार की पॉलिसी ठीक होगी तो पूरे देश के

किसान खुश रहेंगे। अनाज के लिए एमएसपी गारंटी कानून लागू होगा तो पूरे देश का बिकेगा। जब दिल्ली ही ठीक नहीं है तो जगदलपुर का किसान कैसे ठीक रहेगा, केंद्र से ठीक होता है सभी।

किसान नेता ने कहा कि छत्तीसगढ़ में किसानों को अच्छा बोनस मिल रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार किसानों को लगातार बोनस दे रही है। एमएसपी से ज्यादा रेट मिल जाएगा तो और अच्छा है। हम उसका धन्यवाद देंगे। टिकैत ने कहा कि चुनाव में अगर कहीं मिल जाता है तो क्या दिक्कत है। चुनाव आ रहा है चुनाव में ही दे दें। जब मिले तभी ठीक है।

मुख्यमंत्री आवास योजना पर सरोज का तंज

फैंसी ड्रेस स्पर्धा में भाग लेने वाले नेता को बुलाकर कराई शुरुआत

रायपुर, 25 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व सांसद डॉ. सरोज पाण्डेय ने सोमवार को यहाँ एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री आवास योजना के नाम पर छत्तीसगढ़ में एक नई सियासी ड्रामेबाजी करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस और प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला। डॉ. पाण्डेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के 16 लाख से ज्यादा लोगों को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आवास नहीं दिया और प्रदेश की गरीब जनता के साथ विश्वासघात किया। इस योजना के नाम पर होने जा रहे सम्मेलन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी फिर से झूठ बांटने आ रहे हैं। इस योजना के नाम पर आज राहुल गांधी छत्तीसगढ़ की जनता को झूठ बाँटने आए हैं, क्योंकि सच तो वह है, जो आज के उपमुख्यमंत्री और तत्कालीन पंचायत मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने अपने पद से इस्तीफा देते हुए पत्र लिखकर मुख्यमंत्री बघेल को दोषी ठहराया था।

भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व सांसद डॉ. पाण्डेय ने सिंहदेव के उस पत्र का हवाला दिया, जिसमें सिंहदेव ने 16 जुलाई 2022 को मुख्यमंत्री बघेल को लिखा था कि ' प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश के आवासविहीन लोगों को आवास बनाकर दिया जाना था। जिसके लिए मैंने कई बार आपसे चर्चा कर राशि आवंटन का अनुरोध किया था। किंतु इस योजना में राशि उपलब्ध नहीं की जा सकी। फलस्वरूप प्रदेश के लगभग 8 लाख लोगों के लिए आवास नहीं बनाए जा सके। इसके अतिरिक्त 8 लाख घर बनाने में करीब 10 हजार करोड़ रुपए प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सहायक होते।

हमारे जन घोषणा पत्र में छत्तीसगढ़ के 36 लक्ष्य अंतर्गत ग्रामीण आवास का अधिकार प्रमुख रूप से उल्लेखित है। विचारणीय है कि प्रदेश में वर्तमान सरकार के कार्यकाल में बेघर लोगों के लिए एक भी आवास नहीं बनाया जा सका और योजना की प्रगति निरंक रही। मुझे दुख है, इस योजना का लाभ प्रदेश के आवासविहीन लोगों को नहीं मिल सका। अतः में अपने पद से त्यागपत्र देता हूं।' डॉ. पाण्डेय ने कहा कि यह भाजपा का नहीं, बल्कि कांग्रेस सरकार के मंत्री का अपनी ही सरकार पर स्पष्ट आरोप है। क्या यह पत्र राहुल गांधी ने पढ़ा है? और, अगर नहीं पढ़ा है तो पहले उन्हें छत्तीसगढ़ की जनता से माफी मांगते हुए अपने मंत्री के प्रश्न का उत्तर देना चाहिए।

राजधानी की खस्ताहाल और धूल भरी सड़कों पर भड़के कलेक्टर

रायपुर, 25 सितंबर (देशबन्धु)। शहर की जर्जर सड़कों और वार्डों में व्याप्त गंदगी को लेकर कलेक्टर डा. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने नाराजगी जताते हुए नगर निगम के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी और जोन कमिश्नरों को सख्त निर्देश दिए हैं।कलेक्टर ने जर्जर सड़कों की मरम्मत का कार्य एक सप्ताह के भीतर 30 सितंबर तक पूरा करने तथा लोगों से जुड़े कार्यों के लिए जोन कमिश्नर को सुबह वार्डों में भ्रमण करने के निर्देश दिए हैं, ताकि समस्या का समाधान हो सके।

कलेक्टर ने कहा है कि सभी जोन कमिश्नर संबंधित वार्डों की सड़कों का स्वयं निरीक्षण करें। गणेश विसर्जन के समय जिन-जिन रास्तों से झांकियां निकलेंगी, उन रास्तों का अनिवार्य रूप से सुधार करें। शहर की साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखें और प्रतिदिन व्यवस्था की निगरानी करें। चौक-चौराहे साफ-सुथरा रखें। पानी, कचरा इत्यादि का जमाव न होने दें। खराब स्ट्रीट लाइट की मरम्मत करें। राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत जल्द से जल्द पट्टा वितरण पूर्ण करें।

अब आनन-फानन में पेंच वर्क शुरू

निगम और स्मार्ट सिटी ने लगाया विशेष अमला- बारिश थमते ही नगर निगम और स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने अंडर ग्राउंड के बलिंग और पाइपलाइन बिछाने के दौरान हुए गड्ढों और टूटी सड़कों के रेस्टोरेशन का काम युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया है। निगम और स्मार्ट सिटी ने काम पूरा करने के लिए विशेष अमला लगाया है, जो देर रात तक काम में जुटा हुआ है। निगम कमिश्नर मयंक चतुर्वेदी ने अधिकारियों और अभियंताओं को तय समय सीमा के भीतर रेस्टोरेशन के सभी काम गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए हैं, ताकि गणेश विसर्जन और अन्य पर्व के दौरान लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े।

रेस्टोरेशन का कार्य करने के साथ सीसी, डामरीकरण और पैच वर्क भी जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। स्मार्ट सिटी के अधिकारियों का कहना है कि लगातार बारिश की वजह से कार्य बाधित हो रहा था। उनका दावा है कि टास्क फोर्स द्वारा महिला थाना चौक क्षेत्र में 90 प्रतिशत, मालवीय रोड में 80 प्रतिशत, सदर बाजार में 70 प्रतिशत एवं लाखे नगर मार्ग में 60 प्रतिशत रेस्टोरेशन का काम पूरा कर लिया गया है। रेस्टोरेशन कार्य आवश्यकतानुसार कंक्रीट और डामर से किया जा रहा है। इन सड़कों के अलावा चौक-चौराहों के गड्ढों को भरने का काम भी टीम कर रही है। चौराहों के रेस्टोरेशन के भी 90 प्रतिशत कार्य पूरे किए जा चुके हैं।

प्रदेश में स्कूल-कॉलेजों को मिलेगी 64 दिनों की छुट्टी !

रायपुर, 25 सितंबर (देशबन्धु)। लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ ने दशहरा, दीपावली, शीतकालीन अवकाश व ग्रीष्मावकालीन अवकाश के लिए 64 दिनों की छुट्टी की प्रस्ताव स्कूल शिक्षा विभाग को भेजा गया है। ये छुट्टी 16 जून 2023 से लेकर 30 अप्रैल 2024 तक दिया जा सकता है।

- अवकाशों के लिए भेजा गया प्रस्ताव

गोदाम चिन्हांकित होंगे, एटीएम से ज्यादा राशि निकासी पर रहेगी नजर

रायपुर, 25 सितंबर (देशबन्धु)। पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से आगामी विधानसभा निर्वाचन कराने के लिए आज कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। आगामी विधानसभा निर्वाचन के दौरान अवैध रूप से पैसा और अन्य सामग्रियों के वितरण पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए अधिकारियों ने कार्य योजना पर गहन विचार-विमर्श किया। कलेक्टर डॉ. भुरे ने सभी अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी दिशा निर्देशों की जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के सभी छोटे-बड़े गोदामों को चिन्हांकित कर उनकी लिस्ट तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए, ताकि अवैध रूप से बड़ी संख्या में वितरण सामग्री के भण्डारण पर लगाम लगाई जा सके। कलेक्टर ने निर्वाचन के दौरान किसी भी इलाके की एटीएम मशीनों से अचानक ज्यादा राशि निकलना रिपोर्ट होने पर भी नजर रखने के निर्देश बैंक अधिकारियों को दिए। उन्होंने रायपुर एयरपोर्ट पर निर्वाचन अवधि के दौरान आने वाले लोगों की रेंडम जांच करने की व्यवस्था और मानक योजना बनाने को कहा। इस बैठक में एसएसपी श्री प्रशांत अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी, उप निर्वाचन अधिकारी श्री गजेन्द्र ठाकुर सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारी, सीआईएसएफ, जीएसटी, रेलवे, पुलिस, आबकारी, एयरपोर्ट प्रबंधन, रेल सुरक्षा आदि विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि निर्वाचन के दौरान बैंक खातों से संदिग्ध लेन-देन, किसी खाते से अचानक बड़ी रकम की जमा एवं निकासी आदि पता चलने पर तत्काल जिला निर्वाचन अधिकारी और आयकर विभाग के अधिकारियों को सूचित किया जाए। उन्होंने बैंको की कैश कैरियर वाहनों को भी निर्धारित मापदण्डों और सुरक्षा के साथ संचालित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि विशेषकर निजी और व्यवसायिक बैंकों के कैश कैरियर वाहन बैंकों द्वारा दी गई राशि का ही परिवहन करें। राशि का पूरा हिसाब रखें। उन्होंने कहा कि आकस्मिक निरीक्षण के दौरान किसी भी तरह की अनियमितता पाई जाने पर बैंक प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जनचौपाल में विधवा पेंशन व पाठशाला में अहाता निर्माण के लिए आवेदन

- जनचौपाल में आए 60 आवेदन
- कलेक्टर ने अधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई करने के दिए निर्देश

रायपुर, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज जन चौपाल के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। जनचौपाल में आज 60 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें नागरिको ने अपनी मांग एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने आमजनों से प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

आज जन चौपाल में अभनपुर तहसील के ग्राम नवागांव निवासी संतोष कुमार साहू ने अपनी पैतृक भूमि का पट्टा दिलाने के लिए कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया। जिसपर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को आवेदन पर उचित कार्यवाही करने निर्देशित किया। इसी तरह पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड निवासी अब्दुल सलीम ने नया बिजली खंभा लगाने आवेदन दिया। उन्होंने कलेक्टर को बताया की उनके मकान के पास विद्युत पोल लगा हुआ है। जो पुराना हो जाने के कारण काफी जर्जर हो चुका है। साथ ही खंभे में लगी लाइट भी सही से काम नहीं कर रही। इसी प्रकार कुशालपुर निवासी विजय सोना ने जोन 5 के खो-खो तालाब में खंभों पर लाइट लगवाने आवेदन दिया। जिसपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समस्या का निवारण करने निर्देशित किया।

जन चौपाल में वार्ड 64 कैलाशपुरी महामाया वार्ड निवासी रंजिता ने विधवा पेंशन राशि दिलाने, ग्राम पंचायत कुर्रा के सरपंच रविशंकर वर्मा ने गांव के प्राथमिक शाला भवन का जीर्णोद्धार कराने और शाला के खेल ग्राउंड की अपूर्ण अहाता को पूर्ण कराने, ग्राम मोहगांव निवासी गेंदेश्वर वर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम खपरी के हितग्राहियों ने आवास योजना में जियो टैग में नाम प्रदर्शित नहीं होने की समस्या कलेक्टर को बताई। साथ ही अन्य लोगों ने भी अपनी मांग और समस्याओं से संबंधीत आवेदन प्रस्तुत किये। उल्लेखनीय है कि आम नागरिकों की समस्याओं को जानने और उनका यथासंभव समाधान करने के लिए प्रत्येक सोमवार को सुबह 10:30 से दोपहर 1:30 बजे तक कलेक्टर सभाकक्ष में जनचौपाल का आयोजन किया जाता है।

संभागायुक्त पहुंचे मतदान केन्द्र

रायपुर, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान केंद्रो पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और पूरी सुरक्षा से मताधिकार का प्रयोग करना सुनिश्चित करने के लिए आज संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग ने रायपुर शहर के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। संभागायुक्त माधव राव सप्रे उत्कृष्ट विद्यालय और जे.आर. दानी कन्या विद्यालय में बने मतदान केन्द्रों पर पहुंचे। डॉ. अलंग ने इन मतदान केन्द्रों में फर्नीचर, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, दिव्यांग मतदाताओं हेतु रैम्प, शौचालय आदि मूलभूत व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने मतदाताओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भी केंद्रों पर जरूरी इंतजाम करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सर्वेश्वर भुरे भी साथ रहे। संभागायुक्त ने मतदान केंद्रों में 100 मीटर की परिधि के भीतर मतदाता सहायता केंद्र बनाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने उपस्थित बीएलओ से मतदान केंद्रवार मतदाताओं की संख्या भी पूछी। डॉ. अलंग ने दिव्यांग मतदाताओं की पहचान कर उन्हें मतदान केंद्र तक लाने की सुविधा भी देने को कहा। उन्होंने दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए मतदान केंद्रों में व्हील चेयर, छड़ी आदि की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

- पानी,विद्युत व्यवस्था, रैम्प, शौचालय आदि की देखी व्यवस्थाएं
- डॉ. अलंग ने कलेक्टर संग किया रायपुर शहर के मतदान केंद्रों का निरीक्षण

संभागायुक्त ने जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों में मतदान से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। डॉ. अलंग ने सप्रे शाला और जे.आर. दानी कन्या विद्यालय के मतदान केंद्रों में शारीरिक नि:शक्तों के लिए बनाये गये रैम्प पर प्रसन्नता जाहिर की। संभागायुक्त ने इस दौरान मौजूद लोगों-मतदाताओं से चर्चा कर मतदान के अधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. अलंग ने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था एवं पुलिस बल तैनाती को लेकर भी अधिकारियों से जानकारी ली।

जीत का दावा करने वाले राहुल गांधी मुंगेरीलाल के हसीन सपने देखना बंद करें : सिद्धार्थनाथ सिंह

रायपुर, 25 सितंबर। भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ के केंद्रीय मीडिया प्रभारी और प्रयागराज (उप्र) के विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को ऊहापोह से ग्रस्त बताते हुए कहा है कि आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की जीत को लेकर राहुल गांधी को मुंगेरीलाल की तरह हसीन सपने आने लगे हैं। श्री सिंह ने कहा कि राहुल गांधी हकीकत को स्वीकार कर यह मान लें कि कांग्रेस शासित राज्यों में जबर्दस्त परिवर्तन लहर बह रही है। भाजपा के छत्तीसगढ़ के केंद्रीय मीडिया प्रभारी और प्रयागराज से विधायक श्री सिंह ने कहा कि राहुल गांधी की देह-भाषा (बॉडी लैंग्वेज) और शब्दों का चयन बताते हैं कि कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व तक राजनीतिक दिशाहीनता और संशय का शिकार है! राहुल गांधी कह रहे हैं कि च्प्रॉबबली (संभवत:)ज्, च्मे बी (हो सकता है)ज्, च्सरटनली (निश्चित रूप से)ज्, तो उनको खुद में ही विश्वास नहीं है कि कांग्रेस चुनाव जीतने जा रही है, इसलिए इन शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। श्री सिंह ने कहा कि राहुल गांधी धरती पर उतरें, जनता से मिलें। जनता का जो हक कांग्रेस की राजस्थान सरकार ने मारा है, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के मुख्यमंत्री ने जो लूट की है और कांग्रेस का जो मध्यप्रदेश में कमलनाथ का कार्यकाल रहा है, उसे देखते हुए जनता कांग्रेस को फिर से सत्ता नहीं सौंपने वाली है, यही हकीकत है। इसलिए कांग्रेस की जीत को लेकर दुविधाग्रस्त राहुल गांधी मुंगेरी लाल के हसीन सपने देखना बंद करें।

रायपुर में 12 ज्योतिर्लिंग के साथ विराजे हैं भगवान गणेश

रायपुर, 25 सितंबर। राजधानी रायपुर में हर साल की तरह इस साल भी कई आकर्षक सजावटों के साथ भगवान गणेश विराजमान हुए हैं।चाहे वो चंद्रयान-3 के थीम पर बने पंडाल की बात हो, या लाल बाग के थीम पर बनी भगवान गणेश की मूर्तियों की। लेकिन इन सब के बीच राजधानी रायपुर के देवेंद्र नगर के एक गणेश पंडाल में इस बार 12 ज्योतिर्लिंग के साथ भगवान गणेश विराजमान हुए है।जिसे देखने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। फाफाडीह के गली नंबर-4 स्थित श्री सिद्धि विनायक गणेशोत्सव समिति ने इस बार इस थीम के साथ भगवान गणेश बैठाए है।समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि वे स्टेट बैंक कॉलोनी में पिछले 13 वर्षों से लगातार गणेश पंडाल अलग अलग थीम के साथ बना रहे है और ये 14 वां वर्ष है।.यही कारण है कि समिति ने इस बार कुछ हटकर करने की सोच के साथ 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन के साथ भगवान गणेश की भव्य प्रतिमा विराजित की है, जिसके देखने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंच रहे है।

पिछड़ा वर्ग के कल्याण व उत्थान के लिए कांग्रेस की सरकारों ने कुछ नहीं किया : मोतीलाल साहू

रायपुर, 25 सितंबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ भाजपा नेता मोतीलाल साहू एवं भाजपा ओबीसी के प्रदेश अध्यक्ष भरत वर्मा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा कांग्रेस की सरकार बनने पर जातिगत जनगणना कराए जाने के बयान पर तीखा पलटवार किया है। भाजपा नेता द्वय ने कहा कि कांग्रेस पांच साल तक छलती रही और जब चुनाव आया तो उन्हें पिछड़ा वर्ग की याद आने लगी। भाजपा नेता द्वय ने कहा कि कांग्रेस जातिगत जनगणना की बात इसलिए कह रही है ताकि वह ओबीसी वर्ग को फिर से गुमराह कर सके।

वरिष्ठ भाजपा नेता मोतीलाल साहू एवं भाजपा ओबीसी के प्रदेश अध्यक्ष भरत वर्मा ने कहा कि क्या कांग्रेस जाति की राजनीति में ही अपने लिए राजनीतिक मोक्ष तलाशने के लिए विवश हो चुकी है? 10 साल पहले तक जातिगत जनगणना और महिला आरक्षण में ओबीसी आरक्षण पर खुलकर विरोध करने वाली कांग्रेस आज जब जातिगत जनगणना के लिए इतनी व्याकुल हो रही है तो फिर कांग्रेस को पहले देश को यह बताना होगा कि जातिगत जनगणना के पीछे उसका उद्देश्य क्या है, क्योंकि ओबीसी वर्ग को आरक्षण देने में 50 साल तक कांग्रेस ने रोड़े अटकाए रखा है। वह तो जनता पार्टी की सरकार ने 77 में मंडल कमीशन का गठन किया, जिसकी सिफारिश भी कांग्रेस ने लागू नहीं होने दी। भाजपा नेता द्वय ने कहा कि राहुल गांधी भूल जाते हैं कि लंबे समय तक देश में शासन करने के बावजूद पिछड़ा वर्ग के कल्याण व उत्थान के लिए कांग्रेस की सरकारों ने कुछ नहीं किया।

पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की सरकार ने किया है और उन्हें संवैधानिक अधिकार भी प्रदान किया। देश को ओबीसी प्रधानमंत्री भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने दिया है। वरिष्ठ भाजपा नेता मोतीलाल साहू एवं भाजपा ओबीसी के प्रदेश अध्यक्ष भरत वर्मा ने कहा कि कांग्रेस का राजनीतिक चरित्र ही ऐसा रहा है कि वह सिर्फ ऐसे बिंदु तलाश करती है जिससे देश में विभेद उत्पन्न हो, क्योंकि पूरे देश में समाप्ति के कगार पर खड़ी कांग्रेस वेंटीलेटर पर साँसें गिनते अपने राजनीतिक वजूद के लिए कोई भी रास्ता इस्तेमाल करने से नहीं चूकना चाहती। भाजपा नेता द्वय ने कहा कि जैसे कांग्रेस पूरे देश में खत्म हो रही है, छत्तीसगढ़ में भी खत्म हो जाएगी क्योंकि एक तरफ उनके नेता जातिगत का जनगणना की बात करते हैं तो दूसरी तरफ उनके मुख्यमंत्री भूपेश इसी छत्तीसगढ़ में चांटीफाइवर डाटा आयोग की रिपोर्ट छिपाकर आरक्षण नहीं होने दे रहे हैं। एक ही मुद्दे पर एक ही दल के केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश सरकार के दोहरे नजरिए का इससे बड़ा शर्मनाक उदाहरण शायद ही कहीं और देखने को मिले। भाजपा नेता द्वय ने कहा कि यह कांग्रेस की राजनीतिक व वैचारिक दरिद्रता का परिचायक है।

केंद्र ने मना कर दिया तो भूपेश सरकार अपने दम पर आवास दे रही : दीपक

रायपुर, 25 सितंबर (देशबन्धु)। आवास न्याय योजना का विरोध भाजपा की गरीब विरोधी सोच को उजागर करता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के 7 लाख आवासहीनों को जबरिया रोक रखा है। उनको स्वीकृति नहीं दी जा रही थी, भाजपा की उसी गरीब विरोधी सोच के कारण भूपेश सरकार ने आवास न्याय योजना शुरू किया हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से बार-बार आग्रह किया कि छत्तीसगढ़ के लोगों के आवास की स्वीकृति दिया जाये लेकिन प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के लोगों की मांग को नही माना तब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने दम पर गरीबों के लिये योजना शुरू किया। इस योजना में 2011 की सर्वे सूची के अलावा 47000 नये लोगों को भी आर्थिक गणना करवा कर जोड़ा गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के हाथों आवास न्याय योजना की 1700 करोड़ की पहली किश्त 7 लाख आवासहीनों के खातों में पहुंच गयी। उन्होंने कहा कि अभी प्रधानमंत्री आवास योजना का आवंटन 2011 के सर्वे सूची के आधार पर हो रहा है 10 साल में होने वाले जनगणना के कार्यक्रम होते तो अब तक प्रदेश के कई गरीबों का नाम आर्थिक सर्वेक्षण सूची में जुड़ता और उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलता लेकिन भाजपा गरीब विरोधी है इसीलिए जनगणना नहीं करवाई है और गरीबों को आवास की योजना से वंचित रखा है। इसीलिये भूपेश सरकार ने आर्थिक गणना करवाया और 47000 से अधिक नये आवासहीनों को ओर जोड़ा गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि 7 लाख से अधिक गरीबों को मकान दिया गया तो भाजपा के पेट मे दर्द क्यो हो रहा है? भाजपा के 9 सांसदों ने पीएम आवास के शेष हितग्राहियों को आवास दिलाने में रुचि क्यो नही दिखाई? मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार में पौने 5 साल में ग्रामीण एवं शहरी मिलाकर 14 लाख 38 हजार 823 मकान स्वीकृत हुए।

कांग्रेस सरकार से परेशान जनता अब परिवर्तन चाहती है : साव

बलौदाबाजार, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा के परिवर्तन यात्रा के तहत बालौदाबाजार में आयोजित आमसभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पुल पुलिया, स्कूल, हॉस्पिटल नहीं बनवा रही हैं। बल्कि भौरा चला रहे, गेड़ी चढ़ रहे और चम्मच से बासी खाने का काम करते हैं। 16 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास से वंचित रखा है। बिजली बिल हाफकरूंगा बोला था क्या हुआ? अपने हाथों में गंगाजल लेकर कसम खाई थी क्या ये झूठी थी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साव ने कहा कि आज बिजली का बिल जब आता हैं तो उसे देखकर झटका लगता है। नवंबर में जब छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव होगा और जब आप वोट डालने मतदान केंद्र जाए तो कमल फूल पर बटन दबाकर ऐसा झटका देना की भूपेश बघेल अपनी कुर्सी से धड़ाम से गिर जाए। आपका बदला भी पूरा हो जाएगा और किसी को पता भी नहीं चलेगा। आज राहुल गांधी छत्तीसगढ़ आए है 2018 मे जब यहां आए थे तो बोले थे 200 प्रॉसेसिंग यूनिट लगाएंगे एक भी लग पाई क्या? छत्तीसगढ़ की जनता से वादा किया था उन वादों का क्या हुआ उसका जवाब देना होगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साव ने कहा कि आज खुलेआम अवैध शराब, सट्टा, का कारोबार चल रहा हैं इन्ही सभी की हटाने भारतीय जनता पार्टी ने परिवर्तन यात्रा निकाली है। छत्तीसगढ़ को इन सबसे बचाना है और छत्तीसगढ़ में खुश हाली हो, विकास हो, प्रगति हो माताएं बहनें बेटियां सुरक्षित रहें, युवाओं के सपने पूरे हो, हर गरीब को पक्का मकान मिले, हर घर नल हो इसके लिए छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आप सबको बनानी हैं।

ब्रोशर के अनुसार सुविधाएं नहीं, प्रमोटर्स व बिल्डर्स के खिलाफ शिकायत दर्ज

रायपुर, 25 सितंबर (देशबन्धु)। रहेजा रेसीडेंसी लाभांडी में रहने वाले लोगों ने प्रमोटर्स और बिल्डर्स के खिलाफ शिकायत दर्ज कर बताया था कि कॉलोनी में बहुत कमियां हैं। कॉलोनी के ले-आउट में पार्किंग और प्रवेश-एग्जिट एक-दूसरे से बेहद दूर होने से कॉलोनी वाले परेशान हैं। ब्रोशर में भी जो सुविधाएं देने का दावा किया था वो नहीं दी गई। पार्किंग के लिए भी जगह तय नहीं की है। बिल्डर को एकमुश्त मेंटनेंस शुल्क देने के बावजूद प्रोजेक्ट सोसायटी के हैंडओवर भी नहीं किया है। प्रमोटर और बिल्डर ने भी रहेजा रेसीडेंसी के खिलाफ रेरा में शिकायत की थी। उनका कहना है कि कॉलोनी के सभी काम सात साल पहले हो गए हैं। मेंटनेंस सोसायटी वालों को करना चाहिए। लेकिन लोग मेंटनेंस चार्ज नहीं दे रहे हैं। इससे प्रमोटर को हर साल करोड़ों का नुकसान हो रहा है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद रेरा अध्यक्ष संजय शुक्ला ने फैसला दिया कि प्रमोटर एसपी डेवलपर्स दो महीने के भीतर सींकिंग फंड मद में 57.55 लाख, मेंटनेंस के 3.75 करोड़ यानी कुल 4.32 करोड़ वसूल कर रहेजा रेसीडेंशियल कोआपरेटिव सोसायटी लिमिटेड के खाते में जमा कराए।

सार-संक्षेप

कर्मचारियों को अब 30 दिन की आकस्मिक अवकाश

रायपुर, 25 सितंबर। छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारियों के लिए एक बड़ी खबर आ रही है। सरकार ने राज?य के सरकारी अधिकारी-कर्मचारी को आकस्मिक अवकाश में बढ़ोतरी की सौगात दी है। सरकारी कर्मियों के आकस्मिक अवकाश में की गई वृद्धि को लेकर सरकार ने गजट नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। सरकारी अधिसूचना के अनुसार राज?य के अधिकारियों और कर्मचारियों को एक वर्ष में अब 30 दिन आकस्मिक अवकाश मिलेगा। अभी तक सरकारी कर्मियों को केवल 18 दिन का ही आकस?मिक अवकाश मिलता था।

तात्यापारा सड़क चौड़ीकरण का काम शीघ्र शुरू होगा

रायपुर, 25 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल संभवत: अगले दो दिनों में रायपुर वासियों को नये तहसील भवन, तात्यापारा से फूल चौक तक सड़क चौड़ीकरण कार्य का भूमि पूजन, अंतर्राष्ट्रीय लॉन टेनिस एकेडमी जैसी सुविधाओं की सौगात दे सकते है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने आज इन सभी विकास कार्यों के लिए स्थल निरीक्षण किया और अधिकारियों को जरूरी तैयारियां तथा इंतजाम पूरे करने के निर्देश मौके पर दिए। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर मयंक चतुर्वेदी सहित लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद थे। तात्यापारा से फूल चौक तक सड़क चौड़ीकरण का काम लगभग 136 करोड़ रूपये की लागत से होगा। इसी तरह नए तहसील भवन का निर्माण साढ़े ग्यारह करोड़ की लागत से किया जाएगा। रायपुर में कृषि विश्वविद्यालय के समीप लगभग 17 करोड़ रूपये की लागत से अंतर्राष्टीय स्तर के टेनिस एकेडमी का काम भी पूरा हो गया है।

वैट अधिनियम के तहत बकाया वसूली के लिए एकमुश्त निपटान योजना लागू

रायपुर, 25 सितंबर (देशबन्धु)। वाणिज्यिक कर (जीएसटी) विभाग द्वारा वैट, वाणिज्यिक अधिनियम के तहत प्रांतीय, केन्द्रीय प्रवेशकर, वृत्तिकर एवं विलासिता कर की पुरानी बकाया राशि की वसूली के लिये एकमुश्त निपटान अधिनियम लागू किया गया है। प्रदेश में पुराने बकायादार 70 हजार से अधिक व्यवसायी इसका लाभ ले सकते हैं। उप मुख्यमंत्री एवं वाणिज्यिक कर श्री टी.एस. सिंहदेव के निर्देश पर विभाग ने विगत 15 सितम्बर को इस योजना को अधिसूचित कर दिया है। एकमुश्त निपटान के तहत कर, ब्याज और शास्ति की बकाया की वसूली की जाएगी। इसके लिए व्यवसाईयों को वाणिज्यिक कर वृत्त कार्यालयों में निर्धारित प्रारूप में आवेदन करना होगा। निपटान अधिनियम के तहत आगामी 31 जनवरी 2024 तक आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है।

पुराने बकायादार 70 हजार से अधिक व्यवसायी होंगे लाभान्वित

एकमुश्त निपटान अधिनियम की खास बात यह है कि 31 जनवरी 2024 तक जिन प्रकरणों पर कर निर्धारण, रिवीजन, प्रथम या द्वितीय अपील, शासन के समक्ष अपील, उच्च न्यायालय अथवा सर्वोच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों में भी इसका विस्तार किया गया है। वर्ष 2010 में बकाया वसूली के लिए लाए गए सरल समाधान योजना में भाग लेने वाले व्यवसायी भी इस निपटान अधिनियम में शामिल हो सकते हैं। निपटान अधिनियम के अंतर्गत जिन बकाया प्रकरणों में विधानवार एक वर्ष में बकाया की राशि 50 लाख रुपए से अधिक है, उसमें कर राशि में 40 प्रतिशत की राशि माफ की जाएगी। ब्याज की राशि 90 प्रतिशत और दण्ड की राशि 100 प्रतिशत माफ की जाएगी। 50 लाख रुपए से कम बकाया के प्रकरणों में बकाया राशि का 60 प्रतिशत, ब्याज की राशि 90 प्रतिशत और दण्ड की राशि 100 प्रतिशत माफ की जाएगी।

व्यवसाईयों की सुविधा के लिए एकमुश्त निपटान अधिनियम, नियम और आवेदन का प्रारूप वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा वेबसाईट ढ्ढह्लह्लश्चह्य//ष्ह्लद्बड्ड×.ष्द्द.द्दशक्ष्.द्बठ्ठ पर अपलोड किया गया है। एकमुश्त निपटान योजना के तहत आनलाइन आवेदन भी किया जा सकता है। आनलाइन आवेदन करने वालों को हार्ड कॉपी संबंधित वृत्त कार्यालय के प्रभारी अधिकारी को प्रस्तुत करना होगा। निपटान अधिनियम में शामिल होने वाले व्यवसायी इसके लिए नि:शुल्क आवेदन कर सकते हैं।

नशीली दवाई की बिक्री, दो गिरफ्तार

धमतरी, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर द्वारा जिले में असामाजिक गतिविधियों नशीले दवाओं एवं अवैध शराब बिकी पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु थाना प्रभारियों को लगातार अभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में एसडीओपी. कुरूद कृष्ण कुमार पटेल के नेतृत्व में थाना प्रभारी कुरूद निरी. दीपा केंवट के नेतृत्व में थाना कुरूद स्टॉफ टाउन पेट्रोलिंग जुर्म जरायम पतासाजी एवं कार्यवाही पर रवाना हुआ था कि मुखबिर से सूचना मिला कि दो अलग अलग व्यक्तियों के द्वारा अवैध रूप से नशीली दवाई रखकर बिक्री करने कि सूचना पर तत्काल रवाना होकर कुरूद थाना क्षेत्रांतर्गत नशीले दवाई बेचने वाले दो आरोपियों पर कि गई कार्यवाही-01 ऱ्शुलभ शौचालय,नहर पार के पास कुरूद आरोपी-खिलेश सहारे उर्फ बबलू पिता संतोष सहारे उम्र 23 साल पता संजय नगर ,बस स्टैंड कुरुद द्वारा नशीली दवाओं की बिक्री करते पकड़ा गया जिसके कब्जे से तीन डिब्बे में कुल 54 पत्ता में,08-08 नग कैप्सूल कुल कुल 432 नग कैप्सूल वजन 166.32 ग्राम कीमती2808/ ब्रिकी रकम 120/ जुमला कीमती 2928/-रूपये जप्ती कर वैधानिक कार्यवाही किया गया। 2 छत्तीसगढ़ ढाबा, नेशनल हाईवे, कुरुद के पास प्रभावी औषधी नशीली दवाई बिक्री करते रंगे हाथ पकड़े जाने पर आरोपी-रोशन सिंह राजपूत पिता सुनील सिंह उम्र -22वर्ष पता अटल आवास कुरूद जिला धमतरी के कब्जे से नशीली दवाई जप्ती - 54 पत्ता मे प्रत्येक में 08-08 नग कैप्सूल कुल 432 नग कैप्सूल वजन 166.32 ग्राम कीमती 2808/- रूपये ब्रिकी रकम 220/-रूपये जुमला कीमती 3028/- रूपये जप्त कर प्रभावी औषधी नशीली दवाई बिक्री करते पाये जाने पर कुरुद थाना द्वारा दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपश्क्रश 604/23, 605/23 धारा 22(ख) स्वापक औषधी और मानक प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

राजधानी में गणेशोत्सव का नजारा

शिव वाटिका गणेशोत्सव, अश्वनी नगर, रायपुर

न्यू राजेन्द्रनगर गणेशोत्सव समिति, रायपुर

फ्रेंड्स गणेशोत्सव समिति टिकरापारा, रायपुर

बजरंग युवा गणेशोत्सव समिति, मठपारा, रायपुर

राहुल गांधी ट्रेन से बिलासपुर से रायपुर पहुंचे



रायपुर, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश के दौरे पर पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को ट्रेन में सफर किया। उन्होंने बिलासपुर से रायपुर तक 117 किलोमीटर तक का सफर किया। राहुल गांधी ने बिलासपुर से भीड़ भरे स्लीपर कोच में घूम-घूमकर यात्रियों से बात की। इस दौरान उनकी समस्याओं पर बात भी की। राहुल ने ट्रेन में मौजूद महिला हॉकी खिलाड़ियों से बात की। उनकी ट्रेनिंग और उनको मिल रही सुविधाओं के बारे में भी पूछा।

बिलासपुर में हुए कांग्रेस के आवास सम्मेलन में शामिल होने के बाद राहुल बिलासपुर से इंटरसिटी एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में सवार हुए। वे शाम करीब पौने छह बजे रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। इस दौरान ट्रेन में उनके साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रभारी कुमारी सैलजा भी थीं। राहुल ने ट्रेन में सामान्य यात्रियों की तरह सफर किया और घूम-घूमकर लोगों से भी मिले। उन्होंने छात्रों को चॉकलेट और चिप्स भी खरीद कर दी। राहुल गांधी का रायपुर से बिलासपुर जाने का भी ट्रेन से कार्यक्रम तय था। लेकिन ट्रेनों की लेट-लतीफी के चलते उनका जाने का सफर टल गया था।

स्लीपर कोच में आम लोगों से समस्याएं सुनी

राहुल में ट्रेन में बैठे कुछ स्टूडेंट्स से भी बात की। उनसे पढ़ाई और करियर की समस्याओं के बारे में जाना।

खिलाड़ियों ने बताई समस्या

महिला खिलाड़ी से राहुल गांधी ने पूछा की आप कौन सा खेल खेलते हैं। तो खिलाड़ी ने बताया कि मैं हॉकी खेलती हूं। तो राहुल गांधी ने पूछा कि कौन सी पोजिशन पर खेलती हैं। तब खिलाड़ी ने कहा कि, मैं सेंट्रल पोजिशन में खेलती हूं। इन खिलाड़ियों ने ग्राउंड में टर्फ की भी मांग की हॉकी खिलाड़ियों से बातचीत के दौरान राहुल गांधी ने हॉकी स्टिक भी पकड़ी।

राहुल गांधी के साथ ट्रेन में मौजूद यात्री फोटो लेने लगे छात्रा से चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने ऑटोग्राफ भी दिया।

राहुल गांधी से मिलकर प्रमोद दुबे ने उठाई जीएसटी एवं थर्ड पार्टी इंश्योरेंस में बढ़ोतरी की बात

रायपुर। नगर निगम के अध्यक्ष एवं पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने आज राहुल गांधी के समक्ष जीएसटी में छोटे व्यापारियों को केंद्र सरकार द्वारा किस प्रकार बार-बार नोटिस भेज कर परेशान किए जाने को तथ्यात्मक रूप से बताया ।साथ ही जो लोग ईमानदारी से टैक्स अदा कर रहे हैं उन्हें भी 19 एवं 20 के समय की नोटिस थमा दी जा रही है इसके अलावा ऑनलाइन टैक्स पटाने वालों को भी हमेशा सर्वर डाउन के चलते कई दिनों तक परेशानी होने की बात कही। इसी प्रकार गाड़ियों के थर्ड पार्टी इंश्योरेंस में केंद्र ने की मनमाने बढ़ोतरी को अब अत्यंत परेशानी पूर्ण बताया। लगभग 300 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि इन्सुरेंस तथा टैक्स की मनमाने वृद्धि से व्यापार करना दूभर हो गया है।इसी प्रकार एम एस एम ई में के तहत कार्य करने वालों को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। राहुल गांधी ने पूरी बातें ध्यान से सुनी तथा इसके लिए पुरजोर आवाज उठाने की बात की मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल एवं राष्ट्रीय महासचिव शैलजा जी भी उपस्थित थी।

कैट के विशाल स्वास्थ शिविर में उमड़ा व्यापारियों का जन सैलाब

रायपुर, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। देश के सबसे बडे व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के द्वारा

व्यापारियों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वस्थ व्यापारी - स्वस्थ व्यापार के तहत नि:शुक्ल विशाल स्वास्थ शिविर का आयोजन सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक किया गया। जिसमे 500 से अधिक व्यापारियों ने इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम का उद्घघाटन मुख्य अतिथि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी के द्वारा किया गया।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने कहा कि कैट समय- समय पर अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करती आ रही है। इसी कडी में आज कैट द्वारा विशाल स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। आज के भाग दौड़ जिन्दगी में व्यापारियो के पास पर्याप्त समय नहीं होनें के कारण अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाते है। कैट ने व्यापारियों के लिए एक अभियान चलाकर स्वास्थ शिविर लगाया ।जिसमें शहर के व्यापारियों अपने स्वास्थ्य परीक्षण हेतु शिविर में भारी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया।

कैट के प्रदेश प्रभारी अध्यक्ष परमानन्द जैन एवं प्रदेश महामंत्री श्री सुरिन्दर सिंह ने बताया कि स्वास्थ शिविर में शहर के स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स द्वारा जिसमें मुख्य रूप से डॉक्टर अंकुश वर्मा, हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर मनीष गुप्ता दंत रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर जितेन्द्र सराफ दंत रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर निखिल मोती रामानी हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर विकास गोयल रक्त रोग विशेषज्ञ, एवं डॉक्टर अर्पण चर्तुमुखा कैन्सर सर्जन ने अपनी सेवांए दी। अमर पारवानी के द्वारा सभी डॉक्टरो को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

साथ ही कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी का जन्मदिन कैट के प्रदेश कार्यालय में केक काटकर ढोल नगाड़ा बजाकर मनाया गया।

कार्यक्रम में मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

रायपुर से होकर गुजरने वाली 16 ट्रेने रद्द

रायपुर, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न सेक्शनों में गतिशीलता के ऊपयन और चल रहे विभिन्न सुरक्षा संबंधी रखरखाव कार्यों में सुधार एवं ट्रैक रखरखाव कार्य के लिए कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा । यह यह कार्य विभिन्न तिथियों में किया जाएगा।

इस कार्य के फलस्वरुप कुछ गाड़ियों को रद्द किया जा रहा है, रद्द होने वाली गाडियों 26 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक रायपुर से चलने वाली 08746 रायपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर स्पेशल, 27 सितम्बर से 6 अक्टूबर तक गेवरा रोड से चलने वाली 08745 गेवरा रोड-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल, 26 सितम्बर से 05 अक्टूबर, तक बिलासपुर एवं शहडोल चलने वाली बिलासपुर ङ्कशहडोलङ्क बिलासपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल. 26 सितम्बर से 05 अक्टूबर, तक रायपुर चलने वाली 08729 रायपुर-डोगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल, 27 सितम्बर से 06 अक्टूबर, तक डोगरगढ़ चलने वाली 08730 डोगरगढ़-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल. 26 सितम्बर से 5 अक्टूबर, तक रायपुर एवं दुर्ग

से चलने वाली 08701/08702 रायपुर-दुर्ग - रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल, 26 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक इतवारी एवं बालाघाट चलने वाली 08714/08715 इतवारी-बालाघाट-इतवारी मेमू पैसेंजर स्पेशल, 26 सितम्बर से 5 अक्टूबर, तक गोंदिया एवं कटंगी चलने वाली 07805/07806 गोंदिया-कटंगी-गोंदिया डेमू पैसेंजर स्पेशल, 26 सितम्बर से 05 अक्टूबर, 2023 तक गोंदिया चलने वाली 07809 गोंदिया-कटंगी पैसेंजर स्पेशल, 27 सितम्बर से 06 अक्टूबर, 2023 तक कटंगी चलने वाली 07810 कटंगी-गोंदिया पैसेंजर स्पेशल, 26 सितम्बर से 05 अक्टूबर, 2023 तक गोंदिया चलने वाली 08806 गोंदिया-बड़सा मेमू पैसेंजर स्पेशल, 27 सितम्बर से 06 अक्टूबर, 2023 तक बड़सा चलने वाली 08808 बड़सा-चान्दा फोर्ट मेमू पैसेंजर स्पेशल,27 सितम्बर से 06 अक्टूबर, 2023 तक चान्दा फोर्ट चलने वाली 08805 चान्दा फोर्ट-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल ,26 सितम्बर से 05 अक्टूबर, 2023 तक रायपुर चलने वाली 08721 रायपुर-डोगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल, 26 सितम्बर से 05 अक्टूबर, 2023 तक डोगरगढ़ चलने वाली 08723 डोगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल एवं 27 सितम्बर से 06 अक्टूबर, 2023 तक गोंदिया चलने वाली 08724 गोंदिया-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।

राज्य गठन के बाद पहली बार महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक

रायपुर, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। राज्य गठन के बाद पहली बार महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से ज्यादा पहुंच गई है। राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त आंकड़ों की मानें तो प्रदेश के कुल 33 जिलों में से 18 में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक हो गई है।प्रदेश में इस बार आधी आबादी सरकार बनाने में बड़ी भूमिका निभाएगी।

इनमें बालोद, बस्तर, दंतेवाड़ा, दुर्ग, गरियाबंद, धमतरी, बीजापुर, मरवाही, कोंडागांव, जशपुर, कांकेर, सरगुजा, सुकमा, राजनांदगांव, रायगढ़, नारायणपुर, महासमुंद, कोंडागांव और मरवाही जिला शामिल हैं। ऐसे में स्वाभाविक है कि इस चुनाव में सरकार बनाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस दोनों ने महिला प्रत्याशियों को पिछली बार के मुकाबले ज्यादा मौका दिया था। इस विधानसभा चुनाव में भी महिलाओं को ज्यादा अवसर देने का भरोसा

सरकार बनाने में आधी आबादी इस बार बड़ी भूमिका निभाएगी

दोनों ही राजनीतिक दल दिला रहे हैं। महिला मतदाताओं को आकर्षित करने के मद्देनजर चुनावी घोषणा-पत्र तैयार करने पर भी मंथन चल रहा है। वर्तमान में प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या दो करोड़ तीन लाख 70 हजार पहुंच चुकी है। इनमें महिला मतदाता एक करोड़ दो लाख और पुरुष मतदाता एक करोड़ एक लाख 70 हजार हैं

राज्य गठन के बाद चार विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने 43 और भाजपा ने 40 महिला प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा है।इनमें से कांग्रेस के 21 और भाजपा के 17 प्रत्याशियों ने जीत हासिल की है। कांग्रेस और भाजपा दोनों प्रमुख पार्टियों ने महिलाओं के बढ़ते वर्चस्व के चलते वर्ष 2018 के चुनाव में सबसे ज्यादा महिला नेत्रियों को टिकट दी थी।

कांग्रेस ने बीते विधानसभा चुनाव में 13 और भाजपा ने 14 महिला उम्मीदवार उतारे थे। इनमें से कांग्रेस की 12 महिला उम्मीदवारों ने जीत हासिल की, वहीं भाजपा की एकमात्र प्रत्याशी ही विधायक बन पाईं।

रायपुर में पांच और जुआरी पकड़े गए

रायपुर, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। गुढ़ियारी पुलिस ने 5 जुआरियों को गिरफ्तार किया है. जानकारी के मुताबिक पुलिस की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गुढ़ियारी क्षेत्रांतर्गत गोगांव स्थित झाबक पेट्रोल पम्प के पास कुछ व्यक्ति रूपयों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर पटले, नगर पुलिस अधीक्षक उरला अविनाश मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी गुढ़ियारी को जुआरियों को जुआ खेलते रंगे हाथ गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया।

गुढ़ियारी पुलिस ने की कार्रवाई

दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना अंतर्गत वार्षिक सम्मेलन संपन्न

जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी गुढ़ियारी के नेतृत्व में थाना गुढ़ियारी पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान में जाकर रेड कार्यवाही की गई। रेड कार्यवाही के दौरान कुछ व्यक्ति उक्त स्थान पर ताशपत्ती में रकम का दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा कुल 05 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगदी रकम 25,500/- रूपये एवं ताशपत्ती जप्त कर जुआरियों के विरूद्ध थाना गुढ़ियारी में अपराध क्रमांक 427/23 धारा 13 जुआ एक्ट एवं छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 04 का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

गिरफ्तार आरोपी में टाकेश्वर साहू उर्फ तुमन पिता तिहारू लाल उम्र 32 साल निवासी गोगांव प्रकाश किराना स्टोर्स के पास गुढ़ियारी जितेन्द्र कावडे पिता ताराचंद कावडे उम्र 35 साल निवासी सोनडोगरी श्रीराम मोटर शाप के पास कबीर नगर हीरा लाल साहू पिता स्व0 पुनऊ राम साहू उम्र 38 साल निवासी गोन्दवारा थाना खमतराई, मोह0 अब्दुल पिता मोह0 करीम उल्ला उम्र 31 साल निवासी गाजी नगर बीरगांव थाना उरला हरकेश सिंह पिता शिवपुजन सिंह उम्र 58 साल निवासी हीरापुर थाना कबीर नगर शामिल है

180 गुंडे-बदमाश की थाने में पेशी, पुलिस ने दी समझाइश

रायपुर, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखने के साथ ही अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने, व सुरक्षा व शांति व्यवस्था सहित गणेशोत्सव त्यौहार के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अपने - अपने थाना क्षेत्रों के गुण्डा/निगरानी बदमाशों सहित अपराधिक तत्वों की चेकिंग कर उन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। जिसके तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले के नेतृत्व में समस्त नगर पुलिस अधीक्षकों के पर्यवेक्षण में समस्त थानों प्रभारियों द्वारा अपने - अपने थाना क्षेत्रों में निवासरत् 180 से अधिक गुण्डा/निगरानी बदमाशों एवं अपराधिक तत्वों को थानों में तलब कर उनकी परेड़ ली गई तथा उनको समझाईश दी गई।

वे अपराधों से दुर रहकर शांति पूर्वक अपने परिवार के साथ जीवन यापन करें। पुलिस द्वारा जब भी उन्हें उपस्थित होने कहा जाता है तो वे तत्काल उपस्थित होवें तथा क्षेत्र में सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करें। कुछ सक्रिय गुण्डा बदमाशों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं व आर्म्स एक्ट के तहत् कार्यवाही भी की गई।

संपादकीय

सड़क यातायात सुरक्षित हो

छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा सड़क यातायात सम्बन्धी कराये गये एक सर्वे के अनुसार प्रदेश की सड़कों पर चलना या वाहन चलाना बेहद खतरनाक है। बड़ी संख्या में यहां दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें सैकड़ों की मौत होती है तथा बड़ी संख्या में लोगों को शारीरिक व मानी नुकसान होता है। प्रदेश भर में अनेक ऐसी जगहें हैं जहां हमेशा हादसे होते हैं। ऐसे स्थान, जिन्हें ब्लैक स्पॉट कहा जाता है, बढ़ते ही जा रहे हैं। राज्य के 33 शहरों में कराये गये सर्वे ने जो आंकड़े दिये हैं, वे चौंकाने वाले तो नहीं हैं लेकिन सरकार और पुलिस प्रशासन को गम्भीरतापूर्वक सोचना होगा कि इसके कारण क्या हैं। अलग-अलग दुर्घटनाओं की भिन्न-भिन्न वजहें हो सकती हैं परन्तु उन कारणों को दूर कर सड़क यातायात को सुरक्षित बनाये जाने की आवश्यकता स्पष्ट महसूस की जाती है। उम्मीद है कि पुलिस विभाग कोई कार्य योजना तैयार कर उसे लागू करेगा ताकि लोगों की मौतें न हों या वे विकलांग न हो जायें। दुखद तो यह है कि सड़क हादसों में रायपुर शीर्ष पर है जिसे कायदे से सर्वाधिक सुरक्षित बनना चाहिये ताकि राज्य की प्रतिष्ठा बढ़े और अन्य शहरों के समक्ष उदाहरण प्रस्तुत हो। हो सकता है कि राजधानी होने के कारण रायपुर की सड़कों पर दौड़ने वाले वाहनों का दबाव सबसे ज्यादा है। हालांकि यह भी सही है कि नियम भंग की सबसे अधिक कार्रवाइयां इसी शहर में हुई हैं।

बेहद विस्तार से किये गये इस सर्वे में सड़क दुर्घटनाओं का विस्तार से अध्ययन हुआ है। उसके अनुसार पिछले आठ माह में नौ हजार से ज्यादा सड़क हादसे हुए हैं जिनमें 4100 से अधिक मौते हुई हैं। इनमें युवाओं की तादाद सबसे ज्यादा है। वे हादसे सभी तरह के वाहनों से हुए हैं पर दोपहियों एवं कारों से होने वाले सबसे अधिक हैं। रायपुर के बाद जिन शहरों में सबसे अधिक हादसे हुए हैं, वे हैं- बिलासपुर, दुर्ग, रायगढ़, कोरबा, बलौदाबाजार, राजनांदगांव, जगदलपुर, जांजगीर-चाम्पा एवं महासमुंद। नारायणपुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, मोहला, मानपुर, बीजापुर, गीरेला-पेंड्रा-मरवाही, सक्ती, सारंगढ़-बिलाईगढ़, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी सर्वाधिक सुरक्षित जिले हैं। सर्वे में 118 ऐसे स्थल चिन्हित किये गये हैं जहां बहुत दुर्घटनाएं होती हैं। इनकी संख्या 104 थी। यहां भी रायपुर शीर्ष पर है। पहले यहां केवल 7 ब्लैक स्पॉट थे जो अब 24 हो गये हैं।

यातायात पुलिस को चाहिये कि इस सर्वे के आंकड़ों के आधार पर अवुकूल उपाय करे। जिन सड़कों, चौक-चौराहों को सड़क यातायात की दृष्टि से सुरक्षित करना हो, वहां हर सम्भव उपाय किये जाएं। दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण लोगों द्वारा अपनाई जाने वाली लापरवाही है, नागरिकों को चाहिये कि वे चाहें वाहन चला रहे हों या फिर पैदल हों, स्वयं भी सावधान रहें। वाहन नियंत्रित गति एवं सतर्कतापूर्वक चलाएं। ओवरटेक, तेज गति चालन आदि से बचना चाहिये। नागरिक प्रशिक्षण भी ज़रूरी है।

उल्टा पुल्टा

तूफानी बारिश में आधी रात को एक आदमी पिज्जा लेने गया।
पिज्जावाला- आप शादीशुदा हो?
आदमी- ऐसे तूफान और बारिश में कौन मां अपने बेटे को पिज्जा लेने भेजेगा भाई।

त्यौहारी मौसम के चलते यातायात व पार्किंग व्यवस्था के लिए फिर एक बार कवायद

महापौर, आयुक्त, सीएसपी व्यापारियों से हुए रूबरू, मांगें सुझाव

दुर्ग, 25 सितंबर (देशबन्धु)। गणेशोत्सव के अलावा अब दुर्गोत्सव, दशहरा दीपावली सहित त्यौहारी मौसम को देखते हुए नगर निगम, पुलिस, यातायात विभाग एवं व्यापारी संगठनों ने बैठक लेकर यातायात व्यवस्था को लेकर चर्चा की तथा महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। शहर मध्य के बाजारों में आने वालों के लिये सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था बनाने के निर्णय लिये गये। बैठक में महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त लोकेश चंद्राकर सीएसपी मणिशंकर एवं मोहन नगर थाना प्रभारी उपस्थित थे।

बैठक के बाद आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने बताया कि व्यापारी संगठनों के सुझाव पर मार्केट क्षेत्र की पार्किंग व्यवस्था, यातायात व्यवस्था में और सुधार करने का निर्णय लिया गया है। इंदिरा मार्केट, महात्मा गांधी स्कूल शनिचरी बाजार गव्हर्नमेंट स्कूल के पास पार्किंग व्यवस्था की जायेगी। व्यापारियों के सुझाव पर आयुक्त ने निगम अधिकारियों को पार्किंग व्यवस्था की सूचना के लिये फ्लेक्स बैनर पोस्टर लगाने के अलावा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के लिये भी निर्देश दिये। आयुक्त ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य किसी भी व्यापारी किसी भी व्यापारी व ठेला चलाने वालों को परेशान करना नहीं है। वाहन पार्किंग व्यवस्थित हो जाने से व्यापारियों को लाभ होगा। उन्होंने व्यापारियों से दूकानों के बाहर सामान न रखने की अपील की। मिट्टी के दिये पसरों वालों को हटरी बाजार में जगह देने ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

सूरज का पोस्टमार्टम व अंतिम संस्कार पांचवें दिन भी नहीं

- परिजन व आम आदमी पार्टी मुआवजे की मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन
- आज मुख्यमंत्री निवास के घेराव की घोषणा

दुर्ग, 25 सितंबर (देशबन्धु)। दुर्ग के इतिहास में पहली बार हत्या के बाद किसी मृतक का अंतिम संस्कार पांचवें दिन भी नहीं हो पा रहा है। लाश डीप फ्रीजर में रखी हुई है। इस मामले में मृतक सूरज साहू के माता पिता पत्नी 50 लाख रूपये मुआवजा राशि तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग पर अड़ी है। आम आदमी पार्टी मृतक सूरज साहू के परिजनों के साथ होकर आंदोलन चला रही है। आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी व मृतक के परिजन अपनी मांग को लेकर जिला पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर गृहमंत्री व शहर विधायक तक से मुलाकात कर चुके है मगर इनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। आज आम आदमी पार्टी के जिला प्रमुख डॉ. एस.के. अग्रवाल ने कहा कि 26 सितंबर को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भिलाई-3 स्थित निवास का घेराव करने की घोषणा की है। प्रशासन का कथन है कि उनके पास हत्याकांड से प्रभावित परिवारों के लिये मुआवजा देने का प्रावधान नहीं है।

उल्लेखनीय है कि एक आपसी विवाद के चलते 12 सितंबर को कतिपय लोगों ने सूरज साहू की राजीव नगर में लाठी डंडे से पिटाई कर दी थी। जिससे गंभीर रूप से घायल ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

दुर्ग रेल्वे स्टेशन में जन्मा नवजात शिशु 112 की मदद से ले जाया गया अस्पताल

दुर्ग, 25 सितंबर (देशबन्धु)। डायल 112 फिर एक बार लोगों के लिए वरदान साबित हुआ है। दुर्ग रेलवे स्टेशन में एक गर्भवती महिला को अचानक दर्द उठने लगा। स्टेशन के पास रहने वाले लोगों ने डायल 112 को कॉल किया तुरंत डायल 112 स्टेशन पहुंची, उसके बाद गर्भवती महिला को ले जाने की कोशिश की लेकिन दर्द इतना था कि ले जाना नामुमकिन था।

डायल 112 के चालक और सिपाही ने सूझबूझ दिखाते हुए वहीं ही स्थानीय लोगों की मदद से प्रसव कराया, उसके बाद जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों के देखरेख मे मां और बच्चे दोनों स्वस्थ है।

ढाई लाख के जेवरात व नकदी की चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजे गये

दुर्ग, 25 सितंबर (देशबन्धु)। राजीव नगर के एक परिवार में गत दिवस हुई लगभग ढाई लाख 55 हजार रूपयों के जेवरात व नकद राशि की चोरी के दो आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर उनसे जेवरात बरामद कर लिये हैं। दोनों आरोपियों उमेश साहू पिता संतोष साहू (19) सुनील साहू पिता मुरली सोनी (22) राजीव नगर निवासियों को आज न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजीव नगर में रहने वाली शीतल गुप्ता पति स्व. गजेन्द्र गुप्ता (59) राजीव नगर के घर से 23 सितंबर की रात 97 हजार रू. मूल्य के सोने चांदी के जेवरात, कांसे, पीतल इत्यादि के बर्तन व नकदी 1 लाख 53 हजार रूपये कुल जुमला 2 लाख 55 हजार रूपयों के सामान व नकदी के चोरी हो गई। शीतल गुप्ता द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते ही पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस के प्रयासों से कुछ ही घंटों के भीतर दोनों आरोपी उमेश साहू व सुनील सोनी गिरफ्तार कर लिये गये। इन आरोपियों के पास से नकद 68 हजार रूपये के अलावा सोने की दो अंगूठी, 1 जोड़ा सोने का टाप्स, 1 जोड़ी चांदी की पायल, कांसे व पीतल इत्यादि के बर्तन बहित अन्य सामान बरामद कर लिये गये है। पुलिस ने इनके विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज कर आज न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से इन्हें जेल भेज दिया गया है। ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

पीसी घोटाले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर भाजपा का आज से हस्ताक्षर अभियान

दुर्ग, 25 सितंबर (देशबन्धु)। 26 सितंबर मंगलवार को जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी युवाओं के बीच जाकर हस्ताक्षर अभियान चलाएगी।

जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि प्रशासनिक सेवाओं का चयन करने वाली प्रदेश की सबसे बड़ी शासकीय एजेंसी छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा सारे नियमों को ताक में रखते हुए कांग्रेस नेताओं एवं पीएससी अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी के बेटे और अन्य रिश्तेदारों का पक्षपातपूर्ण चयन किया गया है। इस चयन प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ के योग्य होनहार और मेधावी युवाओं के साथ बहुत बड़ा छल किया गया है।

जिला भाजपा महामंत्री ललित चंद्राकर और सुरेंद्र कौशिक ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने पीएससी भर्ती में भ्रष्टाचार कर युवाओं को छलने के विरोध एवं सीबीआई जांच की मांग को लेकर कल 26 सितंबर मंगलवार को दुर्ग के सबसे बड़े महाविद्यालय वी वाय तामस्कर स्नातकोत्तर शासकीय महाविद्यालय ,शासकीय साइंस कॉलेज दुर्ग में सवेरे 10. 30 बजे से युवा हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए पीएससी घोटाले से युवाओं को अवगत कराते हुए भूपेश बघेल की पोल खोली जाएगी।

उपलब्धियों के बल पर भूपेश बघेल फिर से बनाएंगे सरकार, अरूण भी जीतेंगे रिकार्ड मतों से : पटेल

दुर्ग, 25 सितंबर (देशबन्धु)। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवा पटेल ने आज यहां कहा है कि छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार 75 से ज्यादा सीटें जीतकर फिर सरकार बनायेगी। विधायक अरूण वोरा पिछली बार से भी ज्यादा मतों से चुनाव जीतेंगें। भाजपा चुनावों में गुब्बारे फुलाने में माहिर है जिसे वे लोग खुद अपनी हवा से फुलाते फुलाते फोड़ देते है। श्री पटेल ने कहा है कि विगत साढ़े 4 वर्षो में आधा से ज्यादा समय कोरोनाकाल होने के बावजूद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार ने किसानों सहित सभी वर्गों की भलाई के लिये इतने कार्य किये है कि भाजपाई सोच भी नहीं सकते। इसी खिसियाहट में वे सरकार पर अनर्गल आरोप लगाकर दुष्प्चार कर रहे है।

भाजपाई गुब्बारे फुलाने फोड़ने में माहिर

श्री पटेल ने इस प्रतिनिधि से चर्चा में कहा कि पहला और एकदम नया प्रयोग होने के साथ समय की कमी, कोरोनाकाल के कारण योजनाओं के क्रियान्वयन में कहीं कोई कसर रह गई होगी मगर गौठान से लेकर गोबर, व गौमूत्र खरीदी, वर्मी कंपोस्ट बनाने तक की योजनाओं से किसानों को लाभ पहुंचा है। किसान आर्थिक रूप से मजबूत हुए है। किसान व ग्रामीणों की प्रगति की यह रफ्तार समाज के साथ तेजी पकड़ने लगी है। श्री पटेल ने पूछा है कि इसके विपरीत पेट्रोल मिलेगा बाड़ी में, नहीं जाना पड़ेगा खाड़ी में जोर शोर से नारा लगाने वाले भाजपाई अपनी आत्मा से ही सवाल पूछे कि उनकी रतनजोत योजना से कितने किसानों को लाभ मिला। कितने लोगों की गाड़ी बाड़ी से पेट्रोल से चली। इसके विपरीत इसी योजना के चलते कितने किसानों ने आत्महत्या कर ली। श्री पटेल ने इसी के साथ ही भूपेश सरकार की अनेक योजनाओं और उनकी उपलब्धियों को चौतरफा बताते हुए कहा है कि इतने कम समय में कार्यों से किसानों से लेकर व्यापारी वर्ग सभी वर्गों को मंदी के दौर में लाभ मिला है। इसकी तुलना में भाजपाई रमन सरकार की एक भी उपलब्धि बता दें।

श्री पटेल ने कहा कि विधायक अरूण वोरा के नेतृत्व में दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों के विकास कार्य हुए है। सड़कों का डामरीकरण सीमेंटीकरण जैसे रूटीन के कार्यों के अलावा टगड़ा बांध पर्यटन स्थल का निर्माण ही एक बड़ी उपलब्धि है। दुर्ग शहर में यह सर्वसुविधायुक्त आधुनिक चौपाटी होने जा रही है। भाजपाई अपने समय की चौपाटी व पर्यटन स्थल की क्या हालत है उसे भी ध्यान रखें।

विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी के 18 रिक्त पदों पर भर्ती

दुर्ग, 25 सितंबर (देशबन्धु)। जिला खनिज न्यास अंतर्गत विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु बॉंड इन इंटरव्यू के माध्यम से 18 रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार गायनिकोलॉजिस्ट के 4, मेडिसिन स्पेसलिस्ट के 3, एनस्थेसियोलॉजिस्ट के 02, पीडिआट्रिशियन के 03, रेडियोलॉजिस्ट के 01, सर्जरी विशेषज्ञ के 03, माइक्रोबायोलॉजिस्ट के 01 एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ के 01 पद सहित कुल 18 पद रिक्त है। इनकी पूर्ति के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में 27 सितंबर को सुबह 11.30 बजे से 01.30 बजे तक बॉंड इन इंटरव्यू रखा गया है। इच्छुक आवेदक संपूर्ण दस्तावेजों के साथ निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर बॉंड इन इंटरव्यू में भाग ले सकते है।

लता मंगेशकर के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर सुनहरी यादे कल

दुर्ग, 25 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग के बैनर तले बुधवार 27 सितंबर को शहर के हृदय स्थल पुराना बस स्टैंड में शाम 6. 30 बजे से स्व लता जी के जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर संगीतमय शाम सुनहरी यादें का आयोजन किया गया है। मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत संरक्षक तुलसी सोनी एवं दिनेश जैन ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में स्व लता के साथ-साथ प्रसिद्ध पार्श्व गायिका आशा भोसले के भी गीतों की प्रस्तुति गायक कलाकारों द्वारा दी जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अरुण वोरा महापौर धीरज बाकलीवाल होंगे।

सुनहरी यादें में तुलसी सोनी के संचालन में छत्तीसगढ़ की लता मंगेशकर पूर्वा श्रीवास्तव, दुर्ग आइडल की विजेता डॉक्टर सुष्मता गायिका जयंती सिंह गायक जानकी रमैया शहर के बेहतरीन उभरते गायको में शुमार युनुस चौहान, त्रिलोक सोनी, तुलसी सोनी, गुलाब चौहान, प्रकाश सेठ, प्रणव सोनी, रमन सिंह के द्वारा यादगार गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी।

दुबई में विजय गुप्ता के काव्य संग्रह वक्त डगर से विमोचित

दुर्ग, 25 सितंबर (देशबन्धु)। अंतराष्ट्रीय हिंदी उत्सव दुबई एवं मानविकी तथा समाज विज्ञान शोध संगोष्ठी 14 सितंबर हिंदी दिवस पर आयोजित हुई। सुधीर शर्मा रायपुर के संयोजन में देश भर के 40 साहित्यकारों ने सहभागिता की। इस अवसर पर विजय कुमार गुप्ता के वक्त डगर स पांचवा काव्य संग्रह का विमोचन हुआ। इस संग्रह में समस्त कविताओं को पांच खंडों में विभक्त किया गया है।

उद्घाटन सत्र की मुख्य अतिथि डा आरती लोकेश व विशेष अतिथि कुलभूषण व्यास, मधुलिका, आलोक ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

धान खरीदी मामले में भाजपा नेता कर रहे है जनता को गुमराह

दुर्ग, 25 सितंबर (देशबन्धु)। दुर्ग ग्रामीण जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ शासन पिछड़ा वर्ग सलाहकार परिषद के सदस्य विशाल देशमुख ने कहा है कि भूपेश बघेल सरकार द्वारा राज्य में व्यवस्थित धान खरीदी कर व प्रति एकड़ 9 हजार रूपये किसानों को राजीव गांधी न्याय योजना से देकर किसानों को समृद्ध बनाया गया है। धान खरीदी को लेकर प्रधानमंत्री सहित सभी भाजपा के बड़े नेता अनर्गल बयानबाजी कर किसानों व आम जनता को गुमराह ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

13 के बदले 15 नवंबर भाई-दूज का स्थानीय अवकाश घोषित

दुर्ग, 25 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर पुष्पेन्द मीणा ने दुर्ग जिले हेतु कैलेण्डर वर्ष 2023 के लिए 13 नवम्बर दिन सोमवार को गोवर्धन पूजा पर्व हेतु घोषित अवकाश को संशोधित करते हुए उसके स्थान पर 15 नवम्बर दिन बुधवार को भाई-दूज पर्व के उपलक्ष्य में स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

चिट फंड कंपनी में जमा राशि वापस प्राप्त करने आज सैकड़ों निवेशकों ने जमा किए आवेदन

दुर्ग, 25 सितंबर (देशबन्धु)। यश ड्रीम चिट फंड कंपनी के निवेशक अपनी जमा राशि प्राप्त करने तहसील कार्यालय में जुटे। सैकड़ों की संख्या में निवेशकों ने घंटों लाईन लगाकर जमा राशि प्राप्त करने आवेदन जमा किये।

ज्ञातव्य है कि यश चिट फंड कंपनी की संपत्ति कुर्क कर बिक्री के बाद जिला प्रशासन काफी रकम जुटा ली है। जो अब निवेशकों को वापस होगी।

भादवा मेला के अंतिम दिन रामदेव बाबा दरबार में उमड़े श्रद्धालु

दुर्ग, 25 सितंबर (देशबन्धु)। पुलगांव नाला नवकार परिसर स्थित श्री रामदेव बाबा दरबार में भादवा मेला के अन्तिम दिन सोमवार को दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने जहां भजनों की धुन में नाच-गाकर अपनी आस्था प्रगट की, वहीं अग्निकुंड में नारियल अर्पित कर अपनी मनोकामना पूर्ण करने श्री रामदेव बाबा से प्रार्थना की। यह भादवा मेला श्री रामदेव बाबा के दिव्य आशीष एवं सोहनलाल बापजी ;चालीसगांव वाले के पुण्य प्रताप से भक्तमाता शांतादेवी बापजी के सानिध्य में आयोजित किया गया था।10 दिवसीय भादवा मेला में जम्मा जागरण व भजनों की धूम मची रही। अंतिम दिन सोमवार की सुबह से ही श्रद्धालुओं का दरबार पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। दरबार में ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर

दुर्ग, 25 सितंबर (देशबन्धु) जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर सीटीबी फाउंडेशन छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिला इकाई द्वारा तकियापारा मुस्लिम समाज दुर्ग में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य का लाभ लिया और 72 यूनिट रक्तदान किया गया।

अजा-जजा को प्रमाण पत्र जारी करने को लेकर ज्ञापन

दुर्ग, 25 सितंबर (देशबन्धु)। बहुजन समाज पार्टी दुर्ग शहर विधानसभा इकाई के अध्यक्ष सचिन गवई के नेतृत्व में बसपा कार्यकर्ताओं ने अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के जाति प्रमाण पत्र जारी करने की मांग को लेकर जिला जनदर्शन में जिला कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन के माध्यम से यह मांग की गई कि छत्तीसगढ़ में बरसो से निवासरत अनुसूचित जातिए जनजाति वर्ग का जाति प्रमाण पत्र नहीं होने की वजह से इन वर्ग के लोगों को सरकारी योजनाओं के साथ शिक्षा और नौकरी में इसका लाभ नहीं मिल रहा है। इन वर्ग के लोगो के पास 1950 का रिकॉर्ड नहीं होने की वजह से नगर निगम दुर्ग द्वारा विशेष सामान्य सभा में प्रस्ताव पारित किया गया बावजूद इसके इन वर्ग के लोगों का अब तक जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया। ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

शहर में अवैध रूप से लगाये बैनर-पोस्टर हटाए

दुर्ग, 25 सितंबर (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा आज से शहर के विभिन्न मार्गो चौक चौराहों पर लगाये गये अवैध बैनर, पोस्टर निकालने का अभियान शुरू कर दिया गया है। आज गांधी चौक गौरव पथ के डिवाइडर व साईंस कॉलेज के सामने लगाये गये लगभग 4 सौ बैनर पोस्टर हटाये जा चुके है। यह अभियान लगातार जारी है। उल्लेखनीय है कि शहर के विभिन्न मार्गों पर सार्वजनिक स्थलों पर महापुरूषों की प्रतिमाओं के इर्द गिर्द बड़ी संख्या में स्थानीय नेताओं के जन्मदिन, राजनीतिक नियुक्तियों, प्रसिद्ध लोगों का नगर आगमन से लेकर व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के प्रचार के लिये बैनर पोस्टर इत्यादि लगाये गये है इससे शहर की सुंदरता भी नष्ट होती है। ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

हीरो इलेक्ट्रिक स्कूटर के शो रूम में लगी आग

भिलाईनगर, 25 सितंबर (देशबन्धु)। नींदनी रोड पावर हाऊस भिलाई में एक इलेक्ट्रिक स्कूटर के शोरूम में कल शाम को अचानक आग लग गई। आग लगने से वहां रखी बैट्री में ब्लास्ट हो गया और मौके पर काम कर रही एक महिला झुलस गई है। महिला को उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। छावनी पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार शाम उन्हें सूचना मिली कि नींदनी रोड में स्थित हीरो इलेक्ट्रिक व्हीकल शोरूम में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इससे पहले की पुलिस वहां पहुंचती आग की चपेट में आने से एक-एक कर वहां रखी 5 बैट्री ब्लास्ट हो गई। फोन करने के बाद भी जब फायर ब्रिगेड की टीम वहां नहीं पहुंची तो आसपास मौजूद लोगों ने मिलकर बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। आग लगने के बाद जब वहां एक-एक करके बैट्री ब्लास्ट होने लगी, तो उससे आग और भड़क गई। इससे वहां काम करने वाले वर्कर भागने लगे और खुर्सीपार निवासी सुभद्रा झुलस जाने भाग नहीं सकी। वो अपनी जान बचाने के लिए बाथरूम में घुस गई। जब व्यापारियों और आम लोगों ने मिलकर आग पर काबू पा लिया तो उसके बाद महिला को बाथरूम से बाहर निकाल अस्पताल पहुंचाया गया। महिला का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है, उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। छावनी पुलिस आग का कारण जानने के लिए जांच कर रही है। प्रथम दृष्टया जांच में पता चला है कि आग शार्ट सर्किट की वजह से लगी है। दुकान संचालक ने बताया कि दुकान के ऊपरी फ्लोर में शाम को अचानक धुंआ निकलता हुआ कुछ लोगों ने देखा। जब तक वो लोग ऊपर जाकर देखते ऊपर से बैट्री ब्लास्ट की आवाज आई और कर्मचारी भागने लगे।

शहर-ग्रामीण वार्ड में बढ़ेगी शैक्षणिक सुविधा

स्कूलों में नए कक्ष निर्माण व पुराने कमरों का संधारण

भिलाईनगर, 26 सितम्बर (देशबन्धु)। शहर के साथ ग्रामीण वार्ड में भी शैक्षणिक सुविधा मुहैया कराने भिलाई-चरोदा नगर निगम की संजीदगी एक बार फिर दिखने लगी है। स्कूलों में नए कक्ष निर्माण के साथ ही पुराने कमरों का संधारण कराया जा रहा है। इसके लिए महापौर निर्मल कोसरे ने एमआईसी सदस्य और पार्षदों की मौजूदगी में आज सोमवार को भूमिपूजन किया। महापौर निर्मल कोसरे सिलासिलेवार भूमिपूजन के लिए सबसे पहले भिलाई-चरोदा नगर निगम के ग्रामीण क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-38 सोमनी पहुंचे। यहां पर उन्होंने स्कूल में 8.60 लाख रुपए की लागत से होने वाले अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु भूमिपूजन किया। इसके बाद महापौर निर्मल कोसरे काफिले के साथ वार्ड क्रमांक 31 देवबलोदा पहुंचे। उन्होंने देवबलोदा स्थित स्कूल भवन के 10 लाख रुपए की लागत से होने वाले संधारण कार्य सहित 6 लाख रुपए की लागत से मॉडर्न टायलेट निर्माण का भूमिपूजन किया। अंतिम कार्यक्रम के तहत श्री कोसरे ने वार्ड क्रमांक 17 भिलाई-3 के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में 8.40 लाख रुपए की लागत से अतिरिक्त कक्ष निर्माण की आधारशिला रखी। इस अवसर पर महापौर निर्मल कोसरे ने कहा कि नगर निगम द्वारा भिलाई-3 और चरोदा शहर के साथ-साथ ग्रामीण वार्डों में भी बेहतर शैक्षणिक परिवेश बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए चरणबद्ध योजना बनाकर स्कूलों के पुराने भवनों का आवश्यकता के अनुसार संधारण कराया जा रहा है। वहीं दर्ज संख्या को देखते हुए अतिरिक्त कक्ष का भी निर्माण कराया जा रहा है। इसके अलावा मॉडर्न टायलेट योजना के तहत स्कूलों में आधुनिक सुविधाओं से लैस शौचालय व प्रसाधन का निर्माण प्राथमिकता से हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान एमआईसी सदस्य ईश्वर साहू, मोहन साहू, श्रीमती दीप्ति आशीष वर्मा, श्रीमती देव कुमारी भलावी, पार्षदगण तुषांत वर्मा, श्रीमती भारती राम सूर्यवंशी, पप्पू चंद्राकर, शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित बड़ी संख्या वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

कोहका में अज्ञात ने घर से उड़ाई लाखों की नगदी

भिलाईनगर, 25 सितंबर (देशबन्धु)। स्मृति नगर चौकी अंतर्गत चंद्रनगर में चोरी की घटना घटित हुई। मिली जानकारी के अनुसार चन्द्रनगर निवासी महिला अपनी बेटी के साथ घर पर ताला लगा दुर्ग गई और शाम को लौटने पर उनके घर के मेन गेट पर लगा ताला सही सलामत था लेकिन घर के भीतर और आलमारी तथा लाकर के सारे ताले टूटे मिले। दिनदहाड़े चंद्रनगर सड़क 19 के पास स्थित राजपूत परिवार के मकान में अज्ञात चोर भीतर घुसे और लगभग 4 लाख कैश लेकर निकल भागे हैं। पीड़ित परिवार ने बताया कि चोरी हुए रूपयों में लगभग पौने 3 लाख शासकीय मिट्टी तेल बिक्री की रकम है जो राजकीय कोष में जमा होनी थी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चंद्र नगर कोहका निवासी सोहन सिंह राजपूत 53 वर्ष पेशे से टेंकर चालक है। उनकी बेटी तीज त्यौहार होने से मायके आई हुई थी और सोहन सिंह सुबह साढ़े 5 बजे टेंकर सीजी 07 सी.3236 से शासकीय मिट्टी तेल छोड़ने बेमेतरा गए हुए थे। केरोसिन छोड़ने के बाद वो जामुल पहुंचे थे तभी उनकी पत्नी सुशीला ने फोन कर बताया कि वो अपनी बेटी के साथ सुबह 10. 30 बजे दुर्ग गयी थीं। वहां शापिंग करने के बाद जब शाम 6. 30 बजे वापस घर आकर देखी तो बाहर मेन गेट का ताला लगा हुआ था जिसे खोल कर वो अंदर गयीं तो मेन कमरे के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखी तो अलमारी व लाकर भी टूटा हुआ था। लाकर में रखे शासकीय केरोसिन बिक्री की रकम 2 लाख 68 हजार 290 रूपये एवं निजी रकम लगभग सवा लाख रूपये चोरी हो गए थे। स्मृति नगर पुलिस ने इस मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 380 और 454 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस आस-पास लगे सीसी कैमरे की भी जांच करेगी।

विधायक की पहल से खुलेगा एक और इंग्लिश मीडियम स्कूल

भिलाईनगर, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। शहर को एक और शासकीय अंग्रेजी माध्यम का स्कूल खोलने की घोषणा विधायक देवेंद्र यादव ने की है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 9 को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम सरकारी स्कूल में परिवर्तित किया जाएगा। इससे क्षेत्र के बच्चों को काफी लाभ मिलेगा। सामान्य व गरीब परिवार के बच्चे जो महंगे प्राइवेट स्कूल में अपने बच्चों को नहीं पढ़ा पाते वे सब इस स्कूल में अपने बच्चों को पढ़ाएंगे। यहाँ प्राइवेट स्कूल की तरह ही इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई होगी। कुछ समय पहले विधायक देवेंद्र यादव ने क्षेत्र की जनता की जरूरत और बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से चर्चा की और मांग की थी कि एक और इंग्लिश मीडियम स्कूल भिलाई में शुरू किया जाए। विधायक की मांग को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री श्री बघेल में कुछ दिनों पहले ही घोषणा की थी कि जल्द ही स्कूल खोला जाएगा। और इसी के साथ ही अब आदेश भी जारी कर दिया गया है। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि जो लोग अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ा नहीं पाते। वे पालक अपने बच्चों को इस अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पढ़ा सकेंगे। शासन यहां प्राइवेट स्कूल की तरह हाई क्लास सुविधा मुहैय्या कराएगी। विधायक की पहल से भिलाई में 3 इंग्लिश मीडियम और 2 हिंदी मीडियम के स्कूल चल रहे हैं। छठवा जल्द शुरू होगा। सरकारी इंग्लिश मीडियम स्कूल की शुरुआत करने की पूरी योजना भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की है। शहर की 18 सरकारी स्कूलों को इंग्लिश मीडियम किया जाए। उसके बाद बाकी स्कूलों को भी धीरे-धीरे इंग्लिश मीडियम में परिवर्तित किया जाएगा। इस प्लान को जब विधायक देवेंद्र यादव में अपने महापौर कार्यकाल के दौरान शासन को प्रस्तुत किया तो शासन ने इस योजना को बड़ी गंभीरता से लिया और पूरे प्रदेश में स्वामी आत्मानंद जी के नाम से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल की शुरुआत करने की घोषणा की। इसमें सबसे पहले भिलाई के सेक्टर 6 स्कूल को भी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल बनाया गया था। विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री की सोच के अनुसार पूरे प्रदेश में आत्मानंद स्कूल खोले जा रहे है। जिसमें गरीब वर्ग के साथ-साथ अन्य बच्चे भी इन स्कूलों में अध्ययनरत है। उनके पालकों में इस बात का हर्ष हो कि उनके बच्चे भी अब अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पढ़ रहे है।

चरोदा में परिवार नियोजन को बढ़ावा देने कार्यक्रम

भिलाईनगर, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा परिवार नियोजन कार्यक्रम को बढ़ावा देने सास बहू सम्मेलन आयोजित कर छोटा परिवार सुखी परिवार फॉर्मूला पर परिवार नियोजन साधनो को अपनाने वाली हितग्राहियों को पुरूस्कृत करते नव विवाहित दम्पतियो को परिवार नियोजन साधनो को अपनाकर बच्चों में अंतर लाने योजनाएं को धरातल पर पूरी कर रहा है। इस अवसर स्वास्थ्य सुपरवाइजर सैय्यद असलम ने बताया कि समता कालोनी चरोदा भिलाई 3, डबरा सारा भिलाई 3 एवं उरला चरोदा में नसबंदी कराने वाले एंव अस्थाई साधन कापर टीएमाला एन छाया गोली के उपयोग करने वाली हितग्राहियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य परिवार नियोजन साधनो के बारे में लोगों को जागरूक करना ओर उसके उपयोग को बढ़ावा देने है। वर्तमान समय में कई अन्य साधनों अंतरा इंजेक्शन भी उपलब्ध है जो अस्पतालों में निशुल्क उपलब्ध है। पार्षद मोहन साहू, तुलसी ध्रुव व ईश्वर साहू ने हितग्राहियों से कहा कि अस्थाई ओर स्थाई साधनों से परिवार में बच्चों में अंतर लाने ओर शिशु को कुपोषण से बचाने एंव मां व शिशु को स्वास्थ्य बेहतर करने की अच्छी पहल है कार्यक्रम में श्रीमती ए दत्ता, श्रीमती आर विश्वास, श्रीमती हेमलता, गीते सोनसीर देशलहरे, वर्षा वर्मा, सहित मितानिर्यां का सहयोग रहा।

वैशाली विधानसभा विकास हेतु 1 करोड़ 97 लाख स्वीकृति

भिलाईनगर, 25 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में 32 निर्माण कार्यो के लिए 1 करोड़ 97 लाख 35 हजार 327 रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। वैशाली नगर के अंतर्गत वार्ड-1 खम्हरिया भाठा अम्डेकर चौक के पास सार्वजनिक सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु 4 लाख 99 हजार 238 रूपए एवं वार्ड-4 नेहरू नगर पूर्व में स्टेट बैंक के सामने सार्वजनिक पेवर ब्लॉक, ट्यूबलर इलेक्ट्रिक पोल व रेलिंग लगाने हेतु 9 लाख 96 हजार 974 रूपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार वार्ड-7 दुर्गा नगर पश्चिम में सार्वजनिक दशहरा उद्यान में मंच निर्माण, पेवर ब्लॉक व फेंसिंग कार्य हेतु 9 लाख 99 हजार 456 रूपए, वार्ड-8 न्यू कृष्णा नगर में सार्वजनिक सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु 5 लाख रूपए, वार्ड-11 फरीद नगर में सार्वजनिक ओपन जिम निर्माण हेतु 4 लाख 98 हजार 432 रूपए, फरीद नगर कोहका में जागृति भवन लिमहा तालाब के पास सार्वजनिक भवन निर्माण हेतु 4 लाख 99 हजार 238 रूपए एवं मुरूम खदान शिव मंदिर के पास सार्वजनिक डोम शेड निर्माण हेतु 9 लाख 99 हजार 962 रूपए, वार्ड-13 पुरानी बस्ती कोहका के कृष्णा ग्रेड सिटी में सार्वजनिक शेड निर्माण कार्य, पेवर ब्लॉक चेनलिंग फेंसिंग व लाईट गार्डन में फौवारा निर्माण हेतु 7 लाख 99 हजार 664 रूपए, वार्ड-15 अम्बेडकर नगर में सार्वजनिक बाल उद्यान के पास सार्वजनिक सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 4 लाख 99 हजार 818 रूपए, सार्वजनिक छत्तयुक्त मंच निर्माण कार्य हेतु 4 लाख 99 हजार 714 रूपए एवं शास.स्कूल के पास सार्वजनिक प्रसाधन कक्ष निर्माण कार्य हेतु 3 लाख 99 हजार 486 रूपए, वार्ड -16 रावण भाठा के पास दुर्गा मंदिर के पास छत्तयुक्त मंच निर्माण कार्य हेतु 3 लाख 99 हजार 365 रूपएए वार्ड क्रण 20 शैलीनगर में स्थित सार्वजनिक लोकांगन मैदान में डोम शेड निर्माण कार्य हेतु 9 लाख 98 हजार 851 रूपए एवं शासकीय प्रा. स्वा.केन्द्र में अहाता निर्माण कार्य हेतु 5 लाख 49 हजार 386 रूपए, वार्ड- 20 वैशालीनगर में पानी टंकी के पास सार्वजनिक अटल उद्यान निर्माण कार्य हेतु 2 लाख 99 हजार 934 रूपए एवं वार्ड-15 अम्बेडकर नगर में सार्वजनिक विद्या बाल उद्यान निर्माण कार्य हेतु 4 लाख 99 हजार 583 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। वैशाली नगर वार्ड -10 नेहरू भवन के चिंगरी पारा में सार्वजनिक मंच निर्माण हेतु 4 लाख रूपए. सतनाम भवन पांच रास्ता के पास सार्वजनिक सामुदायिक भवन संधारण हेतु 2 लाख 98 हजार 713 रुपए एवं कमला मेडिकल के सामने पुष्प उद्यान के सौंदर्यीकरण हेतु 3 लाख 99 हजार 203 रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति, वार्ड-24 फौजी नगर में सार्वजनिक सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 4 लाख 99 हजार 818 रूपए, वार्ड-25 जवाहर नगर हाउसिंग बोर्ड के सूर्यकुण्ड सरोवर में सार्वजनिक डोम शेड निर्माण हेतु 9 लाख 99 हजार स्वीकृति प्रदान की है।

सचिव महादेव ने फिल्म का पोस्टर लांच किया

भिलाईनगर, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संघर्ष में साथ रहीं उनकी जीवन संगिनी रमाबाई अम्बेडकर पर हिंदी फिल्म त्यागमूर्ति माता रमाई निर्माण की गतिविधियां वृहद स्तर पर चल रही है। प्रख्यात फिल्मी अभिनता रजा मुराद और छत्तीसगढ़ से मुंबई जाकर मुख्य धारा के सिनेमा में लोकप्रिय हुए ओंकारदास मानिकपुरी भी इस फिल्म का हिस्सा होंगे। दुर्ग संभाग के कमिश्नर रहे और वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन आवास पर्यावरण एवं वाणिज्यिक कर आबकारी विभाग के विशेष सचिव महादेव कावरे ने फिल्म त्यागमूर्ति माता रमाई. का पोस्टर लांच किया। फिल्म निर्माण की गतिविधियों को विस्तार देते हुए नीतुराज तथा प्रेरणा यूनिवर्सल फिल्म प्रोडक्शन हाउस की हिंदी फिल्म त्यागमूर्ति माता रमाई के लिए स्थानीय स्तर पर कई कलाकारों का चयन कर उन्हें मुंबई फिल्म स्टूडियो बुलाया गया। जहां पर उनका गेटअप और मेकअप आर्टिस्ट द्वारा फिल्म में अभिनीत किए जाने वाले पात्रों के रूप में ढाला गया। अब इन कलाकारों को बॉलीवुड में एक्टिंग की वर्कशॉप में एक हफ्ते की ट्रेनिंग उनकी भूमिका के अनुसार जिम्मेदारी दी जाएगी। गौरतलब है कि डॉ. अम्बेडकर पर कई भाषाओं में फिल्में बनी है परंतु उनकी सफ्तता के पीछे की मजबूत कड़ी उनकी पत्नी रमा पर हिंदी भी आज तक एक भी फिल्म नहीं बनी है जिससे हिंदी भाषी क्षेत्र आज भी माता रमाई के त्याग बलिदान और समर्पण के इतिहास से अनभिज्ञ है। बॉलीवुड के डायरेक्टर कबीर दा ने इस यथार्थ ऐतिहासिक पात्र पर फिल्म बनाने सराहनीय फैसला लिया है। डॉ उदय प्रेरणा धाबर्डे दंपति मुंबई जाकर बॉलीवुड के कलाकारों से संपर्क कर इस फिल्म के लिए कलाकारों से बात कर रहे हैं। इस फिल्म में बॉलीवुड से स्थापित अभिनेता रजा मुराद तथा पीपली लाइव ओंकार दास मानिकपुरी सहित कई टीवी सीरियल के जाने माने कलाकार हिस्सा बनेंगे। भिलाई से भी कई कलाकारों को इस बॉलीवुड मूवी में काम करने का मौका मिलेगा।

मिलेट्स के स्वास्थ्य लाभों के बारे में कुलपति ने दी जानकारी



भिलाईनगर, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। पी.जी.माइक्रोबायोलॉजी और बायोटेक्नोलॉजी विभाग, पी.जी. वनस्पति विज्ञान विभाग एवं पी.जी.प्राणीशास्त्र विभाग ने संयुक्त रूप से विभिन्न प्रकार के मिलेट्स के बारे में जागरूकता और उपयोग को बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष मनाने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की कुलपति डॉ अरुणा पल्टा थीं। विशेष अतिथि डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव डीन मेजबानी की। डॉ अरुणा पल्टा ने मिलेट्स के स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने मिलेट्स के विभिन्न पोषण संबंधी पहलुओं पर जागरूकता पैदा की और युवा छात्रों को अपने आहार में मिलेट्स शामिल करके स्वस्थ जीवन शैली जीने के लिए प्रेरित किया। डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने हमारे किसानों द्वारा उगाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के मिलेट्स और उनके लाभकारी पहलुओं के बारे में बात की। डॉ एम.जी.रॉयमन प्राचार्य ने मेहमानों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.शुभा दीवान ने किया। प्रतियोगिता में 35 प्रतिभागी थे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. जयश्री बालासुब्रमण्यम ने दिया।

ईश्वर के छायाचित्रों की एकल प्रदर्शनी कल से

भिलाईनगर, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर संयंत्र कर्मी एवं छायाकार ईश्वर कुमार पटेल द्वारा खीची गई छायाचित्रों के संग्रह की एकल प्रदर्शनी का आयोजनए भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित नेहरू आर्ट गैलरीए सिविक सेंटर में किया जाना है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 27 सितम्बर को संध्याकाल मुख्य अतिथि, संयंत्र के कार्यपालक निदेशक सामग्री प्रबंधन ए के चक्रवर्ती द्वारा किया जाना है। 27 सितम्बर को विश्व पर्यटन दिवस को ध्यान में रखते हुए संयंत्र के सहयोग से 27 से 29 सितम्बर तक इस प्रदर्शनी का आयोजन किया जाना है। इस प्रदर्शनी में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर इनकी छायाचित्र केंद्रित है, जिसकी प्रदर्शनी की जा रही है।

21 वर्ष से ऊपर आश्रित बहनों की चिकित्सा सुविधा बंद का विरोध



भिलाईनगर, 25 सितंबर (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्मिक सभागार में संयुक्त यूनियनें और प्रबंधन की बैठक हुई । जिसमें सीटू, इंटक, एचएमएस, स्टील कर्मचारी यूनियन, ऐक्टू, के प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रबंधन की ओर से मुख्य महाप्रबंधक कार्मिक, महाप्रबंधक औद्योगिक संबंध, महाप्रबंधक नियम, महाप्रबंधक नगर सेवाएं, उपस्थित थे। बैठक में यूनियन की ओर से दो ज्वलंत मांगों को लेकर अलग.अलग ज्ञापन दिया गया। हाल ही में प्रबंधन द्वारा 21 वर्ष से ऊपर आश्रित बहनों की चिकित्सा सुविधा बंद किए जाने एवं ओपीडी बुक वापस लिए जाने पर यूनियन की ओर से ज्ञापन देते हुए मांग किया गया कि तत्काल कर्मचारियों के आश्रित बहनों की चिकित्सा सुविधा पुनः बहाल किया जाए एवं ओपीडी बुक वापस किया जाए। एक और ज्ञापन अलग से सौंप कर मांग की गई कि बोरिया चौक से चोपड़ा पेट्रोल पंप तक डिवाइडर निर्माण किया जाए। बैठक में प्रबंधन द्वारा निम्न जानकारियां साझा की गई सोडेक्सो सास रिचार्ज हो गया है। अक्टूबर माह के बाद से नया कार्ड जारी किया जाएगा। पेंशन हेतु कई कर्मचारियों ने अभी तक ई नॉमिनेशन नहीं भरा है। प्रबंधन ने यूनियन प्रतिनिधियों से अपील की कि वे सभी कर्मियों से शीघ्र भरने के लिए कहे। उच्च पेंशन हेतु अतिरिक्त अंशदान जमा करने से संबंधित मांग पत्र आना शुरु हो गया है। यह सभी कर्मचारियों के ई.सहयोग में उपलब्ध है। सहमति पत्र भी इसमें उपलब्ध है। कर्मियों द्वारा ई.सहयोग के माध्यम से सहमति पत्र भरे जाने के पश्चात प्रबंधन द्वारा इसे प्रोसेस कर मचवि के पास भेजा जाएगा। सभी कर्मियों से 10 अक्टूबर के पूर्व इसे भरने की अपील की गई है ताकि इसे अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2023 से पहले मचवि के पास भेजा जा सके। प्रबंधन ने सूचित किया कि चोरी की बढ़ती हुई घटना को देखते हुए गेट में प्रवेश से पूर्व और निकलते समय के समय को रिकॉर्ड करने हेतु गेट नई प्रक्रिया शुरु हो गई है। यह प्रणाली सिर्फ प्रवेश और निकासी के समय को दर्ज करने के लिए है। हाजिरी के लिए अलग से विधाय में बायोमेट्रिक सिस्टम लगाया जा रहा है। प्रबंधन ने जानकारी दि कि अब तक डॉक्टरों की आवश्यकता की मांग कार्पोरेट कार्यालय भेजा जाता था किंतु जितनी संख्या की मांग की जाती की उतने की मंजूरी नहीं मिलती थी, इसलिए इस बार नियुक्ति की संख्या मंजूर करने की मांग की गई। प्रक्रिया में इस बार कॉरपोरेट से 50 डाक्टर नियुक्ति की मंजूरी मिली है। स्थाई डॉक्टरों की नियुक्ति. प्रबंधन ने जानकारी दी कि 7 विशेषज्ञ डॉक्टरों की एवं 4 चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति हुई है। ठेका श्रमिकों के लिए शीघ्र ही 10 लाख रुपए की दुर्घटना बीमा योजना शुरु होने जा रही है जिसमें इस वर्ष पहली बार बीमा की राशि ठेकेदार द्वारा भुगतान किया जाएगा तथा उसके पश्चात ठेकेदार ठेका लेती समय बीमा की राशि को जोड़कर ठेका ले सकता है। इस बीमा का कवरेज ठेका श्रमिक एवं सुपरवाइजर दोनों के लिए है एक वर्ष तक किसी भी समय किसी भी तरह की दुर्घटना से होने वाली मृत्यु शामिल है। नगर सेवाएं विषय पर प्रबंधन ने जानकारी दी कि बड़े कार्यों के लिए भवन बनाने में विशेषज्ञता रखने वाली सार्वजनिक उपक्रम के साथ 20 सितंबर को समझौता हुआ है,जिसमें 4 पानी टंकी एवं रोड बनाना शामिल है।मकानों के संधारण के लिए भी रेट कॉन्ट्रैक्ट भी शुरू किया जा रहा है जिसमें फ्लोर स्तर के अधिकारी के पास भी जर्जर आवासों के छोटे कार्यों हेतु निर्णय लेने का अधिकार होगा। सुलभ पूरे संयंत्र को पांच ब्लॉक में बांट कर सुलभ शौचालय बनाया जाएगा

राधा रानी ग्रुप ने मनाया राधा अष्टमी पर्व



भिलाईनगर, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। नेहरुनगर स्थिति राधा रानी ग्रुप भिलाई द्वारा राधा कृष्ण मंदिर नेहरू नगर में राधा अष्टमी का आयोजन बहुत ही धूमधाम से किया गया। जिसमें श्री राधा कृष्ण की मनमोहक झांकी और राधा कृष्ण द्वारा नृत्य नाटिका एवम कैलाश सोनी रायपुर द्वारा भजन प्रस्तुति किया गया। लाडली राधा के जन्म उत्सव की बधाइयां बाटी गई। राधा रानी ग्रुप के सभी सदस्य एवं संचालक गण श्रीमती उषा दिनोदिया, श्रीमती सुनीता अग्रवाल, श्रीमती रूप केजरीवाल, एवं श्रीमति राजकुमारी वर्मा एवं नगर की महिलाएं अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को कार्यक्रम को संपन्न किया। इस अवसर पर उषा दिनोदिया ने बताया कि प्रतिवर्ष राधारानी ग्रुप द्वारा राधा अष्टमी में उनकी प्रेम के महिला सदस्यों द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर भगवान श्री कृष्ण व राधा की जीवनी के बारे में बताया जाता है। श्रीमती सुनिता अग्रवाल ने कहा कि उनकी ग्रुप की महिलाओं द्वारा समय-समय पर धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। उन्होंनें बताया कि जरुरत मंदों को ठंड़ में गरम वस्त्र, बच्चों को पठन सामाग्री उपलब्ध कराई जाती है। इस अवसर पर कार्यक्रम के अंत में प्रसाद का वितरण किया गया।

सेक्टर-6 सोसाइटी का शुद्ध लाभ 2 करोड़ के करीब

भिलाई। इस्पात कर्मचारी को.ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी की वार्षिक आम सभा परशुराम भवन सेक्टर-2 में रखी गई। सोसाइटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र ने संस्था की उपलब्धियों एवं वित्तीय स्थिति के बारे में अपने वार्षिक प्रतिवेदन में संस्था के सदस्यों को अवगत कराया। अंकेक्षित वित्तीय पत्रक वर्ष 2022-23 का अनुमोदन वर्ष 2024-25 के प्रस्तावित बजट का अनुमोदन एवं वर्ष 2022-23 के अनुपूरक बजट का अनुमोदन एव वर्ष 2022-23 का देय लाभांश का भी अनुमोदन किया गया। अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र ने आमसभा को बताया कि वर्ष 2022-23 का शुद्ध लाभ 1.79 करोड़ रुपए रहा। जो गत वित्त वर्ष 2021-22 की तुलना में 41 लाख रुपए अधिक है। संस्था के वर्तमान संचालक मंडल के सम्मिलित प्रयासों से गिरती सदस्य संख्या के बावजूद भी संस्था ने वित्त वर्ष 2022-23 में अपने व्यवसाय में उल्लेखनीय वृद्धि की है। गत वित्त वर्ष में ऋण के उठाव में 4 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई है। वर्तमान संचालक मंडल ने कम ब्याज दरों पर विभिन्न सहकारी बैंकों में निवेशित संस्था की निधियों को उच्च ब्याज दर पर राष्ट्रीयकृत बैंकों में निवेशित किया जिससे संस्था की आय में वृद्धि हो रही है। वर्तमान में आकस्मिक ऋण की अधिकतम सीमा 3 लाख और नियमित ऋण की अधिकतम सीमा 10 लाख है। 5 लाख तक नियमित ऋण लेने पर बीमा पॉलिसी को मोटीगेज करने के पूर्व ऋण नियम को समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने आमसभा के समक्ष 8 प्रतिशत लाभांश देने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि कुटुम्ब सहायता योजना के अंतर्गत 511 प्रकरणों में 43 लाख 71 हजार रुपए प्रदान किए गए। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023-24 के लिए अनुमोदित आय-व्यय 5 करोड़ 89 हजार है तथा वित्त वर्ष 2024-2025 का प्रस्तावित बजट 5 करोड़ 68 लाख है। अध्यक्ष मिश्र ने बताया कि सोसाइटी में वर्तमान में वित्त वर्ष 2022-23 की समाप्ति पर कुल 4698 सदस्य हैं, और वर्तमान में बीएपसी के 92 नए कर्मी सदस्य बने हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न कारणों से 28 हजार 435 सदस्यता समाप्त हुई है। इसके अलावा 2022-23 में कार्यशील पूंजी 96 करोड़, 67 लाख, 09 हजार 158 रूपए 21 पैसे है। मंच पर संस्था की उपाध्यक्ष श्रीमती ईंदरजीत कौर, अमिताभ वर्मा व संचालक मंडल के धनंजय चतुर्वेदी, वी के वासनिक, के.पी.चंद्राकर, पवन कुमार साहू, श्रीमती नीरजा शर्मा, जे.के.गहिने एवं संस्था के प्रतिनिधि शैलेश कुमार सिंह. सुनील कुमार शर्मा एवं तरुण कुमार ध्रुव की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक एम.मुरलीधर ने तथा आभार प्रदर्शन श्रीमती ईंदरजीत कौर ने व्यक्त किया। आमसभा में संस्था के विकास एवं सदस्यों के हितार्थ कई अन्य महत्वपूर्ण सुझाव भी सदस्यों से प्राप्त हुए । जिन्हें परीक्षण पश्चात भविष्य में लागू करने का निर्णय लिया गया। सहकारी भावनाओं से ओतप्रोत सभी उपस्थित सदस्यों को हर्षोल्लास के साथ आमसभा समाप्त हुई।



215 पदों के लिए रोजगार मेला 29 को

दुर्ग, 25 सितंबर। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र दुर्ग द्वारा सृजन रोजगार अंतर्गत नियोजक द्वारा उपलब्ध रिक्त पदों को भरने के लिए प्लेसमेंट का आयोजन 29 सितम्बर को समय प्रात: 10.30 बजे जिला रोजगार कार्यालय दुर्ग में किया जाएगा।

कोटागांव में तीज मिलन समारोह में मंत्री अनिला हुई शामिल

कांग्रेस शासन में सभी वर्गों के लिए हर स्तर पर लिए गए बेहतर फैसले : पूर्व विधायक डोमेंद्र

डौण्डी, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ शासन के महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री अनिला भेड़िया द्वारा डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के डौंडी ब्लॉक के ग्राम कोटागांव में तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक डोमेंद्र भेंडियां उपस्थित रहे तथा विशिष्ट आतिथ्य के रूप में मंत्री प्रतिनिधि पीयूष सोनी एवं प्रोफेसनल कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विकास भेड़िया उपस्थित रहे जिसमे सबसे पहले सभी अतिथियों के द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की एवं समस्त महिलाओ के द्वारा समस्त अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया पूर्व विधायक डोमेंद्र भेंडिया ने ग्राम पंचायत कोटागांव मे आयोजित तीज मिलन समारोह कार्यक्रम मे समस्त महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा की महादेव की कृपा से आप सभी का सुहाग हमेशा बने रहे और हम सभी हर वर्ष इसी तरह आपस मे बहुंत ही हर्षोल्लास के साथ पोरा तीजा का त्यौहार मनाते रहें।वहीं उन्होंने कहा कि कांग्रेस के ही शासन काल मे जनहित के विकास कार्य सड़क पुल निर्माण सहित स्कूल भवन का निर्माण तेज गति से हुआ है साथ ही यह भी कहा की छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार में महिलाओं युवाओं श्रमिकों किसानों यहां तक शासकीय कर्मचारियों के हर स्तर पर बेहतर फैसले लिया गया है । मंत्री प्रतिनिधि पीयूष सोनीव विकास भेड़िया ने सयुक्त रूप से ग्रामीणों से आग्रह किया कि जिस तरह

आप सभी के आर्शीवाद से पिछले चुनाव मे भारी मतों से कांग्रेस पार्टी को जीत दिलाई। ठीक उसी तरह आने वाले चुनाव मे एक बार फिर आप सभी का आर्शीवाद मिले और डौण्डी लोहारा व प्रदेश मे फिर से कांग्रेस के भूपेश बघेल की सरकार बने यह हम सभी के लिए बहुंत ही गर्व की बात है कि हमारे क्षेत्र की विधायक को प्रदेश मे केबिनेट मंत्री का दायित्व मुख्यमंत्री द्वारा सौंपा गया। और इन पांच वर्षो मे मंत्री ने निरंतर अपने विधानसभा क्षेत्र के हर एक गांव मे आप सभी के बीच विभिन्न विकास कार्यो के लोकार्पण, भूमिपूजन व जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान पहुंचती रही और आप लोगों की समस्याओं से रुबरु होते रही।मंत्री प्रतिनिधि ने आगे कहा कि केबिनेट मंत्री के प्रयासों से आज कोटागांव मे विद्यालय, सडक, पुल, पुलिया, सहित अनेकों विकास कार्य हुए है। तीज मिलन कार्यक्रम के दौरान ग्राम घोटिया के खेल मैदान मे महिलाओं के लिए , रस्सी खींच, कुर्सी दौड सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित हुई, सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया आयोजित तीज मिलन कार्यक्रम मे छात्राओं के साथ छत्तीसगढी गीतों पर जनपद सद्स्य पुष्पा कोमार्रा के साथ अन्य महिला एवं जनप्रतिनिधि गण भी थिरकेते नजर आये आयोजित कार्यक्रम मे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमेश कोर्राम, ऊर्दू अकादमी बोर्ड के सद्स्य शब्बीर खान,जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती दुग्गा, जनपद उपाध्यक्ष पुनीत राम सेन, ब्लॉक के महामंत्री कैलाश राजपूत, कोमलेंद्र चंद्राकर, अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अतीक कुर्रे रमिता मरकाम, निर्मला कौडो, मीडिया प्रभारी रविकांत देशमुख,ग्राम की सरपंच जाम बाई चुरेन्द्र, एल्डरमैन अश्वनी जायसवाल, पलटन भुआर्य, हजारों की संख्या मे ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहे।

मेरी विचारधारा सबको साथ लेकर सबकी उन्नति की है : राजा खड़गराज सिंह

सहसपुर लोहारा, 25 सितंबर। आम आदमी पार्टी के कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार एवं सहसपुर लोहारा राजपरिवार के राजा खड़ग राज सिंह कवर्धा जिले के अंतिम छोर में स्थिति ग्राम रानीदहरा पहुंचकर ग्राम में आयोजित प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में अपनी उपस्थिति दी इस अवसर ग्राम के अधिकांश महिला पुरुष एवं बच्चो ने राजा खड़गराज सिंह का बड़ी आत्मीयता से अभूतपूर्व स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित आमजनों को सम्बोधित करते हुए। आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी राजा खड़ग राजा सिंह ने कहा की वो जब अपने काम से दिल्ली गये थे तब वहां के स्कुल, अस्पताल एवं अन्य जनता से जुड़ी व्यवस्था को बहुत पास से देखने का मौका मिला मुझे ये देखकर आश्चर्य हुआ की वहां के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और उनकी टीम ने वहां की व्यवस्था को विश्व स्तरीय बना दिया है। यही बात मुझे प्रभावित कर गई और मैंने आम आदमी पार्टी में शामिल होने का फैसला कर लिया क्योंकि मेरी भी ईच्छा है की हमारे गांवो के लोगो के बच्चो को उच्च स्तर की शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा मिले यहां भी सरकारी काम कराने के लिए लोगो को घुस ना देना पड़े, लोगो को सरकारी आफिसो के चक्कर ना लगाने पड़े। राजा खड़ग राजा सिंह ने आगे कहाँ की आज हम किसानो को बटवारा, नक्सा सुधार, सीमांकन और अपनी जमीन से जुड़े हर काम के लिए राजस्व अमला को पैसा देना पड़ता है तभी हमारा काम बड़ी मुश्किलों से हो पाता है। राजस्व विभाग के लोग ये सब राजनितिक संरक्षण की वजह से ही कर पाते है। और अगर आप का जनप्रतिनिधि ईमानदार होगा तों किसी सरकारी विभाग के अधिकारी कर्मचारी की ये हिम्मत नहीं होंगी की वो आपसे कुछ मांग सके या आपको घुमा सके। मै पांच साल सहसपुर लोहारा का नगर पंचायत का अध्यक्ष रहा मैंने कांग्रेस के उम्मीदवार की जमानत जप्त कर जीत हासिल की और पुरे पांच साल बगैर भ्रष्टाचार के सबको लेकर कार्य किया क्योंकि मेरी विचारधारा सबको साथ लेकर सबकी उन्नति की है। राजा खड़गराज सिंह ने लोगो से अपील करते हुए कहाँ की मुझे आम आदमी पार्टी ने कवर्धा विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है और अगर आप सब और हम मिल जाये तों निश्चित रूप से यहां की व्यवस्था बदलेगी हम हमारे आने वाली पीढ़ी को एक उन्नत समाज प्रदान करेंगे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में बच्चे, बुजुर्ग,महिलाये और युवा राजा से मिलने और उन्हें देखने के लिए भारी संख्या में उपस्थित थे राजा खड़ग राजा सिंह ने अधिकाश लोगो से मिलकर उनका हाल चाल जाना और इस आयोजन में बुलाने के लिए ग्रामीणों का आभार प्रकट किया। राजा की सरलता, सज्जनता और व्यवहार कुशलता को देख ग्रामीण बहुत प्रभावित नजर आये। इस अवसर पर कमल नेताम, खेदु साहू,समल नेताम,गौकरण साहू, होमलाल साहू,लोमेन्द्र साहू आत्माराम खुशरों,मेहतर साहू,राम यादव साथ आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

पीएससी घोटाले का आरोप लगाते हुए भाजयुमो ने कांग्रेस सरकार की निकाली शवयात्रा

बालोद, 25 सितंबर। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बालोद ने पीएससी घोटाला का आरोप लगाते हुए कांग्रेस सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सांकेतिक शव यात्रा निकाली। भाजपा कार्यालय के पास से ही निकले उक्त शव यात्रा के चलते भाजपाइयों, भाजयुमो कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस से जमकर झूमा झटकी हुई और यात्रा निकालने से रोका गया। भाजपा नेताओं ने घोटाले का आरोप लगाते हुए मांग किया कि पीएससी 2019 के साथ 2020, 2021 की भी न्यायिक जाँच हो। परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक पर कार्यवाही हो। उत्तर पुस्तिका की जाँच ऑफलाईन हो। विशेषज्ञों के नाम जारी हो। भारतीय जनता पार्टी जिला बालोद जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत पवार के मार्गदर्शन एवं जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा बालोद आदित्य सिंह पीपरे नेतृत्व में और रौनक कत्याल के मौजूदगी में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बालोद द्वारा भूपेश बघेल का शव यात्रा निकाली गई थी। इस अवसर पर पूर्व विधायक गुण्डरदेही बिरेंद्र साहू, जिला मंत्री नरेश साहू, शरद ठाकुर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, तोमन साहू जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा, खेमलाल देवागन, विकास जैन महामंत्री जिला युवा मोर्चा, जिला किसान मोर्चा मंत्री टुकेश्वर पांडेय, लवण साहू जिलाभाजयुमो मंत्री, मनीष साहू गुरुर युवा मोर्चा अध्यक्ष, टुमन साहू खेरथा युवा मोर्चा अध्यक्ष, देवेंद्र साहू अर्जुदा युवा मोर्चा अध्यक्ष, संजय साहू, कुंदन साहू, रेमन सिन्हा, प्रदीप साहू, टामन साहू, गोपेश साहू, रूपेश रावटे, शिखर साहू, संजय शर्मा सरपंच, संतोष साहू, बृजेश गुप्ता, युवा मोर्चा से राहुल साहू, कमल बजाज, तुषार ढीमर, रवि, जय लुल्ला, यश जैन आदि उपस्थित थे।

जगन्नाथपुर में व्यापारी को मिला 5 सौ का नकली नोट, लोगों को सावधान रहने की जरूरत

बालोद, 25 सितंबर (देशबन्धु)। ग्राम जगन्नाथपुर में 500 रुपए का नकली नोट मिला है। एक हार्डवेयर व्यवसाई हेमशंकर देशमुख को किसी ग्राहक ने ?500 का नकली नोट थमा दिया है। उन्हें भी इसकी जानकारी नहीं थी। वे भी अनजाने में दूसरे ग्राहक को यह नोट दे चुके थे। जब उक्त ग्राहक पेट्रोल पंप पहुंचा तो फिर पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने नोट की पहचान कर नकली बताते हुए उसे वापस किया। तब जाकर सच्चाई पता चली। जागरूक नागरिक का फर्ज निभाते हुए हार्डवेयर व्यवसाई हेमशंकर देशमुख ने नकली नोट से संबंधित जानकारी साझा करते हुए बताया कि देखने में यह हुबहू असली जैसा लग रहा है। लेकिन छूने से फर्क साफ पता चल रहा है। जल्दबाजी में वे नोट को पहचान नहीं पाए थे। साइज में असली नोट से यह थोड़ा सा छोटा है। वही महात्मा गांधी की फोटो बिना लाइट में देखें सामान्य तौर पर उभरा हुआ दिख रहा है। तो कोई चमकीली चीज चिपकाई गई है। कुल मिलाकर स्टेट कलर फोटोकॉपी के तौर पर इस नोट को तैयार किया गया है। जो पहले नजर में देखने से असली ही लग रहा है। कलर हल्का फीका है और मोटाई भी कम है। बाकी सभी डिजाइन असली की तरह हैं। ताकि किसी को एक नजर में शक ना हो । उन्होंने ग्राहकों से अपील की है की खास तौर से 500, 200 और 100 के नोट को बारीक से देखकर ही लेनदेन करें। हेमशंकर देशमुख ने बताया कि जगन्नाथपुर में नकली नोट का यह तीसरा मामला है। इसके पहले पेट्रोल पंप में भी ?500 के नकली नोट मिल चुका है। तो वही एक अंडा रोल व्यवसाई फोश्वर साहू के पास भी ?100 का नकली नोट किसी ग्राहक के जरिए पहुंचा था। इसके पूर्व मालीघोरी के बाजार में भी ?100 का नकली नोट मिल चुका है। लगातार इस तरह के नोट मिलने से यह आशंका है कि कोई गिरोह सक्रिय है। जो इस तरह इक्का दुक्का करके बाजार में नकली नोट खपा रही है। ग्राहक वास्तविकता से अनजान होने के चलते नकली नोट से ही लेनदेन कर रहे हैं। इससे उन्हें कभी भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। ऐसे में सावधान रहने की जरूरत है।

सनौद में पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता संपन्न

गुरुर, 25 सितंबर। ग्राम सनोद में विकासखंड स्तरीय पावर फिटनेस जिम के तत्वाधान में पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुभारंभ के मुख्य अतिथि एस.आर तेजस्वी थे। अध्यक्षता अमरीत आशीष साहू ने की। विशेष अतिथि लीलाराम सोनबेर, मनीष साहू, जयप्रकाश साहू मंचासीन थे। विशेष अतिथि के रूप मे उपस्थित गुरुर मंडल के भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष मनीष साहू ने बताया कि निश्चित तौर पर क्षेत्र के खिलाड़ियों को एक मंच देने का यह एक अच्छा प्रयास पावर फिटनेस जिम के द्वारा किया गया है, यहां खिलाड़ी पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता पर भाग लेकर अपना दमखम दिखा सकेंगे। जो गांव से आने वाले खिलाड़ियों को आगे जाने का एक अच्छा माध्यम बनेगा। निश्चित तौर पर यह कार्य सराहनीय कार्य है। खेलों के माध्यम से शरीर भी स्वस्थ और मस्त रहता है।

जन्मदिन पर पूर्व विधायक भारती को कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

डोंगरगढ़, 25 सितंबर। पूर्व विधायक रामजी भारती के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है । नगर में स्थित उनके निवास में सुबह से ही कार्यकर्ता व क्षेत्र की जनता का पूर्व विधायक श्री भारती को बधाई देने के लिए तांता सा लग रहा । इसी कड़ी में महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने शाम को उनके निवास में काटकर जन्मदिन की बधाई दी है इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश चौरडिया ,सुनील जैन , महेंद्र भाई पटेल, प्रकाश यादव , मधुसूदन अग्रवाल , मंडल अध्यक्ष अमित जैन, महामंत्री राकेश अग्रवाल, रमन डोंगरे ,नागेन्द्र सिंह परिहार, अर्चला सिंह ठाकुर ,चौहान , जनपद सदस्य रवि अग्रवाल, किसान नेता हेमलाल वर्मा, ग्राम अंडी सरपंच जसबीर चौहान, महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ़, लक्ष्मी यादव, पांडादाह मंडल महामंत्री गोरेलाल वर्मा , आनंद अग्रवाल , सरफराज नवाज, उपकार साहू, रेखराम साहू, पार्षद अनिता इंदुरकर, लोकेश इंदुरकर, सरफराज (सरफु), श्याम तिवारी, कन्हैया अग्रवाल, नमृता चौबे, हेमलता तिवारी, गीता दुबे, चंद्रकला राजपूत सुमन पांडे ,इंदु यादव, कमलेश उज्जवने आवेश निगम सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है ।

खुद सुन व बोल पाने में अक्षम, पर संकेत भाषा से बच्चों के जीवन में ला रहे उजियारा

बालोद, 25 सितंबर। जिले के उमरादह में स्थित पार्श्वनाथ दिव्यांग स्कूल जंहा के शिक्षक जो खुद बोल और सुन तो नहीं सकते लेकिन उन्हें खुले आसमान में जीने से आज कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने अपनी कमियों को कहीं जाहिर नहीं होने दिया और अपने जीवन से संघर्ष करते रहे और आज इस मुकाम पर है कि डीफकम्युनिटी के बच्चों को शिक्षा दे रहे हैं खुद बोल व सुन पाने में अक्षम है लेकिन अन्य लोगों के जीवन में उजियारा ला रहे हैं और आम जीवन में जीने के सलीके और नीतिगत शिक्षा दे रहें हैं। मूक बधिरों के लिए बालोद में एकमात्र विद्यालय है जिसका नाम पारसनाथ दिव्यांग स्कूल है और वहां के शिक्षक दुष्यंत साहू जो कि खुद सुन और बोल नहीं पाते हैं पर उनकी कहानी सभी को प्रेरित करती है वो छत्तीसगढ डीफ़एसोसिएशन में सचिव हैं और ज़िले में समन्वयक के रूप में कार्य कर रहे हैं।बालोद ज़िले के गुरूर नगर में रहने वाले दुष्यंत साहू के संघर्ष की कहानी अनोखी है आज उन्हे देखकर कोई ये नहीं बोल सकता कि उन्हे अफसोस होता होगा। दुष्यंत बताते हैं वो बोल और सुन नहीं सकते लेकिन वे बहुत खुश हैं दुष्यंत ने बताया कि उन्हें बचपन में सामान्य लोगों के विद्यालय में दाखिला दिलाया गया था जहां काफी दिक्कतें होती थी इसके बाद जैसे जैसे उन्होंने संघर्ष किया नागपुर गए वहां साइन लैंग्वेज के बारे में जाना और सीखा उसके बाद वापस छत्तीसगढ़ आए यहां भी उन्हें संतुष्टि नहीं मिली इसके बाद भी इंदौर गए और वहां पर संकेत भाषा के लिए डिप्लोमा की पढ़ाई की और फिर काफी खुश हुए कि अब उनके जीवन में कुछ करने के लिए बेहतर अवसर है आज साइन लैंग्वेज आम जीवन में भी बेहद आवश्यक है दुष्यंत बनाते हैं कि वह आज तेरा बच्चों को संकेत भाषा की शिक्षा दे रहे हैं ताकि वह आत्मनिर्भर होकर अपना जीवन जी सकें उन्हें देखकर कोई नहीं बोल सकता कि उनके जीवन में कोई समस्याएं हैं समस्याएं हो सकती है परंतु वे आज एक सामान्य लोगों की तरह ही जीवन यापन करते हैं गाड़ी चलाते हैं मोबाइल उपयोग करते हैं आम जनता से रूबरू होते हैं उन्होंने अपनी कमियों को कभी अपनी नाकामियों में शामिल नहीं किया। जो लोग बोल या सुन नहीं सकते वे अपनी भावनाओं आइडियाज और शब्दों को इशारों में समझाते हैं। इन इशारों को समझने के लिए प्रोफेशनल लेवल पर कई संस्थानों में साइन लैंग्वेज कोर्स करवाए जाते हैं यह विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए बेहद अनिवार्य है आज बालोद जिले के इस दिव्यांग विद्यालय में ऐसे बच्चे अपने जीवन के लिए उज्जवल भविष्य की नींव रख रहे हैं और उसमें दुष्यंत अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। दुष्यंत और डीफ़कम्युनिटी की यह इच्छा है कि आम जनता के बीच भी संकेत भाषा प्रचलन में आना चाहिए ताकि बल व सुन पाने में अक्षम लोगों की भावनाएं उन तक पहुंच पाए जो बुनियादी चीज संकेत भाषा की होती है उसे सामान्य रूप से सभी जगह पर लागू करना चाहिए ताकि इन जैसे विशेष देखभाल वाले बच्चों और लोगों को किसी तरह की कोई समस्या ना हो। दुष्यंत ने विशेष जरूरतमंद वाले बच्चों के अधिकारों के लिए भी काफी लड़ाइयां लड़ी है वह विभिन्न विभागों के चक्कर भी करते हैं उन्हें उम्मीद है कि संकेत भाषा को सरकार भी हर जगह लागू करें या उनका उद्देश्य है और सरकार से उन्होंने यह अपील की है। पारस नाथ विद्यालय में वर्तमान में 13 बच्चे शिक्षा ले रहे हैं और सभी संकेत भाषा में निपुण हो रहे हैं ताकि वे आने वाले भविष्य में संकेत बात भाषा के माध्यम से अपना जीवन सामान सके आम लोगों के साथ आचरण व्यवहार स्थापित कर सके और अपने करियर के प्रति भी वे सजग रहें इस विद्यालय को खुले अभी महज 6 माह हुए हैं जैसे.जैसे लोगों को इसकी जानकारी होगी उम्मीद है कि यहां पर संकेत भाषा सीखने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि हो पाए इस विद्यालय में दुष्यंत एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और इसका संचालन एक ट्रस्ट कर रही है।

मोहारा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में भानपुरी की टीम रही प्रथम

गुरुर, 25 सितंबर। आदर्श प्रज्ञा बाल गणेश उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी मोहारा के तत्वाधान में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ हरिकृष्ण गंजीर सांसद प्रतिनिधि एवं प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ निजी चिकित्सक संघ रायपुर थे। अध्यक्षता ईश्वरलाल साहू आरा मिल अरमरीकला एवं अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज कोसागोदी ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ रोहित साहू संयोजक भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ बालोद, डॉ डामन लाल साहू सहसंयोजक भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ बालोद, कमलेश्वर सोनवानी, कोषाध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज कोसागोदी, सत्येंद्र साहू, सांसद प्रतिनिधि सेवा सरकारी समिति मोहारा के उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में 25 टीम भाग लिए, जिसमें जय भवानी कबड्डी दल भानपुरी प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी टीम देवकोट द्वितीय, टेमरी तृतीय स्थान प्राप्त किया। बेस्ट रेडर गुलशन कुमार देवकोट, बेस्ट कैचर खिल्लु देवकोट और बेस्ट ऑल राउंडर प्रीतम भानपुरी रहे। मुख्य अतिथि डॉ गंजीर ने कहा खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए, जीतने के बाद ज्यादा खुशी नहीं होनी चाहिए और हारने के बाद ज्यादा गम नहीं होनी चाहिए और जीवन में निरंतर प्रयास करना चाहिए, जो मेहनत करता है, प्रयास करता है वही आगे बढ़ता है। इस दौरान आयोजक समिति एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कुरुभाटा में रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन

डोंगरगढ़, 25 सितंबर। नगर के समीप ग्राम पंचायत कुरु भाटा में 27 सितंबर को रात्रि 7:00 बजे ग्राम के स्टार वाइस गणेश उत्सव समिति व ग्रामवासियों के सहयोग से रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम के सरपंच प्रति बाला साहू उपस्थिति होगी। प्रतियोगिता में ग्रुप डांस में प्रथम पुरस्कार 5555 रु द्वितीय पुरस्कार 3333 रु तृतीय 2222 रु , युगल डांस में प्रथम पुरस्कार 2525 रु द्वितीय पुरस्कार 1555 रु तृतीय 1055 रु वही एकल डांस में प्रथम पुरस्कार 2000 रु द्वितीय पुरस्कार 1300 रु तृतीय 800 रु रखा गया है। समिति के पदाधिकारीयो ने कलाकारों से उक्त प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने हुनर का प्रदर्शन करने की अपील की है ।

प्रादेशिकी का शेष...

त्यौहारी मौसम के चलते ...

कहा। आज की बैठक में एमआईसी प्रभारी अब्दुल गनी, संजय कोहले, हामिद खोखर, बाजार अधिकारी जावेद अली, अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, सहायक बाजार अधिकारी थान सिंह यादव के अलावा इंदिरा मार्केट व्यापारी संघ के सचिव बहादुर अली थारानी, इंदिरा मार्केट व्यापारी संघ के अध्यक्ष दिलीप बाकलीवाल, दिलीप मारोटी, कुलदीप, फुटकर व्यापारी संघ के रजब अली जमाल खान व अन्य व्यापारीगण उपस्थित थे।

सूरज का पोस्टमार्टम ...

होने पर उसे पहले जिला अस्पताल व फिर शंकराचार्य अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शंकराचार्य अस्पताल में 20-21 सितंबर को सूरज की मृत्यु हो गई थी। तब से आज तक लगातार मृतक के पिता मानिकचंद साहू पत्नी ज्योति साहू के साथ ही आम आदमी पार्टी के जिला प्रमुख डॉ. एस.के.अग्रवाल, मेहरबान सिंह, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन कर रहे है।

उल्लेखनीय है गत दिवस दिनभर खुर्सीपार भिलाई में हुई एक हत्या के मामले में प्रशासन ने मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता व परिवार के एक व्यक्ति को संविदा नौकरी का आश्वासन दिया है। इधर लोगों का मानना है कि जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन को इस संवेदनशील मानवीय मामले में संवेदनशीलता के साथ कोई समाधान निकालना चाहिए ताकि मृतक का 5 दिनों से रूका पोस्टमार्टम व अंतिम संस्कार किया जा सके।

ढाई लाख के जेवरात ...

पुलिस की इस कार्रवाई में निरीक्षक महेश ध्रुव, उपनिरीक्षक उधोराम साहू, आरक्षक लव पाण्डेय, आरक्षक अलाउद्दीन शेख एवं चंद्रशेखर वंजीर लगातार शामिल रहकर आरोपियों को पकड़कर उनसे राशि व सामान बरामद किये।

दुबई में विजय गुप्ता के ...

शर्मा थे। अध्यक्षता परदेशी राम वर्मा ने की। विमोचन उपरांत सभी अतिथियों को वक्त डगर से भेंट की गई।

विजय कुमार गुप्ता के साथ धर्मपत्नी शशिप्रभा, दुबई में कार्यरत पुत्र राजदीप एवं पुत्रवधु हर्षा भी उपस्थित हुए। 'वक्त डगर से एवं पूर्व के चारो काव्य संग्रहों की आवरण चित्रकथा का संयोजन पुत्र राजदीप ने किया। इस हेतु सम्मेलन में राजदीप गुप्ता को साहित्य वैभव गौरव सम्मान से अलंकृत किया। विजय गुप्ता के सतत लेखन सृजन क्षेत्र में साहित्य साधना हेतु साहित्य वैभव शिखर सम्मान से नवाजा गया। शशिप्रभा गुप्ता को मंच से महादेवी वर्मा अंतराष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। वर्ष 2021 में भी विजय गुप्ता ने दुबई यात्रा की थी। वहां के अनुशासन, सिद्धांत, विकास यात्रा, वहां के प्रवासी एवम अप्रवासी नागरिक व्यवहार, देश के सर्वश्रेष्ठ रहने के मापदंड को अपने संस्मरण के साथ छठवीं पुस्तक मेरी दुबई यात्रा में किया। इसका विमोचन भी इसी मंच से अतिथियों के करकमलों से संपन्न हुआ।

धान खरीदी मामले में ...

कर रहे है। वास्तविकता यह है कि छत्तीसगढ़ सरकार बैकों से ब्याज पर कर्ज लेकर किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कर रही है।

श्री देशमुख ने भाजपा नेताओं के इस दावे को भी सरासर झूठ बताया है कि केन्द्र सरकार राज्य द्वारा खरीदे गये धान का 80 प्रतिशत चांवल खरीद रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 19-20 में केन्द्र सरकार के असहयोगी रवैये के कारण ही 25 सौ रूपये में खरीदे गये धान को राज्य सरकार द्वारा निविदा के माध्यम से 14-15 सौ रूपये प्रति क्विंटल की दर पर धान बेचना पड़ा। खरीदी केन्द्रों के पास काफी दिनों तक धान रखे रहने के कारण धान खराब हुआ। इससे राज्य सरकार को अरबों रूपयों का नुकसान उठाना पड़ा। श्री देशमुख ने बताया कि कोरोना काल में भी छत्तीसगढ़ शासन ने धान की खरीदी की है। वर्ष 21-22 में 98 लाख व 22-23 में 107 मीटरिक धान खरीदी की गई।

श्री देशमुख ने कहा कि रमन सरकार के कतिपय अनुभवी और वरिष्ठ मंत्रीगण जो धान खरीदी की संपूर्ण से भलीभांति परिचित है फिर वे इस मामले में जनता को दिग्भ्रमित कर रहे है।

भादवा मेला के अंतिम दिन ...

भक्तमाता शांतादेवी बापजी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगी रही।

दर्शन के लिए महापौर धीरज बाकलीवाल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेंद्र साहू, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, समाजसेवी अरविंद वोरा, पूर्व सभापति राजकुमार नारायणी, विधायक अरुण वोरा की पत्नी मंजू वोरा, एल्डरमैन रत्ना नारमदेव, जिला भाजपा महामंत्री ललित चंद्राकर, श्री लगूरवीर मंदिर समिति अध्यक्ष मानव सोनकर, उत्तम बरडिया, सुमित वोरा, जीवनदीप समिति सदस्य राहुल शर्मा के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि व धार्मिक संगठनो के पदाधिकारी दरबार पहुंचे थे।

अजा-जजा को प्रमाण पत्र ...

उन्होंने कहा कि एक ओर छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार और उसके मंत्री सरलीकरण के नाम से ढिंढोरा पीट रहे है, वही दूसरी ओर यह वर्ग जाति प्रमाण पत्र के लिए आए दिन आन्दोलन करने को मजबूर है ।

उन्होंने कहा कि सरकार जाति प्रमाण पत्र में सरलीकरण के नाम पर समाज को गुमराह कर रही हैं कांग्रेस की सरकार शुरू से ही दलित और आदिवासी की विरोधी रही है सलेकिन अब इन वर्ग के लोग सरकार के झांसे में नहीं आने वाले और आने वाले चुनाव में इसका खामियाजा सरकार को भुगतान पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के भीतर अगर इनकी मांगे पूरी नही हुई तो समाज के साथ मिलकर एक बड़े आन्दोलन की चेतावनी दी।

ज्ञापन सौंपने वाले में से मुख्य रूप से बंटी चौर, विनोद वासनिक, देवाआनंद कुंभकार, सागर सेन, संजय श्यामकुंवर, रामाराव ढोक के साथ अन्य कार्यकर्ता शमिल थे ।

शहर में अवैध रूप से ...

इसे देखते हुए नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर के निर्देश पर अतिक्रमण हटाओ अधिकारी दुर्गेश गुप्ता की देखरेख में इन बैनर पोस्टर होर्डिंग इत्यादि अवैध प्रचार सामग्रियों को हटाया जा रहा है।

2 लाख 16 हजार के गांजा सहित 2 गिरफ्तार

बालोद, 25 सितंबर (देशबन्धु)। जिले के पुरूर थाना में मुखबीर से सूचना मिला कि एक नीले रंग की मारुती सुजकी बलेनो कार क्रमांक सीजी 04 एन एल 9546 दो व्यक्ति अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा लेकर कोण्डागांव की ओर से केशकाल, कांकेर के रास्ते रायपुर की ओर जा रहे है की सूचना पर ग्राम पुरूष रानी दुर्गावती चौक तिराहा एन एच 30 मार्ग के पास आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग कार्यवाही की जा रही थी। कुछ समय बाद मुखबीर के बतायेनुसार एक नीले रंग की मारुति सुजुकी बलेनो कार क्रमांक आया जिसे इसारा कर रूकवाया गया। जिसे नाम पता पूछने पर गोलमोल जवाब देने लगा तथा कडाई से पूछताछ करने पर वाहन चला रहा व्यक्ति अपना नाम बाबू सरकार पिता हरिलाल सरकार जाति नमोद उम्र 48 वर्ष निवासी माना कॅम्प वार्ड नम्बर 15 थाना माना जिला रायपुर छग तथा वाहन में बैठा व्यक्ति अपना नाम गोपाल मण्डल पिता सुकुमार मण्डल उम्र 28 साल जाति नमोशूद्र निवासी माना कैम्प वार्ड नम्बर 15 थाना माना जिला रायपुर छग का रहने वाला बताये जिनके वाहन कार की तलाशी लेने पर सीजी 04 एनएल 9546 की तलाशी लेने पर 12 पैकेट खाकी रंग के टेप से लिपटा हुआ मादक पदार्थ गाजा कुल वजनी 21.540 किलोग्राम कीमती 2.16.400 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त वाहन को जप्त कर आरोपीयो के विरुध्द अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया तथा आरोपीयों को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया। उक्त प्रकरण में पुलिस थाना पुरूर प्रभारी निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा, सउनि रूपेश्वर राम भगत, आरक्षक लिखन साहू, किशोर साहू, संदीप यादव, सुरेश पटेल, उमाशंकर जारके, कुलदीप नागवंशी, रूपेश चौरे सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक जोगेन्द्र साहू आरक्षक मिथलेश यादव व उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

15 वर्षों तक रमन सरकार की वादा खिलाफी और 9 वर्षों से मोदी सरकार के जुमले का रिपोर्ट कार्ड जनता के पास : बंशी पटेल

बेमेतरा, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बंसी पटेल ने भाजपा द्वारा निकाले गए परिवर्तन यात्रा पर तंज कसा और भाजपा नेताओं को आईना दिखाते हुए कहा कि भाजपा के नेताओं को परिवर्तन यात्रा के बजाए पश्चाताप यात्रा निकालना चाहिए । झूठ ,फरेब, भ्रम की राजनीति करने वाले भाजपा के नेताओं को छत्तीसगढ़ की जनता अच्छे से समझने लगी है।

उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ की जनता ने लगातार 15 वर्षों तक भाजपा को मौका दिया और लगातार 15 वर्षों तक डॉक्टर रमन सिंह के नेतृत्व की भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ की जनता को धोखा देने का काम किया है ,अब छत्तीसगढ़ की खुशहाल जनता राज्य में परिवर्तन नहीं चाहती है। जनता जान चुकी है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश का भला कांग्रेस और भूपेश बघेल है तो भरोसा है।

परिवर्तन यात्रा में आए भाजपा के नेताओं के लिए श्री पटेल ने कहा कि कार्ड की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती, 15 वर्षों तक रमन सरकार की वादा खिलाफी और विगत 9 वर्षों से मोदी सरकार के जुमले का रिपोर्ट कार्ड जनता के पास है । परिवर्तन यात्रा के माध्यम से भाजपा के नेता घूम-घूम कर झूठ परोस रहे ,आज भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की छवि जनता से छल करने वाले और जुमलेबाजों के रूप में हो चुकी है ।

भाजपा ने किसानों को बोनस के नाम पर ठगा

जिला अध्यक्ष श्री पटेल ने अपने बयान में यह भी कहा कि 15 साल रमन सिंह के कुशासन में किसानों को बोनस के नाम पर ठगा गया, युवाओं के सरकारी नौकरी में रोजगार के अधिकार को आउटसोर्सिंग के करके बेचते रहे । छत्तीसगढ़ के आदिवासियों को जल जंगल जमीन के अधिकार से वंचित किया । बस्तर के 700 गांव से 3 लाख से अधिक आदिवासियों को पलायन के लिए मजबूर किया । 2003 में भाजपा के संकल्प पत्र में प्रत्येक आदिवासी परिवार से एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का वादा था लेकिन पूरा नहीं किए ।15 साल सरकार में रहते रमन सिंह को याद नहीं आया हर गांव में एक महिला और एक पुरुष को ग्राम पर बनाने का वादा किया था बने एक भी नहीं इसी तरह प्रत्येक आदिवासी परिवार को 10 लीटर दूध देने वाली जर्सी गाय देने का वादा किया था और प्रत्येक 12वीं पास को ?500 प्रति माह बेरोजगारी भत्ता देने का भी वादा किया पर नहीं निभाया ।किसानों को ?21 सौ रुपए धान का समर्थन मूल्य और ?300 प्रति कुंटल बोनस देने का वादा था वह भी नहीं किया ,दूसरी ओर आम जनता की उम्मीद पर खडा उतरने का रिकॉर्ड कांग्रेस की भूपेश सरकार ने बनाया है ,जो वादा किया था निभाया ।आज किसानों को धान का समर्थन मूल्य 2640 रुपए प्रति कुंटल पिल रहा है ,उनका कर्ज माफ हो गया, बिजली बिल माफ हो रहा है। समृद्धि और सुशासन की सभी क्षेत्रों में कृतिमान स्थापित किए हैं ,भूपेश सरकार ने और वादे से ज्यादा छत्तीसगढ़ में जनता को करके दिखाया है।

प्रिंट मीडिया की विश्वसनीयता आज भी बनी हुई है : आलोक तिवारी

कुम्हारी, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। रविवार को प्रेस क्लब कुम्हारी के सभागार में कार्यशाला का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यशाला का विषय था –पत्रकारिता में कैरियर और चुनौतियांः। कार्यशाला में कुम्हारी, पाटन, भिलाई रायपुर एवं अहिवारा सहित आसपास के पत्रकारों व पत्रकारिता में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों ने भाग लिया।

प्रेस क्लब कुम्हारी के इस महती आयोजन में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में उपास्थित हरिभूमि भिलाई के ब्यूरोचीफ आलोक तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि-ब्रिंट मीडिया की विश्वसनीयता आज भी बनी हुई है , यही कारण है कि पाठक आज भी नियमित रूप से अखबार पढ़ते हैं। उन्होंने पत्रकारों को पीत पत्रकारिता से बचने की सलाह दी और कहा कि किसी पर भी कोई आरोप लगाने अथवा तारीफ करने के पूर्व पूर्ण रूप से उसकी सत्यता से परिचित हों तभी कुछ लिखा जाना चाहिए।

भिलाई टाइम्स के फाउंडर और संपादक यशवंत साहू ने अपने संघर्ष की दास्तां सुनाते हुए कहा कि पत्रकारिता में सफलता का कोई शार्टकट रास्ता नहीं होता। आपकी सतत् मेहनत ही आपको पैसा और नाम देगी। पोटेल में खबर लगाते समय सीधे कापी-पेस्ट से हमेशा बचा जाना चाहिए।

इस अवसर पर युवा कवि व आलोचक डॉ. अंजन कुमार ने कहा -मीडिया के मूल्य और सरोकार अब पहले जैसे नहीं रहे। बाजार और उपभोक्ता का माध्यम बन गया है मीडिया। बाजारवाद के दौर में कार्पोरेट पूंजी धीरे-धीरे समाचार चैनलों और अखबारों को एक-एक कर निगलती जा रही है।

प्रेस क्लब कुम्हारी के अध्यक्ष विक्रम शाह ठाकुर ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में बताया कि अखबार कोई भी बड़ा या छोटा नहीं होता लिखने वाले के कलम में धार होनी चाहिए उन्होंने कहा कि कार्यशाला से पत्रकारों को सही रास्ता चुनने में मदद मिलती है। लेखनी की ताकत से निर्भाह ही समाज में बदलाव आ सकता है। हम भविष्य में भी पत्रकारों के लिए इस तरह की सार्थक कार्यशालाओं का आयोजन करते रहेंगे।

इस कार्यशाला में विज़ाषु पत्रकारों ने प्रिंट इलेक्ट्रॉनिक और वेब पोर्टल पर अतिथियों से कई प्रश्न पूछे जिसका समुचित उत्तर विषय विशेषज्ञों ने दिया।

कार्यशाला का संचालन सुरेश वाहने और रविंद्र कुमार थापा ने किया। स्वागत उद्बोधन अनुज शुक्ला ने व आभार प्रदर्शन सचिव संजय श्रीवास्तव ने किया।

कस्तूरबा बेमेतरा की छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

बेमेतरा, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बेमेतरा में निवासरत दो बच्चियों ने राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता हेतु चयनित होकर विद्यालय का नाम रोशन किया।

अधोक्षिका श्रीमती सुषमा शुक्ला शर्मा ने बताया कि बिरनपुर ग्राम की पितृ विहीन बालिका कुमारी चांद चतुर्वेदी तथा सूरजपुरा जैसे अत्यंत छोटे से गांव की आदिवासी बालिका कुमारी जागेश्वरी ठाकुर तथा मातृहीन बालिका कुमारी अरुणा यादव ग्राम कांपा का चयन राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता हेतु हुआ।

जहां गतका का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चांद चतुर्वेदी तथा जागेश्वरी ठाकुर ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया । तथा राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता हेतु छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित हुई राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता हेतु दोनों बालिकाओं के चयन से संपूर्ण शाला परिवार तथा पालकों में हर्ष व्याप्त है। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में शाला त्यागी, शाला अप्रवेशी, अनाथ, एकल अभिभावक, तथा ग्रामीण अंचल की बच्चियों का चयन होता है। विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चियों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया जाता है तथा ग्रीष्म अवकाश में भी बच्चियों के लिए विशेष खेल शिविर का आयोजन कर उन्हें विभिन्न खेलों में पारंगत किया जाता है।

इसी के परिणाम स्वरुप विद्यालय की बालिकाएं खेल की विभिन्न विधाओं में राज्य स्तर तथा राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचकर विद्यालय का नाम रोशन कर रही है। राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता हेतु चयन होने पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री अरविंद मिश्रा, जिला मिशन समन्वयक श्री नरेंद्र वर्मा, जिला सांख्यिकी अधिकारी श्री सुनील तिवारी,आत्मानंद कन्या विद्यालय प्राचार्या श्रीमती अनीता बाचपेयी,खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री अरुण खरे,खण्ड स्रोत समन्वयक श्री सतीष शर्मा तथा खेल प्रशिक्षक नेहा वर्मा, अजय वर्मा, दीपांकर मिर्जा, अधीक्षिका सुषमा शर्मा , विद्यालयीन स्टाफ राज किरण मिश्रा, ममता गुरुपंच, गायत्री साहू, ज्योति चंद्राकर, शिखा चौबे, सावित्री यादव, दीप्ति नीरंगे, सोनाली सोनी, अंजू बंजारे व अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति ईश्वरी सेन ने बधाई व खूब शुभकामनाएं दी।

भाजपा महिला मोर्चा ने नारी शक्ति वंदन विधेयक का किया स्वागत

बेमेतरा, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान से एवं जिला भाजपा संगठन के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष ललिता साहू के नेतृत्व में यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद ज्ञापन किया गया लोकसभा एवं राज्यसभा में नारी शक्ति वंदन ,, विधेयक बिल पारित होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में लोक सभा एवं राज्यसभा में पूर्ण बहुमत से नारी शक्ति वंदन विधेयक 2023 में पास हुआ । मोदी सरकार द्वारा नारी को सशक्त करने के लिए निरंतर कई योजना चलाया जा रहा है जैसे उज्ज्वला योजना नल जल योजना महिला स्वालंबन आवास योजना पोषण आहार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ खाद्यान्न योजना पोषण आहार शौचालय निर्माण अनेक योजनाओं से महिलाओं की मान सम्मान बढ़ाया है महिला आरक्षण विधेयक से आज संपूर्ण देश की महिलाएं गौरवान्वित है आजादी के अमृत कल में यह बिल आजादी के स्वर्णिम काल की ओर देश को अग्रसर करने में महिलाओं को भूमिका विशेष होगी इस खुशी में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आतिशबाजी एवं मिठाई बांट कर खुशी जाहिर की मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश कार्य समिति के सदस्य पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य प्रहलाद रजक प्रदेश मीडिया प्रभारी निशा चौबे प्रदेश कार्य समिति के सदस्य रीना साहू प्रदेश कार्य समिति के सदस्य लक्ष्मी साहू प्रदेश कार्य समिति के सदस्य मधु राय बेमेतरा जिला मंत्री जामिन बछौर बबीता रोहरा शहर मंडल अध्यक्ष हेमलता शर्मा बेमेतरा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी साहू खण्डसरा मंडल अध्यक्ष खेमीन साहू थान खमरिया मंडल अध्यक्ष नमिता सिन्हा बेमेतरा पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रमिला साहू महामंत्री ममता साहू नेमा गुप्ता रेखा शर्मा तारकेश्वरी सोनकर मीडिया प्रभारी पुष्पा जितेंद्र मात्रे सुनीता सिन्हा अमरौतीन चेलक कांति सोनकर उत्तरा सोनकर सेवती सोनकर गुलापा साहू कुंती साहू देव कुमारी साहू विमला साहू कांति साहू वृहपति यादव अमेरिका यादव शिवकली साहू दयावती साहू उर्मिला साहू सोनबाई साहू मिलपा साहू धनेश्वरी साहू शीलू साहू पूर्णिमा साहू कांति निर्मलकर सती साहू शकुन वर्मा अरुण यादव राजकुमारी वर्मा लता साहू सीता निषाद प्रमिला वर्मा उर्मिला वर्मा रामबाई यादव फरीदा बेगम मधु वर्मा वाटिका साहू कविता साहू गायत्री सोनी सरस्वती साहू सोनवती कु शिवानी यादव सैकड़ो महिलाएं जिला एवं मंडल स्तरीय उपस्थित रहे ।

शराब पीकर गाड़ी चलाई तो खैर नहीं 10 हजार रुपये का कटेगा चालान

बोड़ला, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। कबीरधाम जिले में पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव के निर्देश पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है फल स्वरुप जिले के प्रत्येक थाना क्षेत्र में शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले पर कार्यवाही की जा रही है अब शराब पीकर दोपहिया चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों की खैर नहीं है उसकी कीमत भारी भरकम जुर्माना देकर चुकानी पड़ेगी साथ ही उन्हें जेल की हवा भी खानी पड़ सकती है इस विषय में और अधिक जानकारी देते हुए थाना प्रभारी व्यास नारायण चूरेंद्र ने बताया कि शराब पीकर गाड़ी चलाना क्षेत्र में एक गंभीर समस्या है आए दिन शराब पीकर गाड़ी चलाने के चलते कई रोड एक्सीडेंट हो रहे हैं जिनमें लोगों की जाने जा रही है अक्सर होता है कि शराब पीकर गाड़ी चलाने वाला ड्राइवर मासूम लोगों को भी कुचल देते हैं या टक्कर मार देते हैं ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सरकार के ट्रैफिक नियमों के अनुसार थाना में कार्यवाही की जा रही है

बोडला थाना के टी श्री चूरेंद्र ने बताया ट्रैफिक नियमों के अंतर्गत मोटर व्हीकल अमेंडमेंट एक्ट 2019 के अंतर्गत कोई व्यक्ति पहली बार शराब पीकर ड्राइविंग करते हुए पकड़ा जाता हैतो उसे ?10000 का चलान देना होगा इसके अलावा उसे 6 महीने की भी सजा हो सकती है ज्यादा सीरियस मामलों में जुर्माना और जेल दोनों एक साथ हो सकते हैं इससे पहले शराब पीकर गाड़ी चलाने पर ?2000 का चलान होता था और 6 महीने की सजा भी हो सकती थी दूसरी बार पकड़े जाने पर ?15000 का चालान काटा जा सकता है इसके अलावा 2 साल की सजा भी हो सकुती है ।

चौक चौराहा में की जा रही है शराब मापी यंत्र से चेकिंग

■ बोड़ला थाना में 7लोगों पर कार्यवाही

नए पुलिस कप्तान के दिशा निर्देश में बोडला पुलिस द्वारा भी नगर के प्रमुख चौक चौराहों में ब्रेथ एनालाइजर शराब मापी यंत्र से दो पहिया चार पहिया व बड़े बड़े वाहन के चालकों को टेस्टिंग की जा रही है यदि खून में अल्कोहल का लेवल 30 एमजी / 100 मिली ली से ज्यादा निकलता है तो इसे ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन माना जाएगा यानी शराब पीकर गाड़ी चलाने के जुर्म में पुलिस द्वारा कार्यवाही की जाएगी इस तरह बोड़ला पुलिस के जवानों के द्वारा दो पहिया चार पहिया वाहन चालकों की जांच ब्रेथ एनालाइजर से लगातार की जा रही है जिससे क्षेत्र में हड़कंप है अब अब तक पुलिस द्वारा कुल 7 प्रकरण बनाए गए हैं जिनमें 6 प्रकरण को न्यायालय में पेश कर दिया गया है इस तरह जिले में 25 से अधिक प्रकरण में शराब पीकर वाहन चलाने वालों से 10हु 10000 का जुर्माना वसूला गया है

जीजा साली के बीच अवैध संबंध के चलते पति को रास्ता से हटाने गला दबाकर हत्या को अंजाम

कवर्धा, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। थाना कुकदुर के अपराध क्रमांक-68/23 धारा 302 भादवि के मामले में अज्ञात आरोपी का पता साली कर शीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित किया गया था कि मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 28.05.23 को सूचक गजरू सिंह बैगा पिता वीरसिंह बैगा उम्र 45 साल साकिन ठेंगाटोला थाना कुकदुर का उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरा साला रामजी बैगा मानसिक रूप से कमजोर था जो दिनांक 26.05.2023 को रात्री में घर से करीब 11.00 बजे बिना किसी को बताये चले जाने पर थाना में गुम इंसान क्रमांक 15/23 कायम कर जांच पतासाजी में लिया गया था जो पतासाजी दौरान दिनांक 01.06.2023 को सूचना मिली कि ठेंगाटोला खार धमना नदी में रामजी बैगा का शव मिलने पर मौके पर देहाती मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही कर मृतक के शव का मेडिकल कॉलेज रायपुर से पीएम कराया गया डां. द्वारा पीएम रिपोर्ट में मृतक की मृत्यु हत्या करना लिख किया गया है जांच पर पाया गया कि दिनांक 01.06.2023 को दोपहर ठेंगाटोला खार धमना नदी किनारे परिजन द्वारा खोजते समय नदी किनारे रामजी बैगा का शव नदी में पट हालत में गले में नारंगी रंग गमछा बंधा जिसके दूसरे ओर में पत्थर बंधा पानी में शव गलकर बदबू आते संदेहास्पद परिस्थिति में मिला था मर्ग जांच से घटना स्थल निरीक्षण, पंचनामा एवं प्राप्त पीएम रिपोर्ट पर से पाया गया कि किसी अज्ञात् आरोपी द्वारा मृतक रामजी बैगा का गला घोंटकर हत्या करना प्रथम दृष्टया अपराध धारा 302 भादवि. का घटित करना पाये जाने से अपराध क्रमांक 68/23 धारा 302,201,34 भादवि का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है। दौरान विवेचना अज्ञात् आरोपी पता तलाश के दिनांक 24.09.2023 को आरोपीगण मंती बाई पति रामजी बैगा एवं बिसराम बैगा पिता बुधसिह से पूछताछ में दिनांक 26/09/2023 को मृतक रामजी बैगा एवं उसकी पत्नि मंती बाई बैगा के बीच चरित्र शंका पर से झगड़ा विवाद हुआ था कि उसी रात को मंती बाई बैगा एवं उसकी जीजा बिस राम बैगा के साथ मिलकर रात्रि में गला दबाकर हत्या कर शव को दोनों मिलकर धमना नदी के पास ले जाकर उसके गले में गमछा बांधकर एवं गमछे के दूसरे छोर में पत्थर बांधकर शव को छुपाने के लिये नदी में फेकना बताये । प्रकरण में आरोपीगण-1. मंतीबाई पति रामजी बैगा उम्र 28 साल साकिन ठेंगाटोला कांदावानी थाना कुकदुर जिला कबीरधाम, 2. बिसराम बैगा पिता बुधसिंह बैगा उम्र 45 साल साकिन ठेंगाटोला कांदावानी थाना कुकदुर जिला कबीरधाम को दिनांक - 24.09.2023 गिरफ्तार किया जाकर ज्युडिशयल रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया

तेल का टीन चोरी करने वाले युवक को गंडई पुलिस ने किया गिरफ्तार

5 नग तेल टीन को पुलिस ने किया बरामद

खैरागढ़, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। तेल से भरा टीन चोरी करने वाले एक युवक को गंडई पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं पुलिस उनके साथियों की तलाश कर रही है। आरोपी युवक के पास से पांच नग तेल से भरा टीन को पुलिस ने बरामद किया है। ज्ञात हो कि बीते 23 सितंबर को प्रार्थी ने लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि घटना दिनांक 21 सितंबर के मध्य रात्रि में उसके घर ग्राम कृतबांस में अज्ञात चोर ने घर में रखे तेल टीन रजनीधाम 05 नग कीमत 8500 रू. को चोरी कर ले गया प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने भारतीय दण्ड संहिता की धारा 457, 380 के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया है। विवेचना के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन व दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी गंडई शिव शंकर गेंदले के नेतृत्व में स्टॉप के द्वारा प्रार्थी के घर में लगे सीसीटीवी कैमरा की मदद से चोरी करने वाले आरोपी के पहने हुए कपडे व चप्पल की मदद से आरोपी गजेन्द्र यादव पिता स्व. झंगला यादव उम्र 23 साल निवासी वार्ड क्र. 04 पंडरिया थाना गंडई को उसके वार्ड में घेरा बंदी कर गिरफ्तार किया गया वही उसका सहयोगी एक अन्य युवक की तलाश जारी है। आरोपी ने चोरी के तेल टीन को अपने घर के बाड़ी में झाड़ियों के पास छुपाकर रखा था। जिसे पुलिस ने जप्त कर लिया है। इस कार्यवाही में प्र.आर. संतोष मंडावी, आरक्षक लकेश्वर पटेल सहित रविन्द्र मरकाम का सराहनीय योगदान रहा है।

आज खैरागढ़ नगर रहेगा बंद रायपुर में स्टडी केंद्र खोलने से खैरागढ़ के नागरिकों में नराजगी

खैरागढ़, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। खैरागढ़ नगर का एक मात्र इंद्रा कला संगीत विश्वविद्यालय जो पूरे एशिया का न वन कहलाता है। खैरागढ़ नगर को संगीत, ललित कला के नाम से जाना व पहचाना जाता है। 23 सितंबर को रायपुर के पाठ्य पुस्तक निगम के कैंपस में स्टडी केंद्र राज्य सरकार के निर्देश पर खोला गया है। इस बात को लेकर खैरागढ़ नगर के नागरिकों में काफी नाराजगी देखी जा रही है। 24 सितंबर को नगरवासियों के द्वारा मशाल,जुलूस रैली निकाला गया वही 26 सितंबर को खैरागढ़ शहर पूरा बंद रहेगा जिसमे सभी व्यापरियों ने अपना समर्थन दिया है। वही अधिवक्ता संघ, कई सामाजिक संगठनो का भी पूरा समर्थन प्राप्त हो रहा है। संगीत नगरी के नागरिकों का कहना है। इंद्र कला से संबंधित स्टडी सेंटर रायपुर में खोला गया है। उसको बंद किया जाए इस बात को लेकर खैरागढ़ के नागरिकों में काफी नराजगी देखी जा रही है। 26 सितंबर को खैरागढ़ शहर पूरा बंद रहेगा।

कुर्मी समाज की कार्यकारिणी घोषित

■ विधान सभा चुनाव में समाज से प्रत्याशी बनाने उठी मांग

बेमेतरा, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले के चारों ब्लॉक बेमेतरा, बेरला, साजा व नवागढ़ के कुर्मी समाज के सभी फिरकों की बैठक शनिवार को दुर्ग रोड स्थित कुर्मी भवन सिंघोरी बेमेतरा में हुई। बैठक में समाज के लोगों को एकसूत्र में बांधने और संगठन को धारदार बनाने पर चर्चा की गई। वहीं समाज से प्रत्याशी नहीं बनाने पर 8 अक्टूबर को फिर से जिलास्तरीय बैठक होगी।

समाज के संरक्षक देवदत्त वर्मा ने कहा कि समाज में राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने, आने वाले विधानसभा चुनाव में समाज के उम्मीदवारों को टिकट देने की मांग की है। इस दौरान उन्होंने समाज के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा भाजपा व कांग्रेस दोनों राष्ट्रीय दल से कुर्मी समाज से टिकट के लिए मांग किया गया।

लिहाजा मालूम हो कि विगत पिछले चुनाव में दाऊ रेवेंद्र वर्मा व डॉ चेतन वर्मा ने बेमेतरा विधानसभा में प्रतिनिधित्व कर चहुमुंखी विकास व सौहाद्रपूर्ण वातावरण निर्मित किये। समाज को राजनीति में उचित प्रतिनिधित्व देने को लेकर दोनों पार्टियों से आव्हान किया। उन्होंने कहा कि बेमेतरा जिला में कुर्मी समाज का बाहुल्य है। समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि अब हम केवल किसी का वोट बैंक बनकर नहीं रहेंगे।

जिलाध्यक्ष तोरण नायक ने कहा कि समाज एकजुट होगा तभी हम आगे बढ़ पाएंगे। समाज को सही दिशा देने के लिए समाज की एकजुटता जरूरी है। लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि समाज को तरक्की की राह में ले जाना है तो लोगों में राजनीतिक चेतना भी जगाना होगा। जब तक हम राजनीतिक रूप से मजबूत नहीं होंगे हमारा प्रयास सार्थक नहीं होगा। समाज को जोड़ने में एक दूसरे की मदद करें। बैठक का संचालन समाज के जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा ने किया। बैठक में कुर्मी समाज के सभी फिरका के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

महिला प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सत्यभामा व युवा अध्यक्ष बने भुनेश्वर चंद्राकर कुर्मी समाज के जिलाध्यक्ष तोरण नायक ने शनिवार को जिला कार्यकारिणी का गठन किया। कार्यकारिणी में संरक्षक देवदत्त वर्मा (अमोरा), घासीराम वर्मा (तेलैकूडा), अयोध्या चंद्राकर (मरतरा) को बनाया गया है। जिला महामंत्री बारगांव निवासी नरेंद्र वर्मा, कोषाध्यक्ष गैंदुराम चंद्राकर (रमपुरा), उपाध्यक्ष मोती वर्मा (मल्दा), जवाहर चंद्राकर (पंचभैया) व रामकुमार वर्मा (जिया), सचिव की जिम्मेदारी बेमेतरा निवासी अरविंद सिंह वर्मा को दी गई। वहीं मंत्री साजा निवासी रोहित वर्मा, मीडिया प्रभारी बेमेतरा के घनश्याम वर्मा को बनाया गया। साथ ही कार्यकारिणी सदस्य प्रहलाद वर्मा (बेरा), चैनसिंह वर्मा (खैरझिटी), शत्रुहन वर्मा (लोलेसरा), टोपेन्द्र वर्मा (रजकुड़ी), लोकेश वर्मा (निनवा), गोरेलाल चंद्राकर (खम्हरिया), जरब चंद्राकर (खैरा), भूपेन्द्र चंद्राकर (बनशापुर), तुलसी राम (अमचो), लेखराम वर्मा (नांदघाट), रामगोपाल वर्मा (अमलीडीह), नंदकुमार वर्मा (सेमरिया), यशवंत वर्मा (गोड़गिरी), प्रेमलाल वर्मा (भिंभौरी), दुर्गा टिकरिहा (सिलघट), घनश्याम चंद्राकर, देवेंद्र वर्मा (बारगांव), रामेश्वर वर्मा (बलौदी) को बनाया गया।

वहीं कुर्मी समाज के युवा जिलाध्यक्ष बेमेतरा के भुवनेश्वर चंद्राकर व महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सत्यभामा परगनिहा (देवादा) को निर्विरोध सर्व सम्मुति से बुनाया गया।

प्रदेश में लागू करे पूर्ण शराबबंदीः परगनिहा

महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सत्यभामा परगनिहा ने कहा कि पूर्ण शराबबंदी लागू करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा, इसकी वजह से परिवार टूट रहे हैं। सबसे अधिक दिक्कत महिलाओं और बच्चों के सामने है। सरकार नशा मुक्ति केंद्र, अवैध शराब की रोकथाम आदि की व्यवस्था करे और प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी लागू करे।

नवनिर्वाचित समाज के युवा जिलाध्यक्ष भुवनेश्वर चंद्राकर ने कहा कि मेल-जोल, भाईचारे की भावना का भावी पीढ़ी को सम्मान करना चाहिये। आज समाज को जोड़े रखने में इसकी बेहद आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हर सामाजिक संगठन का उद्देश्य समाज के हर तबके के सर्वांगीण विकास के लिये होता है। युवा पीढ़ी को इस भाव को समझना होगा। मृत्यु भोज, पर्दा प्रथा, भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों ने समाज के विकास को अवरुद्ध किया है। आज की युवा पीढ़ी अपनी नई सोच से कुर्मी समाज को आदर्श समाज के रूप में स्थापित कर रही है। उन्होंने युवाओं से बहु-संख्यक हित की सोच के साथ जीवन जीने का आह्वान किया।

बैंक अध्यक्ष नवाज ने किया समाजिक भवन और आंगनबाड़ी भवन का भूमिपूजन

राजनांदगांव, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष नवाज खान ने सोमवार को खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के खोभा में आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के समाजिक भवन का भूमिपूजन किया। इसके अलावा उन्होंने छुरिया ब्लॉक के ग्राम भेजरोटोला में कलामंच और आंगनबाड़ी केंद्र भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इस दौरान नवाज ने कहा कि प्रदेश की भूपेश सरकार आदिवासी समाज की प्रगति के लिए लगातार काम कर रही है। समाज का मान बढ़ाने के साथ ही उनको आत्मनिर्भर बनाने का काम सरकार ने किया है। पेसा कानून लागू कर उनके हितों को संर्वाधित किया जा रहा है। आदिवासियों को उनके अधिकार दिए जा रहे हैं।

बैंक अध्यक्ष नवाज खान के प्रयासो से प्रदेश सरकार द्वारा मिली स्वीकृति से अब आदिवासी समाज को भी अपना भवन मिल पाएगा। लंबे समय से की जा रही मांग के बाद सोमवार को नवाज ने अखिल भारतीय आदिवासी ध्रुव गोंड समाज परिक्षेत्र खोभा के आश्रित श्री बुद्धदेव मंदिर प्रांगण में समाजिक भवन भूमिपूजन कार्यक्रम के साथ ग्राम भेजरोटोला ब्लॉक छुरिया में कलामंच एवं आंगनबाड़ी भवन पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। समाज प्रमुख ने अपने भाषण में कहा कि इससे पहले भी 2003 में जो भवन बना था वो भवन भी नवाज भाई की ही देन है। बैंक अध्यक्ष नवाज के साथ सदस्य पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण सदस्य मनोज सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव राजकुमारी सिन्हा,आदिवासी ध्रुव गोंड अध्यक्ष मदन नेताम,नगर अध्यक्ष सुनील लारोकर,जिला अध्यक्ष आदिवासी लादूराम तुमरेकी,कंवर समाज अध्यक्ष लादूराम तुमरेकी,जनपद सदस्य मानसिंग चंद्रवंशी,सरपंच मुरली यादव सरपंच भन्तु राम चंद्रवंशी,अनिल बाघमारे,जीवनलाल खांडे,रेवाराम लाडेकर,मुरली यादव,जितेंद्र कुमार मंडावी,शिवनंदन सिन्हा,चंद्रिका साहु,राजकुमार साहु,ग्राम प्रमुख केजाऊ राम,शकर लाल यादव,बसंत उईके,संतराम

यादव घासिया राम,जयकरण सेन,भानूराम चंद्रवंशी,सहदेव,चैनूराम कंवर,प्रेम कंवर, डेहरा राम हरदेव कतलाम अध्यक्ष खोभा,हेमंत यादव,सरपंच रेखा कुंजाम,गिरिजा कोर्राम,सूरेश उइके,रूखम कोर्राम,गणीराम कुंजाम, देवसिंग उईके,रोशन उईके , धनवाराम पड़ोती, समन सिंग,लखन कुंजाम, केजऊ कोर्राम खोभा जैतगुंडरा भेजरोटोला के ग्रामवासी महिला पुरुष बच्चे सभी उपस्थित थे।

बरसते पानी में 32 गांव के लोगों के किया स्वागत

नवाज भाई ने जैतगुंडरा में 30 लाख के भवन का किया भूमिपूजन। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जैतगुंडरा पहुंचे नवाज का मदन नेताम कलीराम चंद्रवंशी के नेतृत्व पूरे ग्रामवासियों ने बरसते पानी में करीब 32 गांव से पहुंचे हुए आदिवासी समाज के लोगों ने जोरदार स्वागत किया। इसके अलावा आदिवासी समाज के मुखियाओ ने भी नवाज खान का स्वयं फूल माला पहनाकर स्वागत किया। नवाज ने आयोजन के दौरान समाज के लोगों के साथ ही ग्रामीणों से भी मुलाकात की।

आर्थिक रुप से बढ़ाने का किया काम

संबोधन के दौरान बैंक अध्यक्ष नवाज ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा राज्य में आदिवासियों को शासन की योजनाओं से जोड़ा गया है। उनकी आर्थिक स्तर को उपर उठाने उन्हें रोजगार प्रदान किया जा रहा है। इससे उनकी आमदनी बढ़ रही है और जीवन स्तर में बदलाव भी आ रहा है। वनोपज की अधिक दर पर खरीदी के साथ वनांचल इलाकों में प्रोसेसिंग प्लांट की स्थापना की गई है। इससे आदिवासियों को रोजगार के साथ उनके वनोपज संग्रहण और उत्पादन का अधिक मूल्य भी मिल रहा है।

हमने संस्कृति को सहेजा

छत्तीसगढ़ में आदिवासियों के उत्थान की दिशा में काम किया जा रहा है। उनके मान-सम्मान को बढ़ाने के साथ गौरवशाली कला, संस्कृति को सहेजने और संरक्षित करने के लिए कदम उठाए गए हैं। यह समाज बहुत ही न्याय प्रिय और प्रकृति के बहुत समीप रहकर उन्मुक्त जीवन जीने वाला लोकतांत्रिक समाज है। जो किसी अन्य समाज में दिखाई नहीं देता।

59 ने किया कांग्रेस प्रवेश

किरकाड़ी,जैतगुंडरा,गोपालपुर, चारभाटा के 59 लोगो ने बैंक अध्यक्ष नवाज के समक्ष कांग्रेस प्रवेश किया। नवाज ने अपने संबोधन में बिलासपुर में आयोजित की गई सभा और उनमें शामिल होने आए कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के आगमन, आवास योजना की जानकारी भी लोगों को दी।

शरीर और मन को स्वस्थ और आध्यात्मिक चेतना के लिए जरूरी है निरोगी काया: स्वामी कैवल्यानंद सरस्वती

राजनांदगांव, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। स्थानीय सत्यानंद आश्रम में बिहार योग आश्रम मुंगेर से पहुंचे स्वामी कैवल्यानंद सरस्वती ने संक्षिप्त चर्चा के दौरान बताया कि जीवन के लिए योग की नितांत आवश्यकता है जब तक शरीर स्वस्थ नहीं रहेगा मन निर्मल नहीं हो पाएगा इसीलिए मानव चेतना के उच्च श्रेणी को प्राप्त करने के लिए आध्यात्मिक और योग की विदाओ और योग को आध्यात्मिक चेतना के रूप मे जीवन से जोड़ने को लेकर बिहार का मुंगेर देश-प्रदेश मे ही नहीं दुनिया मे अपनी शुद्ध योग की कला को जन जन तक पहुंचाने सनातन से बिहार ज्ञान की धरती मानी गयी है। ऐसे में पहला योग विश्वविद्यालय होने का गौरव भी बिहार के मुंगेर स्थित योग आश्रम को प्राप्त है. यहां से शिक्षा लेकर हर साल सैकड़ों योग साधक दुनिया भर में योग का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं. मुंगेर जिले को योग नगरी के नाम से भी जाना जाता है।

राजनांदगांव संस्कारधानी में भी सत्यानंद योग आश्रम के माध्यम से संचालित योग का प्रशिक्षण नियमित जन जन को दिया जाता है। बिहार के योग आश्रम से दो दिनों के प्रवास पर पहुंचे स्वामी कैवल्यानंद सरस्वती जी ने योग को मनुष्य के जीवन में सबसे महत्वपूर्ण विद्या माना है गया है मन को स्वच्छ और निर्मल रखने के लिए निश्चित रूप से स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से और आध्यात्मिक चेतना के जागरण के लिए भी आज तमाम भरे जीवन में योग एक महत्वपूर्ण जीवन की दिनचर्या होनी चाहिए वर्तमान में तनाव के इस वातावरण में और खान-पान के दृष्टिकोण से भी लगभग कई बीमारियों ने अपनी जगह ले ली है ऐसे में योग का नियमित अभ्यास जरूरी है।

देशबन्धु समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ दीपांकर खोबरागड़े से स्वामी केवल्यानंद सरस्वती जी से संक्षिप्त चर्चा

महामारी कोरोना काल के पश्चात लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयां उत्पन्न मे योग कितना कारगर ?

सत्यानंद योग आश्रम में बिहार योग विद्यालय मुंगेर आश्रम से पधारे स्वामी केवल्यानंद सरस्वती ने कहा की वैश्विक महामारी कोरोना काल के पश्चात लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयां उत्पन्न हो रही होगी लंबा समय त्रासदी और परेशानियों के साथ में गुजरा भय के वातावरण में बीता इस तरह का संकट जो आया वह बहुतों को दुख और तकलीफ और विलाप दे गया ऐसी भीषण परेशानियों के दौर से मानव मन को स्वतंत्र होने मे कठिनाइयां होती है निश्चित रूप से वह मंजर देखने के पहाल लोग आज तक उसके डर को लेकर जीवन व्यतीत कर रहे हैं। योग का नियमित अभ्यास मन को शांत और स्वस्थ बनाने के साथ में बेहतर जीवन और वर्तमान के वातावरण को समंजस रूप देगा इसके लिए नियमित रूप से योग अभ्यास के साथ में अपनी दिनचर्या में बदलाव लाने की आवश्यकता है और हम अपने मन में बैठे डर को भगा सके जब मन निडर होगा तो निश्चित रूप से स्वास्थ बेहतर होगा और लोग खुशियों के साथ अपने जीवन को व्यतीत करेंगे और जीवन को और बेहतर जीने की चाहत रखेंगे।

विश्व फार्मासिस्ट दिवस के दिन से विधिवत शुभारंभ हुआ मेडिसिन बैंक

डोंगरगांव, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव में कार्यरत तीन फार्मासिस्टों ने मिलकर मेडिसिन बैंक की शुरूआत किया है जिसका विधिवत शुभारंभ 25 सितंबर विश्व फार्मासिस्ट दिवस का सेलिब्रेट करते हुए मेडिसिन बैंक का रिबन काटकर शुभारंभ कर दिया है इस मेडिसिन बैंक में नगर के साथ-साथ ग्रामीण जन स्वास्थ्य ठीक होने के बाद घर पर रखे हुए जो अनुपयोगी मेडिसिन डोनेट कर सकते हैं अधिकतर देखा जाता है कि कोई भी व्यक्ति 10 खुराक में से तीन से चार खुराक खाने के बाद स्वस्थ होने के बाद मेडिसिन को एक कोने में रख देते हैं या कचरे में फेंक देते हैं ऐसे मेडिसिनों का डोनेट करने के बाद जरूरतमंदों को निशुल्क का अस्पताल में देंगे इसके लिए कम से कम मेडिसिन का एक्सपायरी डेट तीन माह का बचा होना चाहिए ताकि जरूरत मंदों को देने में दिक्कत न हो मेडिसिन के फार्मूला स्पष्ट रूप से दवाई पर अंकित लिखा हो ऐसे मेडिसिन को रजिस्टर में अंकित करके लिया जायेगा साथ ही मेडिसिन बैंक से दवाई लेने डाक्टर के द्वारा लिखें गये पर्चा दिखाना होगा ताकि मेडिसिन के आवक जावक संधारण करने में दिक्कत न हों

अगर आपके पास भी अनावश्यक रूप जो उपयोगी न हो ऐसे मेडिसिन घर पर रखें हो तों निश्चित रूप से दान अवश्य करें ताकि किसी मंदों के काम आ सके।

बैंक का शुभारंभ में प्रमुख रूप से फार्मासिस्ट विशाल खत्री फार्मासिस्ट भोज कुमार साहू रेडियोग्राफर पीके साहू, कांशीराम सिन्हा,ल क्ष्मीकांत पाल दुपरवाइजर, रंजना शुक्ला आरएमए ,डॉक्टर इशिता बाग्ची दंत चिकित्सक फार्मासिस्ट कांजल , सुमन सेन स्टाफ नर्स,टी परवीन,रोमन सिन्हा, कांशीराम सिन्हा, बसंत मालेकर,रोशन देवांगन मधुजोशी सहित अस्पताल कर्मचारी उपस्थित थे ।

काशिका आर्ट मे रखती है रुचि श्री गणेश जी स्केच और कला पर मिलती रहती है प्रशंसा

राजनांदगांव, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। श्री संकरा विद्यालय सेक्टर 10 भिलाई में अध्यनरत छात्रा कक्षा 6 की है कुमारी काशिका गुप्ता पिता प्रफुल्ल गुप्ता (तहसीलदार) की बचपन से रुचि कला के क्षेत्र मे है और हमेशा आर्ट की माध्यम से अपनी प्रस्तुति से जिन शैक्षणिक संस्थानों में अध्यनरत रही वहां स्कूल में प्रशंसा और प्रशस्ति पत्र मिलते ही रहे हैं मिलते ही रहे हैं स्कूल में आर्ट की प्रदर्शनी में स्थान मिला है इसके पूर्व नीरज पब्लिक स्कूल राजनांदगांव और खालसा पब्लिक स्कूल डोंगरगढ़ में विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भूमिका रही है नीरज पब्लिक स्कूल राजनांदगांव में कक्षा 5 में 98अ़ रहा और आज भिलाई के श्री संकरा विद्यालय मे भी अपनी कला की रुचि से कुछ ना कुछ नया करने को लेकर अग्रणी रहती है । शाला परिवार छात्र की प्रतिभा को देखकर उन्मुख हो जाते हैं और कला के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य तलाश कर रहे है। वही पारिवारिक माहौल भी कला से ओत प्रोत है भाई प्रणव गुप्ता कक्षा 11 वे श्री संकरा विद्यालय की भी रुचि संगीत में ज्यादा है। स्वयं से सीख कर अपनी कला का प्रदर्शन उसी स्कूल में कर रहा है। पिता प्रफुल्ल गुप्ता भी खुद तबला विषय में बी म्यूज है। ऐसे मे कला पारिवारिक माहौल और वंशानुगत मिला हुआ है , माता श्रीमती दीक्षा गुप्ता भी कत्थक नृत्य में इंदिरा कला संगीत विश्व विद्यालय खैरागढ़ से बी म्यूज की है। निश्चित रूप से कला के इस क्षेत्र में आगे चलकर बेहतर प्रतिभा निखर कर कुछ नया करेगी ऐसा परिजनों को ही नहीं अपितु शिक्षकों को भी लगता है।

जनपद सदस्य के प्रयास से 80वर्ष बुजर्ग की रूकी हुई पेशन राशि मिली

- किसी भी परिवार व समाज की असली ताकत आपसी प्रेम विश्वास होता :संजय
- बुजर्ग रामाधार व सरपंच ने जनपद सदस्य बैस का माना आभार

दाशेराजहरा/डौण्डी,25 सितम्बर (देशबन्धु)। आदीवासी ब्लाक के पंचायत गिधाली के आश्रित ग्राम बकलीटोला में 80 वर्ष के बुजुर्ग रामाधार साहू को पिछले तीस माह का पेंशन नही मिल रहा था। जिसकी शिकायत कई बार जिला पंचायत बालोद और जनपद पंचायत डौन्डी एवं ग्राम पंचायत गिधाली में की गई थी। रामाधार के पुत्र गैंद लाल साहू ने बताया की वह अपने पिता के पेंशन की रुकी हुई राशि के लिए सभी कार्यालयों का चक्कर काट थक चुके थे। परन्तु समस्या का निराकरण किसी के पास नही हो रहा था। तभी उनके पड़ोसी और युवा नेता योगेश सोनी ने कहा की एक बार अपनी समस्या को कुसुमकसा क्षेत्र के जनपद सदस्य संजय बैंस के पास रखिये तब उन्होंने अपनी समस्या से संजय बैंस को अवगत कराया जिसे संज्ञान में लेते हुए उनके पिता के 30 माह से रुका हुआ पेंशन राशि दस हजार आठ सौ रुपए का चेक मेरे पिता को स्वयं संजय बैंस और ग्राम की सरपंच बसंती ठाकुर ने घर में आकर दिए। गैंद लाल साहू ने बताया कि उन्हें कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता था। पर संजय बैंस को अवगत कराने से पेंशन का चेक लेकर खुद पहुंच गए। 80 वर्ष बुजुर्ग रामाधार साहू ने बताया की पेंशन की राशि से अपनी निजी जरूरतों को पूरा कर लेता था परन्तु मुझे विगत 30 महीनों से राशि नही मिल रहा था। मुझे अपनी जरूरतों की समस्याओ का निराकरण करने में दिक्कते आती थी पर जनपद सदस्य संजय बैंस ने बेटा बनकर मेरी समस्या का समाधान किया। मैं उनका आभार के साथ आशीर्वाद प्रदान करता हु। ग्राम गिधाली सरपंच बसंती ठाकुर ने बताया की इनका पेंशन के बारे में हम लोग भी कई बार जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत बालोद में शिकायत कर चुके थे। पर निराकरण नहीं हो पा रहा था। संजय बैंस हमेशा की तरह मदद की भावना से दूसरे क्षेत्र के जनपद सदस्य होने के बावजूद हमारे ग्रामीणों का मदद करते आये है। मैं भी उनका आभार मानती हु और ऐसी मदद की हमेशा आशा रखती हु। जनपद सदस्य संजय बैंस ने बताया की क्षेत्र के लोग छोटी बड़ी समस्या के लिए आते रहते है और मुझे खुशी होती है की मैं समस्याओं का निराकरण कर पाता हूं। और इन बुजुर्ग लोगो का आशीर्वाद ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी है।उन्होने यह भी कहा की किसी भी परिवार व समाज की असली ताकत दौलत शोहरत नही आपसी प्रेम विश्वास है। साथ ही यह भी कहा की हम किसी के आँसू पोंछ सके तो अच्छी बात है पर हमारी वजह से किसी की आँखों में आँसू नही आना चाहिए यह हमें याद रखना होगा,तभी हम परिवार के साथ समाज में भाईचारा को और मजबूती प्रदान कर पाएंगे। मुझे जनता ने अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु जनप्रतिनिधि के रूप में चुनकर जनपद पंचायत का सदस्य बनाया है। मुझे जब जब अवसर मिलता रहेगा तब तब मैं अपने क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण नि:स्वार्थ भाव से करता रहूंगा यही मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि होगी इस अवसर पर ग्राम पंचायत गिधाली सरपंच बसंती ठाकुर, सचिव दिनेश तराम, जनपद पंचायत सदस्य संजय बैस, संतोष जैन, जगत सिन्हा, देवेश सिन्हा, योगेश सोनी उपस्थित रहे।

मन की बात कार्यक्रम हमेशा सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है : नीलू शर्मा

राजनांदगांव, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। रविवार को स्थानीय मोहरा वार्ड क्रमांक 48 में प्रधानमंत्री आवास लाभार्थी बुधारूराम कोर्राम के घर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा मन की बात कार्यक्रम का श्रवण करने उपस्थित रहे । इस अवसर पर भाजपा नेता नीलू के साथ भाजपा के स्थानीय नेता एवं वार्डवासीगण भी उपस्थित रहे । प्रधानमंत्री द्वारा देश को संबोधित किये जाने के पश्चात इस कार्यक्रम के 105वें संस्करण की सफलता पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा नेता नीलू ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम हमें सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है और इस बार प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्य रूप से चंद्रयान 3 और जी20 की सफलता को देशवासियों के साथ साझा किया। पीएम मोदी ने चंद्रयान-3 के चांद पर लैंडिंग के लाइव प्रसारण के बारे में बताया की इसरो के यूट्यूब चैनल के माध्यम से 80 लाख से अधिक लोगों द्वारा इसे लाइव देखा गया। जी20 की बैठक के देश में सफलतापूर्वक आयोजन पर पीएम मोदी ने बताया कि जी20 में अफ्रीकन यूनियन को पूर्ण सदस्य का दर्जा दिलवा कर भारत देश ने विश्व में अपना लोहा मनवाया है, और देश ने भारत मिडल ईस्ट यूरोप को लेकर नये आर्थिक गलियारे के निर्माण का सूत्रपात कर वैश्विक व्यापार एवं आर्थिक सहयोग के क्षेत्र में एक नया अध्याय प्रारंभ किया है। पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में शांतिनिकेतन एवं कर्नाटक राज्य के होयसला मंदिर को विश्व हेरिटेज सूची में शामिल किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया। प्रधानमंत्री जी ने देश में बच्चों की लाइब्रेरी से जुड़े अनूठे प्रयासों का भी जिक्र किया और बच्चों को किताब पढ़ने के लिए प्रेरित करने का आव्हान किया। मोदी जी ने वन्यजीवों के संरक्षण के विषय को भी उठाया और आने वाले त्योहारी मौसम में स्थानीय उत्पाद के उपयोग हेतु वोकल फॉर लोकल एवं मेड इन इंडिया के मंत्र का भी स्मरण दिलाया । भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नीलू ने बताया कि पीएम मोदी ने भारत में बने हुए उत्पादों को खरीदने, उपयोग करने एवं उपहार देने के लिए देशवासियों से अपील की है ।

मोतीपुर एवं चिखली में खेल मैदान निर्माण तथा नया ढाबा में मुक्तिधाम उन्नयन के लिये भूमि पूजन

राजनांदगांव 25 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा मूलभूत सुविधा रोड नाली के अलावा सामुदायिक भवन, उद्यान, मुक्तिधाम उन्नयन, खेल मैदान, तालाब सौदर्यीकरण कार्य कराया जा रहा है। इसी कडी में राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत शासन द्वारा स्वीकृत 10 लाख रूपये की लागत से वार्ड नं. 03 मोतीपुर में खेल मैदान निर्माण एवं 25 लाख रूपये की लागत से चिखली में खेल मैदान निर्माण तथा 19 लाख रूपये की लागत से वार्ड नं. 4 नया ढाबा में मुक्तिधाम उन्नयन कार्य एवं अधोसंरचना मद अंतर्गत 10 लाख रूपये की लागत से सड़क एवं नाली निर्माण किया जाना है, जिसके लिये आज महापौर के प्रभारी सदस्यों सर्वश्री मधुकर बंजारी, संतोष पिछे, सतीश मसीह, भागचंद साहू, श्रीमती दुलारी बाई साहू, श्रीमती बैनाबाई टुरहाऐ,पार्षद श्री कमलेश बंधे व श्री अरविन्द वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि श्री सचिन दुरहाऐ ने पूजा अर्चना कर, श्रीफल फोडकर, गैती चलाकर भूमिपूजन किया।

अलग अलग वार्ड में आयोजित कार्यक्रम के प्रारंभ में वार्ड 4 के गिरजा रजक, जयराम साहू, पाडे रजक, राजू महेश्वरी, शिव देवांगन, पुष्पा पटेल, चंचला देवांगन, मुन्ना साहू, नीलू रजक पप्पू पटेल, वार्ड नं. 3 व वार्ड नं. 6 के प्रभुद्धजनों द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ से आत्मीय स्वागत किया। स्वागत पश्चात अतिथियों ने मैदान निर्माण एवं मुक्तिधाम उन्नयन कार्य का पूजा अर्चना कर, श्रीफल फोड कर भूमिपूजन किया।

भूमि पूजन अवसर पर महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों ने कहा कि शासन स्वीकृति अनुसार नागरिकों की सुविधा के लिये शहर में विभिन्न विकास कार्य कराये जा रहे है, इसी कडी में आज मोतीपुर तथा चिखली में खेल मैदान निर्माण एवं नया ढाबा में मुक्तिधाम उन्नयन करने भूमिपूजन किया जा रहा है, मैदान बन जाने से वार्ड के खिलाडियों को खेलने के लिये अच्छा मैदान मिल जायेगा, उक्त कार्य अतिशीघ्र पूर्ण किया जायेगा। इस अवसर पर उप अभियंता सुश्री सुषमा साहू एवं श्री अनिमेष चंद्राकर सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

महापौर परिषद की बैठक में विकास कार्यो की स्वीकृति

राजनांदगांव, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक आज निगम स्थित महापौर कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय परिवार सहायता एवं सामाजिक सुरक्षा पेशन योजना के पात्र आवेदनों की स्वीकृति, के अलावा चौक चौराही का नामकरण की अनुशंसा, भूखण्ड आबंटन तथा दुकानों की नामांतरण एवं लीज अवधि की स्वीकृति प्रदान की गयी।

महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय परिवार सहायता योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों को सहायता राशि भुगतान किये जाने की स्वीकृति, लोकसेवा केन्द्र से प्राप्त सामाजिक सुरक्षा पेशन के पात्र हितग्राहियों के अनुमोदन के अलावा पुत्रीशाला एवं टाकापारा के दुकानों का नामंतरण कर लीज अवधि में वृद्धि की स्वीकृति प्रदान की गयी। इसी प्रकार नया बस स्टैण्ड जेल रोड तथा मोती तालाब के पास निर्मित व्यवसायिक परिसर के दुकानों की उच्चतम बोली की अनुशंसा सहित शेष दुकानों की पुन: निलामी कराने की स्वीकृति प्रदान की गयी। इसके अलावा अध्यक्ष पचकार सरोकार संघ एवं विकली समाचार प्रेस परिषद को कौरिनभाठा में भूमि आबंटन हेतु अनापत्ति प्रदान की गयी। उन्होंने बताया कि संस्कारधानी के धर्म प्रेमियों व महाकाल भक्तों की मांग पर मानव मंदिर चौक का नामकरण महाकाल चौक करने तथा ट्रांसपोटरों की मांग पर यातायात नगर चौक का नामकरण रणवीर सिंह के नाम पर करने की अनुशंसा की गयी। साथ ही उनी वस्त्र विक्रय हेतु भूखण्ड उपलब्ध कराने तथा फटाका दुकान लगाने के प्रकरण की स्वीकृति प्रदान की गयी।

बैठक में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री मधुकर बंजारी, सतीश मसीह, संतोष पिछे, विनय झा, भागचंद साहू,श्रीमती दुलारी बाई साहू,गणेश पवार, राजा तिवारी,श्री राजेश गुप्ता चंपू, श्रीमती बैना बाई टुरहाटे आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके, राजस्व अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल, सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, सहायक लेखा अधिकारी श्री राकेश नंदे, प्र. स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा, प्र. कार्यालय अधीक्षक श्री अशोक चौबे, लेखा पाल श्री शैलेष पांडे व श्री पंकज साहू सहित निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

उल्टा पुल्टा

संतू ने एक सैलून खोला और बंटी वहां हजामत कराने गया।
संतू- मूछें रखनी है?
बंटी- हां, जी।
संतू (मूछें काटकर)- ये लो जी, जहां रखनी है, रख लो।

अटल बिहारी बाजपेई के बनाए छत्तीसगढ़ को सजाना है तो परिवर्तन कर भूपेश बघेल सरकार को भगाना है-अरुण साव

कसडोल के परिवर्तन यात्रा में उमड़ा जन सैलाब, महिलाओं की रही, सर्वाधिक भागीदारी

कसडोल/ बलौदाबाजार, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा छत्तीसगढ़ में काबिज भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार की वादा खिलाफी, घोटालेबाज एवं भ्रष्टाचारी सरकार को आगामी विधानसभा चुनाव में उखाड़ फेंकने छत्तीसगढ़ वासियों से आह्वान करने पूरे प्रदेश में परिवर्तन यात्रा निकाली जा रही है। जिसके तहत आज कसडोल विधानसभा मुख्यालय परिवर्तन यात्रा पहुंची। जिसका युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नागेश्वर साहू की अगुवाई में 1200 से अधिक मोटर सायकल रैली के साथ स्वागत करते हुए कसडोल नगर में प्रवेश कर आम सभा स्थल नगर भवन के पास पहुँचे। जहां पहले से उपस्थित हजारों कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने बाजे गाजे के साथ आत्मीय स्वागत किए। इससे पहले बलार चौंक, बाजार चौंक, गायत्री चौंक आदि जगहों पर पुष्प बरसाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। सभा में उमड़े जन सैलाब को देखने से ऐसा लग रहा था मानो परिवर्तन का बयार आ गया हो।

सभा को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय पर्यटन राज्य मंत्री श्रीपाद नाइक ने केंद्र के नरेंद्र मोदी सरकार के अनेकों जनहितैसी योजनाओं का जिक्र किया। जिसका सीधा लाभ गरीबों, किसानों, युवाओं मजदूरों को मिल रहा है। वहीं राज्य के भूपेश सरकार कोवन विरोधी सरकार बताते हुए जमकर फटकार लगाई। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं परिवर्तन यात्रा के प्रमुख अरुण साव ने एक अलग ही अंदाज में लोगों को सम्बोधित किया। अपने ओजस्वी सम्बोधन में लोगों का ध्यान पूरी तरह अपनी ओर खींच लिया। श्री अरुण साव ने कहा कि सरकारें बनती है तो उसका काम क्या होना चाहिए? सरकार का काम होता है स्कूल बनाना, अस्पताल बनाना, सड़कें बनाना, सिचाई के लिए बांध नहरें बनाना, पुल पुलिया बनाना। पिछले 15सालों में डॉ रमन सिँह की सरकार ने यही किया था जो अब तक दिख रहा है। केंद्र के नरेंद्र मोदी की सरकार ने भी यही कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त किसानों की स्थिति में सुधार लाने किसान सम्मान निधि से सीधा खाते में तीन किस्तों में एक साल में 6000 रूपये डाल रही है। वहीं किसानों के उपज के लिए हर साल समर्थन मूल्य में वृद्धि की जा रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्यक्ष की सोच के अनुसार अंत्योदय योजना के तहत अंतिम व्यक्ति की चिंता की जा रही है। कच्ची मकानों से मुक्त करने के लिए गरीबों को प्रधानमंत्री आवास दिया जा रहा है। हाल ही में नारी शक्ति वंदन बिल पास कर महिलाओं की लंबित मांग को पूरा करते हुए लोकसभा और राज्य सभा से पास कराए। विरोधी लोग काफी विरोध किए किन्तु मोदी जी के आगे उनकी कुछ न चली और समर्थन करने विवश होना पड़ा। अब महिलाओं को विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। जिससे देश एवं प्रदेशों के विकास में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। अरुण साव ने आगे कहा कि जब प्रदेश में भाजपा की डॉ रमन सिंह की सरकार थी तब गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास बन रहा था। किन्तु कांग्रेस की सरकार बनते ही आवाज योजना बंद कर दी गई। बिजली बिल हाफ करने की बात कहकर धोखा किया और कई गुना बिजली बिल बढ़ा दिया है। बिजली के बिल को देखते ही करेंट लगता है। आप लोगों का हक मारकर अपने विधायकों को लाभ पहुँचाया जा रहा है। इसीलिए इनके विधायकों के घर से नोटों की गड्डी निकल रहा है। राहुल गाँधी छत्तीसगढ़ आए हैं, यहां से उन्हें हिसाब देकर जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ में भूपेश, अकबर और डेबर की सरकार बैठी है जो प्रदेश को लूटने का काम कर रही है। अब समय आ गया है कि ऐसी गरीब विरोधी, किसान विरोधी महिला विरोधी, युवा विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकना है। अटल जी की छत्तीसगढ़ को संवारना है तो भूपेश सरकार को बदलना ही होगा। क्योंकि छत्तीसगढ़ कि जनता सीधी सादी, भोली भाली है >> शेष पृष्ठ 9 पर>

भ्रष्टाचारी कांग्रेस सरकार से परेशान जनता अब परिवर्तन चाहती है-अरुण साव

भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा

बलौदाबाजार, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा के परिवर्तन यात्रा के तहत बालौदाबाजर में आयोजित आमसभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पुल पुलिया, स्कूल, हॉस्पिटल नहीं बनवा रही हैं। बल्कि भैरा चला रहे, गेड़ी चढ़ रहे और चम्मच से बासी खाने का काम करते हैं। 16 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास से वंचित हुआ उसका जवाब देना होगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साव ने कहा कि आज खुलेआम अवैध शराब, सट्टा, का कारोबार चल रहा हैं इन्ही सभी की हटाने भारतीय जनता पार्टी ने परिवर्तन यात्रा निकाली है। छत्तीसगढ़ को इन सबसे बचाना है और छत्तीसगढ़ में खुश हाली हो, विकास हो, प्रगति हो माताएं बहनें बेटियां सुरक्षित रहें, युवाओं के सपने पूरे हो, हर गरीब को पक्का मकान मिले, हर घर नल हो इसके लिए छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आप सबको बनानी हैं। केंद्रीय पर्यटन मंत्री श्री पाद नाईक ने छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार को मंच के माध्यम से यह संदेश दिया की जिस तरह से मोदी सरकार को लाभकारी योजनाओं को रोकने का काम यह कांग्रेस की सरकार कर रही है आने वाले नवंबर 2023 के विधानसभा चुनाव में >> शेष पृष्ठ 9 पर>

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साव ने कहा कि आप खुलेआम अवैध शराब, सट्टा, का कारोबार चल रहा हैं इन्ही सभी की हटाने भारतीय जनता पार्टी ने परिवर्तन यात्रा निकाली है। छत्तीसगढ़ को इन सबसे बचाना है और छत्तीसगढ़ में खुश हाली हो, विकास हो, प्रगति हो माताएं बहनें बेटियां सुरक्षित रहें, युवाओं के सपने पूरे हो, हर गरीब को पक्का मकान मिले, हर घर नल हो इसके लिए छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आप सबको बनानी हैं। केंद्रीय पर्यटन मंत्री श्री पाद नाईक ने छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार को मंच के माध्यम से यह संदेश दिया की जिस तरह से मोदी सरकार को लाभकारी योजनाओं को रोकने का काम यह कांग्रेस की सरकार कर रही है आने वाले नवंबर 2023 के विधानसभा चुनाव में >> शेष पृष्ठ 9 पर>

परिवर्तन यात्रा की सफलता सत्ता परिवर्तन को कर रहा परिलक्षित: राकेश

महासमुंद, 25 सितम्बर (देशबन्धु)।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के नेतृत्व तथा केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर व प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में महासमुंद में परिवर्तन यात्रा को मिले अपार जनसमर्थन से यह परिलक्षित हो रही है कि आगामी समय में भारतीय जनता पार्टी की सरकार छत्तीसगढ़ में बनने वाली है। उक्त वक्तव्य भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राकेश चंद्राकर ने विज्ञप्ति में कही। श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश की जनता भूपेश सरकार के भ्रष्टाचार, घोटालेबाजी, वादाखिलाफी से त्रस्त हो चुके हैं। चहुं ओर प्रशासनिक तानाशाही, अराजकता फैली है। आज आम आदमी शासकीय दफ्तरों में जाते हैं तो बिना घुस के कोई काम नहीं होता, सभी दफ्तरों में दलालों का बोलबाला है। भूपेश की तानाशाही रवैए से त्रस्त जनता परिवर्तन की बाट जोह रही है। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी द्वारा निकाली जा रही परिवर्तन यात्रा में लोग स्वमेव जुड़ रहे हैं। तथा भ्रष्ट कांग्रेसी सरकार को बदलने संकल्पित हो रहे हैं। श्री चंद्राकर ने कहा कि भूपेश सरकार ने कांगेस पार्टी ने 5 साल में सिर्फ छलावा किया। भूमिहीन लोगों को जमीन देने का वादा किया उसका अता पता नहीं, नौजवानों को भत्ता, महिलाओं को साल में चार सिलेंडर देने की बात करने वालों ने सभी को छला। उन्होंने कहा कि ये परिवर्तन यात्रा इसलिए निकाली जा रही है, क्योंकि भाजपा ने पहले भी छत्तीसगढ़ की सेवा की है और आगे भी करते रहेंगे, गरीब कल्याण के जो काम भी भाजपा ने किया वो काम छत्तीसगढ़ में भी होगा। किसानों0, महिलाओं का सशक्तिकरण होगा। इसके लिए इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेकना होगा। उन्होंने कहा कि महासमुंद में परिवर्तन यात्रा को सफ्ल बनाने हजारों लोगों की उपस्थिति से कांग्रेसियों के धड़कन तेज हो गई है। इनके चेहरों पर हार की चिंता अभी से दिखने लगी है।

नशीली दवाई बिक्री करने वाले दो अलग-अलग मामले में दो युवक गिरफ्तार

धमतरी, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर द्वारा जिले में असामाजिक गतिविधियों नशीले दवाओं एवं अवैध शराब बिकी पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु थाना प्रभारियों को लगातार अभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में एसडीओपी. कुरूद्ध कृष्ण कुमार पटेल के नेतृत्व में थाना प्रभारी कुरूद्ध निरी. दीपा केवट के नेतृत्व में थाना कुरूद्ध स्टॉफ टाउन पेट्रोलिंग जुर्म जरायम पतासाजी एवं कार्यवाही पर रवाना हुआ था कि मुखबिर से सूचना मिला कि दो अलग अलग व्यक्तियों के द्वारा अवैध रूप से नशीली दवाई रखकर बिक्री करने कि सूचना पर तत्काल रवाना होकर कुरूद्ध थाना क्षेत्रांतर्गत नशीले दवाई बेचने वाले दो आरोपियों पर कि गई कार्यवाही-01 ःसुलभ शौचालय,नहर पार के पास कुरूद्ध आरोपी- खिलेश सहारे उर्फ बबलू पिता संतोष सहारे उम्र 23 साल पता संजय नगर ,बस स्टैंड कुरुद द्वारा नशीली दवाओं की बिक्री करते पकड़ा गया जिसके कब्जे से तीन डिब्बे में कुल 54 पत्ता में,08-08 नग कैप्सूल कुल कुल 432 नग कैप्सूल वजन 166.32 ग्राम कीमती2808/ ब्रिकी रकम 120/ जुमला कीमती 2928/-रूपये जप्ती कर वैधानिक कार्यवाही किया गया। 2 छत्तीसगढ़ ढाबा, नेशनल हाईवे, कुरुद के पास प्रभावी औषधी नशीली दवाई बिक्री करते रंगे हाथ पकड़े जाने पर आरोपी- रोशन सिंह राजपूत पिता सुनील सिंह उम्र -22वर्ष पता अटल आवास कुरूद्ध जिला धमतरी के कब्जे से नशीली दवाई जप्ती - 54 पत्ता मे प्रत्येक में 08-08 नग कैप्सूल कुल 432 नग कैप्सूल वजन 166.32 ग्राम कीमती 2808/- रूपये ब्रिकी रकम 220/-रूपये जुमला कीमती 3028/- रूपये जप्त कर प्रभावी औषधी नशीली दवाई बिक्री करते पाये जाने पर कुरुद थाना द्वारा दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपधक्रम 604/23, 605/23 धारा 22(ख) स्वापक औषधी और मानक प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कुरूद्ध निरीक्षक दीपा केवट, एएसआई. राजकुमार साहू, एएसआई. संतोषी नेताम, प्रआर. लोकेश नेताम, राजेश चंद्राकर, आरक्षक किशोर देशमुख, महेश साहू, राजू भारद्वाज, बलराम सिन्हा, अजय नेताम, संतोष यादव का विशेष योगदान रहा।

छत्तीसगढ़ नगरीय क्षेत्रों के आवासहीन व्यक्ति को पट्टाधृति अधिकार नियम 2023 राजपत्र में प्रकाशित

राजिम नगरीय क्षेत्र में भी अनेक भूमिहीन होंगे लाभान्वित

नवापारा राजिम, 25 सितंबर (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा नगरीय क्षेत्रों में शासकीय भूमि पर 20 अगस्त 2017 से लगातार काबिज आवासहीन व्यक्तियों को शासकीय भूमि का निःशुल्क पट्टा दिया जाएगा। राज्य सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ के नगरीय क्षेत्रों में आवासहीन व्यक्तियों के लिए पट्टाधृति अधिकार अधिनियम 2023 की अधिसूचना का प्रकाशन छत्तीसगढ़ राजपत्र में कर दिया गया है। नगर निगम क्षेत्र में आवासहीन व्यक्ति 600 वर्ग फीट तथा नगर पालिका, नगर पंचायत क्षेत्रों में 800 वर्ग फीट से अनधिक शासकीय भूमि के पट्टे के लिए पात्र होंगे, लेकिन जल संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों व सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। सभी जारी नए पट्टे निःशुल्क होंगे तथा सभी प्रयोजनों के लिए इन्हें रियायती पट्टा माना जाएगा। इस पर नगरीय निकाय, संपत्ति व अन्य कर के विषय में अपनी विधियों के अंतर्गत निर्णय ले सकेगा।

इस योजना का लाभ

राजिम नगर पंचायत के अनेक भूमिहीन लोग ले सकेंगे नगर पंचायत एल्डरमैन एवं महाविद्यालय के जन भागीदारी अध्यक्ष गिरीश राजानी ने बताया कि प्रदेश के कांग्रेस सरकार कि यह भूमिहीन लोगों के लिए बहुत बढ़िया योजना है इससे आनेको लोग लाभान्वित होंगे गांव गरीब किसान मजदूर एवं भूमिहीन लोगों की चिंता करने वाली यह सरकार की बड़ी उपलब्धि है हर वर्ग कांफी खुश हैं और योजना का लाभ उठा रहे हैं। रजिस्टर तथा स्थल योजना तैयार करना, प्राधिकृत अधिकारी, इस अधिनियम के प्रयोजन हेतु प्रत्येक क्षेत्र के लिए प्रकप-क में एक रजिस्टर तैयार करेगा। प्राधिकृत अधिकारी, क्षेत्र के प्रत्येक कुटुम्ब के अभिभोग के अधीन भू-खण्ड को दर्शाने वाली स्थल योजना तैयार करवाएगा। प्राधिकृत अधिकारी, ऐसे क्षेत्रों का भुवन या मुकब्सोत के नक्शे के आधार पर एक ले-आउट तैयार करेगा।

आवासहीन व्यक्ति का रजिस्ट्रीकरण द्व प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रत्येक क्षेत्र में प्रत्येक भू-खण्ड का सर्वे कराया जाएगा और उक्त रजिस्टर में, स्वप्रेरणा से, ऐसे प्रत्येक आवासहीन व्यक्ति का मामला पंजीकृत किया जाएगा, जिसके पक्ष में भूमि का, पट्टाधृति अधिकारों के अंतर्गत व्यवस्थापित करने के विषय में विनिश्चय किया जाना है। भूमि कब्जे के संबंध में सत्यापन भूमि

नगर निगम क्षेत्र में 600 वर्ग फीट एवं अन्य नगरीय निकायों में दिया जाएगा 800 वर्ग फीट से अनधिक शासकीय भूमि का पट्टा

के कब्जे के संबंध में सत्यापन के लिए आधार दस्तावेज 20 अगस्त 2017 के पूर्व जारी दस्तावेज होंगे। इनमें निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची, विद्युत बिल, टेलीफोन बिल, स्थानीय निकाय का संपत्तिकर या समेकित कर पंजी, जलकर भुगतान दस्तावेज, भवन या दुकान अनुज्ञा, अधिनियम के अधीन प्रदत्त पट्टाधृति पट्टे व आधार या ड्राईविंग लाइसेंस शामिल है।

चिकित्सालय भवनों और हॉस्पीटलों में अग्निशमन सुरक्षा के मापदण्डों की जांच होगी

अतिरिक्त भूमि का व्यवस्थापन द्व कब्जे की अतिरिक्त भूमि के नियमितीकरण प्रकरणों के संबंध में आवेदन की प्राप्ति पर संयुक्त दल द्वारा प्रत्येक प्रकरण में स्थल का निरीक्षण किया जाएगा। इस संबंध में संयुक्त दल के संतुष्ट होने पर कब्जे की अतिरिक्त भूमि संहिता के अंतर्गत व्यवस्थापन के लिए योग्य है, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा संहिता के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। निर्धारित सीमा से अधिक भूमि होने पर अतिरिक्त भूमि के व्यवस्थापन नहीं कराए जाने की दशा में व्यवस्थापन नहीं कराए जाने की दशा में अतिरिक्त भूमि का कब्जा छोड़े या हटाए जाने के बाद ही कब्जाधारी को पट्टे की पात्रता होगी, अन्यथा वह अपात्र माना जाएगा।पट्टा हस्तांतरण नियमितीकरण, अधिनियम के अंतर्गत अवैध, अनियमित पट्टा या कब्जा हस्तांतरण के नियमितीकरण के प्रकरणों के संबंध में इस प्रयोजन के लिए आवेदन या शिकायत की प्राप्ति पर या स्वप्रेरणा से कार्यवाही करते हुए प्राधिकृत अधिकारी संयुक्त दल को सूचित करेगा, >> शेष पृष्ठ 9 पर>

भारत माता की सेवा और मोदीजी के हाथ मजबूत करने के लिए भाजपा में आया हूं -गोवर्धन शर्मा

नवापारा-राजिम 25 सितंबर देशबंधु। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश व्यापी परिवर्तन यात्रा के नगर में आयोजित जनसभा में अपने साथियों के साथ भाजपा प्रवेश करते हुए सेना के पूर्व अधिकारी रहे गोवर्धन शर्मा ने इस संवाददाता से कहा कि यह नगर मेरी जन्मभूमि है, यहां का कर्ज उतारना है, केंद्र सरकार की अग्निवीर योजना से जुड़ने के लिए भूतपूर्व सैनिकों का हमारा संगठन छत्तीसगढ़ के नौवजवानों को निःशुल्क ट्रेनिंग दे रहा है, अंचल के अनेक नौजवान इसमें सेलेक्ट हुए हैं, हमारे प्रदेश के युवाओं को व्यसन मुक्त करने का मिशन लेकर हम लोग काम कर रहे हैं यहां के लोग शराब, तंबाखू और गुटका की लत से दूर हो जाएं इसलिए हमने भाजपा ज्वाइन की है, मोदीजी जिस तरह से तीर्थ क्षेत्रों का विकास कर रहे हैं, गुजरात के साबरमती , काशी के गंगा घाट और उज्जैन के क्षिप्रा और नर्मदा नदी पर जो कारीडोर बनाया है, नदियों पर रीवर फ्रंट बना कर नदियों की स्वच्छता, निर्मलता और पवित्रता को लेकर जो भागीरथी काम किए हैं, उन सबसे मैं बहुत प्रेरित और प्रभावित हुआ हूं मेरी हार्दिक इच्छा है कि छत्तीसगढ़ के इस प्रयागराज के त्रिवेणी संगम का वैभव और गौरव फिर लौटे, हम लोग बचपन में जब महानदी में नहाते थे, तो नदी के तल पर चमचमाती हुई रेत स्पष्ट दिखती थी, मछलियां दिखती थी,पर अफ्सोस नदी में सिवाय गाद और गंदगी के कुछ भी नही दिखता, नहाना तो दूर अब तो आचमन करने से भी लोग हिचकने लगे हैं , मैं एक पवित्र संकल्प के साथ भाजपा में आया हूं विदित हो कि इस परिवर्तन यात्रा में केंद्र सरकार के मंत्री गण मनसुख सिंह मांडविया, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव, बृजमोहन अग्रवाल, शिवरतन शर्मा, चंद्रशेखर साहू,अशोक बजाज, विभिन्न जिलों के मंडल अध्यक्षों की उपस्थिति में हजारों जनसमुदाय के बीच भारतीय सेना में विभिन्न पदों पर रह चुके भूतपूर्व सैनिकों >> शेष पृष्ठ 9 पर>

इंसान के लिए मेहनत सर्वोपरि है : पार्षद आडिल

नवापारा राजिम, 25 सितंबर देशबंधु। पार्षद राजिम ओमप्रकाश आडिल दोस्तों की असीम कृपा से व्यवसाय भी चल रहा है और राजनीति और सामाजिक कार्य जिससे मुझे सभी लोगों का सहयोग प्राप्त हो रहा है. जिसके चलते मैं अपने परिवार का अच्छे से पालन पोषण कर सका इस कार्य से मैं बहुत खुश हूं. मेरा परिवार भी खुश है सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में राजिम के जनता और वार्ड नंबर 12 मां शीतला वार्ड के दो बार नेतृत्व करने का अवसर प्राप्त हुआ और वार्ड वासियों का प्रेम और उसने हमेशा मिलता हैं मिलता रहेगा इस अवसर पर बधाई देने वालों में हमारे नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधि , राजू सोनकर राजिम भाजपा मंडल अध्यक्ष। कमल सिंहा , राधेश्याम बंजारे , अश्वनी साहू ,नीलू निषाद, मोतीलाल कुर्रे मित्रगण और व्यापारियो आशीर्वाद और बधाई दिए।

पार्षद ओमप्रकाश आडिल ने कहा इंसान के लिए मेहनत सर्वोपरि है इसमे ईमानदारी और लगन से मेहनत करें तो इंसान आसमान छू सकता है मैंने अपने कर्म को प्रधान मानकर मेहनत किया 2003 23 सितंबर को एक छोटा सा ठेला जीरो बजट में भगवान श्री राजिवलोचन लोचन की पवन धरा धाम राजिम के शिवाजी चौक राजिम में एक छोटा सा फ्ल का ठेला लगाकर मैं अपना व्यवसाय शुरूवात की. जिससे मुझे सभी लोगों का सहयोग प्राप्त हुआ। जिसके चलते मैं अपने परिवार का अच्छे से पालन पोषण कर सका इस कार्य से मैं बहुत खुश हूं मेरा परिवार भी खुश है सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में राजिम के जनता और वार्ड नंबर 12 मां शीतला >> शेष पृष्ठ 9 पर>

राजनैतिक स्वार्थ के लिए गलत आंकड़े प्रस्तुत कर छत्तीसगढ़ की जनता को अपमानित कर रहे हैं भाजपा नेता-हितेन्द्र ठाकुर

बलौदाबाजार, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस बलौदाबाजार के अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने भाजपा के परिवर्तन यात्रा और चुनावी सभा के लिए आज भाजपा नेताओं के दौरे पर तंज कसते हुए कहा है कि अपनी विश्वसनीय खत्म हो जाने के बाद अब छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता नए-नए केंद्रीय मंत्रियों को बुलाकर उनसे लगातार झुठ बुलवाने का काम कर रहे हैं। भाजपा के नेता बेरोजगारी और अपराध के गलत आंकड़े प्रस्तुत कर छत्तीसगढ़ की जनता को अपमानित कर रहे हैं। वादाखिलाफी भाजपा का राष्ट्रीय चरित्र है, अपराध में नंबर वन भाजपा शासित राज्य है, छत्तीसगढ़ तो 18वें क्रम पर है भूपेश सरकार में अपराध लगातार नियंत्रित हुए हैं और सबसे कम बेरोजगारी दर वाला राज्य तो छत्तीसगढ़ है। भाजपा के नेता यह भूल गए कि रमन सरकार के दौरान छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर 22.2 प्रतिशत हुआ करता था, जो भूपेश सरकार आने के बाद लगातार कम हुआ है। विगत 1 साल से छत्तीसगढ़ देश भर में सबसे कम बेरोजगारी दर वाला राज्य है, आधा फीसदी से भी कम बेरोजगारी दर है छत्तीसगढ़ का। लेकिन दलिय चाटुकारिता में देश के केंद्रीय मंत्री व भाजपा के नेता बेशर्मी से झुठ बोल कर छत्तीसगढ़ की जनता को अपमानित कर रहे हैं।

भाजपा का परिवर्तन यात्रा केवल बाहरी नेताओं के भरोसे, न स्थानीय नेता है, न ही कार्यकर्ता

जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने कहा कि भूपेश पर भरोसे की सरकार के समक्ष भारतीय जनता पार्टी के सारे पैंतरे नाकाम हो चुके हैं। छत्तीसगढ़ में आरएसएस और भाजपा का धर्मांतरण अ ौ र सांप्रदायिकता का एजेंडा फेल हो गया है।सबसे ज्यादा धर्मांतरण भाजपा के शासन में ही हुआ है। कवर्धा, नारायणपुर और बिरनपुर में भी भाजपा का षड्यंत्र उजागर हो गया। रमन राज के भाजपा के वादाखिलाफी, कुशासन और भ्रष्टाचार की कलई खुल चुकी है। भाजपा का शीर्ष नेतृत्व भी अब यह मान चुका है कि छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता दागी और अविश्वसनीय हो चुके हैं और जनता का विश्वास पूरी तरह से खो चुके हैं। छत्तीसगढ़ की जनता ने ठान लिया है कि परिवर्तन तो करना है लेकिन 2024 में केंद्र की मोदी सरकार का।

जिलाध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने कहा कि 2014 से 2018 तक केंद्र और राज्य दोनों जगह बीजेपी की सरकार थी और छत्तीसगढ़ की जनता पर सबसे ज्यादा अत्याचार भी इन्हीं चार सालों में हुए। आदिवासियों को जल, जंगल, जमीन के अधिकार से वंचित किया। गरीबों को आवास से वंचित किया। किसानों को बोनस के >> शेष पृष्ठ 9 पर>

किसान पंजीयन की अंतिम तिथी 30 तक

महासमुंद,25 सितंबर (देशबंधु)। खरीफ विपणन वर्ष 2023. 24 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी पंजीयन अपने चरम पर है। जिले में 1 लाख 53 हजार किसानों का डेटा कैरीफारवर्ड पंजीयन सहकारी समितियों के माध्यम से किया जा रहा है। अभी तक 1 लाख 18 किसानों का डेटा कैरी फारवर्ड किया जा चुका है। नोडल अधिकारी एवं कृषि विभाग ने बताया कि किसानों से सुगमतापूर्वक आधार बेस्ड खरीदी हेतु किसानों का डेटा कैरी फारवर्ड किया जाना अनिवार्य है। किसान को समिति में अपने निकट संबंधी को नामिनी नियुक्त करने की सुविधा दी जा रही है।

छेरकापुर मे राष्ट्रीय अविष्कार अभियान का आयोजन

अमेरा/बलौदाबाजार, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय अविष्कार अभियान 2023 संकुल स्तरीय विज्ञान, गणित पर आधारित मॉडल प्रदर्शनीय एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन संकुल केंद्र छेरकापुर मे किया गया। जिसमे संकुल के सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी के 40 प्रतिभगियो ने भाग लिया। उक्त प्रतियोगिता दो स्तर पर आयोजित किया गया। जिसमे एलीमेंटरी स्तर मे प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक के प्रतिभागी एवं सेकण्डरी स्तर मे हाई स्कूल और हायर सेकण्डरी के प्रतिभागी शामिल हुए।

एलिमेंटरी स्तर विज्ञान, गणित मॉडल प्रदर्शनीय मे प्रथम स्थान खिलेश कुमार टंडन कक्षा 5वी प्राथमिक शाला छेरकापुर, द्वितीय स्थान उमंग भारती कक्षा 7वी उच्च प्राथमिक शाला कोसमंदा रहे। एलिमेंटरी स्तर विज्ञान, गणित प्रश्नोत्तरी मे प्रथम स्थान दुष्यंत साहू कक्षा 8वी उच्च प्राथमिक शाला छेरकापुर, द्वितीय स्थान रुपेश कुमार बंजारे प्राथमिक शाला कोसमंदा को प्राप्त हुआ। सेकण्डरी स्तर विज्ञान, गणित प्रश्नोत्तरी मे प्रथम स्थान सिद्धि साहू कक्षा 11वी उच्चतर माध्यमिक शाला छेरकापुर, द्वितीय स्थान जाष्मीन गायकवाड़ हाई स्कूल कोसमंदा को मिला। सेकण्डरी स्तर मॉडल प्रदर्शनीय मे प्रथम स्थान सानिया वर्मा 10वी उच्चतर माध्यमिक शाला छेरकापुर ,द्वितीय स्थान कंचन गायकवाड़ हाई स्कूल कोसमंदा को प्राप्त हुआ। एलिमेंट्री स्तर शिक्षकों द्वारा कबाड़ से जुगाड़ मॉडल प्रदर्शनीय मे प्रथम स्थान दीपिका जलहरे नवीन प्राथमिक शाला छेरकापुर, द्वितीय स्थान गायत्री पटेल उच्च प्राथमिक शाला छेरकापुर को मिला। सभी प्रतियोगिताओं मे प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को संकुल प्राचार्य डा. राधेश्याम पटेल द्वारा मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया एवं सभी प्रतिभागियों को मैडल देकर प्रोत्साहित किया। संकुल प्राचार्य डा.राधेश्याम पटेल ने सभी शिक्षकों को बच्चों मे विज्ञान एवं गणित के प्रति रुचि और वैज्ञानिक सोच को बढ़ाने हेतु आह्वान किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं विकास खंड स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ दिए। इस आयोजन मे संकुल के शिक्षक, शिक्षिकाए वीरेंद्र साहू, सरोज साहू, बिहारी साहू, कांतिलाल साहू, यशवंत देवांगन, रमेश ध्रुव, रविकिरण पैकरा, गायत्री पटेल, कल्याणी साहू, हेमलाल साहू, राधेलाल फेकर, अनुसुईया वर्मा, ईश्वरी साहू, दीपिका जलहरे, रवीना टंडन मिरी, देवकुमार मारकंडे एवं छात्र छात्राएँ बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक मोतीराम फेकर ने किया।

सम्यक प्रकार से जो नियन्त्रण किया जाता है वह संयम: पं. धन प्रसाद

बलौदाबाजार, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। दस लक्षण पर्व का उत्तम संयम का दिन है मनुष्य की इच्छाएं अनंत होती है यही उसके दुख का कारण बनती है। इस माया रुपी संसार में मन को स्थिर रखने के लिए कामनाओं पर नियंत्रण जरूरी है और इंद्रियों पर यही नियंत्रण संयम धर्म है। आज के दिन श्री जी के शांति धारा कलश करने का सौभाग्य जितेंद्र जी जैन को प्राप्त हुआ। सांगानेर से आये भैया जी और पंडित धन प्रसाद जी ने मंत्र उच्चारण कर सम्पूर्ण कराया। जैन समाज ने आज के दिन सुगंध धूप दशमी का पर्व मनाया, जिसमें पूरा जिनालय सुगंध से महक उठा।

सुगंध दशमी क्यों मनाते है इसके बारे में भी पंडित जी ने उपदेश दिया। समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन और सचिव अमित जैन से बात करने पर बताया कि धूप के इस पवित्र वातावरण में स्वयं भगवान भी खुश होकर मानव को मोक्ष पद का रास्ता दिखलाते हैं इसी भावना के साथ सभी जैन मंदिरों में सुगंध दशमी पर धूप खेई जाती है रात 9बजे समाज में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कराये जा रहे हैं। जिसमें रंजनाजैन और एकता जैन के साथ बच्चों ने जो कार्यक्रम दिया वह मनमोहक था। आज के दिन मंदिर की में समाज के संरक्षक महावीर जी पदमचंद जी मिश्रीलाल जी, कपूर चंद जी, सुरेश जी डॉक्टर नरेंद्र सर, शैलेश जैन जितेश जैन देव जैन अभिषेक जैन, तुषार जैन श्रेयांश, प्रवीण जैन, अखिलेश जैन, और महिलाओं में समाज के अध्यक्ष सुमन जैन पूर्व अध्यक्ष ममता जैन, राजकुमारी देवीजैन, आशा जैन, मनोरमा देवी जैन, विमला देवी जैन ,प्राची जैन सुनिधि जैन, नेहा, मनाली जैन सीमा जैन, प्रीति जैन आदि उपस्थित थे।

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में भी गणेश उत्सव की धूम

बलौदाबाजार, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर सहित अंचल के गणेशोत्सवों में भक्तिमय वातावरण देखते ही बनती है, जहां विघ्नहर्ता के स्वागत में आकर्षक रंगोलियां, रंग बिरंगी झालर लाईटें, अनेकों सुगंधित पुष्पों से सजावट और करतल ध्वनि तथा श्रीगणेश की जयघोष के साथ प्रतिदिन पूजा पाठ की जा रही है। अंचल के ग्राम सकरी, अमेरा, रवान, अर्जुनी, लटुवा, कोकड़ी, रिसदा, पुरान, ठेलकी खम्हरिया, भरूवाडीह, सेम्हराडीह, पिपराही, चंडी, करही, रावन, रवेली, झीपन, पडकीडीह, खपराडीह, नेवारी फुलवारी, चुचरूंगपुर, छिराही, औंरासी, गितकेरा, सैहा, गुमा, पौंसरी, चांपा, चिचोली, बेल्हा और तिल्दा बांधा गांवों के पंडालों में विराजे अराध्य लम्बोदर की बच्चे, बुढ़े, जवान, मजदूर, किसान और ब्यापारी सभी साथ मिलकर सामूहिक पूजा अर्चना भी किया जा रहा है। यहां श्री गणेश चतुर्थी धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

भक्तिमय माहौल के साथ श्री गणेश उत्सव में आकर्षक रंगोलियां प्रतिदिन पंडालों में बनाया जाता है। माता पार्वती और भगवान शिव के पुत्र गणपति के जन्मदिवस के मौके पर 10 दिनों का श्री गणेशोत्सव पर्व मनाया जा रहा है। पूरे देश के साथ इन ग्रामीण अंचल में गणेश उत्सव पर्व मंगलवार से प्रारंभ हो गया है। वहीं घरों में भी भक्तिभाव के साथ परिवार सहित शंखनाद घंटी ध्वनि बजाकर पूजा आराधना कर रहे हैं। अनंतचतुदर्शी को गणेशजी की प्रतिमाओं का विसर्जन होगा। इसी प्रकार सेनानी गांव रावन मे गणेश उत्सव में अनेकों बड़ी बड़ी मुर्तियां और आकर्षक सजावट किया गया है। समीपस्थ ग्राम में पिछले तीन दशक के दौरान गणेश जी के पाण्डालों की संख्या हर वर्ष बढ़ रही है। पाण्डालो के अलावा घरों में लोगों के द्वारा गणेश जी के छोटी प्रतिमायें स्थापित की गई है। बच्चों में अपने सबसे प्रिय गणपत्ति बप्पा की भक्ति को लेकर आपार उत्साह देखने को मिल रहा है। गौरा चौक, स्थानीय महामाया चौक, सहाड़ा देव चौक, इंदिरा निवास चौक, राममंदिर चौक स्थित बड़े गणेश जी के पंडाल और श्री गणेश चौक मंदिर में भक्तो की भीड़ रहती है।

गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए मिलेंगी 25 लाख सहायता राशि

महासमुंद,25 सितंबर (देशबंधु)। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश के लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा दिलाने भूपेश सरकार हरसंभव पहल कर रही है। इसी क ?ी में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता राशि को राज्य सरकार ने बढ़ा दिया है। पहले सहायता राशि 20 लाख रूपए दी जाती थी। जिसे बढ़ाकर उसे 25 लाख रुपए कर दिया गया है। अब स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए 25 लाख रुपए सहायता राशि मिलेंगी। प्रदेश सरकार की इस पहल का स्वागत करते हुए संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि अब गंभीर बीमारियों के इलाज में राशि की कोई कमी नहीं होगी। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता राशि को राज्य सरकार ने बढ़ा दिया है। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा के विगत मानसून सत्र में अनुपूरक बजट पर

■ इलाज की सुविधा दिलाने भूपेश सरकार कर रही हरसंभव पहल:विनोद

मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत सहायता राशि को 20 लाख रुपए से बढ़ाकर 25 लाख रुपए करने की घोषणा की थी। इस घोषणा के बाद स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने 20 लाख रुपए से बढ़ाकर 25 लाख रुपए करने का आदेश जारी कर दिया है। संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि गंभीर रोगों के इलाज के लिए प्रदेश सरकार सबसे ज्यादा सहायता राशि प्रदान कर रही है। वर्तमान में लीवर, किडनी ट्रांसप्लांट और कैंसर जैसी कई गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए ज्यादा धनराशि की जरूरत पड़ती है। जिसे ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना शुरू की गई है। इस योजना में पहले पांच लाख रूपए से अधिकतम बीस लाख रूपए की राशि दी जाती रही है। अब इसे 25 लाख रूपए तक बढ़ा दिया गया है। वहीं प्रदेश के लोगों को विभिन्न अस्पतालों में इलाज की सुविधा दिलाने के लिए डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना संचालित की जा रही है। इस योजना में अब तक लाखों परिवारों को लाभान्वित किया गया है।

जयंती पर पुरूषोत्तम कौशिक को किया याद

महासमुंद,25 सितंबर (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ चन्द्रनाहूशिक्षण समिति द्वारा पूर्व केन्द्रीय मंत्री, समाजवादी नेता व शिक्षण समिति के पूर्व अध्यक्ष स्व.पुरुषोत्तम कौशिक के स्मृति में जयंती मनाया गया।सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ चन्द्रनाहूंशिक्षणसमितिके अध्यक्ष राहुल चन्द्राकर के द्वारा कौशिक के प्रतिमा पर पुष्पांजलि व माल्यार्पितकरनमनकियागया। इस अवसर पर राहुल ने कहा कि श्री कौशिक को हमेशा उनके द्वारा समाज, किसान, मजदूर के लिए किए गए कार्य के लिए सदियोंतक याद किया जायेगा, छ.ग. के लिए ज्योतिस्तम्भ के रुप में हमेशा स्मरण रहेगा। आज शिक्षा के क्षेत्र कौशिक जी योगदान के कारण ही आज यह शिक्षणसमिति द्वारा संचालित छ.ग.स्कूल, शांत्रीबाईकॉलेज, चन्द्रोदय पब्लिक स्कूल मेंउन्नत ज्ञान का प्रचार-प्रसार हो रहा। यह सब कौशिक जी का ही देन है। कार्यक्रम में कमलेश चन्द्राकर, उपाध्यक्ष-द्रोण चन्द्राकर, चन्द्रपाल चन्द्राकर, संयुक्तसचिव-बंशी चन्द्राकर, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र चन्द्राकर,, चन्द्रनाहूंक्षत्रिय कुर्मीसमाजन्याय कमेटी के अध्यक्ष केशवनायकराम चन्द्राकर, सचिव हुलास चन्द्राकर

,कार्यकारिणी सदस्यगण-दाऊलालचन्द्राकर, नुकेशचन्द्राकर,पुष्करचन्द्रांकर, तारिणी चन्द्राकर, हर्षितचन्द्राकर, राकेशचन्द्राकर, सजलचन्द्राकर, गौरवचन्द्राकर, हरिशचन्द्राकर, प्रवीणचन्द्राकर, ईश्वरचन्द्राकर, केशवचन्द्राकर, राजेन्द्रचन्द्राकर ,समाजवादी साथी दिलीप कौशिक, द्वारिका चन्द्राकर, शंकरलाल चन्द्राकर, नंदकुमार चन्द्राकर, तुलसी राम चन्द्राकर, मंगलूराम ढीमर, नारायण चन्द्राकर, नारायण नामदेव, मोहन सोनी, अरुण चन्द्राकर, कमलेश ध्रुव, आर.एस.माली, ललित चन्द्राकर, सुखनंदन धीवर, अशोक शर्मा, शंकरठाकुर, मुकेश चन्द्राकर, देवेन्द्र चन्द्राकर, शांत्रीबाईमहाविद्यालय औरछत्तीसगढ़ विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थितरहे।

अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन एवं अशोक लीलैंड ड्राइविंग इंस्टिट्यूट के तत्वाधान में प्रदान किया गया प्रमाण पत्र

अर्जुनी/बलौदाबाजार, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। 23 सितंबर को अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन (सेडी) एवं अशोक लीलैंड ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट के संयुक्त तत्वाधान में एच.एम.व्हीव प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम किया गया। अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन सेडी भाटापारा के द्वारा हेवी मोटर वेहिकल प्रशिक्षित बेरोजगार नवयुवकों को प्रमाण पत्र एवं लाईसेंस वितरण समारोह का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महावीर सिंह बोलिया यूनिट हेड, ईश्वर सभापति लॉजिस्टिक हेड, अन्तर्यामी सामल एचआर हेड वही फाउण्डेशन से हिमाद्रि चट्टोपाध्याय सीनियर रीजनल मैनेजर मिथुन पालीवाल जोनल मैनेजर अभय प्रताप सिंह के कर कमलो से संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महावीर गोलियां ने सभा में कहा कि हमारा मुख्य मकसद यह है कि आसपास के लोकल बेरोजगार नवयुवक को कैसे ज्यादा से ज्यादा रोजगार दिला सके आज यहां पर उपस्थित सभी प्रशिक्षित युवक ड्राइवर बन चुका है क्योंकि इन लोगों के द्वारा ड्राइविंग इंस्टीट्यूट से प्रशिक्षण लेकर एक कुशल ड्राइवर बनाया जा चुका है और आज इन लोगों के हाथ में प्रशिक्षण प्रमाण पत्र एवं ड्राइविंग लाइसेंस अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन के द्वारा प्रदान किया गया है। इन लोगों को कौशल प्रशिक्षण देने से वे ड्राइवर बनकर अपना एवं हमारी संस्था का नाम गौरवान्वित करेंगे। पूर्व में 25 युवकों को प्रशिक्षण के पश्चात हैवी ड्राइविंग लाइसेंस प्रदान किया गया था। आज 25 में से 25 सभी नवयुवक गाड़ी चला रहे हैं, 30000 से ऊपर की कमाई कर रहे हैं जिसे उसका जीवन स्तर ऊपर उठ चुका है सभी सेडी के कर्मचारी उपस्थित रहे। तत्पश्चात् सेडी के प्राचार्य ने कार्यक्रम की रुपरेखा पर प्रकाश डाला। वही हिमाद्रि जी ने सभी प्रशिक्षुओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाये दिए। लॉजिस्टिक हेड ईश्वर सभापति ने कहा कि गाड़ी में सबसे पहले सुरक्षा आता है गाड़ी की सुरक्षा को ध्यान देकर चेकिंग करके गाड़ी स्टार्ट करना चाहिए ताकि गाड़ी रास्ते में धोखा ना देवे हमारा उद्देश्य है बेरोजगार नवयुवकों को कैसे ज्यादा से ज्यादा इस ड्राइविंग प्रशिक्षण शिविर में जोड़ा जावे, ताकि आत्मनिर्भर बन सके। कार्यक्रम के अंतिम में हमारे एच् आर. हेड ने ड्राइविंग के नए अवसर की जानकारी दिए, वही कुछ प्रशिक्षुओं ने अपने अनुभव साझा किये जिसमे टीकेश्वर साहू ने अपने ट्रेनिंग के अनुभव बताये, वही अमित यदु को स्किल आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया। अंत मे सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र और मोमेंटों से सम्मानित किया गया और संजीव वस्त्रकार प्लेसमेंट अफसर ने कार्यक्रम का समापन की घोषणा की गयी।

युवाओं के हौंसले और उत्साह को दोगुना कर देता है खेल कबड्डी :डीपेंद्र साहू

धमतरी, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। नवयुवक मितान क्लब एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम खम्हरिया में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि डीपेंद्र साहू ने कबड्डी खेल स्थल में रिबन काटकर कबड्डी खेल का शुभारंभ किया। नवयुवक मितान क्लब के द्वारा अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर पुष्प को भेंट करते हुए किए। डीपेंद्र साहू ने कहा कि कबड्डी हमारा पारंपरिक खेल है जो युवाओं के हौसले और उत्साह को दोगुना कर देता है, किंतु प्रतिस्पर्धा में कबड्डी खेल के दरमियान अनेक दुर्घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है इसलिए खिलाड़ी भावना से खेलते हुए युवा साथी खेल का प्रदर्शन दिखाएं और दर्शन दीघार्यों का दिल जीत कर प्रतिस्पर्धा में जीत हासिल करें यही शुभकामनाएं हैं। आमदी मंडल उपाध्यक्ष राकेश साहू ने बताया समिति को बधाई देते हुए कहा कि कबड्डी का खेल चतुराई का खेल है और रेडर के द्वारा जब कबड्डी कबड्डी कहते हुए दूसरे खेमे में जाकर अंक हासिल करते हैं तो खेल के उत्साह को और अत्यधिक बढ़ा देता है।

■ चतुराई का खेल है कबड्डी : राकेश साहू

इस अवसर पर कार्यक्रम में सरपंच रवि कुमार ध्रुव, पूर्व सरपंच सतीश राव बाबर, चंद्रकांत साहू, महेश कुमार साहू, सोनू राम साहू, वेद प्रकाश साहू, अनूप निर्मलकर, सुरेंद्र कतलाम, जगदीश नेताम, करण नेताम, तन्नु यादव, रामानंद सूर्यवंशी, राकेश साहू, ललित ध्रुव, संत प्रकाश साहू, राकेश, मिथिलेश, शंभू साहू, समीर ध्रुव, मन्नू लाल साहू, महेंद्र साहू, कमल ध्रुव, सौरभ साहू, इंद्र कुमार ध्रुव, शुभम यादव, आयुष नेताम, दुष्यंत नेताम सहित नवयुवक मितान क्लब के सदस्य गण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

बैंक सदस्यों को 13 प्रतिशत लाभांश देने की घोषणा

महासमुंद,25 सितंबर (देशबंधु)। महिला नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित महासमुंद की वर्ष 2022.23 हेतु वार्षिक आमसभा 24 सितंबर को अमृतबाई हाईस्कूल परिसर में हुई। आमसभा की शुरुआत में मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्जवलन बैंक की अध्यक्ष श्रीमती अरुणा शुक्ला एवं संचालक मंडल के करकमलों से संपन्न हुआ। बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप कुमार दवे के द्वारा बैंक के प्रगति प्रतिवेदन की सविस्तार जानकारी विषय सूची को आमसभा में प्रस्तुत किया गयाए जिसे उपस्थित सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से पारित कर अनुमोदित किया गया। बैंक की अध्यक्ष श्रीमती अरुणा शुक्ला के द्वारा अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में बताया कि बैंक अपने प्रारंभिक काल 26 जून 1998 में क्षेत्र की एक हजार महिलाओं को सदस्य बनाकर एवं उनसे अंश राशि 5 लाख एकत्रित कर बैंकिंग व्यवसाय की शुरुआत की थी। वर्तमान दिनांक पर आपके सहयोग एवं विश्वास की बदौलत बैंक का व्यवसाय निरंतर बढ़ रहा है। यह सब आपकी प्रेरणा, समर्पण एवं उत्साह की बदौलत ही हम प्रगति की इस मुकाम तक पहुंचे हैं। बैंक के व्यवसाय में निरंतर बढ़ोत्तरी के भागीदार हमारे कर्मचारी गण भी हैं, जिनकी निष्ठा, लगन, ईमानदारी एवं कठिन परिश्रम के बदौलत हम इस मुकाम तक पहुंच सके हैं। बैंकिंग व्यवसाय में बढ़ोत्तरी हमारे अंशधारियोंए पदाधिकारियों एवं कर्मचारी गण की महत्वपूर्ण भूमिका की मैं सराहना करती हूं। महिला नागरिक सहकारी बैंक में खातेदारों की बढ़ती संख्या बैंक के प्रति लोगों के विश्वास एवं सम्मान को दर्शाता है। बैंक की अध्यक्ष की हैसियत से निश्चित ही मेरी जिम्मेदारी अपेक्षाकृत ज्यादा है। अपने दायित्व के बखूबी निर्वहन हेतुए मैं आप सभी से सहयोग एवं आशीर्वाद की कामना करती हूं। बैंक व्यवसाय में और अधिक बढ़ोत्तरी आवश्यक है। इसके लिये दृढ़ इच्छा शक्ति हम सभी के मन में होए ऐसी प्रार्थना ईश्वर से करती हूं। प्रतिस्पर्धा के दौड़ में इस तरह की भावना ही हमें आगे बढ़ा सकती है। अहम और वहम को त्याग कर हमें रहम को आत्मसात करना है। इससे हमारी

■ महिला नागरिक बैंक की वार्षिक आमसभा हुई

प्रगति का मार्ग स्वयं प्रशस्त हो जायेगा। बैंक द्वारा अपने प्रारंभिक काल से ही सदस्यों को उनके अंश राशि पर निरंतर बढ़ते क्रम पर लाभांश दिया जा रहा है। बैंक संचालक मंडल के निर्णय के परिपालन में मुझे घोषणा करते हुये हर्ष हो रहा है कि वर्ष 2022.23 हेतु बैंक सदस्यों को उनकी अंश राशि पर 13 प्रतिशत की दर से लाभांश दिया जाना स्वीकृत किया गया है। बैंक द्वारा तुलनात्मक दृष्टिकोण से डिजीटल एटीएम कार्ड, स्वयं के एटीएम मशीन, यूपीआई, मोबाईल एप, आधार सीडिंग व अन्यद्ध सुविधाओं के विस्तार के कारण व्यय में बढ़ोत्तरी होने के बावजूद बैंक संचालक मंडल के द्वारा अपने सदस्यों को लाभांश देने का निर्णय लिया गया है। वित्तीय वर्ष में ऋण वितरण को दोगुना करने का लक्ष्य रखकर हमें आगे बढना है। सकारात्मक नजरिये से निश्चित ही इस उद्देश्य की प्राप्ति हो सकेगी। मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि कर्मचारियों की निष्ठाए लगन एवं संचालक मंडल के कुशल नेतृत्व से इस मुकाम को अवश्य प्राप्त करेंगे। बैंक की उपाध्यक्ष द्वय श्रीमती सती साहू एवं निर्मला चंद्राकर ने भी अपने सारगर्भित उद्बोधन में सदस्यों को बैंकिंग सेवाओं से जोडने के लिये प्रेरित किया। बैंक की प्रोफेशनल संचालक एवं अधिवक्ता श्रीमती साधना सिंह ठाकुर ने भी बैंक के स्वयं के भवन के लिये आवश्यकता की बात कही एवं इस हेतु आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिये जिला प्रशासन से चर्चा करने की बात कही गई। साथ ही साथ उन्होंने डिजीटल सुविधाओं का उपयोग करने हेतु सावधानी बरतने के लिये आवश्यक उपायों की चर्चा की। पत्रकार श्रीमती उत्तरा विदानी ने भी सभा को संबोधित करते हुये कहा कि बैंक की बुनियाद मजबूती से खड़ी है जिसके लिये बैंक के आधार स्तंभ संचालक मंडल एवं कर्मचारी गण हैं। उनकी सेवाओं के लिये भी भूरि.भूरि प्रशंसा की। सभा को श्रीमती रश्मि चंद्राकर, श्यामकुमारी महिलांग, राजेश्वरी तिवारी, तारा चंद्राकर ने भी संबोधित किया एवं सदस्यों को अधिक से अधिक सदस्य बनाने, नये खाते खुलवाने, ऋण वितरण के संबंध में आवश्यक पहल करने की बात कही। अंत में आभार प्रदर्शन बैंक संचालक श्रीमती सुनिता देवांगन के द्वारा किया गया। सभा में संचालक श्रीमती मीना वर्मा, बैंक प्रतिनिधि सीता डोंडेकर एवं सदस्य राजेन्द्र कौर, सती चंद्राकर, कल्याणी पांडे, सुमित्रा देवांगन, पूर्णिमा शर्मा, शांतिदेवी चंद्राकर, कमला पंचेश्वर, हसिता बघेल, अनिता बंजारे, कुमुदिनी साव, नंदा रंगारी, सरिता साहू, प्रीति साहू, सीमा अंबिलकर, ममता चंद्राकर, कल्याणी चंद्राकर, सुलोचना प्रधान, विमला साहू, चन्द्रकला साहू, नंदिनी प्रधान, बैंक कर्मचारी गण एवं भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

आधुनिक परिवेश में जब लोग धीरे-धीरे अपने धर्म संस्कृति और परम्पराओं से दूर होते जा रहे है - हरमीत

धमतरी, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। समीप के ग्राम रांवा में जय दुर्गे रामधुनी समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से दो दिवसीय अखंड रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है। ग्रामवासियों के विषेश आमत्रंण पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा के आवष्यक कार्यवष दिल्ली प्रवास के दौरान उनके प्रतिनिधी के रूप में उनके सुपुत्र हरमीत सिंह होरा अध्यक्ष नागरिक सहकारी बैंक मुख्य अतिथि के रूप रामधुनी के श्रवण का लाभ लेने के लिए ग्रामवासियो के बीच पहुंचे। हरमीत होरा ने उपस्थित विशाल जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि कहा कि यह काफी हर्ष का विषय है कि यह समिति विगत कई सालों से लगातार रामधुनी प्रतियोगिता का कार्यक्रम कराते आ रहे हैं। आज के आधुनिक युग में अपनी लोक परंपराओं को सहेजने समाज के लोगों के लिए अच्छा उदाहरण है। धार्मिक आयोजनों के माध्यम से हम सभी को धर्मग्रंथ में लिखे गई बातों को कार्यक्रम में पहुंचे विभिन्न मंडलियों द्वारा सजीव चित्रण प्रस्तुत करने से अपने जीवन में उतारने की सीख मिलती है। आधुनिक परिवेश में जब लोग धीरे-धीरे अपने धर्म संस्कृति और परम्पराओं से दूर होते जा रहे है। उनका रूझान आध्यात्म से हटकर मे पाश्चात्य संस्कृति की ओर बढ़ रहा है। ऐसे मे रामधुनी जैसे पुनीत कार्यक्रमो के आयोजन से लोगो के बीच धर्म एंव संस्कारों की ओर रूझान बढ़ेगा। धर्म, संस्कृति, परम्पराओं का पूरे भाव से सरंक्षण और संर्वद्धन के लिए उन्होने जय दुर्गे रामधुनी समिति द्वारा दो दिनों तक किए जाने वाले इस भक्तिमय आयोजन के लिए सभी मेहनतकश साथी भाई बधाई एवं शुभकामनाऐं दी।

इस अवसर पर विशाल शर्मा, नीलमणी साहू, संतोष सिन्हा, अभिमन्यू सिन्हा, टिकेन्द्र गजेन्द्र ,सुरेन्द्र पांडेय राहुल बख्तानी, सुमित जैन, सरपंच गोपालन पटेल, लालचंद साहू, मून्ना साहू, गुहरीराम साहू, जीवराज साहू, भीखुराम निषाद, कुलेश्वर सिन्हा, छन्नू राम साहू, डालेश्वर साहू, अंगेश्वर साहू सहित जय दुर्गे रामधुनी समिति के पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित थे।

कोलता समाज का नुआ खाई मिलन सह सम्मान समारोह

सरायपाली, 25 सितंबर (देशबन्धु)। बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज कुल कार्यकारिणी सभा रायपुर छग द्वारा ग्राम बगाईजोर के आर एस पब्लिक स्कूलमें वृहद रूप से नुआखाई सह सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया। जिसमें आंचलिक सभा सरायपाली, बसना, पिथौरा एवं रायपुर से बड़ी संख्या में सामाजिक जनों ने भाग लिया। साथ में उड़ीसा के सामाजिक प्रतिनिधि भी सम्मिलित हुए। सर्वप्रथम मां रामचंडी की पूजा अर्चना कर सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए सरायपाली आंचलिक अध्यक्ष प्रदीप साहू ने कहा कि समाज को विकास के पथ पर ले जाने के लिए समाज के जाति भाई बहनों को आगे आना होगा। उन्होंने ग्राम अमेलडीह के सामाजिक बंधुओं द्वारा सामूहिक रूप से मनाए जाने वाले नुआखाई मिलन समारोह का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने समाज के सामने एकता और आपसी सद्भावना का जो मिसाल पेश किया है उससे प्रेरणा लेकर हम सबको आपसी सद्भावना का सुंदर परिवेश का निर्माण करना होगा। तभी समाज का विकास संभव होगा । महामंत्री मथामणि बढ़ाई ने समारोह में पधारे समस्त सामाजिक बंधुओं को नुआखाई की शुभकामनाएं देते हुए कहा की किस तरह के आयोजन से लोगों में आपसी भाईचारे की भावना जागृत होती है तथा एक दूसरे को समझने का अवसर भी मिलता है।

संरक्षक हरिचरण प्रधान ने कहा कि नुआखाई मिलन समारोह को इस वर्ष पुन प्रारंभ करने के लिए सरायपाली आंचलिक शाखा सभा, झिलमिला शाखा सभा एवं समस्त शाखा सभापति बधाई के पात्र हैं। पहले यह सम्मेलन संक्षिप्त रूप से होता था मगर इस बार यह आयोजन वृहद एवं भव्य रूप से हो रहा है। आज के इस समारोह में सम्मानित हो रहे विभिन्न क्षेत्र के प्रतिभाओं को देखकर पूरा समाज गौरव की अनुभूति कर रहा है। आज हमारा समाज शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, व्यापार, तकनीकी सहित हर क्षेत्र काफी प्रगति की है। पहले किसी डॉक्टर इंजीनियर को सम्मानित करने के लिए योग्य पात्र नहीं मिलते थे मगर आज हमारे बच्चे टॉप टेन में नाम दर्ज करा कर एवं गोल्ड मेडलिस्ट के रूप में अपना परचम लहरा रहे हैं। मेडिकल, खेल के क्षेत्र में भी बड़ी उपलब्धि हासिल कर रहे हैं।

गिरधारी साहू ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि समाज के विकास और उत्थान के लिए जो नियमावली बनाया गया है उसे पालन करना आवश्यक है। गिधली, आरंगी, रसोड़ा, तोरेसिंहा, रोहिना, बंझापाली लोरीतखार शाखा सभा में बैठक लेकर सामाजिक नियमावली का पालन करने का निर्णय ले चुके हैं। उन्होंने नारी समाज को आह्वान करते हुए कहा कि सामाजिक नियमावली को पालन कराने में उनकी बड़ी भूमिका हो सकती है। महिलाएं जब तक आगे नहीं आएंगी तबतक सामाजिक नियमावली का सही रूप से पालन नहीं हो सकता। उन्होंने सामाजिक जनों से सामाजिक आयोजनों में मांस मछली का उपयोग नहीं करने आह्वान किया। उन्होंने महिलाओं से मुखातिफ होते हुए कहा कि घरों में दसमी , नुआखाई, एकादशी, गुरुवार के दिन हम अपनी कुलदेवी की पूजा करते हैं, उस दिन जब मांस मछली नहीं करते तो फिर विवाह के दिन क्यों करते हैं। जबकि इस दिन भी हम अपनी कुलदेवी की पूजा करते हैं। सामाजिक आयोजन को भी धार्मिक आयोजन समझकर मांसाहार को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करने की अपील की। जब तक हम सब एक नहीं होंगे, समस्त एक दूसरे के सहयोग नहीं करेंगे समाज का विकास नहीं होगा। महिला शक्ति, ग्राम सभा सदस्य एवं युवा हमारे समाज की रीढ़ हैं यदि ये हमारे समाज को सहयोग करेंगे तो निश्चित रूप से हमारा समाज विकास के पद पर अग्रसर होगा। सम्मेलन को गायत्री साहू, उड़ीसा से पधारे जोगेंद्र भोई, डॉ परशुराम बारीक आदि ने भी संबोधित किया।

- समारोह में नारी शक्ति को सामाजिक नियमावली पालन कराने में आगे आने का किया आव्हान
- सम्मेलन में उड़ीसा के प्रतिनिधियों ने भी की शिरकत

इनका किया गया सम्मान

बगाईजोर में आयोजित नवाखाई मिलन समारोह में विभिन्न क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली प्रतिभा का सम्मान किया गया। जिनमें दसवीं बोर्ड टॉप 10 कु बिंदिया प्रधान, रश्मि प्रधान दसवीं सीबीएसई टापर अनीष प्रधान, युक्ति शिखा साहू, 12वीं बोर्ड कु पंकजानी प्रधान, शुभम, आईसीई बोर्ड पूर्वी सामल, परिणीता प्रधान, नीट उत्तीर्ण अन्नपूर्णा साहू, पंकज प्रधान, प्रखर भोई, सुमित भोई, निलेश प्रधान, आनंद भोई, पीएससी के माध्यम से सहायक अध्यापक नियुक्त डॉ पीयूष प्रधान, गोल्ड मेडलिस्ट अलका रानी प्रधान, पीएचडी होल्डर डॉ पूनम संजू साहू, डॉ प्रेमेंद्र कुमार साहू, राज्य स्तरीय खिलाड़ी कु वर्षा बारिक, राष्ट्रीय खिलाड़ी मनोज प्रधान, आनंद भोई, वर्षा भोई, हिमांशु भोई, उत्कृष्ट शिक्षक जयंत बारीक, ऋषि प्रधान, सेवा शंकर साहू, अनिल प्रधान, कृषक सुरेश साहू, व्यापारी नरेंद्र बारिक, सामाजिक कार्यकर्ता विनय प्रधान, पर्यावरणविद तेजकुमार प्रधान, मैकेनिक मुरारी प्रधान, महिला कार्यकर्ता गायत्री साहू, सभापति विनोद बारिक, चिकित्सक डॉ विजयशंकर भोई वादक जगत प्रधान, गायक पंकजनी साहू, पुलिस सेवा टिकेलाल भोई, सेवानिवृत्त सैनिक विश्वजीत प्रधान, शहीद वीरेश साहू, सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद प्रधान, सामाजिक कर्मचारी सुरेश सामल को स्मृति चिन्ह,अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग लोगों के समक्ष समाज के अन्य लोगों ने मुड़िया मार कर आशीर्वाद प्राप्त किये। भाव विभोर कर देने वाला क्षण था।सामूहिक भोज के रूप में प्रसाद ग्रहण किये।

इनका रहा योगदान

कार्यक्रम को सफल बनाने में आंचलिक सचिव भूपेंद्र भोई, कोषाध्यक्ष गणेश साहू, उपाध्याय नेपाल बीसी, झिलमिला शाखा सभा सचिव महेश नायक, कर्मचारी प्रकोष्ठ आंचलिक अध्यक्ष सूर्यकांत बारिक, अशोक साहू, अश्वनी बारिक, रामलाल साहू, देवराज बारिक, मुरारी प्रधान, रमेश नायक, नरोत्तम बारिक, सुजाता साहू, मीना साहू, निरुपमा विशाल सहित समस्त शाखा सभापति, आंचलिक, शाखा एवं विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी ग्राम प्रतिनिधियों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन सचिव ललित साहू, विजयशंकर विशाल ने एवं आभार व्यक्त झिलमिला शाखा सभापति सुरेन्द्र साहू ने की।

जनसेवक कार्यालय का विधिवत उद्घाटन

बिलाईगढ़, 25 सितंबर। रविवार 24 सितम्बर को विधानसभा बिलाईगढ़ में जनसेवक कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस कार्यालय का उद्घाटन विधानसभा बिलाईगढ़ क्षेत्र के जनसेवक अशोक धृतलहरे ने विधिवत पूजा अर्चना कर फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकत्ताओं को मिलने जुलने में इधर उधर जाना पड़ता था आज लोगो को कार्यालय खुल जाने से सुविधा मिलेगी। किसी का भी समस्या हो मिलकर हल करेंगे।विधानसभा बिलाईगढ़ क्षेत्र से आए हुए कांग्रेस के कार्यकत्ताओं से मुलाकात कर हाल चाल जाना यथा संभव प्रयास करने की बात कही। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अमित अजगळे, धनसाय सरगम,वीरेंद्र श्रीवास्तव, नारायण अजय,खोलट्ठ चौहान,देवेन्द्र साहू,धरमलाल साहू सरपंच, संजय महिलांग, भूपेंद्र यादव पार्षद,दुर्गा साहू महिला ब्लॉक अध्यक्ष, सरधा पटेल, दिलीप देवांगन, निल कुमार पटेल,मोहन कश्यप,महिला मंडल अध्यक्ष निर्मला चौहान, राकेश बघेल,राजू पंकज, राम कुमार,जवाहर पटेल,सहस राम बंजारे, राजेश कैवर्त, छोटु जाटवर,रामदास कुर्रे,अमृत साहू,घनाराम बर्मन,अरुण खांडेकर,संजय साहू युवा कांग्रेस, नौसल जायसवाल,भागवत साहू,चितरंजन सिंह,मिलाप राम धृतलहरे, पुनिराम भारती, छोटे लाल चन्द्रा, गोरे लाल चन्द्रा, राम प्यारे जयसवाल, गिरी पटेल,मनोज यादव आदि उपस्थित रहे।

बिजली का बिल आधा कहां हुआ उल्टा चार गुना बढ़ गया : अरुण साव

लवन, 25 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा की परिवर्तन यात्रा का रथ आज सोमवार को दोपहर 3 बजे लवन नगर पहुंचा जहां नगर के तहसील कार्यालय तिराहा के पास मुख्य मार्ग में एक तरफ मंच सजाकर यात्रा का भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया इस बीच 20 मिनट के कार्यक्रम में प्रदेश के भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष अरुण साव ने कांग्रेस सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि गरीब किसानों के लिए बिजली का बिल आधा कहां हुआ है उल्टा चार गुना बढ़ गया है इसी तरह अनेक योजनाओं को कांग्रेस सरकार द्वारा पूरा नहीं किए जाने पर किसानों से अपील किया इस बार भाजपा सरकार बनाना है क्षेत्र के भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने यात्रा को मोटरसाइकिल के माध्यम से स्वागत करते हुए स्वागत कर लाया गया रथ यात्रा में प्रदेश अध्यक्ष के साथ गुरु बाल दास पूर्व विधायक सनम जांगड़े ,पूर्व विधायक व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल प्रमुख रूप से रहे मंच में स्वागत भाषण पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री अग्रवाल ने करते हुए सतनामी समाज के गुरु बाल दास को सर्वप्रथम उद्बोधन के लिए आमंत्रित किया अंत में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने 7 मिनट के भाषण में लोगों को कहा कि इस बार हर हाल में सरकार को बदल ली है। परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी से कसडोल विधानसभा से टिकट मांग करने वालों की संख्या 100 से ऊपर है जो कि नगर के प्रमुख चौक-चौराहा मुख्य मार्ग में बैनर पोस्टर से दुल्हन की तरह सजे हुए थे परिवर्तन यात्रा में लवन अंचल के लगभग 75 ग्रामों के हजारों भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित हुए इस बीच लवन बलौदा बाजार कसडोल मुख्य मार्ग में परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम के चलते 20 मिनट तक मार्ग अवरुद्ध रहा मार्ग के दोनों तरफ सैकड़ो की संख्या में वाहनों की लंबी कतार रही ।

मंत्री डॉ. डहरिया आज आरंग नपा में करेंगे विभिन्न कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन

आरंग, 25 सितंबर। कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ.शिवकुमार डहरिया एक बार फिर आरंग नगर को करोड़ो रूपये के विकासकार्यो की सौगात देने वाले है इंदिरा चौक आरंग में मंगलवार 26 सिंतबर को शाम 04 बजे विभिन्न स्थानों हेतु नवीन स्वीकृत 87 विकास कार्यो लागत राशि 2130.52 लाख रु. का भूमिपूजन एवं नव निर्मित 77 निर्माण कार्यो लागत राशि 3067.62 लाख रु. का लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. शिवकुमार डहरिया मंत्री नगरीय प्रशासन एवं श्रम विभाग, अध्यक्षता चंद्रशेखर चंद्राकर अध्यक्ष न.पा. आरंग, विशिष्ट अतिथि खिलेश देवांगन अध्यक्ष जनपद पंचायत आरंग, कोमल सिंह साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी आरंग, भारती देवांगन अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी आरंग एवं सभापतिगण नरसिंग साहू, शरद गुप्ता, धनेश्वरी निषाद, समीर गोरी, दीक्षा सोनकर, गौरी बाई देवांगन, ध्रुव कुमार मिर्धा, पार्षदगण राममोहन लोधी सीमा लोधी, सूरज लोधी, शंकर जलक्षत्री, राजेश साहू, ममता शर्मा, दीपक शर्मा, एल्डरमैन मंगलमूर्ति अग्रवाल, गणेश बांधे, राजेश्वरी साहू, भरत लोधी, उपेन्द्र साहू उपस्थित रहेंगे।

पलारी में गणेश उत्सव की धूम

पलारी 25 सितंबर (देशबन्धु) नगर सहित पुरे क्षेत्र में गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। जहां पूरा ईलाका भक्तिमय में डूबा हुआ है। गणेश पंडाल को लाइटों से सजाया गया है। लोग वहां पहुंच कर पूजा-अर्चना कर रहे हैं।

मोहभट्ठा के ग्रामीणों द्वारा प्रस्तावित संयंत्र के विरोध के बावजूद प्रशासन ने की जनसुनवाई पूरी

सिमगा, 25 सितंबर (देशबन्धु)। तहसील सिमगा के ग्राम मोहभट्ठा में रामा मेटल्स स्पंज आयरन संयंत्र की स्थापना हेतु आज जिला प्रशासन द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां ग्रामीणों के विरोध के चलते जनसुनवाई स्थल में किसी भी प्रकार का टेंट व पंडाल आदि नहीं लगाया जा सका। प्रस्तावित संयंत्र के विरोध में महिलाओं स्कूली छात्राओं एवं पुरूषों ने हाथ में तख्ती लेकर नारेबाजी करते हुए फैक्ट्री नहीं लगाने शासन प्रशासन से मांग की।

विरोध को देखते हुए अपर कलेक्टर नम्रता चौबे ने जनसुनवाई स्थल के बाहर माईक लगाकर ग्रामीणों को पक्ष विपक्ष में बात रखने की बात कही जहां कुछ लोग फैक्ट्री के समर्थन में नजर आए तो वहीं ग्रामीण फैक्ट्री के विरोध में नारे लगाते रहे। विरोध को देखते हुए पुलिस बल ने इस तरह से घेरा बना कर रखा था कि कोई भी ग्रामीण अधिकारियों से मिल नहीं सकता था। शोर शराबों के बीच जिला प्रशासन ने जनसुनवाई की कागजी कार्रवाई पूर्ण की और चले गए। पुलिस प्रशासन ने गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किए थे। जनसुनवाई के लिए संयंत्र के माध्यम से खाने पीने की व्यवस्था की गई थी। वही जिला प्रशासन के अधिकारी भीड़ से कुछ दूरी पर हाथ वाले लाउडस्पीकर से विभिन्न प्रकार के जानकारी प्रदान करते रहे किंतु उससे कोई भी नहीं सुन रहा था ना ही उसमें किसी की रुचि नहीं थी। फैक्ट्री के समर्थकों ने संयंत्र के पक्ष में अपने विचार रखें तथा कहा कि यहां पर संयंत्र की स्थापना होनी चाहिए। वहीं सर्वदलीय मंच के नेताओं रमेश सोनी मुरारी मिश्रा ने फैक्ट्री का विरोध किया। इस जनसुनवाई में ग्रामीणों की किसी भी तरह की भागीदारी नहीं रही ग्रामीण जन जिनमें महिला पुरूष संयंत्र का विरोध करते रहे तथा प्रशासनिक अधिकारियों से भी ग्रामीणों की किसी भी प्रकार की चर्चा नहीं हो सकी। ग्रामीणों का कहना है कि मोहभट्ठा कुकराचुंदा खरगाडीह मोटियारीडीह लावर सहित आसपास के ग्रामों में फसल अच्छी होती है तथा बारहमासी सब्जियों का उत्पादन भी होता है हमारे क्षेत्र में बेरोजगारी नहीं है हमें संयंत्र की आवश्यकता नहीं है किसी भी स्थिति में मोहभट्ठा परिक्षेत्र में संयंत्र की स्थापना नहीं होने दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा के मेले में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने घोषणा किया था कि 10 किलोमीटर के एयर रेडियेशन में किसी भी तरह के संयंत्र की स्थापना नहीं होगी। किंतु वर्तमान में मोहभट्ठा जो कि दामाखेड़ा से 5 किलोमीटर से भी कम दूरी पर स्थित है। जहां मुख्यमंत्री के घोषणा का किसी भी प्रकार का इस क्षेत्र में असर नहीं दिखा।

जनता के समर्थन स्नेह व आशीष से अभिभूत हुए भाजपा प्रत्याशी

फिंगेश्वर, 25 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी राजिम विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी रोहित साहू ने पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर भाजपा मंडल फिंगेश्वर अंतर्गत विभिन्न गाँवों में पदयात्रा के माध्यम से जनसंपर्क किया। सर्वप्रथम वे भाजपा मंडल फिंगेश्वर में पं दीनदयाल उपाध्याय जयंती में शामिल होने के पश्चात माता मौली मंदिर में पूजा अर्चना कर जीत का आशीर्वाद मांगा इस दौरान महासमुंद लोकसभा के सांसद चुन्नीलाल साहू,पूर्व सांसद चंदूलाल साहू,विधानसभा संयोजक भागवत हरित,नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष हरित,मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल सोनकर,महामंत्री द्वय पुरन साहू,मिंजून साहू, राजू साहू आदि मौजूद रहे। इसके बाद ग्राम पथर्री,सोनेसिल्ली,खपरी लचकेरा,कोसमखूंटा तथा जामगांव में कार्यकर्ताओं के साथ सघन जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान कार्यकर्ताओं, समर्थकों तथा आमजनों का उत्साह देखते ही बन रहा था। जगह जगह पर जनता ने उनका बाजे गाजे,फूलमाला,पटाखों से भव्य स्वागत किया। ग्राम जामगांव में सभा के दौरान उन्होंने पूर्ववर्ति भाजपा सरकार तथा केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यो को जनता के बीच रखकर उपस्थित जनसमुदाय से आशीर्वाद व सहयोग मांगा। इस जनसंपर्क के दौरान.किरण सोनी,संतोषी श्रीवास्तव,पद्मा यदु,रामाधार साहू ,मोती निषाद, टिकेश साहू, ओमप्रकाश साहू, आदि मौजूद रहे।

प्रादेशिकी का शेष...

अटल बिहारी बाजपेई के बनाए ...

किन्तु बेवकूफ नहीं है। किसी को कुर्सी पर बैठाना जानती है तो, गिराना भी जानती है।

सभा को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने भी सम्बोधित किया। आम सभा में प्रमुख रूप से शिवरतन शर्मा, महेश गागड़ा, निरंजन सिन्हा, गुरु बालदास, लक्ष्मी वर्मा, डॉ अजय राव, श्याम बाई साहू अमित चिमनानी, सनम जांगड़े, मोतीराम चंद्रवंशी, सुरेन्द्र पाटनी, विपिन बिहारी वर्मा, योगेश चंद्राकर, दुर्गा महेश्वर, ओम प्रकाश चंद्रवंशी, खुशबु बंजारे, तेजराम वर्मा, सेवक वर्मा, कृष्ण कुमार पटेल, राजकुमार जायसवाल, सुलोचना यादव, मोहम्मद गुलाम गौस, रवि ध्रुव, यशवर्धन वर्मा, मीना बार्वे, भुनेश्वरी वर्मा, नवीन मिश्रा, भारती साहू, नंदकुमार वर्मा, महेन्द्र साहू, मंडल अध्यक्ष मेलाराम साहू, रामचंद्र ध्रुव, सुदीप मानिकपुरी, संतोष कश्यप, संतोष वैष्णव, पुरुषोत्तम कैवर्तया, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

भ्रष्टाचारी कांग्रेस सरकार से परेशान...

इस प्रदेश की जनता जनार्दन कांग्रेस को हटाकर भाजपा की सरकार बनाकर इसका बदला लेने वाली हैं। इस सभा को रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुनील सोनी, गुरु बालदास साहेब ने कहा की आज प्रसन्नता का अवसर है परिवर्तन यात्रा का पूरे प्रदेश में लोग स्वागत कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाना हैं और कांग्रेस की सरकार का परिवर्तन करना है। भाजपा की परिवर्तन यात्रा को मिलती सफलता को देखकर कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार अब भरोसा यात्रा निकाल रही है। यात्रा प्रभारी व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कांग्रेस की झूठी, भ्रष्ट, धोखेबाज सरकार ने सबको ठगा है। बड़े बड़े घोटाले किए शराब, कोयला, धान, गोबर का, किसान, महिलाओं, युवाओं सबको ठगने का काम किया है। पूर्व विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े ने कहा कि कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार के ताबूत में अंतिम कील होगी भाजपा की यह परिवर्तन यात्रा। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने भाजपा प्रवेश किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू, प्रभारी राजेश अवस्थी, सुरेंद्र पाटनी, पूर्व विधायक श्रीमती लक्ष्मी बघेल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य टेसुलाल धुरंधर, सुरेंद्र टिकरिहा, नंदकुमार साहू, जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी, कार्यक्रम प्रभारी विजय केसरवानी, धनंजय साहू, चित्तावर जायसवाल, रितेश श्रीवास्तव, डोमन वर्मा, सकेंत शुक्ला, संजू पटेल, मणिकांत मिश्रा, राहूल सोनी सहित काफी संख्या में नगर एवं ग्रामींण क्षेत्र के प्रमुख पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थें। इसके पूर्व बजरंग चौंक में विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी के नेतृत्व में पुष्प वर्षा कर नेताओं का भव्य स्वाागत किया गया। जहां भाजपा नेता संजू पटेल सहित काफी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थि थें।

भारत माता की सेवा और मोदीजी...

हिरेंद्र त्रिपाठी, गोवर्धन शर्मा, आर के सोनी किशोरी लाल साहू, विजय कुमार डागा, परमेंद्र साहू, योगेंद्र कुमार साहू, मूर्ति लाल साहू, संतोष कुमार साहू, अश्वनी कुमार साहू, दुष्यन्त कुमार साहू, कन्हैया लाल साहू और लाभा राम साहू का फूलमाला, शाल, श्रीफल देकर भाजपा का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया, इस अवसर पर सभी लोगों ने इनके पार्टी प्रवेश पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की , तालियां बजाकर उनका अभिनंदन किया।

राजनैतिक स्वार्थ के लिए गलत आंकड़े ...

नाम पर ठगे। फर्जी मामलों में हजारों आदिवासियों को जेलों में बंद किया, लाखों लोग पलायन के लिए मजबूर किए गए, हजारों स्कूल बंद किया। भूपेश सरकार में तो छत्तीसगढ़ में समृद्धि आई है लगातार वादे पूरे किए जा रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आम जनता की समृद्धि के लिए तो भूपेश सरकार ने वादे से ज्यादा काम किया है। स्कूल, कॉलेज, अस्पताल खोलने के साथ ही सभी विभागों में नियमित पदों पर भर्ती की गई है। छत्तीसगढ़ की जनता ने एक तरफ जहां रमन सिंह का 15 साल का कुशासन भी भोगा है, वहीं पौने पांच साल के भूपेश सरकार के सुशासन के चलते अब 2024 में मोदी सरकार को बदलने का मन बना लिया है। परिवर्तन तो 2024 में होगा, केंद्र की मोदी सरकार का।

इंसान के लिए मेहनत सर्वोपरि ...

वार्ड के दो बार नेतृत्व करने का अवसर प्राप्त हुआ और वार्ड वासियों का प्रेम और उसने हमेशा मिलता हैं मिलता रहेगा इस अवसर पर बधाई देने वालों में हमारे नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू सोनकर राजिम भाजपा मंडल के अध्यक्ष। कमल सिंहा, राधेश्याम बंजारे, अश्वनी साहू, नीलू निषाद , मोतीलाल कुर्रे और बहुत मित्रगण और व्यापारी गन आशीर्वाद और बधाई दिए

छत्तीसगढ़ नगरीय क्षेत्रों के ...

जो स्थल निरीक्षण करेंगे, यदि हस्तांतरण किसी ऐसे व्यक्ति के पक्ष में किया गया था, जो आवासहीन नहीं है या अन्यथा अधिनियम के तहत हितग्राही बनने की पात्रता नहीं रखता है तो पट्टे के हस्तांतरण को निरस्त कर दिया जाएगा तथा संबंधित भूमि को कब्जा मुक्त किया जाएगा।

पट्टा भूमि का उपयोग दृ पट्टा भूमि आवासीय प्रयोजन में उपयोग की जाएगी। यदि पट्टाधारी द्वारा पट्टा भूमि का उपयोग गैर-आवासीय प्रयोजन के लिए किया जाता है, तो पट्टा निरस्त किया जा सकेगा। हालांकि इसके पहले सुनवाई का अवसर दिया।

स्थायी पट्टा 30 साल के लिए होगा दृ स्थायी पट्टा 30 वर्ष की कालावधि के लिए जारी किया जाएगा। यदि प्राधिकृत अधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचता है कि लोकहित में कब्जाधारियों का अन्यत्र व्यवस्थापन आवश्यक है तो ऐसे गृहस्थल के अधिभोगियों को उनके अधिभोग के गृहस्थल के लिए अस्थायी पट्टे जारी किए जाएंगे। ऐसा कुछ कर दिखाएं जो समाज के लिए एक आदर्श बन जाएरू ताम्रध्वज साहू, कब्जा हटाया जाना, कब्जे की भूमि को लोकहित में खाली कराए जाने की आवश्यता होने पर कलेक्टर की पद श्रेणी से अनिम्न अधिकारी द्वारा लेखबद्ध कारणों सहित लिखित आदेश से पात्र व्यक्तियों का अन्यत्र व्यवस्थापन किया जा सकेगा। शुल्क उपरोक्त नियमों के अध्यधीन रहते हुए, सभी जारी नये पट्टे नि:शुल्क होंगे एवं समस्त प्रयोजनों के लिए इन्हें रियायती पट्टा माना जाएगा। इस पर नगरीय निकाय, संपत्ति एवं अन्य कर के विषय में अपने विधियों के अंतर्गत निर्णय ले सकेगा। भूमि के पट्टे का नवीनीकरण पट्टाधारी द्वारा अधिनियम तथा इन नियमों एव पट्टे की शर्तो का उल्लंघन नहीं करने तथा नगरीय निकाय की समस्त देनदारियों का सम्यक, भुगतान करने पर, संबंधित भूमि के पट्टे का नवीनीकरण किया जा सकेगा। स्थायी पट्टे की अवधि का विस्तार (नवीनीकरण) 30 वर्षो की अवधि के लिए किया जाएगा। पट्टे का नवीनीकरण करते समय ऐसी अन्य शर्ते भविष्य में जोड़ी सकेंगी, जैसा कि शासन उचित समझे।

भाजपा ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

खरोरा, 25 सितंबर। भारतीय जनता पार्टी खरोरा मंडल में सेवा पखवाडा कार्यक्रम के अंतर्गत अंकुर हास्पीटल खरोरा मे दिनांक 24 सितम्बर 23 दिन रविवार को रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डा गुलाब सिंह टिकरिहा जी,प्रदेश संयोजक बेटी बचाओ बेटी पढाओ अन्जय शुक्ला जी,मंडल उपाध्यक्ष छगन यादव,युवमोर्चा खरोरा मंडल के अध्यक्ष मुकेश वर्मा महामंत्री द्वे चन्द्रकांत साहू,दीलराज छाबडा ,यशवंत कन्नौजे,इस दौरान डा गण श्री सत्यनारायण पांडेय,श्री देवेन्द्र दुबे , राजेश मिश्रा ,श्री योगेश सिन्हा, त्रश्री ठाकुर श्री मती खुशबू साहू,श्री अमर कुमार नामदेव जी आदि की उपस्थिति में एवं अन्य कार्यकर्ता गण की उपश्थिती में संपन्न हुआ

बिलासपुर में राहुल गांधी के साथ मंत्री डॉ. डहरिया की मंत्रणा

आरंग, 25 सितंबर। छत्तीसगढ़ सरकार में कद्दावर मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने बिलासपुर में आयोजित च्आवास न्याय सम्मेलनज् के दौरान राहुल गांधी से मंत्रणा की। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंत्री डॉ. डहरिया ने श्री गांधी को आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीतिक जानकारी दी और चुनाव प्रबंधन, घोषणा पत्र, उम्मीदवार चयन सहित कांग्रेस पार्टी के संगठनात्मक पहलुओं से अवगत कराया। मंत्री श्री डहरिया द्वारा विभिन्न विषयों पर ध्यानाकर्षण कराए जाने पर राहुल गांधी बहुत गंभीरता से विचार करते नजर आए। मंच पर हुई गहन मंत्रणा पर सबकी निगाहें टिकी रही। बहरहाल, जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए समर्पित मंत्री डॉ डहरिया की इस मंत्रणा को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं हो रही है।

परिवर्तन यात्रा में पिथौरा की आमसभा की उमड़ी भीड़

पूरे प्रदेश में एक ही नारा गूंज रहा है अब नही सहेंगे बदल के रहेंगे - अरुण साव

पिथौरा, 25 सितम्बर (देशबन्धु) ।भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा बागबाहरा से चलकर पिथौरा नगर पहुंची भाजपा नेता शंकर अग्रवाल के नेतृत्व में मोटरसाइकल रैली के द्वारा पिथौरा नगर के प्रवेश द्वार पर ही मोटरसाइकिल में सवार होकर के युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। परिवर्तन यात्रा के नगर पहुंचने पर पिथौरा खेल मैदान के पूर्व ही बीस हजार से भी अधिक जनमानस के द्वारा विभिन्न नृत्य दलों के द्वारा और भारी पुष्प वर्षा के साथ परिवर्तन यात्रा का स्वागत किया गया इसके पश्चात खेल मैदान में विशाल आमसभा का आयोजन हुआ जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री अरुण साव श्री चुन्नीलाल साहू, श्री शिवरतन शर्मा, श्री गौरी शंकर अग्रवाल, श्री शंकर अग्रवाल,श्रीमती रूप कुमारी चौधरी, श्री जगन्नाथ पाणिग्रहण,श्री प्रेम शंकर पटेल,भाजपा प्रत्याशी श्रीमती अलका चंद्राकर, श्री निरंजन सिन्हा,अमरजीत छाबड़ा,अमित चिमनानी, श्रीमती संध्या परगनिया के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुई।

अरुण साव ने कहा कि परिवर्तन यात्रा की रैली जैसे ही पिथौरा पहुंची पिथौरा में उपस्थित भीड़ ने परिवर्तन यात्रा के सारे के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए जन समुदाय के साथ पिथौरा में परिवर्तन यात्रा की आमसभा संपन्न हुई ।

अरुण साव ने कहा कि 5 वर्षों में एक भी

ये छत्तीसगढ़ को बचाने का चुनाव - अरुण साव

वादा इस सरकार ने पूरा नहीं किया यह सरकार बहनों ,बुजुर्गों विधवाओं, युवाओं, महिलाओं सबके साथ वादाखिलाफी करते आ रही है इस सरकार ने गांव के गरीब किसानों को भी छलने का कार्य किया। यह सरकार केवल शराब माफिया, रेत माफिया, कोयला माफिया, अपराधिक तत्वों की और एक वर्ग विशेष की सरकार है ।

अरुण साव ने आगे कहा कि सरकार बिजली बिल हाफ की बात करती है परंतु बिजली बिल हाफ होने की बजाय छत्तीसगढ़ में बिजली ही हाफ हो गई है छत्तीसगढ़ में निरंतर धर्मांतरण, सनातन पर प्रहार अपराध और एक वर्ग विशेष के द्वारा लोगों को प्रताड़ित करने का कार्य चल रहा है । सभा में उपस्थित लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि यह घोटालेबाज सरकार, दारूबाज सरकार है नरवा, गरवा घुरवा ,बाड़ी के नाम पर लूटने वाली सरकार है इनके द्वारा गोठनो का निर्माण किया गया पर उस गोठान में गायों के लिए चारा भी उपलब्ध नहीं है और जहां चारा हैं वहां गाय नहीं है । उन्होंने आगे कहा कि ये छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा की बात करते हैं उनके नेता दिखावे के लिए खेत में उतरते हैं उनकी नेत्री प्रियंका गांधी ट्रैक्टर में बैठकर के केवल फोटो खींचाने का कार्य करती है मैं उनको चुनौती देता हूं मैं एक किसान का बेटा हूं स्वयं किसानी करता हूं वह आए मेरे खेत में और मेरे साथ खेती कर करके देखें तब उनको पता चलेगा किसानों का दर्द क्या है किसानी कैसे की जाती है भाजपा प्रत्याशी खल्लारी विधानसभा श्रीमती अलका चंद्राकर ने कहा कि यह सरकार महिलाओं के साथ छल करने वाली सरकार है इन्होंने निरंतर लोगों को छला है 36 वादों में से एक भी वादा इन्होंने पूरा नहीं किया है और इस परिवर्तन यात्रा और पिथौरा नगर की इस विशाल जन समूह को देखकर के मैं निश्चित रूप से कह सकती हूं कि प्रदेश में परिवर्तन की लहर चल रही है और पिथौरा के साथ-साथ पूरे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के विधायक जीत करके आएंगे और पुन: भाजपा की सरकार बनेगी । कार्यक्रम में यात्रा प्रभारी शिव रतन शर्मा, सह प्रभारी महेश गागड़ा जगन्नाथ पाणिग्रही, अनुज शर्मा अमरजीत सिंह छाबड़ा, पुरंदर मिश्रा ,राजेंद्र साहू,त्रिलोचन पटेल, सतपाल सिंह छाबड़ा, डॉक्टर एनके अग्रवाल,प्रीतराम सूर्य,नरेश सिंघल,आशीष शर्मा विक्की सलूजा,जतिन ठक्कर,स्वप्निल तिवारी,प्रियरंजन कोसरिया,रमेश अग्रवाल, जितेंद्र त्रिपाठी,कृष्ण कुमार साहू,माधव साहू, प्रदीप साहू, दिनेश नायक, प्रेमकुमार नायक,धनेश नायक ,मनोहर साहू हरप्रसाद पटेल, डॉक्टर अखिलेश भोई, आचार्य मुकेश कुमार।

खिलाड़ियों ने जीता गोल्ड मेडल

भाटापारा, , 25 सितम्बर (देशबन्धु)। 23 वीं राज्य स्तरीय शालये क्रीड़ा प्रतियोगिता धमतरी (छ. ग.) 2023-24 के अंतर्गत धमतरी में दिनांक 21 सितंबर 2023 से 24 सितंबर 2024 तक आयोजित राज्य स्तरीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता में बलोदाबाजार-भाटापारा जिले के सर्वाधिक खिलाड़ियों का चयन किया गया था।

नेटबॉल खेल के प्रशिक्षक शरद पंसारी ने बताया कि राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता नेटबॉल 14, 17, 19 वर्ष बालक/बालिका में छत्तीसगढ़ राज्य के पांच जोन रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, सरगुजा, बस्तर जोन के खिलाड़ियों के बीच मैच खेला गया जिसमें जिले के खिलाड़ियों ने रायपुर जोन का प्रतिनिधित्व किया और सभी जोन दुर्ग, बिलासपुर, बस्तर सरगुजा जोन को हराकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया यह वर्ष भी इन खिलाड़ियों के लिए स्वर्णिम वर्ष रहा स्कूल गेम्स के तीनो आयु वर्ग 14,17,19 बालक 14,17,19 बालिका सभी आयु वर्ग में गोल्ड प्राप्त किये है और ऐसा दूसरी बार हुआ है इसके पहले दो वर्ष पूर्व भी नेटबॉल में तीनो आयु वर्ग बालक, बालिका की सभी टीम ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया था । 14 वर्ष बालक में डोमेंद सेन, चंद्र कांत शा उ मा शाला तरेंगा,आदित्य देवांगन,निखिल, धानेंद्र, मार्डर्न स्कूल, 14 वर्ष बालिका में योगिता साहू, ट्विंकल साहू, शा उ मा वि तरेगा,अनुषा पंसारी गुरुकुल स्कूल,मुस्कान दिवाकर,डिंपल समतानी कुस्मिता चतुर्वेदी सेंट मेरी स्कूल, 17 वर्ष बालक में सुजल देवांगन, राहुल धीवर, मोहन साहू, निखिल साहू मयूर स्कूल, आयुष सिंह गुरुकुल स्कूल, शौर्य साहू सेजस भाटापारा, 17 वर्ष बालिका भूमिका देवांगन सेजस भाटापारा, निधि साहू गुरुकुल स्कूल, कृति साहू, ममता साहू शा उ मा वि तरेगा, अंकिता कामरी पंचम दीवान स्कूल, अफ्सा बेगम मॉर्डन स्कूल, 19 वर्ष बालक मेराज खान गुरुकुल, भीषम ध्रुव, वीरेंद्र साहू, सूरज साहू, कृष्णा यदु शा उ मा वि तरेगा लाला राम यादव शिवलाल मेहता स्कूल, 19 वर्ष बालिका टनिसा साहू, राजकुमारी भारती, गायत्री साहू रागनी साहू, नीलम गजेंद्र शा उ मा वि तरेंगा, तनिषा नामदेव गुरुकुल,चंचल यदु शिवलाल मेहता स्कूल के खिलाड़ी चयनित हुए है। टीम में कोच एवम् मेनेजर शरद पंसारी, सुमन साहा, ओमकुमार, चित्ररेखा साहू, नेहा पटेल हैं। खिलाड़ियों के इस स्वर्णिम उपलब्धि पर सहायक संचालक क्रीड़ा श्री अनिल मिश्रा,जिला शिक्षा अधिकारी श्री राकेश शर्मा, जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री आर के सोनी, वरिष्ठ खेल अधिकारी प्रीति बंछोर बिजौरा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री रामजी पाल, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश अग्रवाल, भास्कर देवांगन, मुन्ना सिंह नेताम, दल प्रबंधक रायपुर जोन हरीश देवांगन, सुधांशु मिश्रा, शैलेंद्र नामदेव,बाबू मैथ्यू, प्रीति ताम्हणे, फादर सिरियक, एन एल बाजपेई, दीपक वर्मा, आलोक गुप्ता, राजकुमार मल, विनोद शर्मा, अविचल पांडेय, यास्मीन अफरोज,सुरेश राव,आदित्य ठाकुर, सुनील यदु, निर्मल जांगड़े, उमा प्रसाद, परिचय मिश्रा, चंद्रकांत बागड़े, सोनचंद ध्रुव, फिरोज टंडन,राजेश नामदेव, महेश्वरी पंसारी, स्वाति वर्मा, हीना यादव, डिकेशवरी, मनोज साहू, आकाश आनंद, प्रदीप कर्ष, पंकज साहू आदि ने बधाई एवम शुभकानाएं दी।

23 वीं शालेय राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रदर्शन करेंगे जिले के खिलाड़ी

गरियाबंद , 25 सितम्बर (देशबन्धु)। वीं शालेय राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 27 से 30 सितंबर तक छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिला में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य को पांच जोन में रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, बस्तर और सरगुजा में बांटा गया है। इसमें वॉलीबॉल में 17 वर्ष आयु समूह में गरियाबंद जिले से 6 खिलाड़ी शामिल होंगे। गांधी मैदान वॉलीबॉल ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण ले रहे इन खिलाड़ियों का चयन उत्कृष्ट खेल कौशल के आधार पर राज्य स्तरीय खेल के लिए हुआ है। कोच संजीव साहू ने बताया कि गरियाबंद से बालक वर्ग में डीलेश ठाकुर, भूपेंद्र धुर्वा व शाहिल नारंग तथा बालिका वर्ग में कशिश सिन्हा, पारुल पांडे और लक्ष्मी यादव का चयन हुआ है।

मालूम हो कि इसके पहले महासमुंद में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में मिनी वर्ग 14 वर्ष आयु समूह में गरियाबंद के 8 खिलाड़ियों का चयन हुआ था। जिसमें अपना परचम लहराते हुए बालिका टीम ने स्वर्ण पदक पे कब्जा जमाया।

उल्लेखनीय है कि गरियाबंद के गांधी मैदान वॉलीबॉल कोर्ट में मुख्य प्रशिक्षक अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी संजीव साहू एवम नगर खेल द्रोणाचार्य से सम्मानित सुरज राव महाड़िक युवाओं को तराशने का काम कर रहे है। उनके प्रयास और नेतृत्व में सैकड़ों युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपना और जिले का नाम रोशन कर चुके है।

भाजपा ने मनाई पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती, एकजुट होकर कार्य करने का लिया संकल्प

गरियाबंद, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा मंडल गरियाबंद के तत्वाधान में सोमवार को नव निर्मित भाजपा कार्यालय में एकात्म मानववाद के प्रणेता पं दीनदयाल उपाध्याय उपाध्याय की 107 वी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भाजपाईयो ने पं उपाध्याय के आदर्शो और विचारो को याद करते हुए आगामी चुनाव में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। इसके पहले कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीन दयाल उपाध्याय एवम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में पूर्व महामंत्री मुरलीधर सिन्हा ने पं उपाध्याय के जीवन में प्रकाश डालते हुए कहा कि विलक्षण प्रतिभा के धनी पं उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को मथुरा जिले के छोटे से गांव नगला चन्द्रभान मे मध्यवर्गीय परिवार मे हुआ

था। उनके पिता भगवन्ती प्रसाद तथा माता रामप्यारी थी। पं उपाध्याय बाल्यकाल से कुशाग्र बुध्दि एवं प्रतिभावान थे। बचपन से ही देशभक्ति के भावना से प्रेरित होकर उन्होने अपना सारा जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया। दीनहीन और गरीबो की सेवा की। समृध्दशाली भारत की कल्पना करते हुए अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को विकास के मुख्यधारा से जोड़ने की आवाज बुलंद की थी। उनके सिंध्दात पर ही केन्द्र सरकार अन्त्योदय के सिद्धांत पर कार्य करते हुए देश को अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का काम कर रही है। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री धनंजय नेताम ने किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, पूर्व महामंत्री रिखीराम यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनूप भोसले, गरियाबंद मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, विजय टांक, दीनू सिन्हा, परस देवांगन, सागर मयाणी, युगल समदरिया, सुमित पारख, सांसद प्रतिनिधि प्रहलाद ठाकुर, विनोद नेताम, परमेश्वर सेन, बरातू नेताम, दाल चंद ध्रुव, नंदकुमार सिन्हा, राधेश्याम पटेल, ललित ध्रुव, ॠषिकेश ध्रुव, देवशरण यादव, खोरबाहरा चक्रधारी, दीपक कुमार, खिलेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

प्रदेश प्रभारी शैलजा का मनाया गया जन्मदिन

पलारी 25 सितंबर (देशबन्धु) अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव ,सीडब्ल्यूसी की मेंबर ,छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा का 24 सितंबर को जन्म दिवस था चूंकि प्रभारी जी अपने गृह क्षेत्र हरियाणा में थी, उनकी अनुपस्थिति में उनके शुभचिंतको ने मिलकर विभिन्न तरीकों से उनका जन्मदिन छत्तीसगढ़ में मनाया । इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव विमल साहू ने वृक्षारोपण,रक्तदान, हॉस्पिटल में फल वितरण एवम् वृद्धाश्रम में वृद्धो के साथ मिलकर केक काटा एवम् उन्हें वस्त्र, फल मिठाई आदि वितरीत कर कुमारी सैलजा की दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की सभी लोगो ने कामना की। इस अवसर पर विमल साहू ने कहा कुमारी सैलजा का जन्मदिन है वह अपने गृह क्षेत्र हरियाणा में है उनकी अनुपस्थिति में मैं अपने साथियो के साथ आप लोगों के साथ उनका जन्म दिवस मनाने आया हूं आप सब उन्हें यहां से आशीर्वाद प्रदान करें और उनके स्वस्थ दीर्घायु जीवन हेतु उन्हें आशीर्वाद प्रदान करे । विमल साहू ने कहा कुमारी सैलजा हम सब की अभिभावक हैं ,मिलनसार व्यवहार,उनकी

विचारधारा ,सब के सुख दुख में शामिल होना , करिश्माई व्यक्तिव हम जैसे छोटे कार्यकर्ताओं को भी महत्व देना उनको सबसे अलग बनाता है इसलिए हम सब उनका जन्म दिवस हर्षो उल्लास के साथ मना रहे हैं। उनके नेतृत्व क्षमता का लोहा हरियाणा प्रदेश,पूरे देश और छत्तीसगढ़ प्रदेश में हम सब देख रहे हैं, उनसे हमेशा हम सबको सीखने को जानने को और विपरीत परिस्थिति में भी दृढ़ निश्चय के साथ उनका काम करने की तरीका से हमे हिम्मत मिलता है।

नुवाखाई एवं तीज मिलन समारोह कार्यक्रम अमेरा गांव में हुआ

बागबाहरा, 25 सितम्बर (देशबंधु)। बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत उखरा के आश्रित ग्राम अमेरा में राजीव युवा मितान क्लब एवं महिला स्वयं सहायता समूह व गौठान प्रबंधन समिति के तत्वावधान में आयोजित नवाखाई एवं तीज मिलन समारोह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव व विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम के देवी देवताओं एवं गौ माता की पूजा अर्चना से हुआ। तत्पश्चात अतिथि स्वागत का दौर प्रारंभ हुआ। जिसमें आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों ने अपने विधायक व शासन के संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव का स्वागत विशाल गजमाला के साथ किया।

छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री के शासनकाल में हो रही है राज्य की संस्कृति संरक्षित ङ्क द्वारिकाधीश यादव

तत्पश्चात उद्बोधन का दौर प्रारंभ हुआ जिसमें संसदीय सचिव श्री यादव ने सर्वप्रथम राज्य के यशस्वी छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि राज्य बने 18 साल हो गए थे। लेकिन जब भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी की सरकार आई है। तबसे छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और छत्तीसगढ़ के तीज त्यौहार को राज्य शासन की ओर से विशेष ध्यान देते हुए मनाया जा रहा है। साथ ही साथ उनके लिए अवकाश भी घोषित हो रहे हैं। जब से श्री बघेल के हाथों में राज्य की सत्ता आई है। तबसे अब राज्य की जनता को यह विश्वास होने लगा है कि छत्तीसगढ़ की प्राचीन कला परंपरा और संस्कृति अब संरक्षित रहेगी। श्री यादव ने इस दौरान आने वाले विधानसभा चुनाव में फिर से पूरी बहुमत के साथ छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली सरकार बनाने के लिए जनता जनार्दन का समर्थन मांगा। साथ ही साथ राज्य सरकार के द्वारा छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास के लिए चलाए जा रहे जनकल्याणकारी न्याय योजनाओं की जानकारी दी। वहीं उपस्थित जनसमुदाय ने एक स्वर में फिर से छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार बनाने का श्री यादव को आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत सभापति एवं कांग्रेस नेत्री बसंता ठाकुर, प्रदीप यादव, नवनीत नाग अध्यक्ष गौठान समिति, टीकम पांडे, रामशरण धीवर, संत राम बारिक, नेतराम, श्रीमती दीपांजलि, हेमा श्रीवास, भूमिसूता , कुलदीप, दुर्गा सागर, देवलाल पांडे, लकेश्वर साहू, राजेश पांडे, देवव्रत साहू, चंदन ध्रुव, राम गोपाल, पुरुषोत्तम सागर, मेषराम, कीर्तन ठाकुर, संतराम, सुरमनी, संतराम मधुकर, देवेंद्र ठाकुर, अरुण प्रधान, पन्नू लाल, अजय पांडे, भारत साहू, खूबचंद साहू , यामिनी साहू ,दीपिका विश्वास, रामशिला ठाकुर, रुखमणी देवांगन, हेमलता निषाद, आनंद पांडे, विदेशी राम पांडे ,रूपा देवांगन, प्रिया पटेल, रामेश्वर ठाकुर अध्यक्ष युवा मितान क्लब सहित युवा मितान क्लब के सदस्य, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन सहित बड़ी संख्या में तीज व नवाखाई महोत्सव में पहुंची हुई माताएं बहनें उपस्थित थे।

जश्न ए ईद मिलादुन्नबी के मौके पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

भाटापारा, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। जिसमे अधिक से अधिक संख्या में रक्तविरो के द्वारा ब्लड डोनेट किया गया और मानव जीवन को बचाने के दिशा में अपना बहुमूल्य योगदान समाज के द्वारा किया जिसमे भाटापारा के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ विकास आडील सर्वधर्म रक्तदाता समूह के प्रदेश संरक्षकविवेकराज सिंह ठाकुर प्रदेश अध्यक्ष आनंद कुर्रे*डीके वर्मा रितेश शर्मा मुस्लिम जामाद के अध्यक्ष हाजी रशीद चौहान जी, जमील खान, रफीफ खोखर, समीम खान, यूनुस अहमद, शरीफ खान, जाकिर भाटी, कलाम बांठिया, सिद्दीक चौहान, फरहान खोखर, नदीम भाटी, आदिल गोड, सोनू खोखर,साबिर चनीजा, साजिद भाटी, सद्दु खान, और बड़ी सख्या में मुस्लिम समाज के युवाओ ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया एवं रक्तदान के प्रति समाज में जागरूकता लाने का प्रयास किया।

धनिया पत्ती में पार्थेनियम ग्रास अब सब्जियों में भी मिलावट

भाटापारा, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। नाम है पार्थेनियम। दिखाई देता है धनिया पत्ती की तरह। सेहत के लिए बेहद खतरनाक है। इसलिए धनिया पत्ती की खरीदी के दौरान सतर्कता बरतें क्योंकि इसे धनिया पत्ती के बीच रखकर बेचा जा रहा है। खाद्य एवं पेय पदार्थ में मिलावट आम है। कल्पना भी नहीं थी लेकिन अब सब्जी में भी यह किया जाने लगा है। शुरुआत उस धनिया पत्ती से हो चुकी है, जिसमें पार्थेनियम की पत्तियां मिलाई जा रही हैं। सब्जी वैज्ञानिकों ने पार्थेनियम के बारे में बताते हुए स्पष्ट किया है कि सेवन से सेहत को गंभीर हानि हो सकती है। इसलिए खरीदी करते समय सावधानी बरतें।

आसान है पहचान

पार्थेनियम, पत्तियां और फूल बिल्कुल धनिया पत्ती जैसे ही होते हैं लेकिन धनिया की सुगंध नहीं होती। इसके अलावा पौधे अपेक्षाकृत थोड़ा नर्म होते हैं। इसलिए इन दोनों लक्षणों के जरिए आसानी से पहचान की जा सकती है।

सेवन से यह बीमारी

पार्थेनियम को पादप प्रजाति में सबसे खतरनाक सदस्य माना गया है। पत्तियां तो बीमारियों का कारक हैं हीं लेकिन फूल को बेहद खतरनाक माना गया है। शोध में यह दोनों, अस्थमा और गुर्दा रोग जैसी गंभीर बीमारियों के वाहक माने गए हैं। गले में नियमित दर्द और त्वचा की बीमारी भी होती है।

आ रही मध्य प्रदेश से

छत्तीसगढ़ में जैसा मौसम बना हुआ है, उसमें सब्जी फसलों में खासकर धनिया जैसी संवेदनशील फसल की खेती नहीं की जा सकती। इसलिए डिमांड पूरी करने के लिए मध्य प्रदेश से धनिया पत्ती मंगाई जा रही है। इसमें छिंदवाड़ा से हो रही आवक में ही पार्थेनियम ग्रास खूब देखी जा रही है।

जानिए पार्थेनियम को

एक वर्षीय शाकीय पौधा होता है। रेगिस्तान को छोड़कर शेष सभी भूमि में यह आसानी से फैलता है। पौधों की लंबाई एक से डेढ़ सेंटीमीटर तक हो सकती है। पत्तियां, धनिया पत्ती, गाजर और गुलदाउदी जैसी होती हैं। पूरे साल उगते हैं। फूलों का रंग सफेद होता है। यह भी साल भर खिलता है।

सेवन योग्य नहीं

पार्थेनियम ग्रास का सेवन हर स्थिति में बेहद घातक है। इसे एलर्जी, दमा, हैफीवर जैसी गंभीर बीमारियों का वाहक माना जाता है। यह नर्वस सिस्टम को प्रभावित करता है।

- डॉ. जितेंद्र सिंह, निदेशक शिक्षण, महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय,

वनों से शासकीय कूप कटाई को बेहतर बनायें - मुख्य वन संरक्षक

गरियाबंद, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। सोमवार को रायपुर संभाग के पांच जिलों के वन अधिकारियों और कर्मचारियों को वन विभाग के आक्सन हाल में आधुनिक मशीनों से काष्ठ विदोहन की सही विधी का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद, बलौदाबाजार और रायपुर के 200 से ज्यादा अधिकारी- कर्मचारी शामिल हुए। इसमें रायपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक राजू अगासीमनी ने जंगलो से होने वाले शासकीय कूप कटाई से पर्यावरण को बेहतर बनाते हुए, कैसे अच्छे ईमारती काष्ठ प्राप्त किये जा सकते है, इसकी विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में लकड़ी खरीदने वाले क्रेता भी शामिल हुए।

कार्यशाला में रायपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक अगासीमनी ने वन अधिकारियों तथा कर्मचारियों को कूप विदोहन, लागिंग प्लान एवं अभिलेख संधारण कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कम से कम नुकसान में उपयोगी इमारती काष्ठ प्राप्त करने के तरीके बताए। इसके अलावा विदोहन पूर्व कूप, रोपण क्षेत्र का सीमांकन, चिन्हांकन, मार्किंग कार्य, विदोहन योजना तैयार करना, परिवहन समूह का गठन, कटाई व लगुण कार्य, विदोहन से प्राप्त काष्ठ की रिकार्डिंग, थप्पीकरण परिवहन, कूप से डिपो भेजने की विधि काष्ठ का समाधान पत्रक से मिलान, विभिन्न पंजियों (पातन, लगुण थप्पी, निकासी पंजी) से मिलान करने के तरीके और इन सभी नियमों के बारे में

उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने काष्ठ खरीदारों को बाजार मांग के अनुसार काष्ठ को काटने की जानकारी दी।

वन संरक्षक सह प्रभारी वनमण्डलाधिकारी गरियाबंद मणीवासगन एस ने कूप कटाई को लेकर बताया कि चिन्हांकित वृक्षों का विदोहन कूप के एक सिरे से प्रारंभ की जाए, कूप के विभिन्न खण्डों में से किन्ही एक खण्ड में कटाई कार्य प्रारंभ कर केवल मार्किंग किये वृक्षों का ही पातन किया जाये। वृक्षों की कटाई करने के पूर्व उसके चारों ओर के पौधे ठूंठ पत्थर आदि को आवश्यकतानुसार साफ किया जायें। समस्त मार्क शुदा वृक्षों का पातन कुल्हाड़ी से ही किया जायेगा। कुल्हाड़ी से इस प्रकार कटाई किया जावे जिससे ठूंठ की ऊंचाई कम से कम हो तथा जड़ के पास नीचे वाला लगा मार्किंग हैमर भी दिखाई पड़े सुरक्षित रहें।

गरियाबंद के उप वनमण्डलाधिकारी मनोज चंद्राकर ने कूप कटाई कार्य को गंभीरता से करने की अपील करते हुए कहा कि इसमें लापरवाही न बरते, कटा हुआ काष्ठ जंगल में अधिक समय न छोड़े तथा अपने नीचे काम करने वाले सभी कर्मचारियों को कूप विदोहन के सही तरीके की जानकारी दे, ताकि वन काष्ठागारों तक पहुंचने वाला काष्ठ सटीक हो उसे देखकर व्यापारी अधिक दाम देने को तैयार हो।

प्रशिक्षक संयुक्त वनमण्डलाधिकारी उदय सिंह ठाकुर ने बताया कि वृक्ष कटाई पूर्व, वृक्ष का झकाव किस ओर है अवश्य देखें। उस दिशा में यदि खुली जगह मिल रही है, या स्टेन्डर्ड वृक्षों को क्षति पहुंचने की संभावना न हो तो पहला निचला कट उसी ओर दें। ताकि तने के व्यास का लगभग एक तिहाई गहरा हो। सागौन, तिन्सा, बीजा, शीशम, हल्दू, मुंडी, खम्हार, कसई, सलई मोयन के यथा संभव सीधे लट्ठे बनाय जाए उक्त ईमारती प्रजातियों के लट्ठे की न्यूनतम लम्बाई 60 से.मी. व न्यूनतम गोलाई 41 से.मी. रखी जावे। कसई, सलई मोयन के लिय न्यूनतम गोलाई 51 से.मी. रहे। कूप में सलिहा वृक्षों का पातन, लगुण, निर्माण कार्य माह दिसम्बर तक पूर्ण कर लिया जाये। सलिहा वृक्षों से प्राप्त लट्टे एवं चट्टों का कूप से निर्वतन माह जनवरी अंत तक पूर्ण कर लिया जाना चाहिए क्योंकि इस अवधि तक इनकी अधिकतम कीमत प्राप्त होती है।

राष्ट्रीय सेवा योजना का 54वां स्थापना दिवस मनाया

नवापारा-राजिम, 25 सितंबर (देशबन्धु)। सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने राष्ट्रीय सेवा योजना का 54वां स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. एस. आर. बड्डे (कार्यक्रम अधिकारी, शास. कुलेश्वर महादेव महा., गोबरा नवापारा), प्रो. रवि कोठारी (सहा. प्रा., हिंदी विभाग), कार्यक्रम संयोजक डॉ. आर. के. रजक थे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। प्रो. एस. आर. बड्डे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मानव को अपना कार्य करते रहना चाहिए। अच्छाई व बुराईयों पर ध्यान न दे और अपने काम को स्वयं करना चाहिए। दूसरों की सेवा करो, सफलता अपने आप कदम चूमेगी। राष्ट्रीय सेवा योजना यही सिखाता है। साथ ही कहा कि आज बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का दिन भी है। प्रो. रवि कोठारी ने स्वयंसेवकों को बताया कि पूरे भारत में सन

1969 में राष्ट्रीय सेवा योजना सर्वप्रथम 2 विश्वविद्यालयों में शुरू की गई, जिसमें पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) एक था एवं वर्तमान में छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों द्वारा इसका संचालन किया जा रहा है। साथ ही सन 1988 में 102 में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रारंभ की गई। सन 1990 में मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय सेवा योजना का पाठ्यक्रम लागू किया गया, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के पाठ्यक्रम को ।, बी एवं सी प्रमाण पत्र में विभाजित किया गया। डॉ. आर. के. रजक ने कहा कि स्वयंसेवक अपने विभिन्न कला के माध्यम से ही पहचाना जाता है। आज जो भी अच्छा कला का प्रदर्शन कर रहे हैं, उनके पीछे कहीं न कहीं उनके लगन व आत्मविश्वास का ही हाथ है। आप भी एक अच्छा कलाकार बन सकते हैं, जरूरत है थोड़ी मेहनत व लगन से सीखने की। कोरोना काल से आज तक सेवा के क्षेत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना का उल्लेखनीय योगदान है। यह योजना सदैव नवाचार को ग्रहण करता है। इस स्थापना दिवस पर स्वयंसेवकों ने मनमोहक, आकर्षक व प्रेरणाप्रद गीत, नृत्य, समूह गान व भाषण की प्रस्तुति दी। जिसमें प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ी बारह मासी की प्रस्तुती रही। इस अवसर पर विकास साहू, चितरंजन साहू, राजेश्वर ढीढी, गोपीचंद निषाद, कांजल साहू, तारिणी साहू, सूरज प्रकाश सिन्हा, दीपक साहू एवं पारख साहू सहित 106 वरिष्ठ एवं कनिष्ठ स्वयंसेवकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। नवप्रवेशी स्वयंसेवक शरद, नवदीप, जतिन, मयंक, मोनिका, जागृति, अमिषा, ललिता, भुनेश्वरी, मोक्षदा, सीमा, अभिषेक, दीपेश, कविता, प्रिया एवं माधुरी ने विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती रही। कार्यक्रम का संचालन कुलहर साहू एवं सिद्धार्थ साहू ने संयुक्त रूप से किया तथा आभार प्रदर्शन वरिष्ठ स्वयंसेवक चितरंजन साहू ने किया।

दस गांवों में दो करोड़ की लागत से कराया जाएगा सीसी रोड का निर्माण

महासमुंद,25 सितंबर (देशबंधु)। महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के दस गांवों में दो करोड़ की लागत से सीसी रोड का निर्माण कराया जाएगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे के प्रयास से निर्माण कार्यों के लिए स्वीकृति मिली है। जिस पर ग्रामीणों ने संसदीय सचिव श्री चंद्राकर व मंडी अध्यक्ष श्री बंजारे के आभार जताया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मोरभा, लाफिन्हखुर्द, बोरिद, बेमचा, चौकबेड़ा बरपारा पचरी, गोड़पाली, झलप, भोरिंग व अछरीडीह के दौरे पर पहुंचे संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर को सीसी रोड निर्माण के लिए ग्रामीणों ने ध्यानाकर्षित कराया था। बाद इसके संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर तथा मंडी अध्यक्ष श्री बंजारे के प्रयास के बाद सीसी रोड निर्माण के लिए दो करोड़ 73 हजार रूपए की स्वीकृति मिली है। जिसमें ग्राम मोरभा में परमानंद साहू के घर से बकमा पहुंच मार्ग में 22.56 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, ग्राम लाफिन्हखुर्द में बस्ती से हाय सेकेंडरी स्कूल तक 39.96 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, ग्राम बोरिद में दीनदयाल साहू के घर से धंसकुड रोड तक 21.98 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, ग्राम बेमचा में वाई एक नगर पुलिया से कनवा तालाब तक 23.63 लाख की लागत से सीसी रोड सह नाली निर्माण, ग्राम चौकबेड़ा में बाजार चौक से रूपसिंग दीवान घर तक 20.58 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, ग्राम पचरी में बरपारा से तालाब जाने के मार्ग पर पीतांबर घर तक 20.77 लाख की लागत से सीसी रोड सह नाली निर्माण व ग्राम गोंडपाली में शंकर चौरा से भुवन यादव घर तक 24.38 लाख की लागत से सीसी रोड व नाली निर्माण, झलप में नेशनल हाईवे से रीता शर्मा के घर तक 6.50 लाख की लागत से सीसी रोड, ग्राम भोरिंग में वार्ड 10 में बलीराम साहू के घर से आंगनबाड़ी तक 12.80 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण व अछरीडीह में राकेश जांगड़े के घर से धमर घर तक 7.57 लाख की लागत से सीसी रोड सह नाली निर्माण की स्वीकृति शामिल हैं। सीसी रोड के साथ ही नाली निर्माण के लिए राशि की स्वीकृति पर ग्रामीणों ने संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर तथा मंडी अध्यक्ष श्री बंजारे का आभार जताया है।

जोन स्तरीय टी एल एम प्रदर्शनी का आयोजन

खरोरा, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। जोन स्तरीय टीएमएम प्रदर्शन शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला बुड़ेरा में हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व छत्तीसगढ़ माता की छाया चित्र पर पुष्प फूल दीप प्रज्वलन व श्री फल तोड़कर कार्यक्रम का विधिवत अतिथियों द्वारा किया गया। । इस कार्यक्रम में श्रीमती ईशारानी खलखो प्रचार्य हर सेकेंडरी स्कूल बेल्दार सिवनी।, चंद्रशेखर दीवान प्राचार्य हाई स्कूल भड़हा ,टी श्री नायर प्रभारी प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल इल्दा। इस कार्यक्रम में पंकज कुर्रे सरपंच ग्राम पंचायत बुड़ेरा ,योगेश साहू उप सरपंच ,उबारन भारती विकास समिति अध्यक्ष ,सेवानिवृत्त प्रधान पाठक टी आर वर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ।

इस जोन स्तरीय इल्दा संकुल से प्राथमिक शाला से 3 , उच्च प्राथमिक शाला सेठ बेलदार सिवनी संकुल से प्राथमिक शाला 7 व उच्च प्राथमिक शाला 3 भड़हा संकुल प्राथमिक शाला 4 व उच्च प्राथमिक शाला।3 । प्रत्येक विद्यालय से दो दो शिक्षक शिक्षिकाएं ने भाग लिया। इस प्रदर्शन में हिस्सा लेने वाले शिक्षक शिक्षकों ने बड़े ही जतन से आसपास की चीजों का उपयोग करते हुए बच्चों को पढ़ने के लिए आकर्षक रोचक और उपयोगी शैक्षणिक सामग्री का निर्माण कर उनका प्रदर्शन किया।

इस प्रदर्शन का अवलोकन करने के लिए अन्य शिक्षक एवं विद्यार्थी भी उपस्थित थे। निर्णायक मंडल ने सभी प्रदर्शनों का अवलोकन किया तथा उनको बढ़ावा देने के लिए इसे प्रतियोगिताओं का रूप देते हुए प्रथम , द्वितीय स्थान के लिए मंडल का चयन किया

प्राथमिक विभाग बुडेरा से ठाकुर राम देवांगन प्रथम स्थान ,द्वितीय स्थान प्राथमिक शाला श्रीमती लक्ष्मी वर्मा बेल्दुकरी , उच्च प्राथमिक जितेंद्र वर्मा इल्दा से प्रथम स्थान , उच्च प्राथमिक से कमलेश कनोजे बेलदार सिवनी से। द्वितीय स्थान प्राप्त किया । इस कार्यक्रम में टीएल एम के अंतर्गत शैक्षणिक छतरी , कंप्यूटर मॉडल ,मिनी ट्युब्ल पंप का मॉडल स्थानीय मान ,जोड़ना घटाना का मॉडल शब्द बनाओ , अक्षर बना , फसल चक्र ,जल चक्र ,का जल चक्र का स्रोत ,गुना की अवधारणा , स्वतंत्रता के कार्य प्रणाली ,आकृति बना मॉडल , सौरमंडल , चिन्हों की पहचान । ,मानव उत्सर्जन तंत्र।, आदि मॉडलों का प्रदर्शन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया विजेताओं को किया गया पुरस्कृत । इस अवसर पर रामाधार साहू समन्वयक भड़हा , संजय वर्मा समन्वयक बेल्दार सिवनी, महेंद्र कुमार साहू समन्वयक इल्दा एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं गण कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र कुमार साहू प्रभारी प्रधान पाठक व आभार प्रदर्शन तुलसीराम वर्मा द्वारा किया गया।

परसदा में सम्पन्न हुआ कनकी जोन का प्रदर्शनी

खरोरा, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। वि.खं.-तिल्दा के सभी 39 संकुलों को 3-3 संकुलों का एक जोन बनाकर 13 जोन में विभाजित कर 23 सितंबर को सभी जोन में एकसाथ ज़रूरू-प्रदर्शनी का आयोजन का आदेश जारी किया गया। इसी आदेश के अनुपालन में कनकी जोन में भी ज़रूरू-प्रदर्शनी का आयोजन संयुक रूप से संकुल केन्द्र कनकी, घिवरा और कठिया नं.1 का आयोजन शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परसदा (क) में किया गया। इस प्रदर्शनी में तीनों संकुलों के सभी प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं के शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतियोगी के रूप में बड़े ही उत्साह से भाग लिए। प्रतिभागी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी कक्षा स्तर के विद्यार्थियों के लिए बहुत ही आकर्षक सहायक शिक्षण सामाग्री का प्रदर्शन किये। इस प्रदर्शनी में मुख्य रूप से सुश्री सीमा मेश्राम जी नोडल प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनकी की गरिमामयी उपस्थिति रही। नोडल प्राचार्य सहित सभी निर्णायकों ने सभी प्रतिभागियों से उनके द्वारा निर्मित ज़रूरूकिस कक्षा स्तर के लिए है, किस विषय आधारित है तथा बच्चों के शिक्षण में कितनी सहायक है इन सभी बिंदुओं पर विस्तार से बारीकियों पर चर्चा किये।

प्रदर्शनी में प्राथमिक विभाग से श्री सुरेन्द्र कोसरिया सहायक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक शाला माटाडीह, संकुल घिवरा ने प्रथम, श्री जितेंद्र साहू सहायक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक शाला मोतिमपुर कला, संकुल कनकी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार पूर्व माध्यमिक विभाग से श्रीमती

पदमिनी कतलम शिक्षक, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परसदा (क) संकुल कनकी ने प्रथम, श्री अशोक साहू शिक्षक, शासकीय पुर माध्यमिक शाला मोतिमपुर कला, संकुल कनकी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

अपने उद्बोधन में नोडल प्राचार्य सुश्री मेश्राम ने सभी प्रतिभागी शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए उनके द्वारा मेहनत और लगन से निर्मित ज़रूरूकी खुले मन से प्रसंशा की साथ ही उन्होंने इसका उपयोग प्रतिदिवस कक्षा कक्ष में बच्चों के अध्यापन के दौरान करने अपेक्षा प्रकट कीं उन्होंने कहा कि आज कल के आधुनिक विद्यार्थी सदैव नया और अलग तरह के सहायक शिक्षण सामग्री के माध्यम से सीखने सदैव जिज्ञासु प्रवित्ति के होते है इसलिए हम शिक्षकों को सभी विषय संबंधित सहायक शिक्षण सामाग्री का निर्माण कर प्रदर्शन बच्चों के मध्य करना चाहिए जिससे उनके दक्षता विकास में सहायता प्राप्त होगी। कार्यक्रम में नोडल प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनकी सुश्री सीमा मेश्राम, स्स्ह अध्यक्ष पूर्व माध्यमिक शाला परसदा श्री बिसाहू राम साहू, वरिष्ठ सदस्य श्री पंचराम साहू, श्री कोमल साहू, व्याख्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनकी श्रीमती श्वेता त्रिपाठी, समन्वयक कनकी श्री बी पी वर्मा, समन्वयक कठिया नं.1 श्री राजेन्द्र वर्मा, समन्वयक घिवरा कैलाश बघेल, वरिष्ठ प्रधान पाठक गण श्री डी आर बंजारे, श्री रतन लाल वर्मा, श्री रमेश वर्मा, श्री उदे राम वर्मा, प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं के स्स्ह सदस्यों, महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों सहित तीनों संकुलों से शिक्षक शिक्षिकायें एवं छात्र-छात्राएं अधिक संख्या में उपस्थित रहे।*

आए दिन, तनाछेदक और भूरा माहो के

भाटापारा, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। मौसम है कीट प्रकोप का। शत्रु कीट में सबसे ज्यादा घातक भूरा माहो, तनाछेदक और पत्ती लपेटक तेजी से न केवल परिवार बढ़ा रहे हैं बल्कि हमला भी करने लगे हैं। नियंत्रण के उपाय फौरन करने होंगे।

बियासी का काम पूरा हो चुका है। समय है निगरानी और नियंत्रण के जरूरी उपाय का, लेकिन मौसम अब साथ दे रहा है ऐसे कीटों को, जो पूरी ताकत के साथ हमला करते हैं हालांकि शुरुआती चरण में ही हैं यह सब कीट लेकिन जिस गति के साथ फैलाव ले रहे है, उससे किसान ही नहीं, कृषि वैज्ञानिक भी हैरान हैं।

स्टेम बोरर याने तनाछेदक। एकमात्र ऐसा शत्रु कीट है, जो रोपाई के एक माह बाद सक्रिय होता है। सक्रियता इतनी तेज होती है कि सीधे मुख्य तना पर हमला करता है।किसी भी अवस्था में फसल को नुकसान पहुंचाने वाला यह कीट, पौधे के मुख्य तना को खाता है।

बचाव के उपाय- रोपाई के 28 दिन के बाद ट्राईकोग्रामा जैपोनिकम का उपयोग

करें।कारटैप हाईड्रोक्लोराइड या फिप्रोनिल या क्लोरोपायरीफॉस का छिड़काव करें।

शत्रु कीट में सबसे घातक, माहो को माना जाता है। छह प्रकार का होता है यह कीट। हरा, भूरा, काला, सफेद और मटमैला रंग का होता है यह कीट। हैरत की बात यह कि शिशु और वयस्क कीट, दोनों अवस्था में तना और पत्तियों का रस चूसते हैं। नतीजा फसल कमजोर होकर गिरने लगती हैं।

बचाव के उपाय- जल-जमाव नहीं होने दें।जल निकासी की मजबूत व्यवस्था करें।उर्वरक का छिड़काव फौरन बंद करें। इमिडाक्लोप्रिड,कार्बरिल का छिड़काव करें।छिड़काव करते समय नोजल, पौधों के तनों पर रखें।

छिपकर करता है हमला

पत्ता लपेटक या लीफ फोल्डर कीट। इस नाम से पहचान होती है इस कीट की। जुलाई से अक्टूबर माह के बीच हमला करने वाला यह कीट, पत्तियों के दोनों किनारों के हरे हिस्से को खाता है। पत्तियों का झिल्ली की तरह नजर आने से इस कीट के प्रकोप को जाना जा सकता है।

बचाव के उपाय- खरपतवार की सफाई करें। मेड़ साफ रखें।क्यूनालफॉस, क्लोरोपायरीफॉस+साइपरमेथ्रीन,लेम्बदा-सायहेलोथ्रिन, छिड़काव मानक मात्रा में करें। कीटनाशक बेहद प्रभावी हों। इसका ध्यान रखना होगा।

किसान भाइयों को कीड़ों के प्रभावी नियंत्रण हेतु रासायनिक कीटनाशकों का उपयोग तभी करना चाहिए जब अन्य सभी विधियां विफल हो गई हो। ऐसे कीटनाशकों का ही उपयोग करें जो प्रभावी और उपयोग दोनों में सुरक्षित हो।

डॉ. (श्रीमती) अर्चना केरकेट्टा,
सहायक प्राध्यापक (कीट विज्ञान),
बीटीसी कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन, बिलासपुर

संकुल स्तरीय राष्ट्रीय अविष्कार मेला का आयोजन

भाटापारा, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। 23 सितम्बर राष्ट्रीय अविष्कार विज्ञान प्रदर्शनी,गणितीय क्षमता विकास,कबाड़ से जुगाड़ एवं फिज प्रतियोगीता का आयोजन संकुल केन्द्र आई.आर.वाय. शास.बहु. उच्च.माध्य. विद्यालय भाटापारा में किया गया। जिसमें संकुल के सभी शिक्षकों व छात्रों ने भाग लिया जिसमें विज्ञान प्रदर्शनि में श्रीमती मोहनी कोशले-छात्र कुमारी श्रीसा कुर्रे शासकीय प्राथमिक कन्या शाला मारवाड़ी कुँवा भाटापारा ने प्रथम, गणितीय क्षमता में श्रीमती जयाराणी वर्मा-छात्र आयुष घृतलहरे ने प्रथम व श्रीमती नीतू साहू- छात्र साक्षी सोनवनी ने द्वितीय स्थान, कबाड़ से जुगाड़ में जैसमीन सांय- छात्र कमल पहरे ने प्रथम व फिज प्रतियोगीता में कुंदन मेंढ़े ने प्रथम व ओंकार यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । इस दौरान संस्था के संकुल प्राचार्य श्री दिनेश कुमार शर्मा,व्याख्याता श्री गंगा प्रसाद वर्मा,श्री के.के.यादव,निर्णायक में श्री रितेश चौबे, व श्रीमती मीनू कुशवाहा,पंजीयन कर्ता श्री दयाशंकर वर्मा उपस्थित शिक्षकों में श्री अजय प्रकाश बंजारे , श्री रामचंद्र ध्रुव, श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा इस प्रतियोगीता को आयोजित करने में संकुल समन्वयक सालिक राम साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया ।

संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने लिया मगरलोड कमार बस्ती का जायजा

धमतरी, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। आज संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य सेंवाएं डॉ. सुरेश पामभोई ने जिले के मगरलोड विकासखण्ड स्थित कमार बस्ती का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मगरलोड में अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.के.मण्डल, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. यु.एल. कौशिक, डॉ. एस. ठाकुर. सहित जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक मनोज पटेल उपस्थित रहे।

आयुष्मान भव: अभियान के तहत लगे स्वास्थ्य शिविर में लाभावित होने वाले हितग्राहियों की जानकारी देते हुए बताया गया कि एनसीडी स्कीनिंग 173, उच्च रक्तचाप 67. मधुमेह 54 ओरल 121. एएनसी (आरसीएच) 13, डेटल 37. अन्य 91 है। साथ ही भैंसमुण्डी के उमेश कुमार साहू और मगरलोड के रहमान खान ने अंगदान की सहमति दी।

आरंग पहुंची भाजपा की परिवर्तन यात्रा, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव आमसभा को किया संबोधित

आरंग, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में परिवर्तन को लेकर भारतीय जनता पार्टी कि द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में परिवर्तन यात्रा निकाला जा रहा है ,इसी कड़ी में परिवर्तन यात्रा का रथ आरंग पहुँचा।

यात्रा नगर के वार्ड नंबर 17 ओड़का से भाजयुमो के नेतृत्व में बाइक रैली के माध्यम से नगर में प्रवेश किया, परिवर्तन के आगाज को लेकर पूरे विधानसभा की जनता आरंग में उमड़ पड़ा, जगह जगह विभिन्न समाज व संगठनों द्वारा पुष्प से स्वागत किया गया।भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री वेदराम मनहरे के नेतृत्व में परिवर्तन रथ में सवार अतिथियों का बुलडोजर से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया । नगर के हाईस्कूल मैदान में पूरे विधानसभा से आये विशाल जनसमूह को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने संबोधित करते हुए अउ नही सहिबो,बदल के रहिबो के नारा के साथ भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार को परिवर्तन करने की अपील करते हुए आगामी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के समर्थन में सहयोग प्रदान करने की बात कही। जनसभा में केंद्रीय राज्य मंत्री सुभाष सरकार भी उपस्थित रहे ।

पार्टी द्वारा किसानों के हितों को ध्यान में रखकर घोषणा पत्र बनाने , किसानों की उन्नति ,समृद्धि व मजबूती के दिशा में कार्य करने की दृष्टि से किसान मोर्चा के तरफ से मनहरे जी ,संतोष राकेश नेतृत्व में हल (नांगर) भेट कर व खुमरी पहनाकर अभिनंदन किया , मनहरे ने कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ सहित आरंग विधानसभा में इस बार परिवर्तन जरूर होगा।

भाजपा की परिवर्तन यात्रा में मुख्य रूप से केंद्रीय मंत्री सुभाष सरकार, अरुण साव प्रदेश अध्यक्ष, गौरी शंकर अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष विधानसभा, सुनील सोनी सांसद, शिवरतन शर्मा विधायक, गुरु खुशवंत साहेब, महेश गागड़ा पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, चंद्रशेखर साहू पूर्व विधायक, अनिल पांडे, के के भारद्वाज, राजेंद्र चंद्राकर, डॉ संदीप जैन, विमल चोपड़ा संजय ढीढी, श्याम नारंग, किरण बघेल, गोविंद वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा, नंद साहू, अभिषेक राजा तंबोली, फडेन्द्र वर्मा, अनिल सोनवानी, देवराज जांगड़े, देवनाथ साहू, चमन लाल साहू, नमित यादव, विश्व दीपक बघेल, पीला राम निषाद, गजेंद्र वर्मा व पूरे आरंग विधानसभा के जनता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वीप जिला नोडल अधिकारी ने ली मतदाता जागरूकता संबंधी जानकारी

धमतरी, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत एलूमिनी मीट का आयोजन धमतरी में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप जिला नोडल अधिकारी श्रीमती रोकिमा यादव सहित महाप्रबंधक उद्योग विभाग सुरेन्द्र पुरी गोस्वामी और निदेशक बड़ौदा आरसेटी सुश्री अनीता टुडू उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना से प्रशिक्षित हितग्राहियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए श्रीमती यादव ने मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। युवाओं ने भी अपने-अपने अनुभव अधिकारियों और प्रशिक्षकों के साथ साझा किए।

इस दौरान स्वीप जिला नोडल अधिकारी श्रीमती यादव ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मतदान की शपथ दिलाई।उन्होंने युवाओं को मतदान का महत्व बताते हुए निष्पक्ष, भयमुक्त, बिना किसी प्रलोभन के, शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की। साथ ही उन्होंने अपनी ही सरकार है, मत देना अधिकार है, देश के मतदाता है, वोट देना आता है, सबका यह अरमान है, करना सब मतदान है संबंधी नारे के जरिए युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया।